चैत्र मास, शुक्ल पक्ष 3, वर्ष 12, अंक 44, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, शुक्रवार, 24 मार्च, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : ब्रेट ली ने रोहित शर्मा को सुनाई खरी-खरी



अन्दर : भारतीय विवाह संस्था अथवा व्यक्तिगत आजादी

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news


# राहुल गांधी को 2 साल की जेल

## सूरत की कोर्ट ने मानहानि केस में राहुल गांधी को दोषी माना, तुरंत जमानत भी मिली

**कोर्ट का फैसला**

**2019 में राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी विधायक ने किया था केस**

**सूरत की कोर्ट ने सुनायी सजा हालांकि सजा 30 दिन के लिए सस्पेंड कर दी गई**



**अहमदाबाद/सूरत।** मोदी सरनेम मानहानि केस में सूरत की कोर्ट ने राहुल गांधी को दोषी करार देते हुए उन्हें 2 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने सजा को 30 दिन के लिए सस्पेंड भी कर दिया है, ताकि वह ऊपरी अदालत में इसके खिलाफ अर्जी दे सके। 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी ने मोदी सरनेम पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि सारे चोरों के नाम मोदी कैसे? सूरत की सीजेएम कोर्ट ने सुबह 11 बजे फैसला सुनाते हुए राहुल गांधी को दोषी करार दिया।

सूरत की सीजेएम कोर्ट पहुंचने पर कोर्ट ने राहुल गांधी को दोषी करार दिया। इसके बाद कोर्ट ने राहुल गांधी से पूछा कि आप क्या कहना चाहते हैं तो राहुल गांधी ने कहा मैं तो हमेशा करप्शन के खिलाफ बोलता हूं। मैंने किसी के खिलाफ जानबूझ नहीं बोला। इससे किसी को नुकसान नहीं हुआ।

सूरत की अदालत ने राहुल के मोदी सरनेम वाले बयान पर 2 साल की सजा सुनाई है। माना जा रहा है कि राहुल के वकील अब उनकी जमानत की अर्जी देंगे। कोर्ट ने साथ ही साथ राहुल को जमानत भी दे दी है। कोर्ट ने इसके अलावा सजा को 30 दिन के लिए सस्पेंड कर दिया है। 2019 में राहुल ने पीएम मोदी को लेकर दिया था बयान। गौरतलब है कि राहुल गांधी इस सजा के खिलाफ उच्च अदालत में जा सकते हैं। मानहानि के केस में कोर्ट में पेश होने के लिए राहुल गांधी आज सुबह सूरत पहुंचे थे। वे पौने 11 बजे सूरत की जिला एवं सत्र अदालत पहुंचे। इसके बाद कोर्ट की कार्यवाही शुरू हुई। जहां पर कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए उन्हें आईपीसी की धारा 504 के तहत मानहानि का दोषी करार दिया। राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का यह मामला दो धाराओं 499 और 504 में था। आईपीसी की धारा 504 में दोषी पाए जाने पर दो वर्ष की सजा का प्रावधान है। अभी कोर्ट ने राहुल को दोषी करार दिया है, लेकिन सजा का ऐलान नहीं किया है। 2019 के लोकसभा चुनावों के प्रचार के दौरान राहुल गांधी ने कर्नाटक के कोलार में कहा था कि 'सारे चोरों के सरनेम मोदी कैसे हैं? राहुल गांधी के इस बयान के बाद सूरत के वेस्ट से बीजेपी के विधायक पूर्णेश मोदी ने मानहानि का केस कर दिया था। उन्होंने कहा था कि राहुल गांधी ने मोदी समुदाय का अपमान किया। इसके बाद यह केस सूरत की कोर्ट में पहुंचा था। राहुल गांधी को 9 जुलाई, 2020 को सूरत की कोर्ट में पेश होना पड़ा था। पिछले महीने पूर्णेश मोदी ने केस में जल्दी फैसला करने के लिए गुजरात हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इसके बाद हाईकोर्ट ने सूरत की कोर्ट से तेज सुनवाई का आदेश देते हुए ऊपरी अदालत में सुनवाई की अर्जी खारिज कर दी थी।

### क्या न्यायपालिका को भी अपनी जेब में रखना चाहती है कांग्रेस?



**नई दिल्ली।** सूरत की एक अदालत ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि के मामले दो साल की सजा सुनाई। हालांकि, अदालत ने उन्हें तुरंत ही जमानत भी दे दी। वहीं, अदालत के फैसले के बाद भाजपा की ओर से भी प्रतिक्रिया सामने आई है। भाजपा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा, राहुल गांधी को सूरत की एक अदालत ने मानहानि के मामले में दो साल की सजा दी है। कांग्रेस पार्टी बहुत कुछ कह रही है, लेकिन यह नहीं बता रही है कि राहुल गांधी ने क्या कहा था? राहुल गांधी ने कर्नाटक में 2019 की चुनावी रैली में कहा था..सारे चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है? उन्होंने कहा, अगर राहुल गांधी को अपनी जिद्द से लोगों को अपमानित करने का और अपशब्द कहने का अधिकार है तो उनके अपशब्दों से पीड़ित लोगों को मानहानि का केस करने का अधिकार है। उन्होंने आगे कहा, राहुल गांधी ने कहा कि मैं सत्य और अहिंसा में विश्वास रखता हूं। क्या सत्य और अहिंसा में भरोसा करना लोगों को अपमानित करना है?

### मेरे भाई न कभी डरे हैं, न कभी डरेंगे: प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने ट्वीट में प्रतिक्रिया देते हुए कहा, डरी हुई सत्ता की पूरी मशीनरी साम, दाम, दंड, भेद लगाकर राहुल गांधी की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। मेरे भाई न कभी डरे हैं, न कभी डरेंगे। सच बोलते हुए जिये हैं, सच बोलते रहेंगे। देश के लोगों की आवाज उठाते रहेंगे। सच्चाई की ताकत व करोड़ों देशवासियों का प्यार उनके साथ है।

# अखिलेश की चले तो मेरी हत्या करा दें: केशव मौर्य

## डिप्टी सीएम का सपा प्रमुख को लेकर बड़ा दावा

**हंगामा**

**अखिलेश का पलटवार-मौर्य को कुर्सी का खतरा, हम तो सारस से भी प्रेम करते हैं**



**लखनऊ।** यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर बड़ा आरोप लगाया है। केशव मौर्य ने कहा, "अखिलेश यादव का वश चले तो वो मेरी हत्या करा दें। वह मुझे बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। मीडिया में आने के लिए ऐसी बयानबाजी कर रहे हैं।" डिप्टी सीएम मौर्य के इस बयान पर अखिलेश यादव ने भी पलटवार किया है। उन्होंने कहा, "सपा सबसे प्यार करती है। हम तो सारस और पक्षी तक से प्रेम करने वाले लोग हैं। हमें तो केशव प्रसाद मौर्य से भी बहुत स्नेह है। उन्हें (केशव प्रसाद मौर्य) हमसे कोई भी खतरा नहीं है।"अखिलेश ने कहा, "मौर्य को केवल खतरा कुर्सी का है, जो कभी भी जा सकती है। सपा का गठबंधन बीजेपी को हराने जा रहा है। सपा का गठबंधन दलितों-वंचितों-किसानों-नौजवानों से है। बीजेपी सांड सफारी बनाए।"

इससे पहले, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा था, अखिलेश यादव और उनके मंडली के लोग मेरी प्रगति नहीं देख सकते। वे मेरे खिलाफ किसी भी हद तक जा सकते हैं। वे मेरे खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। जबकि मैंने उन्हें हमेशा सम्मान दिया है। मैंने कभी किसी पार्टी के किसी नेता के लिए इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया। यूपी की जनता ने सपा को हमेशा करारा जवाब दिया है।

# आज युवाओं को प्रदेश में मिल रहा रोजगार

**बोले सीएम योगी**

**सीएम योगी ने 496 चयनित अभ्यर्थियों को बांटे ज्वाइनिंग लेटर**

**'ई अधियाचन पोर्टल' का भी किया शुभारंभ**

**बोले, छह वर्षों में साढ़े पांच लाख से ज्यादा युवाओं को दी नौकरी**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सरकार ने पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ पिछले छह वर्षों में साढ़े पांच लाख से ज्यादा युवाओं को नौकरी दी है। मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना से उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में 43 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। प्रदेश में एक तरफ जहां शासकीय सेवाओं में नियुक्ति प्रक्रिया चलाई जा रही है, वहीं दूसरी तरफ निजी क्षेत्र में भी नौजवानों को रोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मिशन रोजगार युवाओं के सपने को उड़ान देने वाला है। सीएम योगी गुरुवार को लोकभवन में आयोजित लोक सेवा आयोग द्वारा विभिन्न विभागों के नवचयनित अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण एवं ई-अधियाचन पोर्टल का उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लगभग 500 नवचयनित युवा अधिकारियों को नवरात्रि के शुभ अवसर पर नियुक्ति पत्र मिलने पर राज्य शासन की ओर से शुभकामनाएं एवं बधाई दी। सीएम योगी ने कहा कि 6 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने एक नई छलांग लगाई है। छह वर्ष पहले इन्हीं नौजवानों के सामने पहचान का संकट था। अब इन युवाओं को देश के किसी भी राज्य में अपने राज्य के बारे में बताने से कोई हिचक नहीं होती। सीएम योगी ने कहा कि ये वही राज्य है जहां विकास के कार्यों में माफिया हावी होते थे। नियुक्ति और ट्रांसफर प्रक्रिया ताश के पत्तों की तरह फेंटी जाती थी।

# कोरोना को 'फाइव फोल्ड स्ट्रेटजी' से देंगे मात

**रणनीति**

**सभी राज्यों को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाह, एक्सबीबी.1.16 वेरिएंट के 349 मामले आए सामने**

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस एक बार फिर पैर पसार रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को सभी राज्यों को सलाह दी है कि वह टेस्ट-ट्रेक-ट्रीट-वैक्सीनेशन और कोविड उपयुक्त व्यवहार की 'फाइव फोल्ड स्ट्रेटेजी' पर फोकस करना जारी रखें। मंत्रालय की ओर से एक अधिसूचना में कहा गया, हम कोविड-19 की तैयारियों को देखने के लिए एक और मॉक ड्रिल करेंगे। सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में जल्द ही मॉक ड्रिल की जाएगी। इन्साकॉग डाटा के अनुसार, कोविड वेरिएंट एक्सबीबी.1.16 के 349 मामले सामने आए है। ये सभी 349 मामले 9 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश से सामने आए। सबसे ज्यादा मामले महाराष्ट्र से सामने आए हैं। इस राज्य में 105 मामले दर्ज किए गए। वहीं तेलंगाना में 93, कर्नाटक में 61 और गुजरात में 54 मामले सामने आए हैं। बता दें कि एक्सबीबी 1.16 वेरिएंट का पहला मामला जनवरी में सामने आया था। फरवरी महीने में इस वेरिएंट के 140 सैंपल सामने आए थे। मार्च में सैंपल का आंकड़ा 207 था। बताते चलें कि गुरुवार को देश में कोरोना के 1300 नए मामले सामने आए। यह पिछले 140 दिनों में सबसे ज्यादा मामला दर्ज किया गया है। देश में फिलहाल कोविड के 7,605 एक्टिव मामले हैं। वहीं, कोविड की वजह से मौत का आंकड़ा 5,30,816 पहुंच चुका है।




### बहुविवाह, 'निकाह हलाला' को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह मुस्लिमों में बहुविवाह और निकाह हलाला की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए उचित स्तर पर पांच न्यायाधीशों की नई संविधान पीठ का गठन करेगा। जनहित याचिका दायर करने वाले वकील अश्विनी उपाध्याय ने मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की पीठ से आग्रह किया था कि भारतीय दंड संहिता की धारा 494 चालबाजी, हलाला आदि की अनुमति देती है और इसे रद्द करने की आवश्यकता है।

# सरकार के फार्मूले से किसान नाराज

**उठ रहे हैं सवाल**

**उत्तर प्रदेश में फसलों की बर्बादी पर सिर्फ 19 हजार किसानों को मिलेगा मुआवजा**

**लखनऊ।** प्रदेश में पिछले तीन दिनों की बारिश व ओलावृष्टि से करीब 19 हजार किसानों की 10 हजार हेक्टेयर से अधिक की फसलें बर्बाद हुई हैं। इनका नुकसान 33 फीसदी से ज्यादा आंका गया है। ऐसे में मुआवजा देने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। सरकार ने इसके लिए 13 करोड़ से ज्यादा की राशि मंजूर की है। पर ऐसे किसानों में मायूसी है? जिनकी फसल 33 फीसदी से कम बर्बाद हुई है। वे मुआवजे के फॉर्मूले पर सवाल उठा रहे हैं। राहत विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के हमीरपुर, ललितपुर, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, बरेली व उन्नाव में ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान की बात सामने आई है। उन्नाव में 21 मार्च को ओलावृष्टि हुई है, जिसका सर्वे चल रहा है। बाकी जिलों के सर्वे में किसानों की फसलों के 33 फीसदी से ज्यादा नुकसान की पुष्टि हुई है।




# दो बहनों की ट्रेन से कटकर मौत

**दुखद**

**शादी समारोह के बाद अपनी बहन को ट्रेन पर आई थी चढ़ाने**

**गाजीपुर।** करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र स्थित बाजार के सामने रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर दो किशोरियों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुवार की शाम लगभग पांच बजे दो बहने शादी समारोह के बाद अपनी बहन कंचन यादव को ट्रेन पर चढ़ाने के लिए रेलवे स्टेशन आई हुई थी। यहां से अपनी बहन कंचन को रेलवे प्लेटफार्म पर छोड़कर वापस घर के लिए अप रेलवे ट्रैक के ऊपर से होकर जा रही थी। इस बीच सामने से डीएमयू ट्रेन गाजीपुर से बलिया के लिए गुजरने लगी ठीक इसी बीच पीछे से गोंदिया एक्सप्रेस आ गई। युवतियों को पीछे से आ रही गोंदिया ट्रेन के बारे में अंदाजा नहीं लग पाया। सामने से जा रही डेमू ट्रेन को ही वह समझ पाई इस बीच गोदिया ट्रेन इन दोनों किशोरियों को धक्का मारते हुए निकल गई। करीमुद्दीनपुर का सप्ताहिक बाजार होने के कारण इन दोनों युवतियों को कटा देख वहां पर भारी भीड़ जम गई। लोगों के बीच से किसी ने इनकी सूचना पुलिस को दी। लोगों के बीच से किसी ने इन दोनों को पहचान कर परिजनों को भी सूचना दी।

# चुनाव से पहले बीजेपी का बड़ा दांव


**बीजेपी ने 4 राज्यों के अध्यक्ष बदले**

**राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने राजस्थान में सीपी जोशी,बिहार में सम्राट चौधरी, ओड़िशा में मनमोहन सामल और दिल्ली में वीरेन्द्र सचदेवा को पार्टी के नये प्रदेश अध्यक्ष की सौंपी कमान**



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने आज कुछ अहम कदम उठाए हैं। बता दें कि भाजपा ने आज बिहार, दिल्ली, राजस्थान और उडीसा मे भाजपा के प्रदेश अध्यक्षों को बदला है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सम्राट चौधरी को बिहार बीजेपी का अध्यक्ष बनाया गया है। नड्डा ने सीपी जोशी को राजस्थान का पार्टी प्रदेश अध्यक्ष, मनमोहन सामल को ओडिशा का पार्टी प्रदेश अध्यक्ष और वीरेंद्र सचदेवा को दिल्ली भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। बिहार भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष अब सम्राट चौधरी हैं। आलाकमान ने उन्हें बिहार बीजेपी का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। सम्राट चौधरी अभी विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में हैं। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल के बाद अब पार्टी की कमान सम्राट चौधरी के हाथों में सौंपी गई है।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह के द्वारा जारी पत्र में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सम्राट चौधरी को सौंपी गई है। बता दें कि संजय जायसवाल अभी तक इस पद को संभाल रहे थे और उनका कार्यकाल पिछले साल ही समाप्त हो गया था। पार्टी के सदस्यों को भी इसका इंतजार था कि अब नए प्रदेश अध्यक्ष को कब आलाकमान चुनती है। बता दें कि बिहार में सियासी समीकरण पूरी तरह बदल गए हैं। सूबे में भाजपा अब विपक्ष में बैठी है। वहीं कल तक साथ रही जदयू अब राजद के साथ है और भाजपा व महागठबंधन में सीधी टक्कर है। आगामी चुनाव को लेकर सम्राट चौधरी का चयन बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दिल्ली में भाजपा की कमान वीरेंद्र सचदेवा को सौंपी गई है। बता दें कि दिल्ली भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष आदेश गुप्ता के इस्तीफे के बाद प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई थी। राजस्थान में बीजेपी ने प्रदेश मुखिया सतीश पूनिया की जगह चितौड़गढ से लोकसभा सांसद सीपी जोशी को नया अध्यक्ष बनाया गया है। हालांकि सीपी जोशी को लेकर पहले कयास लगाए जा रहे थे कि सांसद को पीएम मोदी की कैबिनेट में भी जगह मिल सकती है। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह ने आदेश जारी कर सीपी जोशी को बीजेपी का नया प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है।



# एसपीजी ने पीएम की सुरक्षा व्यवस्था संभाली

**टेकओवर**

### ग्रैंड रिहर्सल के दौरान झेलनी पड़ी जाम की समस्या

**वाराणसी।** पीएम के आगमन के एक दिन पूर्व एसपीजी ने सुरक्षा व्यवस्था को अपने हाथ में लिया। एसपीजी की टीम संपूर्णानंद विवि मैदान और रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर भी पहुंची। इसके पहले पुलिस लाइंस से सिगरा रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर तक ग्रैंड रिहर्सल हुआ। हालांकि रिहर्सल के दौरान लाख सावधानी बरतने के बाद भी चौकाघाट के पास फ्लीट में शामिल जैमर के सामने बाइक आ गयी जिसे तत्काल पुलिसकर्मियों ने किनारे लगाया। पीएम के प्रस्तावित रूट पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती रही। पुलिस की ड्यूटी प्वाइंट को जिला प्रशासन के अधिकारियों ने चेक किया। वहीं दूसरी तरफ एक फ्लीट रिहर्सल बाबतपुर एयरपोर्ट से शहर तक हुआ।


पीएम के रूट को लेकर चर्चा करते पुलिस अधिकारी


किया गया फ्लीट रिहर्सल


सुरक्षा व्यवस्था की ड्रिल के चलते दूसरी सड़कों पर लग गया जाम

### कैंट स्टेशन, होटल, गेस्ट हाउसों में चला अभियान

पीएम की सुरक्षा के बाबत गुरुवार को कैंटोमेंट, रोडवेज और इंग्लिसियालाइन के आसपास स्थित होटल लॉज आदि में पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। वहीं जीआरपी इंस्पेक्टर हेमंत सिंह और उनकी टीम ने कैंट स्टेशन और ट्रेन में सघन अभियान चलाया। पार्सल घर, न्यू यात्री हाल, टिकट और सर्कुलेटिंग एरिया में जांच की गयी। वहीं सिगरा पुलिस ने होटल में ठहरे लोगों की जांच रजिस्टर चेक कर किया गया साथ ही आधार कार्ड वैगेरह भी चेक किया गया। पुलिस ने हिदायत दी कि कोई भी संदिग्ध दिखे तो तत्काल इसकी सूचना संबन्धित थाने पर दें। देर शाम सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों को ट्रैफिक पुलिस चालान के साथ जब्त किया।

### हवाई अड्डे पर सुरक्षा चाक-चौबंद

**बाबतपुर।** वाराणसी के लालबहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गयी है। वहीं विजिटर पास पर आगमन प्रस्थान को देखते हुए पाबन्दी लगा दी गयी है। प्रधानमंत्री सुबह करीब 9 बजे के बाद वायुसेना के विशेष विमान से दिल्ली से हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। हवाई अड्डे से वायुसेना के हेलीकॉप्टर से शहर स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। हवाई अड्डा परिसर से लगायत चाहर दिवारी व आस पास के गांवों में स्थानीय पुलिस व सीआईएसएफ के जवानों द्वारा कॉम्बिंग हो रही है।

एसपीजी ने संपूर्णानंद विवि मैदान के आसपास किसी भी प्रवेश पर रोक लगा दी है। वहीं रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर को भी एसपीजी ने टेकओवर किया और टीम उतार दी। ग्रैंड रिहर्सल में एसपीजी के अलावा पीएम की डमी कार समेत जिला प्रशासन के वाहनों की लंबी कतार रही। दमकल,जैमर और एंबुलेंस भी फ्लीट का हिस्सा बनी। फ्लीट गुजरने से पहले करीब आधा घंटा पहले ट्रैफिक रोक दिया गया। सुबह करीब 10.30 बजे से पुलिस लाइन से मकबूल आलम रोड होते हुए चौकाघाट, मरी माई तिराहा, सिगरा साजन तिराहा एवं रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर के लिए जाने वाले मार्ग पर आवागमन रोक दिया गया था। फ्लीट के गुजरने के बाद जब वाहनों को छोड़ा गया, इसके बाद से सिगरा से लेकर चौकाघाट वरुणा पार के कई इलाकों में भीषण जाम लग गया। हुआ कई एंबुलेंस भी जाम में फंसी रही।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**

**आवश्यकता**

आवश्यकता है :-राम समुझ महाविद्यालय फतूपुर, भगवानपुर, जौनपुर सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पू. वि. वि. जानपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोतर स्तर कला संकाय गृहविज्ञान व भूगोल विषयों में तीन-तीन प्रवक्ताओ की। शैक्षिक योग्यता यू.जी.सी. मानकानुसार विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर आवेदन करें।साक्षात्कार की सूचना डाक/फोन से दी जायगी।
प्रबंधक-मो0-9454046499

**आवश्यकता है**
डा0 शिव प्रसाद राजपति महाविद्यालय दरीबा, जफराबाद, जौनपुर सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु हिन्दी, संस्कृत, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, प्राचीन इतिहास, गृह विज्ञान व भूगोल विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवं प्राचार्य पद हेतु। योग्यताएं यू0 जी0 सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार/इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम संस्थान/महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक-मो0-9451961105, 9450086042

**आवश्यकता है**
रामदेव बालिका महाविद्यालय गोपालपुर अमारी, सुइथाकलाँ, जौनपुर सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर उपरोक्त महाविद्यालय में मान्यता प्राप्त विषयों कला संकाय हेतु हिन्दी, संस्कृत, प्राचीन इतिहास, समाजशास्त्र, भूगोल, शिक्षाशास्त्र, गृहविज्ञान विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवं प्राचार्य पद हेतु। योग्यताएं यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार/इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम संस्थान/महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक-मो0-9415168963

**आवश्यकता है**
श्रीराम महिला महाविद्यालय कटया लहंग कासिमाबाद, गाजीपुर सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर हिन्दी, संस्कृत, राजनीतिशास्त्र, प्राचीन इतिहास, गृह विज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवं प्राचार्य पद हेतु। योग्यताएं यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार/इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम संस्थान/महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक-मो0-9415860327

**आवश्यकता है**
बाबा कामदेव सिंह महाविद्यालय मढ़ी, जौनपुर सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर हिन्दी, संस्कृत, भूगोल, प्राचीन इतिहास, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवं प्राचार्य पद हेतु। योग्यताएं यू0जी0सी0/ विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार /इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम संस्थान/ महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक-मो0-9415653162

**आवश्यकता है**
संत कीनाराम पी0 जी0 कालेज, कनेरी, गाजीपुर (वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर) में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत हिन्दी एवं गृहविज्ञान (चाईल्ड डेवलपमेन्ट) एवं विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, प्राणि विज्ञान, गणित विषयों में दो-दो प्रवक्ता एवं वाणिज्य संकाय के एम0 काम0 पाठ्यक्रम में 03 प्रवक्ता पद हेतु योग्यताएं यू0 जी0 सी0 / विश्वविद्यालय परिनियमायमावलीनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर प्रबन्धक के पदनाम संस्थान/ महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक या दूरभाष द्वारा दी जायेगी।
प्रबन्धक-मो0-9451953111, 9554808398

## फ्लाइट पकड़ने आये यात्री की हार्ट अटैक से हुई मौत

**बाबतपुर।** बाबतपुर एयरपोर्ट पर चेन्नई की फ्लाइट पकड़ने आए एक यात्री चेक इन के बाद अचानक तबीयत बिगड़ गई, सीने में दर्द हुआ और अस्पताल ले जाया गया। यहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चेन्नई निवासी यात्री सेंथिलकुम वेल्लीराज (38) परिवार के आठ सदस्यों के साथ दर्शन-पूजन के लिए वाराणसी आए थे। गुरुवार सुबह इंडिगो के कनेक्टिंग फ्लाइट से चेन्नई जाने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे थे। चेक इन काउंटर से बोर्डिंग पास लेने के बाद सेंथिलकुम के सीने में दर्द हुआ और वो गिर पड़े। साथ में मौजूद परिवार के सदस्यों ने मदद के लिए आवाज लगाई। आसपास के यात्री और एयरलाइंस कर्मी पहुंचे। यात्री को नजदीकी एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां जांच के बाद सेंथिलकुम को मृत घोषित कर दिया। लोग यह चर्चा करते रहे की यदि एयरपोर्ट के एमआई रूम में डॉक्टर होते तो यात्री की जान बचाई जा सकती थी। एयरपोर्ट निदेशक अर्यमा सान्याल ने बताया कि सुबह एक यात्री को अचानक हार्ट अटैक आया था। उसे तत्काल एक नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। एयरपोर्ट के डॉक्टर भी निजी अस्पताल पहुंचे थे। अस्पताल में यात्री को मृत घोषित किया गया।

## चोरी का प्रयास करते धराये

**मंडुवाडीह।** मड़ौली निवासी सत्यम कुमार तिवारी ने अपने घर में चोरी करते मजदूरों को रंगे हाथ पकड़ा। इस मामले में मंडुवाडीह थाने में तहरीर भी दी। मड़ौली निवासी सत्यम कुमार तिवारी का आरोप है कि गुरुवार को दिन में केराकतपुर निवासी 13 वर्षीय लड़का उनके घर मे घुसकर पीतल के परात व हण्डा को बोरे में भरकर ले जा रहा था। उसको बोरे में भरकर ले जाते हुए पड़ोस में काम कर रहे मजदूरों ने देख लिया और दौड़ा कर पकड़ लिया। इस सम्बन्ध में सत्यम ने मंडुवाडीह पुलिस को तहरीर देकर न्यायोचित कार्यवाही की मांग की। थानाध्यक्ष मंडुवाडीह राजीव कुमार सिंह ने बताया कि एक लड़का को जो कूड़ा बीनने का काम करता है उसे लोग पकड़ कर लाये है, उसकी जांच की जा रही है।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 1991 अनुक्रमांक 1009708 का मूलप्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। कु0 बंदना जायसवाल पुत्री जगदीश प्रसाद जायसवाल, ग्राम+पोस्ट-बिल्थरा रोड, जिला-बलिया।

मेरे पति स्व0 अमित कुमार सिंह के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरी जन्म तिथि 01.05.1980 अंकित है जो गलत है। जबकि सही जन्म तिथि 03.07.1981 है। निशा सिंह निवासी ग्रा0 व पो0-सदलपुरा, जिला-चन्दौली।

सर्वसाधारण को सूचित कि जाता है कि मेरे हाईस्कूल वर्ष 2019 व इंटर 2021 के अंक पत्र में मेरे पिता का नाम प्रकाश जायसवाल के स्थान पर प्रकाश चंद्र गुप्ता व माता का नाम रेखा जायसवाल की जगह रेखा देवी पढ़ा जाय। शनी जायसवाल पुत्र प्रकाश चंद्र गुप्ता, बहरीपुर कलां, जौनपुर।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**
बाबा रामचीज महिला महाविद्यालय ताजपुर डेहमा गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु हिंदी, संस्कृत, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल, प्राचीन इतिहास व उर्दू विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवं प्राचार्य पद हेतु, योग्यताएं यूजीसी /विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अंदर प्रबंधक के पद नाम संस्थान/ महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जाएगी।
प्रबंधक-मो0 +91 96708 70176

**आवश्यकता है**
माँ स्वरूपा देवी महिला महाविद्यालय शाहबाजकुली गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु हिंदी, संस्कृत, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल, मध्यकालीन इतिहास व शिक्षा शास्त्र विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवं प्राचार्य पद हेतु, योग्यताएं यूजीसी /विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के नवीनतम फोटोग्राफ के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अंदर प्रबंधक के पद नाम संस्थान/महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जाएगी।
प्रबंधक-मो0-9450888502

**आवश्यकता है**
जे0 पी0 आर0 गर्ल्स डिग्री कालेज सेठवल, रानी की सराय, आजमगढ़ सम्बद्ध महाराजा सुहेलदेव राज्य विद्यालय आजमगढ़ स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत पद प्राचार्य स्नातकोत्तर स्तर पर कला वर्ग भूगोल, शिक्षा शास्त्र, हिन्दी, समाजशास्त्र व गृह विज्ञान एवं विज्ञान वर्ग जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान विषयों में प्रवक्ता की। योग्यता यू0 जी0 सी0 विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 21 दिन में आवेदन करें।
प्रबन्धक - शैलेश कुमार राय
मो0-9935738430

# हिरण के सींग की तस्करी करने वाले दो गिरफ्तार

**शिकंजे में**

**पुलिस ने बरामद सींगों की कीमत 15 लाख बतायी**

जनसंदेश न्यूज

**चोलापुर।** चोलपुर पुलिस ने गुरूवार को माहांव-बाबतपुर मार्ग से दो तस्करों को हिरण के सींग के साथ गिरफ्तार किया है। इनके पास से तमंचा और दो कारतूस भी बरामद हुआ है। पुलिस का कहना है कि बरामद हिरण के दो सींग की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 15 लाख रुपए है। पकड़े गये तस्कर अमन अग्रहरि और पवन मोदनवाल पलहीपट्टी के निवासी है।

पूछताछ में अमन ने पुलिस को बताया कि वह गाजीपुर के जमानिया जंगल से हिरण मारकर लाया था। फिर उसके अंगों की हमलोग तस्करी करते हैं। हिरण का शिकार वह पहले से करता आ रहा है। और यही उनके कमाई का जरिया है। हिरण के इन दो सींगों को बेचने के लिए हम पवन के साथ शहर की ओर जा रहे थे। शहर के अनुराग गोंड उर्फ अन्नू से सींग बेचने के बाबत उनकी डील हो चुकी थी। इसी दौरान रास्ते में पकड़ लिए गये। इन्हें गिरफ्तार करनेवाली पुलिस टीम में इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी, एसआई विकास पांडेय, अभिजीत सिंह, हेड कांस्टेबल हरिशंकर यादव, कांस्टेबल सत्य प्रकाश यादव, हिमांशु सिंह रहे। पुलिस ने दोनों को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, 25 आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में चालान कर दिया।


चोरों के साथ पुलिस अधिकारी

# समाजवाद के पुरोधा डॉ. लोहिया की मनी जयंती

**रोहनिया।** प्रखर समाजवादी नेता डॉ.राम मनोहर लोहिया की 113 वीं जयंती दी तहसील बार एसोसिएशन राजातालाब के सभागार में वकीलों ने धूमधाम से मनाई। वकीलों ने उनके तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर लोकबंधु राजनारायण के पौत्र सुशील कुमार सिंह उर्फ तोयज सिंह ने कहा कि डॉ.राम मनोहर लोहिया ने देश की राजनीति में भावी बदलाव की बयार आजादी से पहले ही ला दी थी। लोहिया ने अपनी प्रखर देशभक्ति और तेजस्वी समाजवादी विचारों के कारण सभी दलों के दिलों में वो बसते थे। पूर्व महामंत्री प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता युद्ध के आखिरी दौर में बड़ी भूमिका स्वतंत्र भारत की राजनीति और चिंतन धारा पर जिन गिने-चुने लोगों के व्यक्तित्व का गहरा असर हुआ है उनमें डॉक्टर राम मनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण प्रमुख रहे हैं। पूर्व अध्यक्ष सर्वजीत भारद्वाज ने कहा कि लोहिया भारतीय राजनीति के संभवत अकेले ऐसे नेता थे जिनकों हर दल ने दिल खोलकर सम्मान दिया। लोहिया जी की भाषण सुनना चाहिए उनकी भाषण में चुंबकीय आकर्षण था। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा, सर्वजीत भारद्वाज,रामजी सिंह पटेल,पूर्व महामंत्री प्रदीप कुमार सिंह,नंद किशोर सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह,वर्तमान वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंकेश गिरी,कनिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र वर्मा, विश्वजीत श्रीवास्तव व उक्त कार्यक्रम का संचालन लोकबंधु राजनारायण के पौत्र सुशील कुमार सिंह उर्फ तोयज सिंह ने किया।


डॉ. लोहिया को श्रद्धांजलि प्रदान करते अधिवक्तागण

### तीन पर गिरोह बंद की कार्रवाई

**वाराणसी।** भेलूपुर पुलिस ने संकुल धारा चौकी क्षेत्र के रहने वाले तीन शातिर बदमाशों के खिलाफ गिरोह बंद अधिनियम में कारवाई किया। पुलिस के अनुसार महेश सेठ सरायनंदन और किरहीया के रहने वाले विकास जायसवाल और अमन भारती शातिर किस्म के लुटेरे अपराधी प्रवृत्ति के हैं। इनके द्वारा क्षेत्र में कई अपराधिक घटनाओं को अंजाम भी दिया गया है। महेश सिंह सेठ गिरोह का सरगना है।

## कोर्ट के आदेश पर मदरसा प्रिंसिपल और प्रबंधक पर केस दर्ज

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** मदरसे के प्रधानाचार्य तथा प्रबंधक द्वारा फर्जी ढंग से नियुक्ति को दिखाकर वर्षो से सरकारी धन का गबन करने का आरोप लगा और इस मामले में थाना जैतपुरा में कोर्ट के आदेश 419, 420, 467, 468, 471 तथा 409 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

मदरसा मदीनतुल उलूम जलालीपुरा, वाराणसी के प्रधानाचार्य दीवान साहब जमां खान तथा प्रबन्धक मदरसा नुरूल हुदा अंसारी उर्फ बाबू हाजी की मिली भगत से 1990 से फर्जी नियुक्ति, अनियमित शैक्षणिक योग्यता सेवा पुस्तिका में हेरा-फेरी कर सरकारी धन के दुरूपयोग के प्रकरण संज्ञान में आने के बाद औ कोर्ट के आदेश पर ये कार्रवाई हुई।आरोप है कि 1990 से अनियमित एवं फर्जी ढंग से नियुक्ति दिखाकर वेतन भुगतान प्राप्त किया गया।

## शिविर में 40 स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान

**वाराणसी।** बीएयू के शिक्षा संकाय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना की शिक्षा संकाय की इकाई द्वारा गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 40 से भी अधिक स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संचालित विशेष शिविर के पाचवें दिन के इस आयोजन पर शिक्षा संकाय के वरिष्ठ आचार्य प्रो. एस के सिंह द्वारा स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को रक्तदान का महत्त्व बताते हुए रक्तदान करने के लिए स्वयं सेवकों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा रक्तदान के महत्त्व पर आधारित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई। रक्तदान शिविर के आयोजन की सराहना संकाय प्रमुख प्रो. एसके स्वाईं द्वारा की गई। शिविर में स्वयंसेवकों को क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अशोक श्रोति, राज्य संपर्क अधिकारी डॉ. सुनीता गुप्ता, उत्तर प्रदेश एड्स नियंत्रण सोसाइटी के उपनिदेशक डॉ. रमेश चंद्र श्रीवास्तव, सहायक निदेशक डॉ. अनुज कुमार दीक्षित, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. बाला लखेंद्र के साथ शिक्षा संकाय के प्राध्यापक प्रो. नागेंद्र कुमार, डॉ. सोमू सिंह, डॉ. पंकज सिंह आदि उपस्थित रहे।



## प्रधानमंत्री को इस बार भी देंगे अनूठा उपहार





**वाराणसी।** जनपद के शिल्पकार प्रत्येक बार की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्वनिर्मित उपहार भेंट करेंगे। उन्हें काशी के जीआई पंजीकृत शिल्पियों द्वारा तैयार जरदोजी तकनीक से निर्मित अंगवस्त्रम् और मेटल कास्टिंग क्राफ्ट तकनीक से तैयार 14 इंच आकार में मां दुर्गा की चतुर्भुज मूर्ति उपहार के रूप में देंगे।

अंगवस्त्र चांदपुर लोहता की तरन्नुम, शमा और शबाना ने मास्टर शिल्पी शादाब आलम के साथ मिलकर बनाया है। उस पर एकओर देवी मुख संग त्रिशूल की आकृति और दूसरी ओर बनारस के घाटों को प्रतीक स्वरूप दर्शाया गया है। वहीं, मनोज सिंह कसेरा व अनिल कसेरा की देखरेख में मां दुर्गा की मूर्ति बनायी गयी है। इस मूर्ति पर राज्य पुरस्कार से सम्मानित भैरव गली के अमरनाथ वर्मा और अरुण वर्मा ने मीनाकारी की है। जबकि एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री के स्वागत के दौरान दिया जाने वाला अंगवस्त्रम् आजादी का अमृत महोत्सव के थीम पर छाहीं निवासी बच्चालाल मौर्य ने बनाया है। जीआई विशेषज्ञ पद्मश्री डॉ. रजनीकांत ने यह जानकारी दी।

**संक्षेप**

### शातिर चोर अब रेप और किडनैपिंग केस में अरेस्ट



**मंडुवाडीह।** लहरतारा चौकी इंचार्ज अरुण कुमार सिंह ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी मां- बेटे को गुरुवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने जब अभियुक्त की जांच की तो होस उड़ गये। शिवदासपुर नई बस्ती निवासी राहुल मौर्य पुत्र पप्पू मौर्य की फोटो त्रिनेत्र एप के सॉफ्टवेयर पर स्कैन करके डालते ही पुलिस को पता चला कि आरोपी के ऊपर भेलूपुर थाने में गैंगस्टर समेत चार व मंडुवाडीह में चोरी के तीन मुकदमे पहले से दर्ज हैं। बताया कि पॉक्सो का मुकदमा आठवां मुकदमा है। पुलिस की माने तो राहुल शातिर किस्म अपराधी है। वह किराए का मकान लेता और अपराध के बाद बदल देता था। जलालीपुर में किराए पर रहने के दौरान मुल्लनपुर स्थित एक किशोरी के अपहरण के मामले में दर्ज पॉक्सो एक्ट में वांछित होने पर उसको व उसकी मां अंजू देवी को मिर्जामुराद स्थित खजूरी चौकी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

### हत्यारोपी के घर पुलिस ने की 82 की कार्रवाई



**तरना।** शिवपुर थानाक्षेत्र के इंदपुर खोरी में व्यवसायी की हत्या के आरोप में फरार अभियुक्त के गाजीपुर स्थित आवास पर 82 की कार्रवाई शिवपुर पुलिस ने की। इस दौरान डुगडुगी भी बजवायी। शिवपुर थाना क्षेत्र के इंदपुर खोरी के निवासी बालमुकुंद चौधरी मुंबई में फ्रूट जूस व्यापारी का चार अप्रैल 2022 को संपत्ति के लालच में उसके पोते और अन्य साथियों ने गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। इस मामले में पुलिस को गाजीपुर निवासी फरार अभियुक्त प्रियांशु श्रीवास्तव की तलाश थी। गाजीपुर स्थित आवास पर फरार अभियुक्त के खिलाफ शिवपुर पुलिस के उप निरीक्षक रोहित त्रिपाठी एवं कांस्टेबल दिवाकर कुमार ने गुरुवार को 82 की कार्रवाई करते हुए नोटिस चस्पा किया।

### दो मौतों के बाद जागा महकमा, तार को कराया ठीक

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के प्रेम तिराहा के समीप मंगलवार की रात पानी में करंट प्रवाहित होने से बाइक सवार शंभू नाथ पांडे और लालमनी देवी की मौत हो गई थी। हादसे के तीसरे दिन जागे बिजली कर्मियों ने गुरुवार को घटनास्थल पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त तार को ठीक किया। तार को भूमिगत कर ढका गया। जेई राजेंद्र ने बताया कि ये काम नगर निगम का था लेकिन उन्होंने मरम्मत नहीं कराया। जनहानि को देखते हुए खुद के पैसे से बिजली कर्मी बनवाए हैं। बुधवार की देर रात हरिश्चंद्र घाट पर दोनों का दाह संस्कार किया गया। दाह संस्कार करने के बाद शंभू नाथ पांडे के परिजन अपने मूल गांव जमुई मांगो चले गए।

### बीटेक में प्रवेश दिलाने के नाम पर दो लाख की ठगी

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के संत गोपाल नगर कॉलोनी के रहने वाले सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार सिंह की शिकायत पर पुलिस ने नवाबगंज दुर्गाकुंड निवासी मोहम्मद वसीम आलम खान के खिलाफ धोखाधड़ी जालसाजी के मामले में मुकदमा दर्ज किया। वीरेंद्र कुमार सिंह का आरोप है कि उनकी जान पहचान मोहम्मद वसीम से हुई। मोहम्मद वसीम ने खुद को बेंगलुरु के कॉलेज में काउंसलर बताया। जिसके बाद उनके बेटे का बीटेक में उसी कॉलेज में एडमिशन कराने के नाम पर दो लाख ले लिया। पैसा लेने के बाद भी एडमिशन नहीं कराया। पैसे की मांग करने पर आरोपी गाली गलौज धमकी देने लगा। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

### रेलवे ट्रैक पर मिली लाश की शिनाख्त

**पिंडरा।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के दल्ली पुर नहर पुलिया के पास रेलवे ट्रैक पर मिली लावारिस लाश की शिनाख्त चोलापुर थाना क्षेत्र के आयर गांव निवासी प्रमोद यादव के तौर पर हुई। प्रमोद तीन भाइयों में दूसरे स्थान पर था। प्रमोद के भाई अशोक ने बताया कि प्रमोद फल की दुकान चलाता था और सुबह शाम आर्मी में भर्ती होने के लिए दौड़ लगाता था। बुधवार की तड़के चार बजे दौड़ने के लिए घर से निकला। लेकिन कैसे रेलवे ट्रैक पहुंच गया कुछ समझ में नहीं आ रहा है। घटना के बाद परिजनों का रोकर हाल बेहाल है। आगे की कार्रवाई में पुलिस ने डेडबॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### मायके जाने के लिए निकली विवाहिता गायब

**पिंडरा।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के चंगवार गांव निवासी एक युवक ने अपने पत्नी की गायब होने की सूचना बड़ागांव थाने को दी। चंगवार निवासी एक बनवासी युवक की माने तो उसकी पत्नी 21 मार्च को आजमगढ़ के बरदह थाना क्षेत्र के बीकापुर गांव जाने के लिए सुबह सात बजे दस साल की बेटी को लेकर निकली। लेकिन घर नहीं पहुंची और रास्ते में कहीं गायब हो गई। शक के आधार पर उसने अपने गांव के दो युवकों के ऊपर बहका फुसलाकर भगा ले जाने की तहरीर दी है। पुलिस तहरीर लेकर मामले की छानबीन कर रही है।

### युवक के खाते से जालसाज ने रुपए उड़ाये

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के नरोत्तम नगर कॉलोनी में रहने वाले अभिषेक कुमार यादव के खाते से 9500 रुपए उड़ा दिया। खाता से रुपए मैसेज आने के बाद जानकारी हुई। पीड़ित को हैरानी इस बात को लेकर है कि उसके रजिस्टर्ड नंबर पर कोई मैसेज भी नहीं आया और पैसा निकल गया। भुक्तभोगी ने पुलिस को सूचना दी।

### गाड़ी पार्क करने को लेकर छात्रों में मारपीट

**वाराणसी।** बीएचयू विश्वनाथ मंदिर के बाहर बाइक खड़ी करने को लेकर छात्रों के दो गुटों में नोकझोंक के बाद मारपीट हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे प्रॉक्टोरियल बोर्ड के जवान, छात्रों को पकड़कर प्रॉक्टोरियल कार्यालय ले गए। जानकारी के अनुसार बाइक खड़ी करने को लेकर छात्रों में कहासुनी होने लगी इस बीच किसी छात्र ने अपने मोबाइल से फोटो खींचनी चाही। जिसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इस बाबत बीएचयू चौकी प्रभारी का कहना है कि छात्रों की तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

### जमीन विवाद में मारपीट, युवती ने काटी दांत

**मंडुवाडीह।** मंडुआडीह थाना क्षेत्र के शिवदासपुर में गुरुवार को पट्टीदारों में जमीन सम्बन्धी विवाद में मारपीट हुई। फूलपत्ती देवी का अपने पट्टीदार वेदी से जमीन सम्बन्धी विवाद चल रहा है। गुरुवार को विवाद में वेदी की पत्नी कमला देवी ने लालती कुमारी 23 को दांत से हाथ काट लिया। कमला देवी की लालती कुमारी की भतीजी है। पीड़ित फूलपत्ती देवी ने मंडुआडीह थाने में मारपीट करने की चार लोगों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार शिवदासपुर निवासिनी फूलपत्ती देवी ने मुहल्ले के ही चार लोगों आकाश,राहुल,सूरज और रोहित के खिलाफ तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मेरी लड़की लालती कुमारी 23 घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी कि उसी समय उपरोक्त लड़के आकर मारपीट कर घायल कर दिए।

### हरिकेश सिंह को चौकी प्रभारी मोहनसराय का प्रभार

**रोहनिया।** कमिश्नरेट पुलिस विभाग में गुरुवार देर शाम तीन उप निरीक्षकों का स्थानांतरण हुआ। ाना चोलापुर पर तैनात उपनिरीक्षक हरिकेश सिंह को चौकी प्रभारी मोहनसराय बनाया गया तो वही चौकी प्रभारी मोहनसराय रहे उप निरीक्षक शिवानंद सिसोदिया को चौकी प्रभारी नदेसर का कार्यभार मिला। नदेसर चौकी प्रभारी रहे हरिओम प्रताप सिंह को थाना कैंट पर संबद्ध किया गया है।

कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक,
उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, वाराणसी

नीलामी/निविदा आमंत्रण सूचना

इस कार्यालय के पत्र संख्या-2110/वारा0/क्षे0प्र0/जन-ठेका/नीलामी दिनांक 21.03.2023 के माध्यम से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम वाराणसी क्षेत्र अन्तर्गत निम्नलिखित बस स्टेशनों स्थित रिक्त ठेको की नीलामी 02 बीड प्रणाली के अन्तर्गत निविदा दिनांक 11.04.2023 को आमंत्रित की गयी है। निविदा विषयक जानकारी परिवहन निगम की वेबसाईट पर उपलब्ध है, तथा जानकारी कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0 प्र0 परिवहन निगम वाराणसी कैण्ट से कार्यालय दिवस में भी ली जा सकती है।

क्षेत्रीय प्रबन्धक
वाराणसी


पत्रांक: 2111/वारा0/क्षे0प्र0/जन-ठेका/नीलामी/2023, दिनांक: 21.03.2023



## वासंतिक नवरात्र में कल

वासंतिक नवरात्र के नव गौरी के दर्शन-पूजन करने के क्रम में चौथे दिन शृंगार गौरी के दर्शन करने की मान्यता है। देवी का विग्रह ज्ञानवापी क्षेत्र स्थित सत्यनारायण मंदिर के अंदर विराजमान है। इसी तरह नव दुर्गा के दर्शन-पूजन करने के क्रम चौथे दिन कुष्मांडा देवी का दर्शन करने का विधान है। मां दुर्गा का मंदिर दुर्गाकुड में स्थित है।

# वाराणसी भारत














## संपूर्णानंद में 66वां स्थापना दिवस समारोह शुरू



वाराणसी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के वेद भवन में गुरुवार को विश्वविद्यालय के 66वें स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय परिवार के कल्याण एवं राष्ट्र वैभव उत्थान के लिए 'शक्ति समाराधन' कार्यक्रम अंतर्गत कुलपति व कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय संस्कृति उत्सवधर्मी संस्कृति है। जीवंत संस्कृति का यह चक्र अनवरत घूमता रहता है, ताकि हम सत्य से विमुख न हों और इस प्रकार अपनी भीतरी शक्ति से विमुख न हों। यही शक्ति पूरे भारत की आंतरिक शक्ति है। इस विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने और संस्कृत भाषा के अभ्युदय की कामना करते हुये संपूर्ण विश्वविद्यालय परिवार के सद्भाव और कुशलता की कामना मां शक्ती से करते हैं। शक्ति स्त्री रूपा है। लोगों ने किसी न किसी रूप में शक्ति तत्व को स्वीकार किया है। समारोह वेद विभाग के अध्यक्ष प्रो. महेंद्र पांडेय के निर्देशन, डॉ. विजय कुमार शर्मा के आचार्यत्व एवं डॉ. सत्येंद्र कुमार यादव के संयोजन में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रो. रामपूजन पांडेय, प्रो. दिनेश कुमार गर्ग, अजय पांडेय, प्रभुनाथ यादव, संतोष कुमार दुबे, अशुतोष मिश्र, श्याम सुंदर, विष्णु शाही आदि उपस्थित थे।

























# पीएम के स्वागत को सज गयी काशी

## फूलों की बारिश और ढोल-नगाड़े के साथ होगा जोरदार स्वागत

**आगमन आज**

### एयरपोर्ट से रुद्राक्ष और संस्कृत विवि मार्ग पर सजे पार्टी के झंडे

### भाजपा पदाधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा दिया निर्देश

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र काशी आ रहे हैं और करीब 1780 करोड़ रुपये की सौगात देंगे। पीएम मोदी के स्वागत के लिए काशी सज-धज कर तैयार है। भाजपा ने भी पीएम के स्वागत के लिए खास प्लान तैयार किया है। हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एयरपोर्ट से लेकर सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर तक पीएम मोदी स्वागत एवं अभिनंदन करेंगे। दूसरी तरफ, सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय मैदान में जनसभा के लिए बनाया गया पंडाल पीएम के आगमन की बाट जोह रहा है। यहां पर सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। मौसम को देखते हुए यह पंडाल वाटरप्रूफ बनाया गया है, ताकि लोगों को दुश्वारियां न झेलनी पड़े।



सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में जनसभा के लिए बनाया गया पंडाल

भाजपा की विभिन्न इकाइयों की तरफ से कई जगहों पर पीएम मोदी का भव्य रूप से स्वागत किया जाएगा। पार्टी कार्यकर्ता हाथों में पोस्टर, पार्टी के झंडे, शंख ध्वनि और ढोल-नगाड़ों के साथ फूलों की वर्षा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत और अभिनंदन करेंगे। जहां से भी प्रधानमंत्री का काफिला गुजरेगा, वहां पर गुलाब की पंखुड़ियों व फूलों की वर्षा की जाएगी। पार्टी का हर विंग पीएम मोदी के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पीएम का काशी में भव्य रूप से कार्यकर्ता एवं काशीवासी स्वागत के लिए लालायित हैं। प्रधानमंत्री का काफिला जहां से भी गुजरेंगे, वहां पर उनका भव्य रूप से स्वागत किया जाएगा। वहीं डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जनसभा में आने का न्योता भी दिया जा रहा है। पीएम मोदी के स्वागत को लेकर चौराहों-तिराहों और आगमन मार्ग को पार्टी के झंडे, पीएम के कटआउट और होर्डिंग से सजाया गया है। भाजपा पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल रुद्राक्ष कंवेंशन सेंटर और सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय का गुरुवार को दौरा किया और वहां पर लगाये गये वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश भी दिये। गुलाब बाग स्थित पार्टी कार्यालय में गुरुवार को हुई बैठक में बताया गया कि पीएम के काफिले में मंत्री व विधायक शामिल नहीं होंगे। चौराहों-तिराहों पर पार्टी के लोग आमजन के साथ खड़े रहेंगे और पीएम का स्वागत करेंगे। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष के अलावा महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया, सुशील त्रिपाठी, संतोष पटेल, दिलीप सिंह पटेल, डॉ. सुदामा पटेल, क्षेत्रीय प्रवक्ता नवरतन राठी, उदय प्रताप सिंह, संतोष सोलापुरकर, वैभव कपूर, जगदीश त्रिपाठी, संजय सोनकर, शैलेन्द्र मिश्र आदि उपस्थित रहे।

### जनप्रतिनिधियों के हवाले चौराहों की जिम्मेदारी

क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव ने बताया कि पीएम के यात्रा मार्ग में पड़ने वाले सिगरा स्थित तिलक प्रतिमा के पास राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ दयाशंकर मिश्र उर्फ दयालु, साजन तिराहे पर कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव, तेलियाबाग तिराहे पर शहर दक्षिणी विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, संस्कृत विश्वविद्यालय के वीआईपी गेट पर पिंडरा विधायक डॉ. अवधेश सिंह, सांस्कृतिक संकुल चौकाघाट पर अजगरा विधायक टी. राम, खजुरी तिराहे पर कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर एवं पुलिस लाइन पर जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता पीएम मोदी का भव्य स्वागत करेंगे।



महिला पुलिसकर्मी ने ड्यूटी पालन की दोहरी चुनौती निभाई : शंकर चतुर्वेदी

## नगर आयुक्त ने शहर का लिया जायजा

**निरीक्षण**

### अधिकारियों को संबंधित कार्यों को पूरा करने के दिए निर्देश

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पूर्व नगर आयुक्त शिपू गिरि द्वारा शहर के साफ- सफाई, सैनिटाइजेशन एवं कीटनाशक दवाओं के छिड़काव, सीवर ओवर फ्लो, पेयजल आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने कचहरी स्थित अंबेडकर चौराहा, कचहरी चौराहा, सर्किट हाउस, पुलिस लाइन चौराहा, मकबूल आलम रोड, घौसाबाद तिराहा, चौकाघाट, तेलियाबाग से लगायात निगम स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान मकबूल आलम चौकाघाट स्थित डूडा कार्यालय की छत पर लटकी पेड़ की डालियों को छटवाने का आदेश दिया। इसके अलावा कार्यालय की साफ-सफाई, कार्यालय को ठीक कराने, नगर निगम फल मंडी में शौचालय के पास हरियाली के लिए पेड़ लगे गमले लगाए जाने, शहीद उद्यान पार्क की दीवार पर पेंटिंग कराए जाने, मलदहिया चौराहा स्थित विनायक प्लाजा के पास सीवर चेंबर ठीक कराए जाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जलकल महाप्रबंधक आदि अधिकारी उपस्थित थे।



व्यवस्था का जायजा लेते नगर आयुक्त

## पीएम को लेकर निगम ने की तैयारी

**चुस्त-दुरुस्त**

### अगमन के मार्गों पर लगाए 1200 से ज्यादा सजावटी पौधे और फूलों के गमले

**वाराणसी।** पीएम के आगमन को लेकर नगर निगम ने प्रस्तावित मार्गों को सजाने की तैयारी गुरुवार को पूरी कर ली। इसके लिए उक्त मार्गों पर 1200 से ज्यादा सजावटी पौधों और फूलों के गमले और सड़क के बीच बने डिवाईडरों का रंग रोगन कराया। इस दौरान निगम ने सड़कों की साफ सफाई के साथ धुलाई भी की। काशी के सांसद नरेंद्र मोदी शुक्रवार को शहर में होंगे। पीएम के आगमन को लेकर गुरुवार को जनपद का सारा प्रशासनीक अमला तैयारी और उनकी स्वागत में लगा रहा। इसे लेकर निगम की ओर से सड़कों और प्रस्तावित मार्गों पर विशेष साफ सफाई का इंतजाम किया गया। साथ ही सजावटी पौधे और फूलों के गमलों से मार्गों की शोभा बढ़ाई गई। निगम अधिकारियों की ओर से बताया गया कि प्रस्तावित मार्गों पर 1200 से ज्यादा सजावटी पौधों और फूलों के गमलों को लगाया गया है। साथ ही मार्ग पर विशेष साफ सफाई कराई जा रही है। इसके लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसके नेतृत्व में मार्गों को सजाने और साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। बताया कि शुक्रवार की सुबह से उक्त मार्गों पर पीएम के आगमन से लेकर उनके जाने तक संबंधित मार्गों पर विशेष सफाई कराई का कार्य जारी रहेगा।



रोड डिवाइडर पर सजाए गए गमले

## विधायक सौरभ ने चलाया स्वच्छता अभियान



सफाई अभियान चलाते विधायक सौरभ

**वाराणसी।** विधायक कैन्ट सौरभ श्रीवास्तव ने भाजपा कार्यकताओं के साथ प्राथमिक विद्यालय, सुंदरपुर व जंगली हनुमान मंदिर, सुंदरपुर, वाराणसी में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान में आम जनमानस ने भी सहभागिता की। इस दौरान विधायक सौरभ ने स्वयं अपने हाथों से घंटों तक झाड़ू चलाया। विद्यालय परिसर का कूड़ा साफ किया। पूरे विद्यालय परिसर में से कूड़ा निकाल बाहर किया गया। स्वच्छता कार्यक्रम की समाप्ति के बाद सभी ने काशी को स्वच्छ रखने का संकल्प भी लिया। विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि ?स्वच्छता अभियान चला कर विद्यालय व मंदिर परिसर को पूरी तरह से स्वच्छ कर दिया गया है। लेकिन ये सदैव स्वच्छ रहे, इसके लिए स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में अपनाना होगा। अभियान में विधायक सौरभ श्रीवास्तव के साथ उपस्थित थे मण्डल अध्यक्ष शत्रुघ्न पटेल, अनिल सिंह, मंडल उपाध्यक्ष अरुण सिंह, उपाध्यक्ष अमरनाथ, सभासद संजय गुप्ता, सभासद इंद्र बहादुर पटेल, बिग्गूल राजभर आदि मौजूद थे।

### विधायक ने की जनसंपर्क कार्यालय में जनसुनवाई

वाराणसी। शिवाजी नगर स्थित कैन्ट विधानसभा जनसम्पर्क कार्यालय में विधायक कैन्ट सौरभ श्रीवास्तव द्वारा जनसुनवाई कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया। विधानसभा जनसंपर्क कार्यालय में विधायक ने प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक लगातार जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान कुल 75 प्रार्थनापत्र आये जिनमे मुख्य रूप से अपर्णा पाण्डेय नामक महिला जिसे अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए प्रतिदिन 80 किलोमीटर दूर जा कर अपनी विभागीय सेवा देनी पड़ती है, के स्थानांतरण के लिए सौरभ श्रीवास्तव ने शिक्षा मंत्री, उप्र सरकार को पत्र लिखकर निकटतम के ही विद्यालय पर उसकी तैनाती करवाने के लिए निवेदन किया। जनसुनवाई में विधायक सौरभ श्रीवास्तव के साथ सहयोग के लिए उपस्थित थे कुशाग्र श्रीवास्तव, अभिषेक आदि मौजूद थे।

## भाजपा पदाधिकारियों ने की साफ-सफाई

**वाराणसी।** भाजपा के तीन दिनी स्वच्छता अभियान के अंतिम दिन गुरुवार को जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने साफ-सफाई की। इसके तहत कचहरी स्थित प्राचीन श्री दैत्रा बीर बाबा मंदिर, मध्यमेश्वर मंडल, पांडेयपुर चौराहा, सम्पूर्णानंद कॉलोनी, कर्दमेश्वर महादेव मंदिर परिसर, शिवदासपुर के सिंदुरिया नगर कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर परिसर और राजर्षि मंडल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान में सांसद व काशी क्षेत्र प्रभारी सुब्रत पाठक, निवर्तमान महापौर मृदुला जायसवाल, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, वैभव कपूर, गोपाल वर्मा, सिंधू सोनकर, रतन सिंह मौर्य आदि शामिल थे।

### पूर्व महापौर ने प्रबुद्धजनों से किया संपर्क

**वाराणसी।** पूर्व महापौर रामगोपाल मोहले ने गुरुवार को नगर के प्रबुद्धजनों से संपर्क किया। इस दौरान उन्होंने उनसे शुक्रवार को डॉ. संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में शामिल होने की अपील की। कहा कि राष्ट्रीयता और भारतीय संस्कृति में यकीन रखने वाले सभी लोग एकजुट होकर मोदी की संकल्पना के अनुरूप अखंड और संपन्न भारत के नवनिर्माण की ऐतिहासिक मुहिम का हिस्सा बने।

### बाबतपुर-वाराणसी मार्ग की साफ-सफाई

**हरहुआ।** बाबतपुर-वाराणसी मार्ग पर रोड के दोनों किनारे गुरुवार को साफ-सफाई का कार्य जारी रहा। इसके लिए सुबह से ही ब्लॉक के सफाई कर्मियों को लगा दिया गया था, इस दौरान ब्लॉक के सफाई कर्मी रोड के किनारे लगे दासपुर झाड़ी के कचरे की भी साफ सफाई करते दिखे। स्थानीय लोगों में यह चर्चा जोरों पर रही कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए ही रोड पर साफ सफाई कराया जाता है यह साफ-सफाई अगर प्रतिदिन हो तो किसी के आगमन के लिए सफाई कर्मी की जरूरत ही ना पड़े।




## संक्षेप

### कार्यशाला में एफपीओ ने बतायीं समस्याएं

**वाराणसी।** आईआईवीआर यानि भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान में गुरुवार को सब्जियों के निर्यात के लिए कृषक उत्पादक संगठनों आदि के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय तकनीकी प्रबंधन इकाई के तहत यह कार्यक्रम था। उसमें वाराणसी, चंदौली, मीरजापुर, सोनभद्र एवं बलिया जनपदों के एफपीओ के निदेशक मंडल, सदस्य और संबंधित किसानों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर एपीडा के डॉ. आनंद राय ने विभाग की ओर से संचालित सब्जियों के व्यवसायीकरण एवं निर्यात संबंधी योजनाएं बताईं। संस्थान निदेशक डॉ. टीके बेहरा ने किसानों की समस्याएं सुनकर आईआईवीआर के वैज्ञानिकों के जरिये समाधान का भरोसा दिया। आयोजन में डॉ. नीरज सिंह, डॉ. शैलेश तिवारी, डॉ. पीएम सिंह, डॉ. सुदर्शन मौर्य, डॉ. शुभादीप राय एवं डॉ. सुजान मजूमदार आदि रहे।

### महिला मोर्चा ने भजन कीर्तन कर किया जनजागरण

**वाराणसी।** पीएम मोदी के काशी आगमन को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने लहुराबीर स्थित आजाद पार्क में भजन-कीर्तन कर जनजागरण किया। क्षेत्रीय



अध्यक्ष नमता चौरसिया एवं महानगर अध्यक्ष कुसुम पटेल के नेतृत्व में महिला कार्यकर्त्रियों ने मोदीजी के स्वागत में गीत गाए। भक्ति गीतों पर नृत्य किया। गीतों के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को बताया। कार्यक्रम समाप्ति पर लोगों को जनसभा में आने का निमंत्रण दिया। कार्यक्रम में नेहा कक्कड़, मीरा यादव, सुनीता सिंह, प्रज्ञा पांडे, राधा, साक्षी साहनी, पीहू दुबे, रिचा राजपूत, मोनिका पांडे, मीडिया प्रभारी प्रज्ञा पांडेय, अनिशा शाही आदि शामिल थीं।

### भाजयुमो ने निकाला वाहन जुलूस

**वाराणसी।** पीएम मोदी के आगमन के पूर्व गुरुवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में वाहन जुलूस निकाल और



पैदल मार्च कर काशीवासियों को जनसभा में आने का निमंत्रण दिया। जुलूस में शामिल कार्यकर्ता 'स्वागत है, स्वागत है-मोदीजी का स्वागत है' के नारे भी लगा रहे थे। इसमें महानगर अध्यक्ष रजत जायसवाल, ओम तिवारी, सुयश अग्रवाल, कार्तिक वर्मा, संजय मौर्य, पंकज सिंह, तिरुपति मिश्रा, जितेंद्र पटेल, मनीष गुप्ता, किशन सेठ, सुरेंद्र गुप्ता आदि शामिल थे।

### कुलपति ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर सामग्री बांटी

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी द्वारा गुरुवार को आंगनबाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण के लिए सामग्री वितरण की गई।



कुलपति ने आंगनवाड़ी केंद्र गजेपुर द्वितीय पर जाकर खाद्य सामग्री वितरित करने के साथ गोद भराई एवं अन्नप्राशन कराया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव हरीश चंद्र द्वारा नंदघर सकलपुर, परीक्षा नियंत्रक प्रो. बंशीधर पांडेय द्वारा नंदघर पुरंदरपुर में, कुलानुशासक प्रो. अमिता सिंह द्वारा नंदघर बाराडीह में आयोजित करा कर सामग्री वितरण और गोद भराई के साथ छोटे बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया।

### भक्तों का संताप हरने हर युग में प्रभु ने लिया अवतार

**वाराणसी।** रामनवमी के पावन अवसर पर अर्दली बाजार स्थित विध्यवासिनी नगर कालोनी में आयोजित श्रीराम कथा के दूसरे दिन गुरुवार को आचार्य शांतनु महाराज ने मनु व शतरूपा प्रसंग से भक्तों को हरि भजन का महत्व बताया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एमएलसी श्याम नारायण सिंह, आशुतोष प्रताप सिंह, डॉ. संजय राठौर व पूर्व ब्लाक प्रमुख सुधीर सिंह पप्पू, अजय सिंह ने आचार्य को श्रीराम की मूर्ति भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा वाचक आचार्य शांतनु महाराज ने कहा कि इस धरा धाम पर जब- जब असुरों के अत्याचार बढ़ते है, तब तब प्रभु अवतार लेकर भक्तों को उनके संताप से मुक्त करते है। भगवान की सगुन लीलाओं को भक्ति व विश्वास से सुनना चाहिए, इसमें तर्क का कोई स्थान नहीं है। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की कथा के क्रम में उन्होंने प्रभु के जन्म के अनेक कारणों को सुनाया। कहा कि भगवान की यह घोषणा है कि जो भी भक्त सब कुछ त्याग कर उनका भजन करते है, प्रभु उनकी रक्षा उसी प्रकार करते है। जैसे माँ अपने बच्चे की रक्षा करती है। मनु एवं शतरूपा जी के प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि मनु महाराज ने जीवन के अंतिम समय मे सब कुछ त्याग कर हरि भजन का मार्ग चुना। हम सब का भी यही दायित्व है कि अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हुए भगवान के भजन में मन लगाए। कथा श्रवण का आनंद ले रहे श्रीराम भक्तों ने उद्घोष से परिसर को गुंजित कर दिया

### विधवा से अश्लील हरकत, होगी जांच

**जंसा।** एक सैनिक की विधवा ने खरगुपुर के लेखपाल पर मूल्यांकन प्रमाण-पत्र बनाने के नाम पर तहसील कार्यालय में बुलाकर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। प्रकरण में विधवा की लिखित शिकायत पर उप जिलाधिकारी राजातालाब ने नायब तहसीलदार को जांच सौंपी है। जानकारी के मुताबिक मामले को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है।

### कुलपति ने परीक्षा स्थलों का किया निरीक्षण

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी द्वारा गुरुवार को विद्यापीठ परिसर के अतिरिक्त महाविद्यालयों में आयोजित हो रही सेमेस्टर परीक्षा का निरीक्षण किया गया। कुलपति और कुलसचिव राजकीय महिला महाविद्यालय सेवापुरी पहुंचे जहां पर उनके द्वारा परीक्षा के स्वच्छ संचालन की जांच की गई।

### पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल पर कई ट्रेनें निरस्त रहेंगी

**वाराणसी।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा में उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता के लिये आधारभूत संरचना में वृद्धि की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल पर बनारस-प्रयागराज रेल खंड के झूसी-रामनाथपुर स्टेशनों के मध्य पैच दोहरीकरण कार्य एवं झूसी स्टेशन के यार्ड रिमाडलिंग कार्य के प्रिक्षेप्य में 18 से 25 मार्च, 2023 तक प्री-इंटरलॉक एवं 26 से 28 मार्च, 2023 तक नॉन इंटरलॉक कार्य किये जाने एवं पूर्व निर्धारित 28 मार्च, 2023 के स्थान पर 29 मार्च, 2023 को रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण के कारण गाड़ियों का अतिरिक्त निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, पुनर्निर्धारण एवं शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन निम्नवत किया जायेगा। बनारस से प्रयागराज रामबाग की दूरी 120.2 किमी. है। झूसी-रामनाथपुर के मध्य दोहरीकरण कार्य पूरा हो जाने पर 120.2 किमी. में से 115 किमी. डबल लाइन हो जायेगी।

## शहादत दिवस पर शिविर में 28 ने किया रक्तदान



**चौबेपुर।** अमर शहीद भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव की के शहादत दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित रक्तदान शिविर में 28 लोगों ने रक्तदान किया। सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट के तत्वावधान में भंदहा कला, कैथी स्थित संस्थान के प्रशिक्षण केंद्र पर शहीद दिवस के उपलक्ष्य में वृहस्पतिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अमर शहीद सरदार भगत सिंह, शिव राम राजगुरु और सुखदेव थापर के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर आशा ट्रस्ट के समन्वयक सामाजिक कार्यकर्त्ता वल्लभाचार्य पाण्डेय ने अपना 101 वां रक्तदान किया। पं दीनदयाल उपाध्याय मंडलीय चिकित्सालय की 10 सदस्यीय दल का नेतृत्व कर रहे डा बृजेन्द्र सिंह ने किया। इस अवसर पर रमेश राय, विनय कुमार सिंह, हौशिला, पूजा यादव, रूबी पाण्डेय, प्रदीप सिंह, रमेश प्रसाद, सौरभ, सूरज पाण्डेय, नर नाहर पांडेय, नवीन, चंदन, अजितेश, शुभम, दीन दयाल सिंह, पारस यादव, कैलाश यादव, आकाश, प्रिंस अमित कुमार आदि की प्रमुख भूमिका रही।

# अब आंगनबाड़ी वर्कर टेबलेट से बच्चों को शिक्षित करेंगी



आंगनबाड़ी वर्कर्स को टैबलेट देतीं राज्यपाल

जनसंदेश न्यूज

**बोलीं राज्यपाल**

### राज्यपाल से किट पाकर आंगनबाड़ी वर्कर्स प्रफुल्लित

**सेवापुरी।** स्थानीय ब्लाक सभागार में गुरुवार को एक बैंक की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सूबे की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने ब्लॉक के 100 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को सामग्री किट वितरित किया। इसके बाद वे आराजी लाइन ब्लॉक के हरसोस गांव पहुंची जहां उन्होंने नंद घर पर वेदांता द्वारा आयोजित आंगनवाड़ी सुदृढ़ीकरण एवं टेबलेट वितरण कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को संबोधित किया। कहा कि नरेंद्र मोदी जब से प्रधानमंत्री बने हैं तब से पूरे देश में वेदांता की सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प हुआ है।

### जन्म के घंटे भर में स्तनपान न कराना चिंतनीय : आनन्दी बेन

**काशी विद्यापीठ।** विकास खंड के अलाउद्दीनपुर गांव स्थित आंगनवाड़ी केंद्र (नंदघर) परिसर में गुरूवार को आंगनवाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण हेतु अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा नूट्री-बार सामग्री किट व टैबलेट वितरण का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की मुख्यअतिथि प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि आज भी महिलाएं बच्चों के जन्म के एक घंटे के अंदर नवजात शिशु को स्तनपान नहीं कराती शिशु घातक बीमारी व कुपोषण की चपेट में आ जाते हैं। राज्यपाल ने मतीबाला पांडेय (कुरहुआ), माधुरी देवी (अवलेशपुर), अर्चना (नुआंव), अंजू पाल (शिवदासपुर), रेनू विश्वकर्मा (अलाउद्दीनपुर), अनीता (सरायडंगरी), रेखा (बच्छांव), संतोष (भिटी), राधा देवी (नरोत्तमपुर) व चिंता देवी (मूड़ादेव) कुल 10 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को नूट्री बार किट प्रदान किया। संचालन डा सुमन चौबे धन्यवाद ज्ञापन प्रिया अग्रवाल ने दिया। इस दौरान सीडीओ हिमांशु नागपाल, बीएसए डा अरविंद पाठक, जिला कार्यक्रम अधिकारी डीपी सिंह, बीडीओ डा रक्षिता सिंह, सीडीपीओ स्वाति पाठक आदि मौजूद थे।

### राज्यपाल-सीएम करेंगे पीएम की आगवानी

**वाराणसी।** एकदिनी दौरे पर शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एकबार फिर काशीवासियों को सौगात देंगे। वह करीब 18 सौ करोड़ रुपये लागत की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। पूर्वाह्न वाराणसी पहुंचने के बाद वह सिगरा स्थित रुद्राक्ष इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। वह सर्किट हाउस जाकर वहां नवनिर्मित नये भवन का लोकार्पण भी करेंगे। पीएम दोपहर 12 बजे संपूर्णानंद संस्कृति विश्वविद्यालय मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करने के बाद दिल्ली लौट जाएंगे। पीएम मोदी के आगमन को देखते हुए गुरुवार देर रात तक संबंधित मार्गों और स्थलों पर की गयी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। आला अफसरों ने प्रत्येस स्थल का बारीका से मौका-मुआयना कर आवश्यक निर्देश दिये। बाबतपुर हवाईअड्डा से लेकर पीएम मोदी के सभी आवागमन मार्गों और कार्यक्रम स्थलों पर मजिस्ट्रेट लगाए गये हैं। एयरपोर्ट में मोदी का स्वागत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। अपराह्न पीएम का दौरा संपन्न होने के बाद दोनों लखनऊ रवाना हो जाएंगे।

# मां ब्रह्मचारिणी के समक्ष भक्तों ने नवाये शीश



ब्रह्मचारिणी देवी



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** वासंतिक नवरात्र के दूसरे दिन गुरुवार को ब्रह्माघाट स्थित मां ब्रह्मचारिणी के दर्शन के लिए हजारों भक्तों की भीड़ उमड़ी। भोर से ही माता के दरबार में मां की एक झलक पाने के लिए भक्त इंतजार में खड़े रहे। वहीं कई किमी की लंबी लाइन भी नजर आई। हजारों भक्त मां के भव्य स्वरूप का दर्शन पूजन कर पुण्य के भागी बनें। मंदिर में दर्शन करने के लिए भोर से ही भक्तों की लाइन लग गई थी। जैसे ही

**नवरात्र**

### ज्येष्ठा गौरी का दर्शन-पूजन करने को लगी रही कतारें

### मां भगवती को नारियल,चुनरी आदि की गई अर्पित

मंदिर का कपाट खुला जयकारे के साथ दर्शन-पूजन शुरू हो गया। मंदिर में दर्शन पूजन सुबह से लेकर रात्रि तक चलता रहा। मंदिर के बाहर माला फूल व नारियल चुनरी की दुकानें सजी थी। इस मौके पर मंदिर परिसर के बाहर पुलिस फोर्स की ड्यूटी लगायी गई थी। उधर नव गौरी के दर्शन-पूजन के क्रम में भक्तों ने नखास स्थित ज्येष्ठा गौरी का दर्शन-पूजन किया। सुबह से ही मां का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं के आने का क्रम जारी था। इनमें महिलाओं की संख्या ज्यादा थी। मंदिर में दर्शन-पूजन सुबह से लेकर शाम तक चलता रहा। भक्तों ने मां को नारियल, चुनरी व अड़हुल की माला अर्पित कर अपने परिवार के मंगल की कामना की।

# दिव्यांगजन रोजगारपरक योजनाओं का उठाएं लाभ

**आयोजन**

### खुशीपुर में दिव्यांगजनों के उपकरण वितरण कार्यक्रम में विधायक डॉ. सुनील पटेल ने की अपील

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** रोहनिया विधायक डॉ. सुनील कुमार पटेल ने दिव्यांगजनों से अपील की है कि वह कौशल विकास मिशन का लाभ उठाएं। मिशन की ओर से संचालित किये जा रहे रोजगारपरक कोर्स के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करें। ताकि सभी दिव्यांगजन अन्य किसी पर आश्रित रहने के बजाय स्वयं आत्मनिर्भर बनें और कौशल विकास मिशन के जरिये ट्रेनिंग लेकर अपना काम या रोजगार अपना सकें।

खुशीपुर स्थित अमरावती पुरुषोत्तम राजकीय बहुउद्देशीय दिव्यांग विकास संस्थान एवं बचपन डे केयर सेंटर में गुरुवार को दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग



खुशीपुर स्थित संस्थान में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण बांटे गये

और सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में डॉ. पटेल मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रामप्रकाश सिंह ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्रों को ध्यान दिलाते हुए कहा कि दिव्यांगजन पेंशन संबंधी केवाईसी कराते हुए अपना पेंशन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ लेने के लिए महकमे के सहयोग से यूडीआईडी कार्ड बनवा लें। कार्यक्रम में 124 ट्राई साइकिल, 67 आईडी किट, तीन ब्रेल किट, 25 कान की मशीन, सात स्मार्ट कैन, दो वैसाखी और एक-एक छड़ी तथा वॉकर समेत कुल 230 उपकरण बांटे गये। आरंभ में संस्थान प्रभारी रमेश सिंह ने स्वागत किया। इस मौके पर सौरभ सिंह, कमलेश कुमार, विनोद कुमार मौर्य, प्रदीप कुमार उपाध्याय, अरविंद कुमार सिंह, आलोक त्रिपाठी, माधुरी सिंह, रंजना सिंह, ओमकारनाथ राय आदि भी थे।

### रोहनिया विधायक ने दिव्यांग जनों को वितरित की ट्राई साइकिल

**रोहनिया।** खुशीपुर स्थित अमरावती पुरुषोत्तम राजकीय बहुउद्देशीय दिव्यांग विकास संस्थान एवं बचपन डे केयर सेंटर के प्रांगण में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से आयोजित वाराणसी जनपद के दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रोहनिया विधायक डॉक्टर सुनील पटेल तथा विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ महेंद्र सिंह पटेल व जिला अध्यक्ष अपना दल डॉ नरेंद्र पटेल ने संयुक्त रूप से दिव्यांग जनों को 124 ट्राई साइकिल, 67 आई.डी. किट, 3 ब्रेल किट, 25 कान की मशीन, 7 स्मार्ट कैन, 2 वैशाखी,1 छड़ी तथा 1 वाकर,कुल 230 उपकरणों का वितरण किया। अध्यक्षता राम प्रकाश सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी वाराणसी, स्वागत रमेश सिंह, संचालन सौरभ सिंह ने किया । इस अवसर पर मुख्य रूप से कमलेश कुमार, विनोद कुमार मौर्य,प्रदीप कुमार उपाध्याय, अरविंद कुमार सिंह, आलोक त्रिपाठी, माधुरी सिंह, रंजना सिंह, ओमकारनाथ राय सहित संस्थान के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आय बढ़ाने को किसान करें मधुमक्खी पालन

**वाराणसी।** कल्लीपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में गुरुवार को उद्यान विभाग की ओर से मौन पालन आधारित दो दिनी संगोष्ठी आरंभ हुई। नेशनल बी बोर्ड भारत सरकार से वित्त पोषित नेशनल बी कीपिंग एंड हनी मिशन के तहत यह कार्यक्रम था। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सुनील पटेल ने मधुमक्खी पालन करने वालों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मौन पालन से किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त करने समेत फसल उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने में इस दिशा में नयी तकनीकों को सीखें। कार्यक्रम में एक पुस्तिका का भी विमोचन भी किया गया। सेमिनार में डॉ. कुलदीप श्रीवास्तव, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. एनके सिंह, उप निदेशक उद्यान जय करण सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सुभाष कुमार, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक ज्योति कुमार सिंह, पंकज कुमार तिवारी, मनीष कुमार, सुनील कुमार भास्कर, रोशन कुमार सोनकर, आनंद सिंह आदि भी रहे।

## भगत सिंह को याद किया भगत सिंह ब्रिगेड ने

**वाराणसी।** देश के महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद भगत सिंह का 92 वां शहीद दिवस शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड द्वारा चुरामनपुर स्थित त्रिभुवन वाटिका में शहादत दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर ब्रिगेड के अध्यक्ष बबलू मौर्य ने कहा देश में हर साल शहीद दिवस 23 मार्च को मनाया जाता है। इसी दिन 23 मार्च 1931 को देश के महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह,सुखदेव और राजगुरू को अंग्रेजी हुकूमत द्वारा फांसी की सजा दी गयी थी। मौर्य ने कहा कि भगत सिंह ने अपने जीवन की की परवाह न करते हुए देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए हंसते हुए फांसी के फंदे को चूम लिय। इसके पूर्व सभी लोगों द्वारा भगत सिंह अमर रहे, इंकलाब जिंदाबाद के जोरदार नारे के साथ ही भगत सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया । साथ ही उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर आशीष कुमार , आल्हा पटेल, बृजेश पटेल, बृजेश महादेव, मनीष पटेल, अशोक केशरी,किशन मौर्य,मनोज मौर्य,रविन्द्र पटेल आदि लोग मौजूद थे ।

### एनीमिया मुक्त अभियान के तहत दिया गया प्रशिक्षण

**पिंडरा।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत विकास खंड सभागार पिंडरा में गुरुवार को आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विफ्स से संबंधित ट्रेनिंग दी गई। जिसमें एनीमिया और कुपोषित बच्चों और महिलाओं के बारे में बताया गया। इस बाबत ट्रेनर डॉ अनुपम सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य है कि हमारा देश एनीमिया मुक्त हो और सभी के बच्चे और महिलाएं स्वस्थ रहे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिंडरा के आरबीएसके टीम के डॉ प्रदीप कुमार, डॉ अनुपम सिंह, डॉ अफरोज अहमद और डॉक्टर दिनेश कुमार गुप्ता ने आँगनवाड़ी कार्यकर्ती को प्रशिक्षित किया।

## मानव जीवन का अहम हिस्सा हैं आंखें : डॉ. अशोक सिंह



**वाराणसी।** विश्व आप्टोमेट्री दिवस के अवसर पर गुरुवार को जीवनदीप पैरा मेडिकल कालेज बड़ालालपुर में एक दिवसीय आप्टोमेट्री कान्फ्रेन्स का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि प्रसिद्ध चिकित्सक व सिंह मेडिकल व रिसर्च सेंटर के प्रबंध निदेशक डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि आंख मानव शरीर का बेहद अहम हिस्सा है क्योंकि इन्हीं के जरिए हम इस खुबसूरत दुनिया को देख पाते हैं इसलिए आखों का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। विशिष्ट अतिथि सेंटर फार साइट हास्पिटल के मेजर डॉ. संतोष वर्मा ने कहा कि ग्लूकोमा आंखों की एक ऐसी बिमारी है जिसका जल्दी इलाज जरूरी है। संस्था के प्रिंसिपल डॉ. ओपी सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन एवं सर्टिफिकेट वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ. नितेश उपाध्याय, अनुराग पांडेय, अभिषेक कुमार (वाइस प्रेसिडेंट) डॉ. आरके जेनिय, डॉ. समीर कुमार, शैलेश त्रिवेदी, डॉ. इंद्रेश चन्द्र सिंह, डॉ. ममता सिंह, डॉ. वीपी पांडेय, डॉ. वीके सिंह, डॉ. अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे।

## बीज एवं कीटनाशक व्यापारी सेवा समिति का अधिवेशन संपन्न

**वाराणसी।** बीज एवं कीटनाशक व्यापारी सेवा समिति का 35 वां वार्षिक अधिवेशन सम्राट पवेलियन मंडुआडीह में हुई। कार्यक्रम में आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र और जिलाध्यक्ष पंचायत पूनम मौर्या रहीं। अधिवेशन में व्यापारियों ने अपने समिति का लेखा-जोखा रखा और नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव भी किया। अधिवेशन में प्रदेश के बीज व्यापारियों ने अपनी बातों को मंत्री के सामने रखा साथ ही बीज और दवाओं को लेकर जो समस्याएं आ रही हैं उससे अवगत कराया। व्यापारियों को आश्वत किया गया कि उनकी समस्याओं को कृषि मंत्र तक ना केवल पहुंचाने बल्कि निदान कराया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेंद्र सिंह पटेल और पारसनाथ मौर्य ने की। समिति के संरक्षक डॉक्टर शिव लोचन सिंह और जगदीश चंद्र वर्मा ने कार्यक्रम के आये सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन संजय वर्मा, शोभनाथ मौर्य ने किया। धन्यवाद वाराणसी के अध्यक्ष रतन चंद वर्मा ने दिया।

# टीबी के इलाज में न बरतें लापरवाही

**वाराणसी।** ब्रेथ ईजी चेस्ट सुपर स्पेशिलिटी हास्पिटल अस्सी में गुरुवार को प्रेसवार्ता में वरिष्ठ टीबी श्वांस व एलर्जी रोग विशेषज्ञ डा. एसके पाठक ने कहा कि हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं का उद्देश्य टीबी महामारी से निपटने के लिए आशा को प्रेरित करना और उच्च स्तरीय नेतृत्व, निवेश में वृद्धि, डब्ल्यूएचओ की नई सिफारिशों को तेजी से अपनान, नवाचारों को अपनान, त्वरित कार्रवाई व बहुउद्देशीय सहयोग को प्रोत्साहित करना है। टीबी अब लाइलाज बीमारी नहीं है। इसका पूरा इलाज संभव है। इस इलाज में 6 से 8 माह का समय लगता है। ब्रेथ ईजी की ओर से हर



शुक्रवार को प्रातः 9 से अपराह्न 12 बजे तक निःशुल्क ओपीडी की सुविधा मरीजों को दी गई है। टीबी मरीज 24 मार्च को प्रातः 9 बजे से अपराह्न 12 बजे तक निःशुल्क ओपीडी की सुविधा ले सकते हैं।

कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक,
उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, वाराणसी

नीलामी/निविदा आमंत्रण सूचना

इस कार्यालय के पत्र संख्या-2108/वारा0/क्षे0प्र0/जन-ठेका/नीलामी दिनांक 21.03.2023 के माध्यम से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम वाराणसी क्षेत्र अन्तर्गत वाराणसी-रेनूकोट-शक्तिनगर एवं वाराणसी-प्रयागराज मार्ग पर यात्री प्लाजा (अप एण्ड डाउन) का अनुबंध 02 बीड प्रणाली के अन्तर्गत निविदा दिनांक 12.04.2023 को आमंत्रित की गयी है। निविदा विषयक जानकारी परिवहन निगम की वेबसाईट www.upsrtc.com पर उपलब्ध है, एवं क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय उ0 प्र0 परिवहन निगम वाराणसी, से भी किसी भी कार्यालय दिवस में जानकारी ली जा सकती है।

क्षेत्रीय प्रबन्धक
वाराणसी

पत्रांक: 2109/वारा0/क्षे0प्र0/जन-ठेका/नीलामी/2023, दिनांक: 21.03.2023

कार्यालय नगर पालिका परिषद, गाजीपुर

पत्रांक: 826/23-ई-निविदा सूचना/न0पा0परि0गा0 दिनांक : 23.03.2023

अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गाजीपुर में शासन द्वारा निर्गत स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के अन्तर्गत माल गोदाम रोड स्थित रोडवेज परिसर के पास 12 सी सार्वजनिक शौचालय व 08 सी यूरिनल का निर्माण कार्य हेतु ऑनलाइन ई-निविदा सूचना https://etender.up.nic.in के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ0 प्र0 ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाइट https://etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा की अन्य शर्तें वेबसाइट/पोर्टल पर देखी जा सकती है। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय में कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

निविदा समय सारिणी https://etender.up.nic.in पर

1. ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर निविदा प्रदर्शित होने की तिथि व समय — दिनांक : 24.03.2023 को प्रातः 9.00 बजे से
2. निविदा ऑनलाइन सबमिशन की अवधि — दिनांक : 24.03.2023 को प्रातः 9.00 बजे से दिनांक : 13.04.2023 को अप0 2.00 बजे तक
3. मूल प्रतियॉं सहित बीड लिफाफा कार्यालय में प्रस्तुत करने की तिथि व समय — दिनांक : 15.04.2023 को सायं 5.00 बजे तक
4. तकनीकी बिड खोलने की तिथि व समय — दिनांक : 17.04.2023 को पूर्वा0 10.00 बजे से
5. वित्तीय बिड खोलने की तिथि व समय — तकनीकी बिड खोलने के पश्चात तत्काल तिथि व समय निश्चित करते हुए खोला जायेगा।

(लालचन्द्र सरोज)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
गाजीपुर

(अरुण कुमार सिंह)
अपर जिलाधिकारी (वि.रा.)/प्रशासक
नगर पालिका परिषद,
गाजीपुर

# सनबीम स्कूल बलिया को मिला अनेकों पुरस्कार

**सम्मान**

## एप्रिसिएशन कॉनक्लेव-2023 में बजा विशिष्टता का डंका


पुरस्कार के बाद सनबीम स्कूल के निदेशक एवं प्रधानाचार्या

**बलिया।** सनबीम स्कूल अगरसंडा न केवल बलिया में, अपितु सनबीम ग्रुप आफ एसोसिएशन द्वारा संचालित पूर्वांचल के सभी जिलों में अपनी कार्यशैली और उपलब्धियों के दम पर शीर्ष शिखर पर अपना स्थान बनाए हुए है। जिले के लिए यह अत्यंत गर्व की बात है कि बुधवार को वाराणसी में डीएचके एडुसर्व द्वारा आयोजित एप्रिसिएशन कॉनक्लेव-2023 में सनबीम बलिया ने अपनी विशिष्टता का डंका बजावा दिया। यह विद्यालय प्रबंधन का कुशल नेतृत्व एवं दूरगामी सोच का नतीजा है कि सनबीम बलिया इस कॉनक्लेव में उत्तर प्रदेश के कई अन्य जिलों में संचालित सनबीम स्कूलों में अग्रणी रहा।

बता दें कि वाराणसी स्थित सनबीम ग्रुप अपने द्वारा संचालित समस्त सनबीम स्कूलों द्वारा किए जा रहे शैक्षिक कार्यों की प्रतिपुष्टि के लिए प्रतिवर्ष प्रशंसा संगम समारोह का आयोजन करता है। इस सम्मान समारोह में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों का चयन, सनबीम ग्रुप की विशिष्ट कमेटी क्वलिटी, कंट्रोल, रिसर्च एवं डेवलपमेंट के सदस्यों (ज्यूरी) द्वारा समस्त सनबीम स्कूलों के वर्षभर किए गए शैक्षिक गतिविधियों का मूल्यांकन किया जाता है तथा उनकी योग्यता के आधार पर उन्हें पुरस्कार हेतु नामित किया जाता है। इस वर्ष भी वाराणसी ग्रुप के समस्त 17 संबद्ध स्कूलों के पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। सम्मान समारोह में सनबीम बलिया ने अपनी सर्वोत्कृष्ठ योग्यता के आधार पर लगातार दूसरी बार बेस्ट सनबीम स्कूल आफ द ईयर का पुरस्कार प्राप्त किया। इसके साथ ही सनबीम बलिया ने कई अन्य महत्वपूर्ण पुरस्कारों को सबके बीच से झटक लिया। इसमें क्रमशः अपने शिक्षकों को समस्त शैक्षिक क्रियाओं हेतु कुशल एवं पारंगत बनाने के लिए एक्सिलेंस इन प्रोफेशनल डेवलपमेंट आफ टीचर्स सम्मान, शिक्षा के लिए समाज में एक सर्वोत्तम एवं अमिट छाप स्थापित करने के लिए एक्सिलेंस इन स्कूल प्रमोशन एंड ब्रांडिंग सम्मान, खेल जगत में विद्यार्थियों के सही मार्गदर्शन एवं अनेकों उपलब्धियों के लिए बेस्ट इन स्पोर्ट्स सम्मान के साथ ही विद्यालय के अध्यापक क्रमशः कुमारी श्वेता श्रीवास्तव, जय प्रकाश यादव, पंकज कुमार सिंह एवं नीरज कुमार सिंह ने भी अपनी विशिष्ट योग्यता के आधार पर विशिष्ट श्रेणी के पुरस्कार प्राप्त किए। क्रीड़ा के क्षेत्र में विद्यालय तथा विद्यार्थियों की सराहनीय उपलब्धियों के लिए भी सनबीम बलिया को एक्सिलेंस इन स्पोर्ट्स से सम्मानित किया गया। विद्यालय को यह समस्त पुरस्कार सनबीम ग्रुप के चेयरमैन डॉ. दीपक मधोक, डायरेक्टर श्रीमती भारती मधोक, डिप्टी डायरेक्टर अमृता बर्मन, एडिशनल डायरेक्टर श्रीमती प्रतिमा गुप्ता तथा एकेडमिक आदित्य चौधरी के हाथों दिया गया। पुरस्कार ग्रहण करने हेतु सनबीम बलिया की ओर से विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय कुमार पांडेय, सचिव अरुण कुमार सिंह, निदेशक डॉ. कुंवर अरुण सिंह, प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह तथा विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

### निदेशक ने शिक्षकों की कर्मठता को सराहा

**बलिया।** विद्यालय निदेशक डॉ. सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि किसी एक की नहीं, अपितु विद्यालय में कार्यरत समस्त सदस्यों की अथक मेहनत एवं परिश्रम का प्रतिफल है। परिस्थितियां चाहें कैसी भी रही हो, परन्तु समस्त विद्यालय समूह उसके समक्ष माला में पिरोए मोतियों की तरह हमेशा एकजुट होकर प्रत्यनशील रहा है। यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है, जिससे हम हर परिस्थितियों का मुकाबला मजबूती से कर गुजरते हैं। डॉ. सिंह ने अपने शिक्षकों की कर्मठता को सराहा। कहा कि अब हमारे लिए चुनौतियां और बढ़ गई हैं। क्योंकि भविष्य में हमें अपनी अर्जित प्रतिष्ठा की निरन्तरता कायम रखने के लिए बिना ठहरे हमें ऐसे ही एकजुट हो परिश्रम करते रहना होगा। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने इस उपलब्धि के लिए समस्त शिक्षकों को बधाई दी।

## मौसम में बदलाव से फैल रहा वायरल संक्रमण

**बैरिया।** मौसम में उतार-चढ़ाव के कारण बदले मौसम के मिजाज में असमय बदलाव लोगों पर भारी पड़ रहा है। मौसम में बदलाव के चलते वायरल संक्रमण तेज हो गया है। सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार, गले के दर्द के रोगियों की संख्या बढ़ रही है। वायरल संक्रमण के बाद न्यूमोनिया भी हो रहा है। इसलिए इस मौसम में स्वयं सावधान रहने के साथ ही बच्चों को भी सुरक्षित रखना है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुरली छपरा के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. देव नीति सिंह ने बताया कि मौसम के बार-बार बदलते मिजाज एवं बेमौसम की बरसात के चलते वायरल संक्रमण तेज हो गया है। बच्चों के लिए यह मौसम काफी खतरनाक साबित हो सकता है। इसलिए बच्चों को गर्म भोजन कराएं। हल्दी वाला दूध पिलाएं और पूरा कपड़ा पहना कर ही घर से बाहर निकालें। अन्यथा उनकी तबीयत बिगड़ सकती है। उन्होंने कहा कि रोज ही बच्चों की अच्छी खासी संख्या अस्पतालों में पहुंच रही है। इसलिए सावधानी आवश्यक है। जिन महिलाओं के गोद में बच्चे हैं, वह भी इस मौसम में विशेष सावधानी बरतें। आइसक्रीम एवं शीतल पेय पदार्थों से बच्चों को इस मौसम में दूर ही रखें।

## संक्षेप

### वाराणसी के लिए रवाना हुए खिलाड़ी



**बलिया।** सिकोकाई इंटरनेशनल कराटे फेडरेशन आफ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आमंत्रण भारत राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन वाराणसी जनपद के संत अतुलानन्द कान्वेंट स्कूल कोइराजपुर में 24 से 26 मार्च तक होगा। इसमें प्रतिभाग करने के लिए द होराइजन स्कूल गड़वार, सनबीम स्कूल अगरसंडा, सेक्रेड हार्ट स्कूल सहरसपाली, बलिया कराटे अकेडमी, राजश्री पब्लिक स्कूल नगवां के 35 खिलाड़ी जा रहे है। सभी खिलाड़ी सारनाथ एक्सप्रेस से वाराणसी के लिए रवाना हुए। कराटे एसोसिएशन बलिया के अध्यक्ष डॉ. अरुण सिंह गामा, प्रमोद सर्राफ, धर्मेन्द्र पटेल, अभिषेक सिंह गिलू, धीरज गुप्ता, अजीत मिश्रा आदि ने खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। यह जानकारी एसोसिएशन के सचिव एलबी रावत ने दी है।

### दिल्ली के लिए रवाना हुए भूतपूर्व सैनिक



**बैरिया।** वन रैंक-वन पेंशन के रिवीजन सहित अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर क्षेत्र के भूतपूर्व सैनिक संगठन के जिलाध्यक्ष अखिलेश्वर सिंह के नेतृत्व में दर्जनों भूतपूर्व सैनिक दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना देने के लिए गुरुवार को सद्भावना एक्सप्रेस से रवाना हुए। पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष अखिलेश्वर सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय स्तर पर पूर्व सैनिकों का धरना काफी दिनों से जंतर मंतर पर जारी है। बलिया भी अपनी सहभागिता जताने के लिए शुक्रवार को जंतर मंतर पर दर्जनों भूतपूर्व सैनिकों का जत्था लेकर पहुंच जाएगा। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि भूतपूर्व सैनिकों की मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर उसे तत्काल लागू करें। इस अवसर पर सूबेदार शैलेंद्र सिंह, देवता नंद सिंह, परशुराम ओझा, कलेक्टर सिंह, प्रभुनाथ सिंह आदि सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन से दिल्ली के लिए रवाना हुए।

### छात्रों ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**बलिया।** टीडी कालेज के छात्रनेता ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में छात्रों ने गुरुवार को छात्रसंघ भवन को नया रूप देने तथा मरम्मत हेतु प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। प्राचार्य ने छात्रसंघ भवन का निरीक्षण करने के उपरांत तत्काल जर्जर दिवारों की मरम्मत करने का आदेश दिया। छात्रों ने कहा कि छात्रसंघ भवन पूरी तरह बिखरा है। यहां न पंखे है, न लाइट है, न बेंच है और न दरवाजे। इस अवसर पर अभिषेक पांडेय, मोरिस, आदर्श मिश्र, प्रेरक, आशीष प्रकाश यादव, संजीव, सिवेन्द्र, दिलीप, मनजीत, विक्की आदि मौजूद रहे।

### शहीद राजकुमार बाघ की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**बलिया।** जिला जेल परिसर में अमर शहीद राजकुमार बाघ का शहादत दिवस गुरुवार को मनाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने अमर शहीद राजकुमार बाघ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। वक्ताओं ने समाज की उन्नति एवं संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। साथ ही संकल्प लिया कि अगले साल इससे बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक गोरख पासवान, राजनारायण पासवान, डा. लक्ष्मण पासवान, दिनेश पासवान, नंदलाल पासवान, डा. अभय पासवान, जितेन्द्र पासवान, अजीत पासवान, अरमान पासवान, आसनारायणख, सुनील, नवनीत आदि मौजूद रहे। संचालन मुन्ना पासवान ने किया।

### बाइक एवं ठेला की टक्कर में दो गंभीर

**रसड़ा।** रसड़ा-जाम मार्ग पर सिंगही चट्टी के समीप बुधवार की रात्रि लगभग नौ बजे ठेला व बाइक के बीच हुए जोरदार टक्कर में ठेला सवार समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों ने दोनों घायलों को सीएचसी रसड़ा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उनको जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। बताया जाता है कि महराजपुर गांव निवासी श्याम नारायण चौहान (45) सिंगही से ठेला लेकर अपने गांव जा रहे थे कि सामने से आ रहे बाइक सवार कल्याणीपुर निवासी मुकेश कुमार (20) ने ठेले में टक्कर मार दी, जिससे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गये।

### अभाविप ने मनाया शहीद दिवस

**नगरा।** क्षेत्र में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में गुरुवार को शहीद दिवस मनाया गया। वीरांगना लक्ष्मीबाई उमा विद्यालय ढेंकवारी, नगरा में आयोजित कार्यक्रम में राज्य विश्वविद्यालय कार्य प्रमुख ऋषभ ने कहा कि आज ही के दिन अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को फांसी दी गई थी। उन्हीं के बलिदानों और आहुतियों से हमारा देश गुलामी की जंजीरों से मुक्त हुआ था। उन शहीदों की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम आयोजित है। कहा कि पुनः इस देश में राजगुरु, भगत सिंह व सुखदेव जैसे क्रांति वीरों की जरुरत है। अनुज नारायण ने कहा कि विद्यालय का हर छात्र जब तक अपने आपको भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु नही समझेगा, तब तक युवाओं के अंदर देशभक्ति का जज्बा नही पैदा होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन से हुआ। परिषद के पदाधिकारियों ने राज्य विश्वविद्यालय कार्य प्रमुख को स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक केएम पांडेय, प्रधानाचार्य एएन पांडेय, धीरज, आकाश सिंह, संजीव दीपू पाठक आदि मौजूद रहे। सभी का आभार राहुल चौबे ने प्रकट किया।



### डीएम ने खाद्य एवं रसद विभाग के कार्यों की समीक्षा की

**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य तथा रसद विभाग की समीक्षा बैठक हुई। विपणन शाखा की समीक्षा में गेहूँ खरीद की तैयारी सम्बन्धी जानकारी लेने पर डिप्टी आरएमओ ने बताया कि 1 अप्रैल से खरीद शुरू हो जाएगी। इसके लिए कुल 61 केन्द्र खोले गये है। जिलाधिकारी ने सभी केंद्र पर 27 मार्च तक सभी तैयारियां पूरी कर लेने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी केन्द्रों पर जिला स्तरीय अधिकारियों को नामित कराकर उनसे सत्यापन कराकर आख्या मंगा लिया जाए। खरीद के दौरान किसानों की सुविधा का हरसंभव ख्याल रखा जाए। उन्होंने बताया कि इस बार 2125 रुपया प्रति कुंतल न्यूनतम समर्थन मूल्य रखा गया है। किसानों को अधिक से अधिक लाभ हो, इसका ध्यान रखा जाए। किसी प्रकार की लापरवाही और अनियमितता क्षम्य नहीं होगी। आपूर्ति विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान डीएसओ रामजतन यादव ने बताया कि जनपद में शत प्रतिशत वितरण आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से किया जा रहा है। मात्र 0.12 प्रतिशत ओटीपी के माध्यम से वितरण हो रहा है। नगरीय क्षेत्र में संबंधित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी द्वारा किया जा रहा है। जनपद के राशन कार्डों के आधार फीडिंग 99.84 प्रतिशत है एवं आधार सीडिंग 99.45 प्रतिशत है। इसके संबंध में समस्त पूर्ति निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि इसको शत प्रतिशत दिनांक 31 मार्च तक कर लें। जो रिक्त दुकानें है, उन पर शासनादेशानुसार दिये गये समयान्तर्गत उसके चयन की प्रक्रिया पूर्ण कर लिया जाए एवं निलंबित दुकानों के संबंध में एक माह में निर्णय ले लिया जाए। बैठक में अवशेष 46174 लाभार्थी जो अवशेष है जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। उनका आयुष्मान कार्ड बनवाए जाने के निर्देश दिये गये है।

### शहीद राजकुमार बाघ को दी गयी श्रद्धांजलि

**बलिया।** आजादी की लड़ाई में अभूतपूर्व भूमिका निभाने वाले अमर शहीद राजकुमार बाघ की शहादत दिवस गुरूवार को मनायी गयी। इस अवसर पर पूर्व विधायक गोरख पासवान सहित अन्य लोगों ने जिला कारागार स्थित अमर शहीद राजकुमार बाघ की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पूर्व विधायक गोरख पासवान ने स्वतंत्रता सेनानी राजकुमार बाघ को याद करते हुए कहा कि उनका जो बलिदान है, वह बलिया के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में मौजूद है। ऐसे बहादुर सेनानी विरले ही पैदा होते हैं। कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में अभूतपूर्व भूमिका निभाने वाले अमर शहीद राजकुमार बाघ को आजीवन याद किया जाता रहेगा। बलिया को आजाद कराने में उन्होंने जो योगदान दिया, उसका कर्ज कभी भी उतारना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में जनपद के दर्जनों रणबांकुरों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। इसमें राजकुमार बाघ का योगदान सदैव ही याद किया जाता रहेगा। वहीं, वक्ताओं ने कहा कि शहीद राजकुमार बाघ की कुर्बानियों के लिए जनपद आजीवन ऋणी रहेगा। मौके पर सुनील पासवान, अंशनारायण पासवान, अनिल पासवान, जितेंद्र पासवान, मुन्ना पासवान, लक्ष्मण आदि मौजूद रहे।



# पशु आश्रयों मे लापरवाही जिम्मेदार मौन

**बलिया।** सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं से हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है। ऐसे में शासन द्वारा पशु आश्रय स्थलों में ऐसे आवारा पशुओं को रखने की कवायद की गयी। जिले में यह योजना फेल होती दिख रही है। जिले में छुट्टे पशुओं को पशु आश्रय स्थलों में संरक्षित करने में लापरवाही जारी है। छुट्टे पशु फसलों को बर्बाद कर रहे है, लेकिन इसको लेकर जिम्मेदार मौन हैं। सरकारी आंकड़ों में ही 491 पशु छुट्टे घूम रहे हैं, जबकि कई गौशालाओं में मानक से कम पशु संरक्षित हैं। इस पर हर महीने लाखों का बजट भी खर्च हो रहा है।

वर्ष 2019 में प्रदेश सरकार ने छुट्टा मवेशियों को रखने के लिए पशु आश्रय स्थल बनाने की कवायद शुरू की थी। हालांकि शुरुआती दौर में अस्थायी केंद्र खोलकर उसमें छुट्टा मवेशियों को रखा जाने लगा। जनपद में अलग-अलग वर्षों में दो वृहद पशु आश्रय स्थल संचालित हैं, जबकि एक वृहद पशु आश्रय स्थल निर्माणाधीन है। इसके अलावा, छुट्टे मवेशियों को पकड़ कर रखने के लिए जिले में 26 अस्थाई पशु आश्रय स्थल बनाए हैं। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों के 16 ब्लाकों में एक-एक व नगर पालिका व आठ नगर पंचायतों में कुल एक-एक हैं। समय-समय पर शासन की ओर से अभियान चलाकर छुट्टे पशुओं को पशु आश्रय स्थलों में रखने का निर्देश दिया जाता है। इसके बावजूद सड़क से लेकर खेतों तक छुट्टे पशु चक्रमण करते मिल जाएंगे। सबसे अधिक छुट्टे पशुओं से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिले के पशु आश्रय स्थलों में कुल 2928 पशुओं को संरक्षित किया गया है। इसके अलावा सहभागिता योजना के तहत 407 पशु संरक्षित हैं।

### सड़कों पर छुट्टे पशुओं की संख्या हुई कम

**बलिया।** इस संबंध में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि पूर्व के सापेक्ष छुट्टे पशुओं की संख्या सड़कों पर कम हुई है। समय-समय पर छुट्टे पशुओं को पकड़ कर पशु आश्रय स्थलों में रखने का कार्य किया जाता है। इस बाबत संबंधितों को निर्देश भी दिया गया है।

## शहीदों के चित्र पर चढ़ाया पुष्प

**रेवती।** स्थानीय नगर स्थित बस स्टैंड के समीप शहीद दिवस पर गुरुवार को स्टेशन बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में संगोष्ठी हुई। इसमें अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु आदि के कृतित्व एवं व्यक्तित्व की चर्चा के बाद श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सर्वसम्मति निर्णय लिया गया कि इन अमर शहीदों की श्रद्धांजलि तभी सार्थक होगी, जब हम हम अपने अधिकार के लिए संघर्ष को उसके अंजाम तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। निर्णय लिया गया कि नगर निकाय चुनाव के बाद रेवती रेलवे स्टेशन को पुराने दर्जा में बहाल कराने को लेकर आन्दोलन तेज किया जाएगा। नगर के लोगों का आह्वान किया गया कि सभी लोग एकजुट होकर आंदोलन में तन-मन-धन से सहयोग करने को तत्पर रहें। इस अवसर पर एडवोकेट महेश तिवारी, सुबास पासवान, पतिराम यादव, सुबास साहनी, श्रीभगवान यादव, राहुल चौबे आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता अरुण कुमार पाण्डेय तथा संचालन ओमप्रकाश कुंवर मुन्नू ने किया।

# मंदिर में दर्शन-पूजन को उमड़ी भीड़

**आस्था**

### मेला के मद्देनजर सजने लगीं दुकानें


परमेश्वरी मंदिर में दर्शन-पूजन करते श्रद्धालु

**बेल्थरारोड।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के सोनाडीह स्थित गांव में मां भागेश्वरी तथा मां परमेश्वरी का मंदिर है, जहां हर साल चैत नवरात्र में ऐतिहासिक मेला का आयोजन किया जाता है। इसकी तैयारी में दुकानों का सजना शुरू हो गया है।

इस मेला का आनंद उठाने, मां के दर्शन, पूजन-अर्चन के साथ प्रसाद चढ़ाने के लिए श्रद्धालु बहुत ही दूर-दूर से आते हैं। चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन गुरुवार को माता के दरबार में भक्तों का भारी तांता लगा रहा। इसी आस्था एवं विश्वास के प्रति लोग माता के दरबार में बहुत ही दूर-दराज से आते हैं और मां के पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। झूला मालिक मंजूर अली ने बताया कि इस साल भव्य व्यवस्था किया गया है।

मेले में खरीददारी के लिए विभिन्न प्रदेशों के कारीगरों द्वारा निर्मित सामानों की दुकानें, ज्वैलरी, पर्स, स्टील के सामान बोन चाइना, क्राकरी, चूड़ी, हैण्डलूम, रेडीमेड, खिलौने आदि के साथ खान-पान की स्वच्छ दुकानें, हैरत अंगेज हवाई झूला, ब्रेक डांस झूला, ड्रैगन झूला, मिकी माउस, जम्पिंग झूला, बच्चों की जीप, बच्चों की ट्रेन, टोरा-टोरा झूला, सोलम्बो झूला, क्रास झूला आदि से भरपूर मनोरंजन हो सकेगा।


मेला में सजने लगे झूला एवं अन्य मनोरंजन के संसाधन

# 'नहीं चाहिए दिल दुखाना किसी का' से बांधा समां


श्री नरहेजी माता मंदिर में भजन प्रस्तुत करते गायक

**नगरा।** वासंतिक नवरात्रि के प्रथम दिन बुधवार की सायंकाल नरही स्थित श्री नरहेजी माता मंदिर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें गायकों ने अपने भजनों से समां बांध दिया। आधी रात तक श्रोतागण भक्ति गीतों की धुन पर थिरकते रहे। भजन संध्या में 13 वर्षीय गायक लव ने हारमोनियम की धुन पर कई भजन गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, आठ वर्षीय कुश ने तबला पर संगत कर श्रोताओं को करतल ध्वनि के लिए मजबूर कर दिया।

क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी विजय नारायण सिंह के नेतृत्व में हुए भजन संध्या की शुरुआत मां नरहेजी की आरती वंदना से हुआ। इसके बाद गायक लव ने 'बेड़ा पार करो मां, नगरी हो अयोध्या सी, भगवान तू अपने चरणों में दास बनाकर रख लेना, जैसी करनी वैसी भरनी, सुख के सब साथी दुख में न कोई मेरे राम, नहीं चाहिए दिल दुखाना किसी का' आदि भजन सुनाकर सबका मन मोह लिया। वहीं, गायक ज्ञान प्रकाश सिंह ने 'सागर पार से सिया का समाचार लाने वाले, जागी हो मईया भोर हो गइल, हाई मंदिरवा गमके हो रामा' सहित आधा दर्जन भक्ति गीतों की प्रस्तुति दिए। इससे पूर्व आयोजन समिति के राजेश कुमार सिंह ने सभी कलाकारों को अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण करके सम्मानित किया। पुजारी श्रीकांत चौबे ने भी भजन गायकों को चुनरी प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर श्री नरहेजी महाविद्यालय की प्रबन्धक श्रीमती मंजू सिंह, ब्रजेश पांडेय, सुरेन्द्र सिंह, अशोक प्रजापति, अर्जन गोपालन, बब्बन सिंह, मनोज सिंह, प्रदीप मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### पाठात्मक शतचंडी महायज्ञ का आयोजन

**बलिया।** संत शिरोमणि श्री जंगली बाबा के जन्मोत्सव पर क्षेत्र के श्री जंगली बाबा धाम मंदिर परिसर में आचार्य पं.राहुल उपाध्याय के संयोजकत्व में आयोजित नव दिवसीय पाठात्मक शतचंडी महायज्ञ के प्रथम दिवस यज्ञाचार्य पं. राजकिशोर मिश्रा (वाराणसी) ने सहयोगी आचार्य गणों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार व कर्मकांड द्वारा पंचांग पूजन कर यजमानों का मंडप प्रवेश कराया। तत्पश्चात वेदी पूजन तथा वास्तु पूजन भी किया गया। यज्ञ के मुख्य यजमान के रूप में रमेश चंद कलवार, वेदप्रकाश पांडेय व विवेक तिवारी हैं।

## 11 क्रय केन्दों पर होगी गेहूं की खरीद

**नगरा।** रवि की फसल अब एक सप्ताह के अन्दर तैयार होने की कगार पर है। ऐसे में प्रशासन ने गेहूं खरीद के लिए क्रय केन्द्र का निर्धारण कर दिया है। एक अप्रैल से शुरु हो रही गेहूं की खरीद के लिए क्षेत्र में कुल 11 क्रय केंद्र बनाए गये हैं। नगरा, खारी, कसौण्डर, करनी, कुरेजी, हजली, तिब्बी, असनवार, बर्रेबोझ समेत कुल 11 क्रय केन्द्र का निर्धारण हो गया है। क्रय केन्द्रों की संस्थाओं में क्रमशः पीसीएफ, साधन सहकारी समिति और मण्डी समिति की एजेन्सियों को निर्देशित किया गया है। सभी क्रय केन्द्र एक सप्ताह के अन्दर क्रियाशील होकर किसानों से खरीदारी करना सुनिश्चित करेंगे।

## तालाब में डूब रहे बालक को बचाया

**बलिया।** मनियर नवका ब्रह्म के मेले में आजमगढ़ जिले से अपने परिजनों के साथ आया बालक गुरूवार को नवका ब्रह्म के स्थान पर स्नान करते समय तालाब में डूबने लगा। किसी की नजर डूबते हुए बालक पर पड़ी। ड्यूटी पर तैनात मनियर पुलिस ने बालक को इलाज हेतु पीएचसी मनियर लाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद बच्चे को घर भेज दिया।

# हार्निया के आपरेशन के दौरान युवक की मौत

**बलिया।** खेजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत खेजुरी बाजार स्थित एक निजी क्लिनिक में हार्निया के आपरेशन के दौरान एक युवक की मौत हो गयी। युवक की मौत की खबर जंगल में लगी आग की तरह फैल गयी। मौके पर भीड़ इकट्ठी हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया जा रहा है कि खेजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत जिगिरसण्ड निवासी मुन्ना गुप्ता (45) पुत्र स्व.भृगुनाथ गुप्ता का बुधवार की दोपहर बाद हार्निया का आपरेशन खेजुरी बाजार स्थित डा. ए रहमान के निजी क्लीनिक में मऊ के एक डाक्टर द्वारा किया गया था। आपरेशन के बाद उक्त चिकित्सक मऊ चला गया। इधर, कुछ देर बाद मरीज की स्थिति गंभीर होने लगी। यह देख डाक्टर ए रहमान के हाथ-पांव फूलने लगे। जब तक उसके बचाव का प्रयास किया जाता, तब तक मुन्ना की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक विंध्येश्वरी पाण्डेय ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद अन्य परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इस संबंध में एसएचओ ने बताया कि हिरासत में लिए गये चिकित्सक से मऊके डाक्टर की जानकारी हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन वह उनको पहचाने से ही इंकार कर रहा है। बताया कि संबंधित चिकित्सक के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### लोजपा ने मनाया शहादत दिवस

**बलिया।** लोक जन शक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश सचिव सागर सिंह नागेंद्र की अध्यक्षता में गुरुवार को कार्यकर्ताओं ने जिला कारागार परिसर में अमर शहीद राजकुमार बाघ का शहादत दिवस मनाया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अमर शहीद राजकुमार बाघ की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके नमन किया। इस अवसर पर प्रीतम पासवान, नितेश कुमार, प्रकाश वर्मा, दुर्गेश आदि मौजूद रहे।

# समाजवादी व्यवस्था के लिए संघर्ष करे युवा पीढ़ी

**बोले द्विजेन्द्र मिश्र**

### शहीदे आजम भगत सिंह एवं डॉ. लोहिया के चित्र पर अर्पित किया पुष्प

जनसंदेश न्यूज


शहीदे आजम भगत सिंह एवं डॉ. लोहिया के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग

**बलिया।** भाकपा (माले), गोंडवाना गणतंत्र पार्टी एवं इंडियन पीपुल्स सर्विसेज के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह की शहादत दिवस तथा समाजवादी नेता डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती चन्द्रशेखर उद्यान में मनायी गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह एवं डॉ. राममनोहर लोहिया के चित्र पर पुष्प अर्पित किया और नारे लगाये।

समाजवादी नेता द्विजेन्द्र मिश्रा ने कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह एवं डॉ. लोहिया को अपना आदर्श मानकर समाजवादी व्यवस्था के लिए संघर्ष करना ही युवा पीढ़ी का नैतिक कर्तव्य होना चाहिए। अरविन्द गोंडवाना ने कहा कि छात्र-नौजवानों, मजदूर-किसानों के दिलों में आज भी 23 वर्ष की आयु वाले भगत सिंह ही जिन्दा है। भगत सिंह की जेल डायरी व उनके विचारों-लेखों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। छितेश्वर गोंड ने कहा कि जनता को आपस में लड़ने की बजाय मानवीय चेतना को विकसित करने की जरूरत है, तभी गरीब, मेहनतकशों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ी जा सकेगी। अशोक पाण्डेय ने भगत सिंह की क्रांतिकारी परम्परा, उनके बम के दर्शन तथा उनके लेख मैं नास्तिक क्यों हूं पर अपना विचार रखा।

इस अवसर पर रमाशंकर तिवारी, कृष्णा गोंड, रोहित गोंड, परशुराम खरवार, शिवशंकर खरवार, रामपाल खरवार, मनोज शाह, सुरेश शाह, रामप्रवेश शर्मा, शुभ्रांशु शेखर पाण्डेय, अखिलेश सिंह उर्फ माल सिंह, दुर्गविजय खरवार, संजय गोंड, सुदेश शाह, रमेश बिन्द, गोपाल, रामप्रवेश शर्मा, संतोष शुक्ला, मो. युसुफ, रामानन्द गोंड, राजेश गोंड, शाकिब, विनय खरवार, तेज नारायण, ओमप्रकाश गोंड, विजय कुमार आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता सुमेर गोंड तथा संचालन लक्ष्मण यादव ने किया।

### सपा कार्यालय में मनी डॉ. लोहिया की जयंती

**बलिया।** महान समाजवादी विचारक डा. राममनोहर लोहिया की 113वीं जयंती जिला सपा कार्यालय पर मनायी गयी। सर्वप्रथम उनके चित्र पर समस्त पार्टी जनों ने पुष्प अर्पित किया। साथ ही शहीद भगत सिंह और राजकुमार बाघ को नमन किया गया। बैरिया के विधायक जयप्रकाश अंचल ने कहा कि डॉ. लोहिया गरीबों और शोषितों के लिये आजीवन संघर्षरत रहे। जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने कहा कि डॉ. लोहिया जीवनपर्यंत कमजोर एवं वंचित समाज की लड़ाई लड़ते रहे। इस अवसर पर राजन कन्नौजिया, रविंद्र नाथ यादव, यशपाल सिंह, लक्ष्मण गुप्ता, संजय उपाध्याय, चंद्रशेखर सिंह, कुबेर तिवारी, जमाल आलम, बीरबल राम, इरफान अहमद, अजय यादव, विजयशंकर यादव, दिनेश यादव, जलालुद्दीन जेडी, शशिकांत चतुर्वेदी, राज साहनी अनिल राय, कृष्णा प्रधान, कृष्णमोहन यादव, अकमल नईम खां मुन्ना आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव और संचालन राजन कन्नौजिया ने किया।

## शहीद भगत सिंह के व्यक्तित्व व कृतित्व पर डाला प्रकाश



**रसड़ा।** क्रांतिकारी स्मारक समिति उप्र के तत्वावधान में बलिदान दिवस पर शहीद भगत सिंह स्मारक में स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। तत्पश्चात समिति के कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि शहीद भगत सिंह वीरता की प्रतिमूर्ति थे। फांसी के समय न्यायालय में उनका दार्शनिक वक्तव्य राष्ट्र की धरोहर है। शोषण रहित समाज की स्थापना उनकी परिकल्पना की गहरी सोच थी। उनका कहना था कि हमारी लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक व्यक्ति द्वारा व्यक्ति का शोषण होता रहेगा। उनके विचारों के अनुरुप देश में सामाजिक व्यवस्था की आवश्यकता है। इस अवसर पर सियाराम यादव, सुरेश राम, कृष्णानंद पांडेय, आनंद श्याम पांडेय, राधेश्याम यादव, पुरूषोत्तम यादव, अशोक गुप्त, धर्मात्मा सिंह, लल्लन यादव, रविन्द्र यादव, नागेन्द्र सिंह, दुर्गेश त्रिपाठी, श्रीप्रकाश गुप्त आदि मौजूद रहे।

### भगत सिंह के विचार आज भी प्रासंगिक: डॉ. संतोष

**बलिया।** शहीद-ए-आजम भागत सिंह जन अधिकार मंच के तत्वावधान में एनसीसी तिराहे के पास हरपुर मोहल्ले में भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव की स्मृति में शहादत दिवस मनाया गया। टीडी कालेज के प्रोफेसर डा. संतोष प्रसाद गुप्त ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी, देशभक्त और मार्क्सवाद के विचारों से प्रेरित भगत सिंह के विचार आज भी प्रासंगिक है। कहा कि जब समाज में उत्पादन करने का तरीका तथा उत्पादन के साधनों जैसे पूंजी व श्रम के बीच संबंध सुसंगत के बजय असंगत हो जाय तो समाज में वित पूंजीवाद तथा शोषण को बढ़ावा मिलता है। इसके कारण अमीर तथा गरीब के बीच आर्थिक असमानता बढ़ जाती है। मौके पर डा.फतेह चंद बेचैन, बब्बन यादव, विनय, राजकुमार, शैलेश, लखन, संजीव, विश्वजीत आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने निर्माणाधीन रेगुलेटर का किया निरीक्षण



**बलिया।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने विजयीपुर में कटहल नाले पर बन रहे रेगुलेटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिंचाई बाढ़ खंड प्रथम, सीबी पटेल को निर्देश दिया कि निर्माण का कार्य जल्द से जल्द हो जाए ताकि बारिश आने से जलभराव की समस्या न हो।

जिलाधिकारी ने इस संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि रेगुलेटर के निर्माण कार्य में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए और निर्माण कार्य समय से पूरा हो जाना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि आज से दो साल पहले जनपद बलिया में भीषण बाढ़ आई थी जिसकी वजह से रेगुलेटर के जाम हो जाने से जनपद में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई थी इसी को देखते हुए इस रेगुलेटर का पुनः निर्माण कराया जा रहा है, जिससे कि बाढ़ का पानी आसानी से गंगा में प्रवाहित हो सके।

## अपर जनपद न्यायाधीश ने किया वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण

**बलिया।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया जितेन्द्र कुमार पाण्डेय के कुशल मार्ग दर्शन में 23 मार्च 2023 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, नरेन्द्र पाल राणा द्वारा वृद्धाश्रम गड़वार, बलिया का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नरेन्द्र पाल राणा द्वारा आवासीत वृद्धजनों से उनके रहन-सहन व खान-पान के बारे में जानकारी ली। वृद्धाश्रम में निवासित सभी वृद्धजनों से बातचीत कर उनकी छोटी-छोटी समस्याओं पर ध्यान देते हुए, उन्हें सुना तथा समस्याओं का तुरंत निराकरण करने हेतु अधीक्षक को निर्देशित किया गया। इसके साथ-ही वृद्धाश्रम गड़वार, बलिया में विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश /सचिव, नरेन्द्र पाल राणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, द्वारा वृद्धाश्रम में वृद्धजनो के अधिकारो, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित पेंशन (विधवा पेंशन) के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं और आयकर तक में छूट दी जा रही है। सचिव द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना एक कल्याणकारी योजना है इसका लाभ उठायें। इस योजना के तहत कोविड-19 में अनाथ हुए बच्चों की शिक्षा, आवास, शादी व रोजगार प्रशिक्षण की व्यवस्था है।

## मानीटरिंग समिति ने किया आश्रय स्थलों का निरीक्षण



**बलिया।** उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार पाण्डेय के आदेशों के अनुक्रम में मानिटरिंग समिति के अध्यक्ष हुसैन अहमद अंसारी अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं. 3, बलिया व सदस्यगण नरेन्द्र पाल राणा अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीवानी न्यायालय बलिया, सुश्री शाम्भवी यादव मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बलिया एवं विराट मणि त्रिपाठी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम बलिया द्वारा जनपद बलिया के समस्त आश्रय गृहों का औचक निरीक्षण 23 मार्च 2023 को किया गया। मानिटरिंग समिति द्वारा आश्रय गृह में आवासित बालक एवं बालिकाओं से वार्ता किये। वातार्लाप के दौरान बालक एवं बालिकाओं की छोटी-छोटी समस्याओं पर ध्यान देते हुए, उन्हें सुना तथा समस्याओं का तुरन्त निराकरण करने हेतु अधीक्षक को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान राजकीय बालिका गृह निधरिया बलिया के पाकशाला में स्वच्छता की स्थिति निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पायी गयी, इस संबंध में अधीक्षिका मधु सिंह को निर्देशित किया गया कि साफ-सफाई सुनिश्चित कराएं।

# एक्सप्रेस-वे के निर्माण में देरी होने की संभावना

**इंतजार**

### बिना मूल्यांकन नहीं हो पा रही भवनों की रजिस्ट्री

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के मार्ग में तरह-तरह के रोड़ा आ रहा है। इससे निर्माण कार्य शुरु होने मे देर होना लाजमी है। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे की जद में आने वाले भवनों/मकानों का मूल्यांकन अब तक नहीं हो पाया है। ऐसे में ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य शुरु होने में देरी होने की अशंका प्रबल हो गयी है।

मूल्यांकन का कार्य लोक निर्माण विभाग के जिम्मे है, किन्तु अभी तक लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस संदर्भ में कोई कार्रवाई या कदम नहीं उठाया गया है। वही, जिनके भवन/मकान ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के प्रस्तावित नक्शे की जद में आ रहा है, वह उसकी रजिस्ट्री करने के लिए लगातार तहसील एवं उप जिलाधिकारी कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं, किंतु राजस्व विभाग यह कहते हुए रजिस्ट्री नहीं करा पा रहा है कि बिना मूल्यांकन रजिस्ट्री संभव नहीं है। दूसरी तरफ उप जिलाधिकारी काश्तकारों को ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे की जद में आने वाली भूमि की रजिस्ट्री के लिए गांव-गांव भ्रमण कर रहे हैं।

चौपाल लगा रहे हैं, ताकि जल्दी से जल्दी रजिस्ट्री हो जाए। वही, लोक निर्माण विभाग द्वारा इस कार्य को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इस बाबत पूछने पर उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने बताया कि संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को कई बार पत्र भेज कर आग्रह किया गया है कि जल्द भवनों/मकानों का मूल्यांकन करें, ताकि उनका भी रजिस्ट्री करवाया जा सके। उप जिलाधिकारी ने बताया कि अगर तत्काल लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भवनों/मकानों का मूल्यांकन नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा।

### काश्तकारों के खाते में नहीं आया पैसा

**बैरिया।** जिन-जिन काश्तकारों ने अपनी जमीन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के पक्ष में महीनों पूर्व रजिस्ट्री किया है, वह पैसे के लिए टकटकी लगाये हुए है। उनका पैसा बैंक खाते में नहीं आने से काश्तकार परेशान हैं। नियमानुसार रजिस्ट्री की तिथि से 20 दिन के भीतर काश्तकारों के खाते में रजिस्ट्री का पैसा आ जाना चाहिए, किंतु अब तक ऐसा नहीं हो पाया है। इस बाबत पूछने पर उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने कहा कि इस संदर्भ में संबंधित विभाग को पत्र भेजा गया है। एक सप्ताह के भीतर पैसा आना शुरू हो जाएगा।

# पथ संचलन में स्वयंसेवकों पर हुई पुष्प वर्षा



**बलिया।** चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के प्रतिपदा के दिन पड़ने वाले वर्ष प्रतिपदा उत्सव को मनाने हेतु गुरुवार को टीडी कालेज के मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा पूर्ण गणवेश में एकत्रीकरण व पथ संचलन का आयोजन किया गया। संचलन के दौरान विभिन्न चौराहों समेत सड़क के दोनों किनारों पर खड़े नागरिकों व मातृ शक्तियों द्वारा स्वयंसेवकों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

हाथों में दंड, दिलों में राष्ट्रभक्ति का भाव संजोए सैनिकों की भांति कदम से कदम मिलाते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बलिया के दस खण्डों व छह नगरों से आये लगभग एक हजार स्वयंसेवकों का पथ संचलन टीडी कालेज के मैदान से प्रारम्भ होकर चित्तू पाण्डेय चौराहा पहुंचा। वहां से रेलवे स्टेशन, मालगोदाम रोड, एलआईसी तिराहा, हनुमानगढ़ी मंदिर, चौक, सेनानी उमाशंकर सिंह चौराहा, विशुनीपुर चौराहा, हास्पिटल रोड से पुल के ऊपर से होते हुए पुनः टीडी कालेज के मैदान में पहुंचा, जहां जनसमरोह के बाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

संचलन से पूर्व स्वयंसेवकों द्वारा व्यायाम योग तथा आसन का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि गोरक्षप्रान्त के प्रांत सेवा प्रमुख रविशंकर ने कहा कि भारत का सर्वमान्य संवत विक्रम संवत है, जिसका प्रारंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है। ब्रह्म पुराण के अनुसार ब्रह्मा जी ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही सृष्टि की रचना की थी और इसी दिन भारत वर्ष में काल गणना प्रारंभ हुई थी। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का दिन मां भगवती के अवतरण दिवस है। यह दिन वर्ष प्रतिपदा या नवसंवत्सर के रूप में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाया जाता है। विक्रमी संवत्सर नववर्ष पूर्ण रूप से भारतीय संस्कृति, सभ्यता व परम्पराओं का प्रारम्भ दिवस है। वर्ष प्रतिपदा का दिन ऋतु परिवर्तन का भी प्रतीक है। अध्यक्षता करते हुए अरुण कुमार सिंह ने कहा कि संघ के स्वयंसेवकों का देश में आई आपदाओं व संकटों में विशेष भूमिका रहती है। देश में जब भी कोई संकट या आपदा आती है तो स्वंयसेवक सदैव सेवा के लिए तैयार रहता है। अतिथियों का परिचय जिला कार्यवाह हरनाम व आभार प्रकट सह जिला कार्यवाह अरुण मणि ने किया। इस अवसर पर रविन्द्र मोहन, भृगु, डा. विनोद सिंह, बृजमोहन, परमेश्वरनश्री, संजय शुक्ल, तुलसीराम आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### तीन शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी की पांच बाइक बरामद

**कोपागंज, मऊ।** गुरुवार को थाना कोपागंज पुलिस व स्वाट टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर फिरोजपुर पुलिया के पास से तीन शातिर अभियुक्तो आयुष राय, तुषार यादव रवि कुमार के कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिलो को बरामद कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान एक मोटरसाइकिल उक्त आयुष राय के निशानदेही पर उसके घर से बरामद किया गया जबकि एक मोटरसाइकिल जो पूर्व में लावारिस दाखिल किया गया था उनके द्वारा चुरायी गयी ज्ञात हुयी इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पूर्व में मुअसं 63/23 धारा 379 भादवि का अभियोग पंजीकृत था। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं 90/23 धारा 411,420,467, 468,471 भादवि का अभियोग पंजीकृत चालान न्यायालय किया गया।

### युगों तक युवाओं के प्रेरणास्त्रोत रहेंगे भगतसिंह

**दोहरीघाट, मऊ।** 23 मार्च भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी नायक शहीद भगतसिंह के बलिदान दिवस को भाजपा कार्यकताओं ने कस्बा स्थित कार्यालय पर शहीद स्मृति दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर क्षेत्र से जुटे कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके संघर्षो को याद किया। इस अवसर पर क्षेत्र से जुटे कार्यकताओं के बीच के बीच भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष राय ने कहा कि भगतसिंह जैसे स्वतंत्र वीर और क्रांतिकारी योद्धा युगों युगों तक युवाओं के प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि भगतसिंह स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख सेनानी थे उन्होंने ने देश की आजादी के लिए साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला कर उनकी चूले हिला दी थी वे बचपन से ही क्रांतिकारी व विलक्षण प्रतिभा के धनी थे वे बहुत ही कम उम्र में देश की आजादी की लड़ाई में कूद गये और ब्रिटिश सरकार की नीद हराम कर दी। मौके पर प्रमुख रूप सूरजनाथ, संजय बीर बहादुर, संदीप, जनार्दन, पप्पू भारती, अमित शर्मा, दुर्ग विजय, मोहन कुमार, सतेन्द्र मौर्या, रंजीत चैहान आदि लोग रहे।

### मेधावी छात्रों को प्रबंधक ने किया सम्मानित



**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** अतरारी स्थित साबिरा पब्लिक स्कूल में गुरुवार को मेधावी छात्रों को अंक पत्र एवं निःशुल्क पानी का बॉटल देकर सम्मानित किया गया। छात्रों ने प्रमाण पत्र एवं बॉटल पाकर प्रसन्नता ब्यक्त किया। बीते 16 मार्च को विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिस में विद्यालय की छात्रों ने सांस्कृतिक, देशभक्ति कार्यक्रम के साथ साथ रंगारंग कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया था। छात्रों ने कार्यक्रम में जबरदस्त जलवा बिखेरा था। उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों का खूब उत्साहवर्धन किया था। विद्यालय के कक्षा नर्सरी में तृप्ति भारती, एलकेजी में उम्मे एमन, यूकेजी अलशिफा, कक्षा एक में उम्मे हबीबा इसी तरह से कक्षा दो में शिद्रा नूरी, तीन में श्याम सुंदर, पांच में वर्तिका मौर्या, छह में शाह फैसल, सात में अजीज अख्तर व आठ में शगुन भारती ने अपने अपने कक्षाओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में करीब 150 शामिल छात्रों को विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद जाहिद अंसारी ने जहां निःशुल्क पानी का बॉटल वितरित किया वहीं मेधावियों को अंक प्रमाण पत्र दे कर जबरदस्त स्वागत कर छात्रों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा मेरा कोई व्यवस्था नहीं है बल्कि समाज में अत्यंत निर्धन गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा देना उद्देश्य है कहा कि विद्यालय में अध्ययनरत्न छात्रों को शिक्षा ग्रहण कराने में सबसे अहम भूमिका माता-पिता की होती है। इस अवसर पर फिजा खातून मोसब्बेहा बानो सना परवीन अंजली, रोली वर्मा तबरेज खानम अफसा एरम आदि लोग उपस्थित रहे।

### दुर्गा प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई शोभायात्रा

**इन्दारा, मऊ।** कोपागंज विकास खंड अदरी नगर पंचायत के इंदारा स्टेशन रोड वार्ड चार के जन कल्याण श्री दुर्गा पूजा समिति मन्नत वाली माता मन्दिर के प्रागंण में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ निकाली गई शोभायात्रा में भक्तों ने झूम कर मां को याद कर जय माता दी जयकारे को गुंजायमान किया। इस दौरान जयघोष के नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। गुरुवार की सुबह यज्ञाचार्य आचार्य अमित पाण्डेय ने श्रद्धालुओं के साथ वैदिक मन्त्र के साथ शोभायात्रा की शुरूआत की। शोभायात्रा में लगभग 1001 कन्या व महिलाओं ने भाग लिया। शोभा यात्रा की शुरूआत दुर्गा मंदिर परिसर से शुरू हुई जो खजूरी, अदरी बाजार, अदरी देहात, इंदारा बाजार आदि गांव का भ्रमण करते हुए पुनः दुर्गा मंदिर प्रांगण पहुंची जहां कलश को स्थापित किया गया। इसके बाद शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कलश शोभायात्रा में काफी संख्या में आसपास के गांव के सभी समुदाय के लोग साथ साथ चल रहे थे। शोभायात्रा में गांव के महिलाएं, पुरुष व बच्चों ने भाग लिया तथा मां के भजनों पर गलियों में थिरकते हुए आगे बढ़ रहे थे। माता के भक्त माता के भक्ति रस में डूब कर जयकार लगा रहे थे। मां के जमकरों से गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान पदाधिकारी प्रबंधक भागवत गुप्ता, राजेश मद्धेशिया, बजरंगी लाल, पूर्व चेयरमैन राजकुमार जायसवाल, प्रिंस, चन्दन गुप्ता, पूर्व सभासद सुरेश मद्धेशिया, दिलीप जायसवाल, रोशन मद्धेशिया आदि लोग रहे।

# विकास कार्यक्रमों के संदर्भ में जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में मऊ को प्रथम स्थान

जनसंदेश न्यूज

**उपलब्धि**

### जिलाधिकारी के प्रयासों से लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल रहा जनपद

**मऊ।** कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग द्वारा विकास कार्यक्रमों के संदर्भ में फरवरी माह के विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट के आधार पर जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद मऊ ने पुनःप्रथम स्थान प्राप्त किया है। ज्ञातव्य है कि दिसंबर एवं जनवरी माह के विकास कार्यों के प्रगति के संबंध में जारी रैंकिंग में भी जनपद मऊ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

जनपद मऊ में लागू कुल 55 विकास कार्यक्रमों में जनपद ने सभी निर्धारित सूचकांकों में ए ग्रेड प्राप्त करते हुए जनपद के लिए निर्धारित अंको का शत प्रतिशत हासिल कर प्रदेश में पुनःप्रथम स्थान प्राप्त किया है। विकास कार्यक्रमो की प्रगति की समीक्षा कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग द्वारा प्रतिमाह जनपद में किए जा रहे विकास कार्यों के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति के आधार पर किया जाता है। एक विकास कार्यक्रम के तहत 5 अंक निर्धारित होते हैं।

इस प्रकार जनपद के लिए कुल 275 अंक निर्धारित थे।कार्यों की प्रगति का निर्धारण ग्रेड ए,बी,सी,डी, के आधार पर किया जाता है। ए ग्रेड प्राप्त होने पर शत प्रतिशत अंक प्रदान किए जाते है। जनपद मऊ ने दिसंबर एवम्‌ जनवरी माह की भांति ही फरवरी में भी निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सभी कार्यक्रमों में ए ग्रेड प्राप्त करते हुए शत प्रतिशत अंक प्राप्त किया, जिसके कारण जनपद को प्रदेश में पुनःप्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

ज्ञातव्य है कि अप्रैल 2022 की जारी रैंकिंग में जनपद का 74 वां स्थान था,परंतु जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जनपद में कराए जा रहे विकास कार्यों की नियमित समीक्षा एवं आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने, विकास कार्यों की प्रगति को शीर्ष प्राथमिकता पर रखते हुए कार्य कराए जाने के कारण यह संभव हो पाया है।

साथ ही जिला प्रशासन से जुड़े अधिकारियों की मेहनत भी जनपद को प्रथम स्थान दिलाने में सहायक रही। इस हेतु जिलाधिकारी द्वारा नियमित मासिक समीक्षा बैठकों के अलावा विभाग वार समीक्षा बैठकों हेतु जारी कैलेंडर का भी प्रमुख योगदान है, जिसके माध्यम से विकास कार्यों की नियमित मानिटरिंग जिलाधिकारी के माध्यम से होती है।

जिलाधिकारी द्वारा स्वयं विकास कार्यों का नियमित निरीक्षण करने एवं कमियां पाए जाने पर समय से दूर करने के कारण ऐसा संभव हो पाया है।

### आसुरी शक्तियों का संहार करने के लिए मां आदिशक्ति स्वयं धरती पर जन्म लेती हैं : सद्गुरू

**दोहरीघाट, मऊ।** चैत्रराम नवमी के अवसर पर कस्बे में स्थित अंतर्राष्ट्रीय मातेश्वरी महाधाम में चल रहे नौ दिवसीय आदिशक्ति अखंड महायज्ञ के दूसरे दिन सदगुरु महाराज ने मातृ भक्तों को अमृत वचन रसपान कराते हुए बताया कि जब जब धरती पर अनाचार अत्याचार बढ़ता है तब तब मां आदिशक्ति स्वतः इस धरती पर जन्म लेती हैं और इन आसुरी शक्तियों का संहार करती हैं। धरती पर आपसी प्रेम भावना बनी रहे इसका प्रचार प्रसार अपने अंदर सुविचार इत्यादि समाप्त करने के लिए सद्गुरु की उत्पत्ति होती है। जो लोगो के अंदर प्रेम भावना एक दूसरे की भलाई सहयोग की भावना पैदा कर इस संसार को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रेरणा दे सके। क्योंकि यह संसार भी मां आदिशक्ति का ही एक परिवार है एवं यहां के जीव प्राणी उसके बच्चे हैं जब अपने ही बच्चे आपस में लड़े द्वेष करेंगे अत्याचार करें तो भला किसका किस मां को अच्छा लगेगा अंतर्राष्ट्रीय मातेश्वरी महा धाम में दूर-दूर से आए हजारों मातृ भक्त पवित्र हवन कुंड की परिक्रमा कर सद्गुरु के वचनों को सुन उसको आत्मसात करने के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है।

### किशोरी ने सौतेली मां और पिता पर लगाया मारने पीटने का आरोप

**कोपागंज, मऊ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मोहल्ला दोस्तपुरा में एक किशोरी ने अपनी सौतेली मां और पिता पर मारने पीटने और खाना नहीं देने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को पुलिस को तहरीर दिया है। किशोरी का कहना है की सौतेली मां और पिता मुझे और मेरे भाई को प्रताड़ित करती रहती है जब मेरे दादा दादी विरोध करते है तो उन्हें भी मारा पिता जाता है। पुलिस तहरीर पाते ही मामले की छानबीन में जुट गयी है। जानकारी के अनुसार कोपागंज नगर पंचायत के मोहल्ला दोस्तपुरा की एक 16 वर्षीय किशोरी अपने 8 वर्षीय छोटे भाई के साथ कोपागंज थाना पहुंच गयी। किशोरी ने थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा से मिलकर अपनी सौतेली माँ और पिता पर तरह तरह से प्रताड़ित करने का आरोप लगाने लगी। किशोरी का कहना था की उसके माँ के मरे वर्षो व्यतीत हो गए। पिता ने माँ के मरने के कुछ वर्षो में दूसरी शादी कर लिया। जबसे नई माँ आयी है तबसे हमदोनो भाइयो का जीवन नारकीय हो गया है। सौतेली माँ खाना भी नहीं देती और हमेशा मारती पीटती है जब मेरे दादा दादी विरोध करते है तो उनको भी मारती पीटती है। किशोरी ने अपने सौतेली माता और पिता के विरुद्ध तहरीर दिया है। दोनों बच्चो की बात सुन थानाध्यक्ष अमित ने कार्यवाही का भरोसा देकर बच्चो को घर भेज दिया।

# एआईसीसी का सदस्य बनाये जाने पर वैष्णवी राय का हुआ स्वागत



**मऊ।** बृहस्पतिवार जनपद मऊ के जन्मदाता व पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. कल्पनाथ राय व अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व उपाध्यक्ष डा. सुधा राय की बैष्णवी राय को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का सदस्य बनाये जानें पर मऊ जनपद के प्रथम आगमन पर पूरे जनपद के कोने कोने से आमजन कांग्रेसजन जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण फ्रन्टल संगठन विभागों प्रकोष्ठों के सम्मानित अध्यक्षगण व उनके पदाधिकारीगण कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेतागण व वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने मऊ गाजीपुर बार्डर पर स्थित बढ़ुआगोदा दुर्गा मन्दिर पर फूल माला पहनाकर तथा फूलों की बारिश करके ऐतिहासिक स्वागत किया।

तत्पश्चात बैष्णवी राय एवं कांग्रेसजनों नें शहीद दिवस के अवसर पर शहीद भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उसके पश्चात वैष्णवी राय एवं कांग्रेस जनों नें आमजन को हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत राहुल गॉधी का पत्र सौंपा। वैष्णवी राय ने कहा कि मेरे पापा और मम्मी मऊ के लोगों को भगवान मानते हैं मेरे लिए भी आप लोग भगवान है हम आपके साथ मिलकर जो मेरे पापा मम्मी का सपना है मऊ को सिंघापुर बनाने का उसको पूरा किया जायेगा। इसके पश्चात वैष्णवी राय कांग्रेसजनों के साथ सदर अस्पताल में स्थित मऊ जनपद के जन्मदाता पूर्व कैबिनेट मंत्री भारत सरकार विकास पुरूष स्व. कल्पनाथ राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुरेश बहादुर सिंह, माधवेन्द्र बहादुर सिंह उर्फ सोनू सिंह, अनिल कुमार राय उर्फ बब्लू राय, अवनीश सिंह, राजमंगल यादव, ब्रम्हानन्द पाण्डेय, विनय कुमार गौतम, प्रियंका यादव, अनिता गौतम, मासुम अंसारी, पूजा राय, सुबाष राम, गनी भाई, अफसर भाई, वाजिद क्रान्ति, अरूण सिंह, मुन्ना राय, सावंत सिंह आदि हजारो आमजन व कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### सड़क गड्ढों में तब्दील, पैदल चलना दूभर

**कोपागंज।** कोपागंज कसारा सड़क मार्ग की स्थिति बदहाल है। पुरे सड़क मार्ग गड्ढो में तब्दील हो चूका है। जिसके चलते मोटरसाइकिल तो दूर पैदल चलना दूभर हो गया है। आये दिन कोई पैदल या मोटरसाइकिल सवार इन गड्ढो के चपेट में आने से चोटिल हो रहे है। वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज जायसवाल ने लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला को ज्ञापन देकर इस सड़क के मरम्मत की मांग किया है। बताते चले की कोपागंज कस्बा को मधुबन, बलिया, बेल्थरा रोड बिहार के सिवान को जोड़ने वाली पांच किलोमीटर लम्बी सड़क पर चलना खतरे से खाली नहीं है कहा कि सड़क पर जगह-जगह जानलेवा गड्ढे के रूप में तब्दील हो गया है बारिश के दिनों में सड़क में बने गड्ढे में पानी भरने से छोटे वाहन आए दिन गिरते पड़ते रहते हैं।

## संक्षेप

### गांव के गरीब आदमी के हाथ में आए पावर, हर वर्ग का विकास हो : डॉ. संजय कुमार निषाद



**बलिया।** राष्ट्रीय अध्यक्ष निषाद पार्टी एवं कैबिनेट मंत्री (मत्स्य विभाग) उप्र डॉ संजय कुमार निषाद ने जनपद बलिया के टाउन हॉल में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि निषाद पार्टी का विजन और मिशन है कि गांव के गरीब के हाथ मे पावर आये, क्योंकि आजादी के 70 दशक बाद भी देश प्रदेश में राज करने वाली पार्टीयों ने केवल अपने सहयोगियों को लाभ पहुँचाया किन्तु गाँव के गरीब के नाम पर वोट लेने के बाद भी उनके विकास लिए कभी कुछ नहीं किया। आज हमारी सरकार सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। निषाद पार्टी और भारतीय जनता पार्टी की नीति है कि गांव के गरीब के साथ-साथ हर धर्म और वर्ग का विकास हो। श्री निषाद ने बताया कि जिस मछुआ समाज को पूर्व की सरकारें अछूत समझती थी आज उसका ख्याल रखने के लिए केंद्र और प्रदेश की सरकार कर रही है, पिछले बजट में 20 हजार करोड़ ब्लू रेवोल्यूशन के नाम पर मछुआ समाज को विकास के मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रावधान किया है और बीते दिन में पास हुए बजट में मछुआ समाज के लिए 6 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान कर मछुआ समाज को विकास के क्रम में आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। श्री निषाद आगामी चैत्र शुक्ल पंचमी 26 मार्च को निषाद राज जयंती पर आजमगढ़ की जनता से प्रभु श्री राम के आत्मबल सखा निषाद राज गुह्य जी के जन्मोत्सव पर भारी से भारी संख्या में पहुँचने की अपील करते हुए त्रेता में भगवान राम और निषाद राज के मिलन को भी जनता के साथ रखा।

### छह तक रामोत्सव कार्यक्रम करेगा विहिप : मंगल देव



**बलिया।** विश्व हिन्दू परिषद की नगर इकाई द्वारा कैलाश धाम मंदिर पर भव्य रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रान्त सहमंत्री मंगल देव चौबे, रविंद्र मोहन, डा. रितेश सोनी, बलिराम मिश्र एवं भारती सिंह ने प्रभु श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को श्रीमद् भागवत गीता देकर सम्मानित किया गया। श्री चौबे ने प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र का वर्णन करते हुए विश्व हिन्दू परिषद के किया पद्धति को विस्तार से चर्चा किया। निर्णय लिया गया कि प्रत्येक गांवों में जहां संगठन की समिति है, वहां छह अप्रैल तक लगभग 200 रामोत्सव के कार्यक्रम किए जायेंगे। संचालन एवं प्रस्तावना जिला कार्याध्यक्ष सुनील यादव ने किया। मैके पर जिला मंत्री भानु तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अजय, कृष्ण, सहमंत्री संजीव दुबे, जितेंद्र, मनोज, संजेश, मोहित, विवेकानंद, सनक, दुर्गेश, आशीष, सुनीता पर्वत, श्रवण, राजू पटेल, अरुण सिंह, शुभम, टिंकू युवराज आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने ली जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक



**बलिया।** जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक का प्रमुख एजेंडा जनपद बलिया में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देना रहा, जिसमें सुरहाताल में इको पार्क व भृगु मन्दिर का पर्यटन विकास जो कि परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह द्वारा प्रस्तावित है को अनुमोदित किया गया। साथ ही जनपद बलिया में पर्यटन प्रचार-प्रसार हेतु पर्यटन विवरणी पर्यटन विभाग द्वारा शीघ्र प्रकाशित की जाएगी। बैठक के दौरान क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी रविन्द्र मिश्र ने बताया कि जनपद बलिया मे पर्यटन विकास हेतु जनप्रतिनिधियो से प्राप्त तीन प्रस्ताव यथा-परासर मुनि आश्रम का सौंदर्यीकरण, वीर कुँवर सिंह शहीद स्मारक व बैरिया में ग्राम सभा मिल्कीपुर में महाराज बाबा के स्थान का निर्माण शासन द्वारा स्वीकृत हो चुका है एवं शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। तीन अन्य प्रस्ताव जिनमें चित्रगुप्त आश्रम का पर्यटन विकास, बाबा मठ का सौंदर्यीकरण व ठकुरी बाबा मठ का पर्यटन विकास शासन द्वारा शीघ्र स्वीकृत होगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकरी, पर्यटन विभाग के अनिल सक्सेना व रविशंकर त्रिपाठी सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### आधार अपडेट के लिए बलिया में चलाया जा रहा है विशेष अभियान

**बलिया।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से आधार अपडेट के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान की समीक्षा जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने गुरुवार को की। उन्होंने कहा कि जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार कार्ड बनाने पर विशेष जोर रहे। इसके अलावा जिनका आधार बने हुए 10 साल से अधिक हो गया है, वह भी अपने नजदीकी आधार केंद्र पर जाकर अपडेट जरूर करा लें। इसके लिए जगह-जगह विशेष आधार कैंप का भी आयोजन हो रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि आधार एक अति महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसके माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेने में काफी आसानी होती है। सबसे अच्छी बात कि इसे आसानी से अपडेट करा सकते हैं। विशेष तौर पर अपना पता, मोबाइल नंबर और ई- मेल आईडी हमेशा अपडेट रखें। बलिया जिले में आधार नामांकन और अपडेट करने के लिए लगभग 255 आधार नामांकन और अपडेट मशीन कार्यरत हैं। इनसे पिछले एक महीने के दौरान लगभग 7 हजार नए आधार नामांकन और लगभग 24 हजार आधार अपडेट किए गए हैं।

### सड़क मरम्मत को गिट्टी गिराकर भूल गये जिम्मेदार

**बलिया।** काजीपुरा के लोगों को जर्जर सड़क और जल जमाव से मुक्ति की उम्मीद जगी है, लेकिन वो भी धूमिल होती नजर आ रही है। शहर के वार्ड नंबर काजीपुरा की हालत किसी से छिपी हुई नहीं है। इस मोहल्ले की समस्याओं से शासन और प्रशासन दोनों अंजान बने हुए है। लगभग पांच वर्ष के बाद जिम्मेदार कुंभर्णीय नींद से जगे और जैसे-तैसे काजीपुरा-मिड्ढी मार्ग पर गिट्टी गिराकर छोड़ दिये। लगभग एक महीने से सड़क पर गिरे गिट्टियों से आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अगर गिराये गये गिट्टियों पर रोलर चला दिया गया होता तो यह आवागमन में काफी सुविधा होती। लोगों ने बताया कि लग रहा है कि जिम्मेदार इस मार्ग पर गिट्टी गिराकर भूल गये है। यह मार्ग एससी कालेज, कचहरी, एनसीसी तिराहा, महुआ मोड़ आदि मार्गों को जोड़ती है। बता दें कि पिछले पांच-छह वर्षों से यहां के लोग जलजमाव की समस्या से त्रस्त थे। गलियों में रहने वाले लोगों ने शासन-प्रशासन की आस छोड़कर खुद ही चंदा जुटाकर जम जमाव से मुक्ति पानी का प्रयास किया। लेकिन यह प्रयास नाकाफी साबित हुआ। अब इस मार्ग के निर्माण से लोगों को बेहतर आवागमन की उम्मीद जगी है।

### स्टाफ नर्स या एएनएम करा रही प्रसव

**बैरिया।** सरकारी अस्पतालों में प्रसव बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जननी सुरक्षा योजना के तहत 1400 रुपए की प्रोत्साहन राशि के साथ-साथ कई तरह के उपहार आदि की घोषणा की गई है, किंतु क्षेत्र के किसी भी सरकारी अस्पताल में महिला चिकित्साधिकारी की तैनाती नहीं है। फलस्वरूप या तो स्टाफ नर्स प्रसव कराती हैं अथवा एएनएम। ऐसे में कभी-कभी जच्चा-बच्चा दोनों का जीवन संकट में पड़ जाता है। बावजूद इसके सरकार महिला चिकित्साधिकारियों की तैनाती प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की बात तो दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी नहीं कर पा रही है। सीएचसी सोनबरसा, सीएचसी जयप्रकाश नगर, सीएचसी रेवती व सीएचसी सोनवानी में काफी समय से महिला चिकित्साधिकारी का पद रिक्तपड़ा हुआ है। अलबत्ता एक महिला आयुष चिकित्सा अधिकारी रेवती में तैनात जरूर है, जो सप्ताह में तीन दिन सोनबरसा और तीन दिन रेवती में महिला रोगियों का उपचार करती हैं। प्रसव से इनका कोई लेना-देना नहीं होता। ऐसे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्टाफ नर्स ही प्रसव कराते हैं। फलस्वरूप जच्चा-बच्चा कभी-कभी खतरे में पड़ जाता है। इसी तरह दर्जनभर सीएचसी और न्यू पीएचसी पर कोई महिला चिकित्साधिकारी तैनात नहीं की गई है। कुछ जगह तो चिकित्सा अधिकारी भी नहीं है। ऐसे में प्रसव का कार्य सरकारी अस्पतालों में कैसे हो यह आम प्रश्न है। सरकारी अस्पतालों में संसाधनों का टोटा झोलाछाप चिकित्सकों व मानक विहीन नर्सिंग होम तथा निजी अस्पतालों के लिए पैसा कमाने का अवसर प्रदान कर रहा है। यहां सीधे-सादे ग्रामीणों से खूब दोहन होता है। सरकार ने संस्थागत प्रसव के लिए आशा बहू, आशा संगिनी तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को गर्भवतियों को सरकारी अस्पताल तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहन राशि निर्धारित किया है, किंतु सरकारी अस्पतालों में जब संसाधन ही नहीं है तो कैसे यहां प्रसव होगा? इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती हैं। क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी से आग्रह किया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एमबीबीएस महिला चिकित्साधिकारियों की तैनाती करने के लिए उचित कार्यवाही करें। इधर सीएचसी सोनबरसा के अधीक्षक डा. आशीष श्रीवास्तव से पूछा गया कि यहां एक महिला चिकित्साधिकारी की तैनाती हुई थी? वह कहां गई? तो उनका उत्तर था वह बिना किसी सूचना के यहां से चली गई है। इस संदर्भ में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जानकारी दे दी गई है।

# नवरात्रि : भक्तों ने किया मां ब्रह्मचारिणी का पूजन-अर्चन


करहिया स्थित मां कामाख्या धाम पर देवी दर्शन के लिए कतारबद्ध श्रद्धालु।

**धर्म कर्म**

### देवी मंदिरों में जली मनोकामना के ज्योति गुलजार रहे मंदिर

### जयकारों से गूंजे देवी मंदिर, दूसरे दिन भी दर्शन को लगी कतार

**गाजीपुर।** नवरात्र के दूसरे दिन भी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। जय मां अंबे के जयकारों से मंदिर गूंज उठे। दूसरे दिन मां के दूसरे रूप ब्रह्मचारिणी का पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में मां की प्रार्थना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस बीच मंदिरों में दिनभर मां की आरती व भजन-कीर्तन का सिलसिला चलता रहा। बच्चों से लेकर बुजुर्ग मंदिर में दर्शन करने के लिए लंबी कतारों में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं में उत्साह देखते ही बन रहा था। मंदिर में आने वाले श्रद्धालु मां की भक्ति में लीन नजर आए। मां कामाख्या धाम, मां कष्टहरणी देवी और भगवती देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां का दर्शन पूजन किया। मां के जयकारे और घंटे -घडियाल से दिन भर माहौल भक्ति रंग में डूबा रहा। मां शेरावाली के दर्शन के लिए सुबह से ही देवी मंदिरों में भक्तों के आने का क्रम शुरू हो गया था। दोपहर तक सभी मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से गुलजार हो गए। गहमर स्थित मां कामाख्या धाम में दूसरे दिन सैकड़ों की संख्या में भक्त पहुंचे और मां दुर्गा की अराधना की। इस दौरान कई लोगों ने बाजे गाजे के साथ बच्चों का मुंडन संस्कार कराया। परिसर में पूरे दिन मेले जैसी स्थिति बनी रही। शहर के मिश्रबाजार स्थित मां काली मंदिर और नवाबगंज स्थित मां शीतला देवी मंदिर पर दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। इस मंदिर पर नवरात्र के पहले दिन से ही महिलाओं द्वारा देर रात तक कीर्तन- भजन का कार्य किया जा रहा है, जिससे आसपास का माहौल दुर्गा मय बना हुआ है। भक्तों ने मां के चरणों में शीश नवाकर परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। यही स्थिति दिलदारनगर स्टेशन स्थित शायर माता मंदिर, रेवतीपुर स्थित मां भगवती देवी, बहरियाबाद स्थित टड़वा भवानी, सैदपुर तहसील स्थित मां काली, रौजा स्थित मां शीतला देवी सहित जिले के अन्य दुर्गा मंदिरों पर रही। सुबह से लेकर श्रद्धालु देर शाम तक मां की अराधना करते रहे। देवी गीतों और जयकारे से माहौल देवी मय बना रहा।

### कामाख्या धाम मंदिर में श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

**गहमर।** चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन मां कामाख्या धाम मंदिर में गुरूवार को बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में हाजिरी लगाई। दूसरे दिन भक्तों ने मां के ब्रह्मचारिणी रुप के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की। भक्तों की भीड़ से कामाख्या धाम परिसर पटी रहीं। रह-रह कर मां के जयकारे से वातावरण देवीमय हो गया। दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालु भोर से कतार में लग गए थे। मंगला आरती संपन्न होने के बाद जयघोष के साथ दर्शन पूजन का दौर आरंभ हुआ जो देर रात तक चलता रहा। गंगा स्नान के बाद भक्त नारियल, चुनरी व माला फूल लेकर श्रद्धा भाव से मां की एक झलक पाने को आतुर रहे। मंगला आरती के बाद कपाट भक्तों के लिए खोला गया। तरह तरह के पुष्पों व खाद्य सामग्रियों का भोग लगा कर मां का श्रृंगार किया गया था। भक्त मां के अलौकिक रुप का दर्शन कर भक्त निहाल हो गए। मंदिर परिसर में ढोल, नगाड़ा, घंट व घड़ियाल बजता रहा। कतारबद्ध भक्त मां का जय जयकार करते रहे। दर्शनार्थियों ने झांकी व गर्भ गृह में जाकर मां के चौखट पर मत्था टेक सुख-समृद्धि की कामना की। इसके अलावा मंदिर परिसर में अन्य मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ लगी रही। नवरात्र के दूसरे दिन बड़ी संख्या में भक्तों ने परिक्रमा किया।

### माता के दरबार में भक्तों की लगने लगी हाजिरी


हथियाराम में दर्शन पूजन करते श्रद्धालुजन।

**गाजीपुर।** जखनियां तहसील के सिद्धपीठ हथियाराम मठ की शाखा कालीधाम हरिहरपुर में चल रहे वासंतिक नवरात्र महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन हुआ। श्रद्धालु नर नारी पुण्य लाभ की कामना के साथ जहां यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर रहे हैं। वहीं गुरु महाराज की चरण वन्दना करके आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। सिद्धपीठ हथियाराम के 26वें पीठाधिपति महामंडलेश्वर स्वामी भवानी नन्दन यति महाराज के संरक्षकत्व में नवरात्र पर्यंत चलने वाले इस वृहद अनुष्ठान में पुण्य लाभ की कामना के साथ शिष्य श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। लगभग साढ़े सात सौ वर्ष प्राचीन सिद्धपीठ हथियाराम की शाखा हरिहरपुर की मां काली खड़बा क्षेत्र के 40 गांवों में रहने वाले लोगों की कुल देवी हैं। माता के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए देश के कोने-कोने से शिष्य-श्रद्धालु पहुंचकर श्रद्धाभाव से देवी माता और पीठाधिपति महामंडलेश्वर भवानीनन्दन यति महाराज के श्रीचरणों में श्रद्धानवत हो रहे हैं।

## सरदार भगत सिंह को भाकपा कार्यकर्ताओं ने किया याद

**गाजीपुर।** शहीदे आजम सरदार भगत सिंह की शहादत दिवस भारद्वाज भवन स्थित सरजू पाण्डेय सभागार में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के तत्वावधान में मनाया गया। भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव सिंह के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित कर श्रंधांजलि अर्पित की गई। डॉ. इकबाल अंसारी ने कहा कि भगत सिंह के विचार शोषण विहीन समतमुलक समाज की रचना करने का है। बहुत ही कम उम्र में उन्होंने दुनिया के आंदोलनों, क्रांतिकारियों का गहन अध्ययन किया था। अंग्रेजी दास्ता के खिलाफ मुक्ति आंदोलन में अपने क्रांतिकारी कार्यो एवं देश भक्ति की भावना से ओत प्रोत होकर,समर्पण से देश के युवाओं को प्रभावित किये। गोष्ठी में फरीद आलम, रामनगीना कुशवाहा, जनार्दन राम, राम अवध, ईश्वरलाल गुप्ता, रामचंद्र राम, विश्वविमोहन शर्मा, रामशंकर सिंह, सुबच्चन यादव आदि ने विचार प्रगट किया।अध्यक्षता अमेरिका सिंह यादव एवं संचालन डॉ. रामबदन सिंह ने किया।

## पुलिस ने चार वांछितों को पकड़ा


मुहम्मदाबाद पुलिस के गिरफ्त में आरोपी।

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत पुलिस टीम ने गुरूवार को अलग-अलग स्थानों से चार वांछितों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण तथा क्षेत्राधिकारी हितेंद्र कृष्ण के कुशल दिशा-निर्देश में हो रहे अपराध को रोकने और अपराधियो के विरुद्ध चलाए गए धरपकड़ अभियान के अंतर्गत कोतवाली प्रभारी घनानंद त्रिपाठी अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे।

अभियुक्त गण निवासी ग्राम करणपुरा हरेंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय नारायण राम उम्र लगभग 27 वर्ष अभियुक्ता विमला देवी पत्नी स्वर्गीय नारायण राम यूसुफपुर रेलवे क्रॉसिंग पर खड़े हैं।सूचना मिलते ही प्रभारी कोतवाली अपने हमराहीयों के साथ मुखबिर को साथ लेकर रेलवे क्रासिंग के पास पहुंचे। पुलिस ने दौड़ा कर उन्हें पकड़ा तथा हिरासत में ले लिया। दूसरी घटना में चौकी प्रभारी कृष्ण प्रताप सिंह ने चिता कास्टेबल के कर्मचारी गण के साथ शाहनिंदा निवासी मेराज पुत्र वकील शाह व वकील शाह पुत्र तूफानी शाह को उनके निवास से गिरफ्तार कर हिरासत में ले लिया।

## विद्युत विभाग ने कैंप लगाकर की एक लाख 82 हजार की वसूली

**बारा।** बिहार सीमा पर स्थित बारा गांव में विद्युत विभाग ने कैंप लगाकर एक लाख 82 हजार रुपये बकाया बिल जमा कराया। इसके साथ ही उपभोक्ताओं के बिल में संशोधन भी किया गया। बृहस्पतिवार को बारा गांव में उपखंड अधिकारी कमलेश प्रजापति व अवर अभियंता रामप्रवेश चौहान ने कर्मचारियों के साथ विद्युत कैंप लगाया। कैंप में उपभोक्ताओं से एक लाख 82 हजार रुपये बिल के रूप में वसूला गया। साथ ही करीब 23 उपभोक्ताओं के विद्युत बिल संबंधी समस्या का निदान किया गया। पांच उपभोक्ताओं का भार वृद्धि, चार नए संयोजन और 23 उपभोक्ताओं के बकाए बिल पर विद्युत विच्छेदन किया गया। अधिकारियों ने कहा कि उपभोक्ता समय से विद्युत बिल का भुगतान करते हैं तो उनको आने वाले दिनों में होने वाली समस्या से निजात मिलेगी। इस दौरान एसएसओ कैलाश यादव, कार्यालय सहायक मुकेश कुमार, आपरेटर रामबिलास यादव, लाइन मैन सेराज खान, गुड्डू, साहब बिन्द आदि मौजूद रहे।

## लूट के रुपये के साथ दो लुटेरे गिरफ्तार

**कामयाबी**

### बदमाशों के कब्जे से 59 हजार और कट्टा किया बरामद


मरदह थाना में पुलिस की गिरफ्त में लुटेरे।

**मरदह।** पुलिस ने ग्राम कछुहरा पुलिया के पास से ट्रक चालक को धमकाकर लूट की वारदात का खुलासा किया है। पुलिस ने घटना में शामिल दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं लूटी गई रकम बरामद कर लिया है।

झारखण्ड के ट्रक चालक बुद्धनाथ प्रसाद मेहता ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर लूट की घटना की जानकारी दी थी। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्जकर आरोपियों की तलाश में जुट गई। बृहस्पतिवार की सुबह 9.15 बजे महाहर धाम गेट के पास से लूट के रकम के साथ दो को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों द्वारा लूट ए पैसा और एक तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ है। थाना प्रभारी गजेन्द्र राय ने बताया कि अंजलेश यादव पुत्र शिवमूरत यादव ग्राम कछुवरा व अरबिन्द यादव पुत्र महेन्द्र यादव ग्राम नरवर को गिरफ्तार किया गया गया है। जिनका अपराधिक इतिहास भी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्त अंजलेश यादव के कब्जे से तमंचा के साथ 29000 रुपय और अरविन्द यादव के कब्जे से लूट का 25000 रुपया बरामद किया गया। इसके साथ ही लूट की वारदात में शामिल बाइक भी बरामद की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के साथ अरूण कुमार राय, राजेश त्रिपाठी, विनय कुमार, बलवन्त सिंह, सत्येन्द्र कुमार, विकास मौर्या आदि रहे।

### असलहा के बल पर हुई थी छिनैती

दरअसल, थाना क्षेत्र के वाराणसी -गोरखपुर फोर लेन मार्ग पर कछुहरा पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार दो युवकों ने बुधवार की देर शाम असलहे से धमकाकर ट्रक चालक बुद्धनाथ प्रसाद मेहता निवासी झारखण्ड से बुधवार को 59500 रुपये छीन लिए थे। ट्रक चालक ने इस मामले में पुलिस को तहरीर देकर बताया था वह गोरखपुर के बड़हलगंज से कोयले का 59500 रुपये लेकर अकेले ट्रक लेकर वाराणसी की तरफ जा रहा था। इस दौरान छिनैती की घटना घटित हुई थी।

## संक्षेप

### रिहायशी झोपड़ी जलकर राख



**मरदह।** बोगना गांव में फूल बदन राजभर के रिहायशी झोपड़ी में अज्ञात कारणों से लगी आग से झोपड़ी में बाधी गयी भैंस एवं पड़िया गंभीर रुप से झुलस गई। झोपड़ी में रखा गया अनाज ,कपड़ा ,ईधन समेत हजारों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। ग्रामीणों ने जुटकर किसी प्रकार पानी डालकर आग पर काबू पाया तब तक सारा सामान जलकर नष्ट हो गया।

### नाबालिग किशोरी को भगाने में आरोपी गिरफ्तार

**कासिमाबाद।** कोतवाली पुलिस ने एक गांव से दो महीने पूर्व एक नाबालिग किशोरी को भगाने के मामले में गुरुवार के दिन अटवां मोड़ से आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया। कासिमाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को साजिश के तहत दो महीने पूर्व भगाने के मामले में किशोरी के पिता ने 10 मार्च को कासिमाबाद कोतवाली में राहुल गुप्ता उम्र 22 पुत्र स्व राजेंद्र गुप्ता निवासी साधापुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस छानबीन में जुटी थी तभी मुखबिर से सूचना मिली की आरोपी किशोरी के साथ नोनहरा थाना क्षेत्र के अटवां मोड़ पर खड़ा है और कहीं भागने की फिराक में है ।मुखबिर की सूचना के अनुसार मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। पूछताछ में अपना नाम राहुल गुप्ता (22) पुत्र स्व राजेंद्र गुप्ता निवासी साधापुर थाना कोतवाली कासिमाबाद होना बताया। पुलिस ने बरामद किशोरी को मेडिकल के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। कासिमाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम उपनिरीक्षक कृष्णानंद यादव महिला कांस्टेबल नमिता शामिल रही।

### नाबालिग किशोरी से बलात्कार के आरोपी गिरफ्तार

**गाजीपुर।** बिरनो थाना क्षेत्र के एक गांव के नाबालिग किशोरी के साथ बलात्कार के आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना पुलिस ने बलात्कार के आरोपी रसूलपुर तिलेसड़ा सुनील यादव उर्फ सोनू यादव पुत्र स्व. भोला यादव व अजीत यादव पुत्र चौथी यादव को घटना मे प्रयुक्त वाहन की तलाशी के दौरान मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। एसओ कृपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि तियरा चट्टी से आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं घटना में शामिल वाहन भी बरामद कर लिया गया। बतादें, बीते सोमवार को बिरनो थाना क्षेत्र निवासी कार सवार बदमाशों ने किशोरी को अगवा कर वाहन में उसके साथ बलात्कार किया। घटना को अंजाम देने के बाद किशोरी को वाहन से फेक कर फरार हो गए। पीड़ित किशोरी के पिता ने दो लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी थी। तहरीर में बताया था कि सोमवार को उनकी पुत्री सुबह सात बजे घर से विद्यालय जा रही थी । इस बीच नियाव गांव के पास दो युवकों ने जबरन अपनी कार में बैठा लिया। कार को आगे ले जाकर पुत्री को मारपीट कर उसके साथ बलात्कार किया। इस घटना के बाद लड़की को चलती गाड़ी से फेक कर फरार हो गए। बताया कि घटना के बाद किसी प्रकार किशोरी घर पहुंची। उसने परिवार के लोगो से अपने साथ हुए हादसे की जानकारी दी।

### प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया, व्यापारियों ने फिर किया कब्जा

**गाजीपुर।** जिला प्रशासन ने सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाए गए। लेकिन नगर पालिका और पुलिस प्रशासन अतिक्रमण हटाती रही और चंद मिनटों में व्यापारी फिर सड़क पर कब्जा करते रहे। जिसके चलते शहर के स्टेशन रोड, लंका, सकलेनाबाद, मिश्र बाजार में अभियान निष्प्रभावी नजर आ रहा है। बाईपास मार्ग पर एक तरफ सीवर लाइन का काम शुरू हो चुका है। दूसरी ओर फल विक्रेता समेत अन्य दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करने की वजह से शहर में जाम की स्थिति बन गई है। जिसको लेकर नगर पालिका परिषद की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। ध्वनि यंत्र से घोषणा की गई कि हर बुधवार को शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। लेकिन नगर में उसका भी असर देखने को नहीं मिल रहा है। सड़क से फल विक्रेताओं को हटाया गया और पटरी पर रखे खोखे, होर्डिंग्स आदि को जब्त किया गया। अतिक्रमण हटने के थोड़ी ही देर बाद फल विक्रेताओं ने फिर से सड़क पर अपना कब्जा जमा लिया। इससे अतिक्रमण हटाओ अभियान का असर सड़क पर कुछ ही मिनटों का रहा उसके बाद फिर पहले जैसा हाल हो गया।


### ताड़ीघाट-दिलदारनर पैसेंजर रद्द

**सुहवल।** ताड़ीघाट-दिलदारनगर ब्रांच लाइन पर चलने वाली एकमात्र पैसेन्जर ट्रेन को गुरुवार को महकमें के द्वारा दिलदारनगर होने वाले नान इंटरलाकिंग व इलेक्ट्रॉनिक इंटर लाकिंग कार्य को लेकर शुक्रवार तक के लिए परिचालन रद्द कर दिया। महकमें के द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के ट्रेन को रद्द किए जाने से यात्रियों सहित अन्य लोगों में रोष व्याप्त हो गया। इस संबंध में? टीआई संजय कुमार ने बताया कि दिलदारनगर में होने वाले नान इंटरलाकिंग व इलेक्ट्रॉनिक इंटर लाकिंग कार्य के चलते पैसेन्जर ट्रेन का संचालन शुक्रवार तक के लिए रद्द किया गया है।

### 27 को भोज्य पदार्थों को शामिल करने हेतु रोड शो

**गाजीपुर।** उप कृषि निदेशक ने बताया है कि जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (न्यूट्रीसीरियल-घटक) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में अन्न/ज्वार, बाजरा, कोदो, सावां की खेती एवं उनको भोज्य पदार्थो में शामिल करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम हेतु रोड शो का आयोजन 27 मार्च को सायं 5.00 बजे राइफल क्लब से विकास भवन तक किया जाना है।

### नहीं दिखा चांद जुमे से होगा रोजा



**सेवराई/गहमर।** बुधवार को चांद का दीदार नहीं हुआ। सवाब के महीने में रमजान का आगाज अबकी जुमे के रोज से होगा। इसी दिन पहला रोजा रखा जाएगा। जुमेरात (बृहस्पतिवार) को चांद का दीदार होने के बाद मस्जिदों में तरावीह की नमाज शुरू होगी। रमजान में इस्तेमाल की जाने वाली सहरी और अफ्तार के सामान की सामग्री का बाजार सज गया है। खरीदारी दिन भर चलती रही। बुधवार को चांद रात की पूरी उम्मीद थी। लिहाजा रोजे की तैयारी दिन भर चलती रहीं। संतरामगंज बाजार भदौरा, गहमर पकडीतर बाजार, बारा बाजार में सेवई, खजूर आदि की दुकानें सजी है। इन बाजारों में दिन भर खरीदारों की भीड़ लगी रही। पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष सेवई, खजूर आदि की कीमतें पंद्रह प्रतिशत ज्यादा हैं। दुकानदार मोहम्मद इंकलाब ने बताया कि इस वर्ष अजूबा खजूर एक हजार रुपये किलो, कलमी खजूर छह सौ, रवीया खजूर पांच सौ रुपये प्रति किलो मिल रहा है लोग जमकर खजूर खरीद रहे हैं। सेवई लच्छा 140 से 160 रुपये तो किमामी 80 से 120 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा है।

## अग्निशमन केंद्र का अधूरा कार्य होगा शीघ्र पूरा,धनराशि आवंटित


अग्निशमन केंद्र का निरीक्षण करते एमएलसी विशाल सिंह चंचल व अन्य।

**सैदपुर।** सेहमलपुर गांव में निमार्णाधीन अग्निशमन केंद्र का अधूरा कार्य शीघ्र पूरा होने की संभावना जगी है। विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह व सीडीओ संतोष कुमार वैश्य ने निमार्णाधीन केंद्र का अवलोकन किया। भवन बनकर तैयार है, लेकिन बहुत से कार्य शेष देख एमएलसी ने शीघ्र रुका हुआ शुरू कराने की बात कही।

सैदपुर तहसील क्षेत्र में एक भी अग्निशमन केंद्र न होने से अगलगी या आगजनी की घटनाएं होने पर आग को बुझा पाना मुश्किल होता है। क्षेत्रीय जनता की मांग पर सपा सरकार में वर्ष 2015 में सेहमलपुर गांव में अग्निशमन केंद्र की स्थापना को स्वीकृति मिली। चार करोड़ 73 लाख रुपये की लागत से अग्निशमन केंद्र का निर्माण कार्य कराया जाना स्वीकृत हुआ। केंद्र के निर्माण के लिए शासन ने एक करोड़ 86 लाख रुपये जारी भी कर दिया। निर्माण कार्य शुरू हुआ तो लोगों में आस जगी कि शीघ्र ही इस समस्या केंद्र बनकर तैयार हो जाएगा तो लोगों को सहूलियत होगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अग्निशमन केंद्र का आधा-अधूरा भवन बनने के बाद निर्माण कार्य करीब चार वर्षों से रुका हुआ है। डीएम से लगायत शासन स्तर तक लोगों ने पत्रक भेजा, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। नगर में लगातार व्यापारिक प्रतिष्ठानों के साथ ही खेत-खलिहान में आग लगने की घटनाएं बीते वर्षों में कई बार हुई तो अग्निशमन केंद्र की कमी खली। क्षेत्रीय नागरिकों ने गत दिनों एमएलसी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया।

### सीडीओ ने शासन को लिखा पत्र

बीते शुक्रवार को एमएलसी ने प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद से मामला बताया और पुरानी घटनाओं का जिक्र किया तो उन्होंने कहा कि इसी माह के अंत तक निर्माण कार्य हेतु शेष धनराशि स्वीकृत कर दी जाएगी। एमएलसी ने मौका देखने की इच्छा जगाई और सीडीओ संतोष कुमार वैश्य के साथ वह निमार्णाधीन अग्निशमन केंद्र पर पहुंचे। केंद्र का भवन बना हुआ है, लेकिन अभी अधूरा है। प्लास्टर आदि का कार्य नहीं हुआ। फायर ब्रिगेड की गाड़ी के साथ अन्य उपकरण नहीं है। उन्होंने सीडीओ से प्रमुख सचिव के साथ हुए बातचीत को साझा किया और आज ही शेष धनराशि जारी करने हेतु पत्र भेजने की बात कही।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला संचालन समिति की बैठक संपन्न

**गाजीपुर।** जिला संचालन समिति (योगाभ्यास/आयुष विधा परामर्श) की बैठक बुधवार की सायंकाल में जिलाधिकारी आयार्का अखौरी की अध्यक्षता में रायफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के स्वामित्वाधीन पार्को में प्रतिदिन दो चरणों में योगाभ्यास एवं आयुष विद्या के विशेषज्ञों द्वारा परामर्श के साथ जनसमान्य में योग व आयुष चिकित्सा पद्धति की लोकप्रियता का बढ़ावा देने पर विचार विर्मश किया गया। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकाल में (अप्रैल से सितम्बर) प्रातः काल में 06:15 से 07:00 बजे तक एवं 07:15 से 08:00 बजे तक योगाभ्यास तथा शीतकाल में (अक्टूबर से मार्च ) प्रातः काल 07:15 से 08:00 बजे तक एवं 08:15 बजे से 09:00 बजे तक योगाभ्यास किया जायेगा एवं चिकित्सकीय परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे जो पार्क में आने वाले एवं पार्क में आस-पास के क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य सम्बन्धी परामर्श उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास एवं परामर्श हेतु चिन्हित पार्को पर साफ-सफाई, स्वच्छ पेय जल, कूड़ादान की व्यवस्था एवं अन्य योगा सम्बन्धित व्यवस्था रखी जाय।

## फसल बर्बाद होने पर 72 घंटे के अंदर करें 'दावा'

**गाजीपुर।** जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि फसल बर्बाद होने पर जनपद के किसानों को 72 घंटे के अंदर क्षतिपूर्ति दावा पत्र जमा करना होगा। यह दावा पत्र विकास खण्ड के राजकीय कृषि बीज भण्डार, बैंक शाखा प्रबन्धक उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी कार्यालय, जनपद स्तर पर जिला कृषि अधिकारी व उप कृषि निदेशक कार्यालय अथवा तहसील स्तरीय बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि में से किसी एक के पास जमा कर सकते है। इस पर संयुक्त टीम फसल क्षति का सर्वे करेगी इसके पश्चात क्षतिपूर्ति देने की कार्यवाही किया जायेगा। जिला कृषि अधिकारी मृत्युंजय सिंह ने बताया कि किसानों के फसल का बीमा के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना चल रही है। जनपद में इसके लिए एचडीएफसी इर्गो लिमिटेड कम्पनी नामित है। प्राकृतिक आपदा से फसल की क्षति की सम्भावना है।

### क्षतिपूर्ति के लिए बीमा कंपनी से करें शिकायत

जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को बताया कि फसल बर्बाद होती है तो वे 72 घंटे के अंदर फसल क्षतिपूर्ति प्राप्त करने के लिए दावा पत्र जमा कर दे। इसके लिए फसल बीमा कम्पनी के लिए टोल-फ्री नम्बर 1800-889-6868 व 1800-2660-700 व वाट्स एप नम्बर 7304524888 के माध्यम से दावा प्रस्तुत किया जा सकता है। उन्होने बताया कि तहसील स्तरीय बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि का मोबाइल पर आप शिकायत दर्ज करा सकते है। जिसमें जिला स्तर पर सुनील कुमार श्रीवास्तव जिला समन्वयक 7408660077, तहसील सदर आशीष कुमार 7408746466, जखनिया जगदीश 7974078079, मुहम्मदाबाद अजीत दूबे 8707473026, सेवराई मोहित श्रीवास्तव 6393372859, सैदपुर अविनाश कुमार सिंह 8932090808, कासिमाबाद अवधेश सिंह 9752643143 एवं तहसील जमानियां में शैलेन्द्र तिवारी 7905173415 से सम्पर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते है।

## डीएम ने बीएसए को लगाई फटकार

**सख्ती**

### परिषदीय विद्यालयों में पुराने पेपर से हो रही थी वार्षिक परीक्षा

**गाजीपुर।** जनपद में चल रही बेसिक शिक्षा की वार्षिक परीक्षा में पिछले साल का ही पेपर सिर्फ क्रमांक बदलकर आने की खबर मीडिया में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने इसे संज्ञान में लेते हुए बीएसए को जमकर फटकार लगाई। डीएम के निर्देश पर आनन-फानन में पेपर छपवाकर गुरुवार को विद्यालयों को नया पेपर भेजा गया और इससे परीक्षा कराया गया। पूरे मामले को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग की काफी किरकिरी हो रही है।

गौरतलब है कि, बेसिक शिक्षा की वार्षिक परीक्षा 20 मार्च से जनपद के 2269 परीषदीय स्कूलों में आरम्भ हुई। बच्चों को जब पेपर बांटा गया तो पता चला कि हूबहू 2022 का ही पेपर इस बर भी बनाया गया है केवल इसका क्रमांक बदल दिया गया है। इस खबर को मीडिया में प्रमुखता से स्थान दिया गया। जब इसकी जानकारी जिलाधिकारी को हुई तो उन्होने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समेत जिम्मेदार अधिकारियों का जमकर क्लास लिया और उनकी लापरवाही के लिये फटकार लगाया। बताया जाता है कि सभी ब्लाकों से माडल पेपर मांगा गया था जिसके आधार पर डायट की तरफ से पेपर छापना था। ऐसे में किस स्तर से यह गडबडी हुई यह तो जांच का विषय है। कयास लगाया जा रहा है कि मुद्रक प्रेस के लोगों द्वारा मेहनत से बचने के लिये पिछले साल का टाइप किया पेपर उठाकर इस बार प्रश्नों का क्रम बदलकर छाप दिया गया। फिलहाल डीएम के निर्देश पर नया पेपर भेजा गया, जिससे गुरुवार की प्रथम पाली में कक्षा 4, 5, 6, 7, 8 की गणित, कक्षा दो की हिन्दी और तीन का समाजिक विषय तथा द्वितीय पाली में दो से आठवीं तक कला व संगीत की परीक्षा सम्पन्न हुई।

## 96 ट्राई साइकिल वितरित

**सैदपुर।** विकास खण्ड सैदपुर गाजीपुर के परिसर में महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत कन्या जन्मोत्सव का कार्यक्रम एंव दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनो को 96 ट्राई साईकिल, एक एमआर किट एवं तीन अंध छड़ी का वितरण किया गया साथ ही महिला एवं बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा गोद भराई एवं अन्न प्राशन का कार्यक्रम आयोजित किया गयां ।

कार्यक्रम में मुख्य अथिति राज्य मंत्री स्वन्तत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र दयालू, विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल तथा मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार सोनी, दिव्यांगज जन सशक्तिकरण अधिकारी नरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, समाज सेवी सविता सिंह एवं महिला शक्ति केन्द्र के कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा केक काटकर 20 महिलाओं को बेबी किट व तौलिया तथा मिष्ठान का वितरण किया गया।

## बच्चों ने पिता की प्रताड़ना से छोड़ा था घर


कार्यालय में गुमशुदा बच्चों से जानकारी लेते एसपी ओमवीर सिंह।

**राहत**

### आठ माह से लापता नाबालिग बच्चे दिल्ली से बरामद

**गाजीपुर।** जिला पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के आठ माह से लापता नाबालिग बच्चों को बरामद कर लिया है। बच्चों ने अपने पिता पर ही प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। जबकि पिता हनुमान प्रजापति द्वारा अपने पट्टीदारों पर अपहरण का आरोप लगाया जा रहा था। उसने कोतवाली में लिखित तहरीर भी दी थी। कई माह तक जिले में धरना प्रदर्शन और आमरण अनशत तक किया था। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आवास विकास कॉलोनी रौजा निवासी आवेदक हनुमान प्रजापति के दो नाबालिग बच्चों को कोतवाली पुलिस टीम ने दिल्ली से बरामद किया है। पूछताछ में बच्चों द्वारा पिता हनुमान प्रजापति पर ही उन्हें मारने-पीटने और मानसिक प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया। जिस कारण से परेशान होकर बच्चे घर छोड़कर चले गये। बरामद करने वाली टीम में उ.नि. देवेन्द्र बहादुर सिंह, सुशील और विजय रहें।

### स्कूल जाने के बाद घर वापस नहीं आए थे बच्चे

आवास विकास कालोनी रौजा निवासी हनुमान पुत्र राजनरायन के लड़के नागेन्द्र 16 वर्ष व सच्चिदानन्द 14 वर्ष घर से स्कूल जाने के लिए निकले लेकिन वापस नहीं आए। बीते 9 जुलाई 2022 को पिता हनुमान ने थाने में तहरीर दिया था। तहरीर के आधार पर संदिग्ध व्यक्ति शिव कुमार प्रजापति व विजय कुमार प्रजापति से भी पूछताछ किया गया। आवेदन के घर से रेलवे स्टेशन बस स्टैण्ड व स्कूल के जाने वाले रास्ते पर लगे सीसीटीवी की फुटेज की जांच-पड़ताल किया गया।

### बच्चों का अज्ञात नंबर से पिता के मोबाइल पर आया था फोन

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि विवेचक द्वारा लगातार बरामदगी के प्रयास के दौरान ही बच्चो द्वारा एक दिन अज्ञात नंबर से अपने पिता के नंबर पर फोन किया गया। जिसके आधार पर बच्चो के दिल्ली में होने की बात सामने आई। ऐसे में त्वरित कार्यवाही करते हुए कोतवाली से पुलिस टीम को रवाना कर बच्चो की बरामदगी की गई । प्रारम्भिक पुछताछ में बच्चों ने बताया कि उनके पिता हनुमान प्रजापति द्वारा उन्हे मारा-पिटा जाता था तथा अन्य प्रकार से भी प्रताड़ना दी जाती थी। जिससे छुब्ध होकर बच्चे स्वयं से घर छोड़कर चले गये थे ।

# आरएसएस, भाजपा और नरेन्द्र मोदी का विरोध

कुछ कवियों-लेखकों, पत्रकारों-सम्पादकों, मीडियाकर्मियों-संस्कृतिकर्मियों, आलोचकों-विचारकों, बुद्धिजीवियों-सक्रियतावादियों, रंगकर्मियों-फिल्मकारों आदि के अतिरिक्त आरएसएस, भाजपा और प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी का मुखर विरोधी कौन है? राजनीतिक दलों में वाम और कम्युनिस्ट दलों के अलावा कौन ऐसा भारतीय राजनीतिक दल है, जो वैचारिक धरातल पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की वैचारिकी-सैद्धान्तिकी से पूर्णतः असहमत है। राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबंधन में शामिल सभी दल क्या आरएसएस, भाजपा और मोदी के समर्थक हैं? क्या राजग से छिटके दल सचमुच भाजपा के विरोधी हैं या फिर कभी उनके साथ जुड़ सकते हैं?

अगला भारतीय आम चुनाव (2024) अभी एक वर्ष आगे है। 18वीं लोकसभा का चुनाव मई 2024 या उसके पहले निर्धारित है। चुनाव के पहले, चुनाव के समय और चुनाव के बाद गठबंधन चुनावी राजनीति में महत्वपूर्ण है। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी दलों में कुछ हलचलें और सक्रियताएँ आरंभ हो चुकी हैं। विपक्षी एकता मात्र चाहने से संभव नहीं होगी। इस समय लोकसभा में छत्तीस राजनीतिक दलों के सांसद विराजमान हैं। भाजपा से जुड़े राजनीतिक दलों के अलावा जो अन्य राजनीतिक दल हैं, क्या उन सब में एकता संभव है? गठबंधन और महागठबंधन का अपना एक इतिहास है। साठ के दशक में कांग्रेस विरोधी-स्वर समाजवादियों में जितने प्रखर थे, आज उनमें भाजपा विरोधी स्वर उतना प्रमुख नहीं है। उस समय लोहिया (23.3.1910-12.10.1967) कॉंग्रेस के प्रमुख विरोधी थे। कॉंग्रेस विरोधी लोहिया से कई कदम आगे है भाजपा। कॉंग्रेस मुक्त भारत की बात मोदी और अमित शाह ने की है। लोहिया समाजवादी थे और मोदी-शाह की विचारधारा 'हिन्दुत्व' की संघी विचारधारा है। भाजपा-समाजवादी मिलन एक सच्चाई भी है।

पहली बार 1967 के चुनाव में नौ राज्यों में कांग्रेस विरोधी दलों की सरकारें बनी थीं, जो अधिक समय तक टिकी नहीं रह सकीं। 1977 के चुनाव में सभी विपक्षी दल एकजुट नहीं हुए थे। विपक्षी दल समयझसमय पर मिलते और अलग होते रहे हैं। चुनावी राजनीति की अपनी मजबूरीयां हैं जिनसे कोई भी विपक्षी दल मुक्त नहीं है। विपक्षी दलों की एकता का आधार कभी वैचारिक नहीं रहा है। अठारहवीं लोकसभा चुनाव (2024) को लेकर अभी से जो कुछ पहल हो रही है, उसका मुख्य मुद्दा भाजपा को हराना है। 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद राहुल 'विपक्षी जोड़ो अभियान' नहीं चला रहे हैं। उनके नेतृत्व में विपक्षी दलों की एकता संभव नहीं दिखाई दे रही है। कांग्रेस देश का सर्वाधिक पुराना राजनीतिक दल है, जिसे मोदी की आक्रामक राजनीति ने काफी क्षति पहुँचायी है। कॉंग्रेस सहित किसी भी राजनीतिक दल ने शायद ही कभी इसकी कोई कल्पना की होगी। राजनीति में नेतृत्व का प्रश्न बड़ा प्रश्न है। नरेन्द्र मोदी के समक्ष आज भाजपा ही नहीं, आरएसएस का भी कद छोटा हो चुका है। ऐसे व्यक्ति को चुनौती देने वाला कोई भी व्यक्ति आज भारतीय राजनीति में नहीं है। चुनाव जीतने के लिए मोदी की तुलना में किसी को खड़ा नहीं किया जा सकता। विपक्षी दलों की एकता में नेतृत्व से कहीं अधिक महत्वपूर्ण आज के सवाल हैं। विपक्षी एकता क्यों? क्यों भाजपा को हराना जरूरी है? मतदाताओं के समक्ष आज के सभी सवाल महत्वपूर्ण होने चाहिए।

राहुल गांधी ने संसद के भीतर और बाहर मोदी से जैसे सवाल पूछे हैं, अडाणी से उनकी मैत्री और एक कॉरपोरेट को हर तरह से आर्थिक लाभ देने और दिलाने से जुड़े तीखे सवाल किए हैं, वैसे सवाल अन्य किसी नेता ने नहीं किए हैं। ममता बनर्जी अब राहुल गांधी के नेतृत्व पर प्रश्न कर रही हैं। उनके अनुसार राहुल गांधी का नेतृत्व विपक्षी दलों को स्वीकार्य नहीं होगा। विपक्षी एकता की



**समय- संदर्भ**

रविभूषण

इच्छा अनेक क्षेत्रीय दलों के नेताओं की है, पर नेतृत्व के सवाल पर उनमें एकता नही है। राहुल गांधी के नेतृत्व पर अभी तक केवल ममता बनर्जी ने ही विरोध प्रकट किया है। पहले के दो लोकसभा चुनावों (2014 और 2019) में नरेंद्र मोदी के खिलाफ विपक्ष का चेहरा राहुल गांधी ही थे, जिसमें विपक्ष ही नहीं, उससे कहीं अधिक कॉंग्रेस बुरी तरह पराजित हुई। कॉंग्रेस संसद में विरोधी दल के रूप में मान्यता तक प्राप्त नहीं कर सकी। 2014 में भाजपा को 282 सीटों के साथ बहुमत मिला था और 2019 में उसकी सीट संख्या 21 और बढ़कर 303 हो गई। नेतृत्व के सवाल पर विपक्षी दल कभी एकमत नहीं हो सकते। कॉंग्रेस से अलग एक दूसरे मोर्चे के गठन को लेकर राजनीतिक दल सक्रिय हो रहे हैं। तीसरे मोर्चे का अर्थ है भाजपा और कांग्रेस के विरुद्ध अन्य राजनीतिक दलों का गठबंधन। 1989 के बाद ऐसे मोर्चे बनते और छिन्न-भिन्न होते रहे हैं। 1989-91 में जनता दल के नेतृत्व वाले राजनीतिक दलों ने एक गठबंधन बनाया था, जिसकी सरकार 1989 से 1990 के बीच रही। यह एक राष्ट्रीय मोर्चा (नेशनल फ्रंट) था, जिसके अध्यक्ष नंदामुरी तारक रामराव थे, जिन्हें एन. टी. रामराव (28.5.1923 - 18.1.1996) के नाम से अधिक जाना जाता है। विश्वनाथ प्रताप सिंह (25.6.1931-27.11.2008) इस मोर्चे के संयोजक थे, जो भारत के सातवें प्रधान मंत्री (2.12.1989-10.11.1990) बने। उनके बाद चन्द्रशेखर (17.4.1927 - 8.7.2007) प्रधान मंत्री बने 10 नवम्बर 1990 से 21 जून 1991 तक। इस 'नेशनल फ्रंट' के महासचिव तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के पी. उपेन्द्र ( 14.7.1936 झ 16.11.2009) थे। 1991 में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) मोर्चा का हिस्सा बना था। यह मोर्चा 1996 के लोकसभा चुनाव के पहले टूट गया। इसके एक वर्ष पहले तेदेपा विभाजित हो गयी थी। अल्पसंख्यक गुट एन. टी. रामराव के साथ था और बहुसंख्यक गुट चन्द्रबाबू नायडू के साथ। अब चन्द्रबाबू नायडू के स्वर्णिम दिन बीत चुके हैं।

राष्ट्रीय मोर्चा के बाद संयुक्त मोर्चा का गठन 1996 के बाद तेरह राजनीतिक दलों (जनता दल, समाजवादी पार्टी, द्रमुक, तेदेपा, अगप, अखिल भारतीय इन्दिरा कांग्रेस (तिवारी), वाम मोर्चा (चार दल), तमिल मनीला कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस और महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी) ने मिलकर किया था। इस मोर्चे की केन्द्र में 1996-1998 के बीच दो सरकारें बनीं। पहली सरकार में जनता दल के हरदनहल्ली डोडेगौडा देवगौड़ा (एच.डी. देवगौड़ा, 18.5.1933) प्रधानमंत्री बने और उनके बाद इस मोर्चे के दूसरे प्रधानमंत्री इन्द्र कुमार गुजराल (4.12.1919-30.11.2012) थे। 1996 का जनादेश खंडित जनादेश था। उस चुनाव में भाजपा को सर्वाधिक सीटें प्राप्त हुई थीं झ 161, भाजपा को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया गया था। भाजपा ने सरकार बनायी, अटल बिहारी वाजपेयी प्रधान मंत्री बने, पर यह सरकार मात्र तेरह दिनों की सरकार थी। देवेगौड़ा की सरकार के गिरने के बाद संयुक्त मोर्चा को सत्ता से विदाई हो गयी। इसके कई वर्ष बाद तमिलनाडु विधान सभा की विपक्ष नेता और अन्ना द्रमुक की महासचिव जे. जयललिता (24.2.1948-5.12.2016) ने 18 जून 2007 को 'संयुक्त राष्ट्रीय प्रगतिशील गठबंधन' नाम से तीसरा मोर्चा बनाने की घोषणा की थी। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती (15.1.1956) इस मोर्चे में शामिल हुई थीं और उन्होंने अन्य नेताओं से अनुरोध किया था कि उन्हें प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में घोषित किया जाय। 2009 के चुनाव के पहले यह मोर्चा या गठबंधन अधिक सक्रिय था। विपक्षी दलों की एकता में आज कई अड़चने हैं। एक अड़चन प्रधानमंत्री पद को लेकर है। 'कौन बनेगा प्रधान मंत्री' नेताओं के बीच एक मुख्य सवाल रहा है। विपक्षी दलों के कई नेताओं की महत्वाकांक्षा प्रधानमंत्री बनने की रही है। ऐसे नेताओं के लिए पद महत्वपूर्ण रहा है। इस पदाकांक्षा से मुक्त या अलग शायद ही कोई नेता हो। अब राजनीति में, चुनाव में, सबकी आकांक्षा पद और धन की प्राप्ति है।

गठबंधन के बाद राजनीतिक दलों ने 'महागठबंधन' भी किया है। महागठबंधन भी कॉंग्रेस और भाजपा विरोधी था। भाजपा-कॉंग्रेस विरोधी गठबंधन की सरकार कॉंग्रेस के शामिल हुए या उसके समर्थन के बिना नहीं बन सकती। भाजपा और कांग्रेस विरोधी सभी राजनीतिक दल एकजुट होकर भी 543 में से बहुमत के लिए 272 सीटें नहीं ला सकते। राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के 1998 में हुए गठन के बाद 2004 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) का गठन हुआ। भाजपा ने बहुमत में आने के बाद भी राजग को कायम रखा है। राजग के गठन के समय इसके सदस्यों की संख्या तेरह थी। इसका नेतृत्व भाजपा करती है। जिस समय राजग का गठन हुआ था, भाजपा की विचारधारा के समान केवल शिवसेना की विचारधारा थी। अब शिव सेना दो भागों में विभक्त हो चुकी है और दोनों अपनी विचारधारा समान मानते हैं। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना का गठबंधन कांग्रेस और राकांपा से है, जिनकी विचारधारा शिवसेना की विचारधारा की विरोधी है। इस समय भाजपा के सहयोगी दलों के सांसदों की संख्या लोकसभा में मात्र 29 है और यह गठबंधन कायम है। वाजपेयी की तेरह दिनों की सरकार के बाद भाजपा लोकसभा में एक सीट का साथ और उसका महत्व समझ चुकी है। चुनाव में वह कॉंग्रेस और अन्य दलों की तुलना में कहीं अधिक व्यावहारिक और 'कैलकुलेटिव' है। लोकसभा की 543 सीटों में अभी राजग की सीट संख्या 332 है, राज्यसभा की 245 सीटों में उसकी 110 सीट है और राज्य विधान सभाओं की कुल 4 हजार 36 सीटों में से वह 1 हजार 806 सीटों पर मौजूद है। उसकी तुलना में संप्रग की स्थिति कहीं अधिक कमजोर है। लोकसभा में उसके 114 और राज्य सभा में 64 सांसद है। राज्य विधानसभाओं में उसकी कुल सीट संख्या 1 हजार 234 है। इन दोनों गठबंधनों की तुलना में तीसरे मोर्चे का कोई भी गठन स्थायी नहीं रहा है। तीसरा मोर्चा, संयुक्त मोर्चा, राष्ट्रीय मोर्चा अपने जन्म के कुछ वर्ष बाद ही समाप्त हो जाता है।

कांग्रेस और भाजपा विरोधी गठबंधन अल्पकालिक रहा है। कांग्रेस विरोध सफल हो चुका है और भाजपा विरोध असफल रहा है। इस असफलता के बाद भी राजनीतिक दलों ने कुछ नहीं सीखा है। अभी भाजपा की सरकार गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, असम और उत्तराखण्ड में है। त्रिपुरा सिक्किम, पुडुचेरी, नगालैण्ड, मेघालय, मणिपुर, महाराष्ट्र, हरियाणा और अरुणाचल प्रदेश में उसकी सरकार अन्य दलों के साथ है। इसी प्रकार कॉंग्रेस की सरकार राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश में है और अन्य दलों के साथ उसकी सरकार बिहार, झारखण्ड और तमिलनाडु में है। जिन तीन राज्यों में कांग्रेस की सरकार है, वहाँ लोकसभा की कुल सीट 40 है और जिन तीन राज्यों में वह अन्य दलों के साथ सरकार में है, वहाँ लोकसभा की कुल 93 सीटें है। इस प्रकार कांग्रेस और उनके सह?योगी दलों के सांसदों की संख्या लोकसभा में कुल 133 है - बहुमत की संख्या की आधी संख्या से भी कम। दूसरी ओर भाजपा को अपनी सरकार और सहयोगी दलों के साथ उसकी सरकार जिन राज्यों में है, उन राज्यों की कुल लोकसभा सीट 253 है, जो बहुमत से कम है। क्षेत्रीय दलों की सांसद संख्या कांग्रेस से अधिक और भाजपा से कम है। ऐसी स्थिति में सभी क्षेत्रीय दलों की एकजुटता का भी विशेष अर्थ इसलिए नहीं है क्योंकि उसे सरकार बनाने में कांग्रेस का सहयोग प्राप्त करना उसके लिए आवश्यक होगा।

आरएसएस, भाजपा और मोदी सब एक साथ हैं। इनमें से किसी एक का विरोध चुनाव में अधिक मानी नहीं रखता और किसी भी दल में इतनी शक्ति नहीं है कि वह इन तीनों का एक साथ सार्थक विरोध कर सके। चुनाव के पहले के विरोध और चुनाव में विरोध के बीच अंतर है। कुछ नेताओं में प्रधानमंत्री बनने की आकांक्षा अब भी है। पश्चिम बंगाल में लोकसभा की सीट 42, बिहार में 40, तमिलनाडु में 39, और महाराष्ट्र में 48 है। अगर भाजपा और मोदी विरोध 'जेन्युइन' है, तो विरोधी नेताओं को प्रधानमंत्री बनने का सपना देखना छोड़ देना चाहिए। राहुल गांधी अकेले ऐसे नेता हैं, जिन्होंने एक साथ आरएसएस, भाजपा, मोदी और अडाणी का विरोध किया है। पाँच वर्ष पहले सुप्रीम कोर्ट के पाँच वरिष्ठ जजों ने प्रेस-कांफ्रेंस कर लोकतंत्र के समाप्त होते जाने के प्रति चिंताएँ प्रकट की थीं। आज सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को जिस तरह 'ट्रोल' किया जा रहा है, उसे समझने की जरूरत है। कानून मंत्री ने पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट और सेवा-निवृत्त जजों को लेकर जो टिप्पणियां की हैं, वे सामान्य नहीं है। देश में बार-बार संविधान और लोकतंत्र को बचाने की बातें कही जा रही हैं। यह कहा जा रहा है कि फासीवाद आ चुका है और देश कॉरपोरेट के हवाले किया जा रहा है।

जो सत्ता में है, वह कहीं अधिक शक्तिशाली है। विरोधी दल एक जुट होकर ही सत्ता हासिल कर सकते हैं, 2024 का लोकसभा चुनाव जीत सकते हैं। अखिलेश यादव का कोलकाता में ममता बनर्जी से मिलना, ममता बनर्जी का नवीन पटनायक से तथा अन्य मुख्य मंत्रियों से मिलने का एक अर्थ है, पर मुख्य सवाल लोकतंत्र और स्वायत्त संस्थाओं को बचाने का है, तलवारें सबकी गर्दन पर लटक रही हैं। ऊपर से विरोध और भीतर से समर्थन कोई नयी बात नहीं है। केजरीवाल मुख्यमंत्रियों का एक प्रगतिशील ग्रुप गठित करना चाहते हैं। इस समय प्रान्तीय स्तर पर गठबंधन जरूरी है। क्या यह संभव है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा को हराने के लिए तृणमूल कांग्रेस, वामदल और कांग्रेस एक साथ होंगे? यह असंभव है। पिछले लोकसभा चुनाव (2019) में वहाँ भाजपा को 18 सीटें मिली थीं जो 2014 में मात्र 2 थीं। 2014 में तृणमूल कांग्रेस को 42 में से 34 सीटें प्राप्त हुई थीं, जो 2019 में घटकर 22 हो गयीं। पश्चिम बंगाल में सपा और बीजद की, उत्तर प्रदेश में तृणमूल कांग्रेस और बीजद की, ओडिशा में सपा और तृणमूल कांग्रेस की, दिल्ली में तृणमूल कॉंग्रेस, सपा, बीजद, झामुमो, रांकपा और भारास (भारत राष्ट्र समिति, तेलंगाना) की क्या कोई भूमिका है?

आगामी लोकसभा चुनाव (2024) में भाजपा को हराने के लिए क्षेत्रीय दलों को अपने-अपने राज्यों में प्रभावशाली राजनीतिक दलों के साथ गठबंधन करना होगा। इसके बिना भाजपा को हराना कठिन है। अगर सचमुच आरएसएस, भाजपा और नरेंद्र मोदी के विरोध में किसी भी दल का कोई नेता है तो उसे कुछ पाने के लिए बहुत कुछ छोड़ना होगा। अपना अहंकार छोड़ना होगा और कुछ समझौते भी करने होंगे। पुराने चुनाव तौर-तरीकों से नरेंद्र मोदी को सत्ताच्युत नहीं किया जा सकता। अंत में बड़ा सवाल यही है की आरएसएस, भाजपा और नरेन्द्र मोदी का सही विरोधी और विरोधी दल कौन है? यह समय भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने का है, न की एक साथ भाजपा और कॉंग्रेस विरोधी मोर्चा बनाने का।

**(लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94311 03960)**

**जनसंपादकीय**

## नए दौर में जापान और भारत

प्रभात कुमार रॉय



जापान और भारत के मध्य सदियों पुराने प्रगाढ़ साँस्कृतिक और सामाजिक संबंध कायम रहे हैं. प्राचीन ऐतिहासिक दौर में भगवान गौतम बुद्ध का प्रबल पैगाम भारत से जापान की धरा पर पहुंचा था और जापान वस्तुतः बौद्ध धर्म से अनुप्राणित रहा है. जंग-ए-आजादी के दौर में इंडियन नेशनल आर्मी को जापान द्वारा सक्रिय सैन्य सहायता प्रदान की गई थी. आज के दौर में भारत और जापान के मध्य स्थापित हुए ऐतिहासिक संबंध नए शिखर को स्पर्श कर रहे हैं. जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने 27 घंटों की भारत यात्रा शुरू करने के पश्चात परस्पर कूटनीतिक संबंधों को एक और आयाम प्रदान किया गया. कूटनीतिक संबंध के इस आयाम के तहत हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की विस्तारवादी आक्रामकता से निपटने के लिए भारत और जापान अपनी रणनीतिक साझेदारी को अब और अधिक शक्तिशाली तौर पर निर्मित करेंगें. कोविड 19 के विकट दौर में हिंद प्रशांत क्षेत्र के लिए भारत और जापान के मध्य रणनीतिक साझेदारी ने शानदार विस्तार ले लिया है. मुक्त, शांत और सुरक्षित हिंद प्रशांत क्षेत्र की खातिर जापान और भारत विगत वर्षो से ही कटिबद्ध रहे हैं और क्वाडिलेटरल डॉयलॉग अर्थात क्वाड रणनीतिक फ्रंट के दोनों राष्ट्र प्रमुख सदस्य हैं, क्वाड फ्रंट में अमेरिका और आस्ट्रलिया भी शामिल हैं. क्वाड रणनीतिक फ्रंट को पुनर्जीवित करने में और आस्ट्रेलिया को इसमें शामिल कराने में भारत द्वारा विशिष्ट किरदार निभाया गया है. हिंद प्रशांत क्षेत्र की सैन्य सुरक्षा लिए आक्स एग्रीमेंट में भारत शामिल नहीं हुआ है, जोकि अमेरिका, आस्ट्रेलिया, जापान और ब्रिटेन के मध्य अंजाम दिया गया है, आक्स एग्रीमेंट हिंद प्रशांत क्षेत्र में न्यूक्लियर पंडुबियों की तैनाती के संबंध में है. भारत वस्तुतः किसी सैन्य समझौते में शिरकत करने की नीति का अनुपालन नहीं करता है. 1971 की सोवियत संघ और भारत के मध्य संपन्न हुई 20 वर्षीय सैन्य संधि एक ऐतिहासिक अपवाद रही है. हिंद प्रशांत क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के विकट प्रश्न पर जापान के प्रधानमंत्री किशिदा आजकल भारत और जापान की संयुक्त कार्य योजना को अंतिम प्रारुप प्रदान करने में जुटे हुए हैं.जापान और भारत की इस कार्य योजना के तहत हिंद प्रशांत में संयुक्त तौर पर नेवल गश्त, रक्षा उपकरणों का आदान प्रदान, डिजिटल और साइबर सहयोग आदि अंजाम दिए जाएगें.

उल्लेखनीय है कि विश्वपटल पर आजकल भारत जी-20 और जापान जी-7 की कयादत कर रहे हैं. वसुधैव कुटुम्बकम की उद्दात भाव भंगिमा से ओतप्रोत रहे भारत जी-20 के वैश्विक मंच पर ग्लोब्ल साऊथ के विकासशील मुल्कों की जबरदस्त आवाज बनकर उभरा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अल्फाजों में बयान करें तो जापान और भारत के मध्य स्थापित हुई और फिर परवान चढ़ी विशेष रणनीतिक साझेदारी वस्तुतः दोनों देशों के साझा जनतांत्रिक आदर्शो और मूल्यों तथा वैश्विक पटल पर अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मानपूर्वक परिपालन करने में निहित रही है. आजकल अंतरराष्ट्रीय यूक्रेन युद्ध के तनाव के भीषण दौर में इस शानदार साझेदारी को और अधिक प्रगाढ़ता प्रदान करने की अत्यंत आवश्यकता है. उल्लेखनीय है कि भारत और जापान के परस्पर कूटनीतिक ताल्लुकात में निरंतर गति से मजबूती आ रही है. सन 2000 से भारत और जापान का संबंध 'ग्लोबल पार्टनरशिप' का रहा, जोकि 2006 में 'स्ट्रैटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप' में परिवर्तित हो गया. 2014 में भारत जापान संबंध ने नए शिखर को स्पर्श किया, जिसको 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनशिप' कहा गया. भारत और जापान के मध्य निरंतर गति से बढ़ती हुई रणनीतिक साझेदारी से वस्तुतः हिंद प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्र में शान्ति, समृद्धि और स्थिरता को भी जबरदस्त बढ़ावा हासिल होगा. जापान के प्रधानमंत्री की कूटनीतिक यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों के मध्य की गई प्रगति की गहन गंभीर समीक्षा अंजाम दी गई. रक्षा उपकरणों, तकनीकी सहयोग, व्यापार, स्वास्थ्य, और डिजिटल साझेदारी के सवालों पर विचारों का आदान-प्रदान अंजाम दिया गया. सेमिकन्डक्टर और अन्य क्रिटिकल टेक्नॉलाजी और भरोसेमंद सप्लाई चेन के महत्व पर भी दोनों राष्ट्रों के प्रतिनिधियों के मध्य सार्थक चर्चा हुई. विगत वर्ष जापान ने आगामी पांच वर्षों में भारत में 5 ट्रिलियन येन अर्थात तीन लाख बीस हजार करोड़ रुपयों का जापानी निवेश का लक्ष्य निश्चित किया था. जापान द्वारा भारत में आर्थिक निवेश करने की दिशा में शानदार प्रगति अंजाम दी गई. मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड ट्रेन प्रोजेक्ट के कार्य में तीव्रता आई. उल्लेखनीय है वर्ष 2023 को भारत और जापान द्वारा टूरिज्म एक्सचेंज वर्ष के तौर पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया और टूरिज्म एक्सचेंज वर्ष के लिए दोनों देशों द्वारा कनक्टिंग हिमालय विद माऊंटेन फूजी थीम अर्थात हिमालय को जापान के फूजी पर्वत से संबद्ध करने का ज्वलंत थीम निर्मित किया गया. प्रधानमंत्री किशिदा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जापान के शहर हिरोशिमा में माह मई में आयोजित की जाने वाली जी-7 लीडर्स समिट के लिए भी बाकायदा आमंत्रित किया गया.

भीषण यूक्रेन युद्ध के दौर में जबकि जापान के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा का महत्व इसलिए और अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि जी-7 का नेतृत्व करता हुआ राष्ट्र जापान और जी-20 की कयादत करता हुआ राष्ट्र भारत यदि संयुक्त तौर पर मिलकर, वस्तुतः विश्व को तृतीय विश्व युद्ध के कगार पर एक तरफ खड़े हुए नॉटो सैन्य संगठन और दूसरी तरफ सैन्य तौर पर सन्नद हुए रुस, चीन और ईरान गुट के मध्य मध्यस्थता अंजाम दे सकते हैं और विश्व पटल पर सामूहिक शांति और सुरक्षा के लिए प्रबल पहल कर सकते हैं. यूक्रेन युद्ध के कारण जापान जी-7 देशों के साथ मिलकर रुस के विरुद्ध कड़े आर्थिक प्रतिबंध आयद कर रहा है. जबकि भारत ने रुस के विरुद्ध आर्थिक प्रतिबंधों का विरोध करता है. द्वितीय विश्वयुद्ध में परमाणु बमों से अविस्मरणीय जख्मों को झेलने वाले जापान से अधिक युद्ध की विनाशकारी विभिषिका कौन सा देश समझ सकता है. भगवान बुद्ध के अनुगामी जापान और भारत राष्ट्र संयुक्त तौर पर मिलकर यकीनन विश्व को तृतीय विश्वयुद्ध की विभिषिका से बचा सकते हैं, जोकि यूक्रेन युद्ध के माध्यम से दुनिया के दरवाजे पर निरंतर अपनी विनाशकारी दस्तक दे रही है. द्वितीय विश्वयुद्ध में तो सिर्फ दो परमाणु बम दागे गए और विश्व पटल पर तकरीबन नौ करोड़ हलाक हुए और बेशुमार इंसान जख़्मी हुए थे, यदि तृतीय विश्वयुद्ध अंजाम दिया गया तो ना जाने कितने परमाणु और हाईड्रोजन बम दागे जाऐगें और फिर करोड़ों अरबों इंसान हलाक हो जाएगें.

**(लेखक प्रतिरक्षा मामलों के विशेषज्ञ और स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# भारतीय विवाह संस्था अथवा व्यक्तिगत आजादी

अभी हाल ही में समलैंगिक विवाह के मामले में केन्द्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा पेश करते हुए साफ कहा है कि वह समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने के पक्ष में नहीं है। सरकार का स्पष्ट मत है कि भारतीय समाज में विवाह स्त्री व पुरुष के बीच एक ऐसा भावनात्मक रिश्ता है जो सन्तति को जन्म दे सके। अगर समलैंगिक विवाह को मान्यता प्रदान की जाती है तो सामाजिक रुप से स्वीकृत विवाह संस्था और व्यक्तिगत आजादी से जुड़े कानूनों के बीच टकराव की स्थिति बनेगी। उच्चतम न्यायालय ने पिछले दिनों ही सुनवाई में मदद के लिए केन्द्र सरकार व अटार्नी जनरल को नोटिस जारी करके सरकार से इस मसले पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा था। गौरतलब है कि प्रधान न्यायधीश डीवाई चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने समलैंगिक विवाह करने के अधिकार पर अमल करने और स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत अपने विवाह को पंजीकृत करने के निर्देश देने की मॉग कर रहे दो समलैंगिक जोड़ों की ओर से पेश वरिष्ठ वकीलों की दलीलें सुनने के बाद नोटिस जारी किये थे। उस समय कोर्ट को यह भी बताया गया था कि केरल हाई कोर्ट और दिल्ली हाई कोर्ट में भी ऐसी याचिकायें लंबित हैं। याचिकाकताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी का साफ कहना था कि इस मसले पर वह किसी धर्म की भावनाओं को आहत किये बिना केवल स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत समलैंगिक विवाह की कानूनी मान्यता देने की मॉग कर रहे हैं। दरअसल देखा जाय तो यह मुद्दा नवतेज सिहॅ जौहर (समलैगिक संबध) और पुत्ता स्वामी (निजता का अधिकार) मामले में दिये गये फैसले की आगामी कड़ी है। पिछले दिनों ही शीर्ष अदालत में दो याचिकायें और दाखिल की गईं थीं। इनमें एक हैदराबाद के सुप्रियो चक्रवर्ती व अभय डॉगं ने दाखिल की थी और दूसरी याचिका फिरोज महरोत्रा व उदयराज की ओर से दाखिल की गई थी। दोनों याचिकाओं के परीक्षण पर शीर्ष अदालत ने अपनी सहमति दे दी थी। परन्तु इसी के साथ साथ विशेष विवाह कानून के तहत विवाह की समानता की मॉग वाली एक और याचिका भी वकील शादान फरासत की ओर दाखिल की गई है जो विचार के लिए वह अभी लंबित है।

उच्चतम न्यायालय के इस लचीले रूख के तहत समलैंगिक विवाहों को लेकर देश में एक अच्छा खासा तीव्र विमर्श शुरू हो गया था। परन्तु केन्द्र सरकार के भारतीय विवाह संस्था के संरक्षण से जुड़े इस हलफनामे के बाद इस मसले पर विचार के लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक संविधान पीठ का गठन कर दिया है जो इसके सभी पहलुओं पर विचार करने के पश्चात अपना निर्णय देगी। स्मरण रहे इसके पक्षकारों ने अपनी लैंगिकता को लेकर पिछले दिनों दिल्ली, चेन्नई, बंगलौर एवं भुवनेश्वर में गे-प्राइड परेड का आयोजन करते हुए समलैंगिक रिश्तों को बनाये रखने की बकालत की थी । इसके पक्षकारों का



**प्रसंगवश**

डॉ. विशेष गुप्ता

साफ कहना था कि यह कानून 1860 में लार्ड मैकाले के द्वारा बनाया गया था जो हमारे जीवन जीने की स्वतत्रंता को बाधित करता है। हालॉकि भारत में भी साढ़े चार साल पहले तक समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी में रखा गया था। परन्तु सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दो समलैंगिकों को साथ रहने की आजादी प्रदान कर दी गई। दूसरी ओर धारा 377 समाप्त करने पर केन्द्र सरकार के प्रयासों का उस समय विभिन्न धर्म गुरूओं ने भी कड़ा विरोध किया था। समलैंगिक व्यवहार से जुडी घटनायें अभी तक विदेशों में अधिक सुनाई पड़ती थी। परन्तु अपने देश में भी समलैंगिक सम्बन्धों का ढांचा अब खुलकर सामने आ रहा है। पिछले दिनों दोस्ताना, माई ब्रदर निखिल, हनीमून ट्रेवल, पेज थ्री , फायर तथा गर्ल फ्रैन्ड जैसी फिल्मों ने अपने कथानक के माध्यम से दर्शकों को समलैंगिक सम्बन्धों के विषय में सोचने व, विचार करने को मजबूर कर दिया था।


देश की आजादी के पूर्व एवं बाद में समलैंगिकता को लेकर कई बार बहस-मुबाहिसों का दौर चला , परन्तु देर-सबेर यह बहस पृष्ठभूमि में जाती रही। वर्तमान में समलैंगिक यौन व्यवहार से जुड़े उस माहौल को लेकर आज जो विमर्श शुरू हुआ है उसका तात्पर्य यह है कि यदि समाज का कोई वर्ग अपनी सामाजिक- सांस्कृतिक मान्यताओं से बगावत करते हुए कोई विपरीत रास्ता अपनाता है तो क्या समाज को उन्हें इस विकल्प को चुनने की आजादी दे देनी चाहिए ? हालांकि अभी यह विमर्श अपनी शैशवास्था में है । परन्तु न्यायालय के लचीले रूख के कारण इस विमर्श में तेजी आने की पूर्ण सम्भावनाऐं हैं। देखा जाय तो अभी हमारा समाज मानसिक तौर पर इतना आधुनिक नहीं हो पाया है जो इस प्रकार के प्रकृति के विरुद्ध एवं असामान्य व्यवहार को सीधे तौर पर स्वीकार कर सके। लेकिन यहाँ यह भी यथार्थ है कि वर्तमान की सामाजिक व्यवस्था में इस प्रकार के समलैंगिक सम्बन्ध रखने वालों से सीधे रूप से मुँह भी नहीं मोड़ा जा सकता। यह एक ऐतिहासिक कडवी सच्चाई है कि समलैंगिकता इतिहास में किसी न किसी रूप में विद्यमान रही है। लेकिन हम उसकी चर्चा करने में हिचकिचाते रहे हैं। अधिकांशतः इस प्रकार का व्यवहार वहाँ अधिक पाया जाता रहा है जहाँ एकलिंगीय लोगों का बाहुल्य रहा हो। इनमें मानसिक चिकित्सालयों, जेल, हॉस्टल, विभिन्न प्रकार के सुरक्षाबलों तथा दरबार के नबावों से जुड़ा समलैंगिक व्यवहार पुरूषों में अधिक दिखाई पड़ता है। दूसरी ओर महिला कालेज , हॉस्टल, महिला आश्रम के साथ में अविवाहित कन्याओं , विधवा व परित्यक्ता इत्यादि महिलाओं के बीच में समलैंगिक व्यवहार प्रचलन में रहा है। परन्तु अब सेवा के नये-नये क्षेत्रों के आ जाने से स्त्री-पुरूषों की आर्थिक स्वतन्त्रता तथा सामाजिक दायित्वों से मुक्ति बोध भी उन्हें समलैंगिक व्यवहार का अनुकरण करने को मजबूर कर रहा है।

सही बात तो यह है कि समलैंगिक व्यवहार अथवा विवाह आज भी एक असामान्य एवं अप्राकृतिक व्यवहार की श्रेणी में आता है। कहना न होगा कि मुस्लिम देशों ने अभी भी इस प्रकार के व्यवहार पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगा रखा है। सच यह है कि समलैंगिक व्यवहार का ढांचा भले ही आदिकाल से चला आ रहा हो, परन्तु वह हमेशा से ही निन्दा का विषय रहा है। 20वीं सदी की शुरूआत तक आते-आते समलैंगिक व्यवहार को एक मानसिक रोग समझा जाता रहा था। परन्तु वैश्विक संस्कृति के संक्रमण के साथ-साथ विदेशों से आकर समलैंगिक व्यवहार से जुड़ी अपसंस्कृति अब अपने देश की आवोहवा में भी तेजी से घुल-मिल रही है । ब्रिटेन में पिछले दिनों समलैंगिक विवाहों को वैद्य करार दे दिया गया। इसका आश्चर्यजनक पहलू यह रहा है कि ब्रिटेन में इस कानून के बनने के बाद लगभग पांच हजार समलैंगिक जोड़ों ने विवाह रचाये। इसी के साथ वहाँ अब इन समलैंगिक जोड़ों को कर निर्धारण, अन्य लाभ प्राप्ति तथा विरासत जैसे मामलों पर अपना हक जताने का अधिकार भी मिल रहा है। ब्रिटेन के अलावा डेनमार्क (1989), नार्वे (1996), स्वीडन (1996), आयरलैण्ड (1996), चीन (1997), नीदरलैण्ड (2001), जर्मनी (2001), फिनलैंड (2002), बेल्जियम (2003), न्यूजीलैण्ड (2004), कनाडा (2005), स्पेन (2005), तथा नैपाल (2007),अमेरिका (2022) के अलावा यूरोपीय संघ के 27 देशों , एशिया के वियतनाम, फिलिपाइन्स, थाईलैण्ड तथा दक्षिण अफ्रीका के चाड, कांगों तथा मैडागास्कर इत्यादि राज्यों में समलैंगिक व्यवहार से जुडे कानून प्रभावी हैं। समलैंगिक व्यवहार के पक्षधर अब भारत में भी इस प्रकार के व्यवहार से जुड़े कानूनों की वकालत करते दिखाई दे रहे हैं। आप स्वीकार करें या न करें मगर सच्चाई यह है कि समलैंगिक यौन व्यवहार से जुड़ी घटनाओं को कानून की शिथिलता से नियन्त्रित नहीं किया जा सकता। यह तो समाज में पनपता एक विसंगत व्यवहार है जिसकी जड़ों पर समाज-मनौवैज्ञानिक प्रहार करना आवश्यक है। समलैंगिकता के विषय में प्रसिद्ध मनौवैज्ञानिक सिग्मड फ्रायड का मत है कि प्रत्येक व्यक्ति के मन में नर व मादा दोनों के लिए बरावर का आकर्षण रहता है। परन्तु जब माता-पिता और बच्चों के बीच का संवाद असामान्य व सामाजिक सम्बन्धों का ताना-बाना तनावपूर्ण रहने लगता है, तब स्वभावतः एक अनजाने भय के चलते बच्चों का व्यवहार समलैंगिक होने की सम्भावनायें बढ जाती हैं । मानवीय व्यवहार का समाज- मनोवैज्ञानिक सिद्धान्त यह बताता है कि लैंगिकता (सैक्सुअलिटी) सामाजिक सीख के माध्यम से ही आत्मसात होती है। उल्लेखनीय है कि किशोरावस्था ही वह अवस्था है जहाँ से नर व मादा के बीच यौन व्यवहार का अनुभव प्रारम्भ होता है। कई बार परिवारों में अत्यधिक प्रतिबन्ध अथवा विपरीत लिंगियों से लम्बे समय तक संवादहीनता के चलते किशोर स्वयं को असहज अनुभव करने लगते है। इस असहजता के चलते ही किशोर- किशोरियों में समलैंगिक व्यवहार से सामंजस्य बैठाने के भाव घर करने लगते हैं। साथ ही यदि विषम लिंगीय यौन व्यवहार अप्रसन्नतापूर्ण, असन्तुष्ट अथवा अतिकष्टकारी रहा हो, तब भी स्त्री-पुरूष समलिंगीय व्यवहार के प्रति खुशी एवं संतुष्टि का अनुभव करने लगते हैं। निष्कर्षतः लोगों का यह समलैंगिक व्यवहार कहीं न कहीं उनके पारिवारिक एवं सामाजिक असुन्तलन का परिणाम अधिक है। जीवन का यह असन्तुलन चाहे बच्चों के माता-पिता से संवादहीनता के कारण हो, या पति-पत्नी के बीच जीवन की नीरसता या असंतुष्टि के चलते हो, या फिर वह स्त्री के यौन उत्पीड़न से जुडी निर्दयता के कारण हो, अथवा इस प्रकार का व्यवहार विपरीत लिंगीय व्यवहार से विरक्ति के कारण ही क्यो न हो, ये सभी घटनायें सामान्य जीवन की असंतुष्ट भावना की ओर संकेत करती हैं। कडवी सच्चाई यह है कि पारिवारिक व सामाजिक जीवन में लैगिंक असुरक्षा ही समलैंगिक व्यवहार की जननी है।

कहना न होगा कि विरासत में प्राप्त सांस्कृतिक सीमाओं से पूर्णतयाः बाहर जाकर यदि कोई व्यक्ति व्यवहार के मानकीकृत मानदण्डों के विपरीत व्यवहार का कोई विकल्प चुनता है तो यह उनकी निजी जिन्दगी की आजादी का हिस्सा तो हो सकता है, परन्तु साफतौर पर यह पारिवारिक संस्कृति एवं संस्था के लिए चुनौती जरूर रहेगी। दरअसल आज समलैगिकता का यह मसला केवल साथ साथ रहने का ही मसला नहीं है,बल्कि विशेषज्ञों का मानना है कि समलैंगिकों को यह अधिकार न मिलने से उन्हें अनेक अधिकारों से वंचित होने का बड़ा खतरा भी है। इतना जरुर है कि इस मसले पर कानूनी जिद्दोजहद से भविष्य में समलैंगिक व्यवहार जैसी विसंगतियों में और अधिक तेजी आने की सम्भावनायें तो रहेंगी ही। अब देखना यह है कि केन्द्र सरकार के उचित व संस्कृतिरक्षक पक्ष को भार प्रदान करते हुए देश की सर्वोच्च अदालत भारतीय विवाह संस्था और समलैंगिक लोगों की व्यक्तिगत आजादी के बीच किस प्रकार समायोजन करती है।

**(पूर्व प्राचार्य/ प्रोफेसर, समाजशास्त्र, निवर्तमान अध्यक्ष,उ0प्र0 बाल अधिकार संरक्षण आयोग, संपर्क 9412245301)**

**व्यंग्य**



## आम चुनाव आम आदमी और खास लोग

अरुण अर्णव खरे

आम चुनाव पाँच साल में एक बार आते हैं` इसमें उतरने वाले लोग इसे लोकतंत्र का उत्सव कहते हैं` यह ऐसा उत्सव है जिसमें आम लोग खास लोगों को चुनते हैं और खास लोग उत्सव से पहले आम लोगों के घर-घर जाकर उनके मन में उनके खास होने का भ्रम पैदा करते हैं` लेकिन आम आदमी सीधी सी यह बात नहीं समझता कि भ्रमित हुआ आदमी कभी खास नहीं हो सकता` हाथ जोड़ कर आम आदमी के दरवाजे पर पहुँचने वाले खास लोगों का मकसद पूरा होते ही एक रस्म अदायगी के तहत खास बनाए गए आम आदमी को उसके मूल रूप में वापस धम्म से पटक दिया जाता है` आम आदमी को खास आदमी के चोले से बाहर आने में कुछ समय लगता है और फिर वह पाली गई अपेक्षाओं के बोझ तले दब कर स्वयं को असहाय महसूस करने लगता है` ऐसे में वह फिर से आम आदमी बनकर बड़ी राहत महसूस करता है`

सही मायनों में आम चुनाव में आम लोगों की भूमिका केवल वोट डालने की होती है` यही कारण है कि कोई भी पार्टी आम चुनावों में आम लोगों को टिकट देने का खतरा मोल नहीं लेती` हर पार्टी एक खास पैमाने पर टिकट देती है और अनेक खास कोणों से अपने उम्मीदवार को परखती है` मौटे तौर पर उम्मीदवार किस खास जाति, धर्म का है, किन खास धाराओं में उस पर मुकदमे दर्ज हैं, वोट कबाड़ने के लिए कौन-कौन सी खास भाव-भंगिमाएँ धारण कर सकता है, यह देखा जाता है` तत्पश्चात समुदायों के हिसाब से उस पर पोशाक, टोपी, पगड़ी और दाड़ी फबती है या नहीं, इसको परखा जाता है` फिर जिस तरह से प्रेम और युद्ध में सब जायज है वैसे ही चुनाव जीतने की राह में सारे हथकंडे जायज हैं, इस फलसफे पर वह खरा उतरता है या नहीं, इसे जाँचा जाता है` तब नंबर आता है आँखों में धूल झोंकने, जुमलों की कसीदाकारी करने और पार्टी फंड को सुदृढ़ बनाने की काबिलियत देखने का` ऐसी अनेक खास बातें हैं जिनपर उम्मीदवारों को खरा उतरना पड़ता है` जाहिर है कि इतनी कसौटियों पर कसा गया उम्मीदवार खास ही होगा` पर अंत में आलाकमान से खास नजदीकी या रिश्तेदारी सब पर भारी पड़ जाती है और इस खासमखास उम्मीदवार को जिताने की जिम्मेदारी ऊपर वर्णित सभी खास लोगों पर आ जाती है`

इतनी खासियतों वाले ये खास लोग चुने जाने पर खास ही बने रहते हैं और पाँच सालों तक आम लोगों को खास तवज्जो नहीं देते` वे जानते हैं कि आम आदमी को असमय तवज्जो देना, मतलब बेवजह परेशानियों को निमंत्रण देना है` दो वक्त की रोटी कमाने, लव जेहाद और धार्मिक उन्माद जैसे मुद्दों में उलझा आम आदमी, तवज्जो देने से बेमतलब बेरोजगारी, महँगाई, पीठ से चिपके पेट और बिजली-पानी की समस्याएँ बताने लग जाता है` उसके मन में ऐसे-ऐसे प्रश्न आने लगते हैं कि उत्तर देते नहीं बनता` इनके उत्तर देना मतलब फजीहत कराना है` ऐसे प्रश्नों से बचना बेहतर विकल्प होता है` न बच पाने की स्थिति में खास लोग प्रश्न का उत्तर प्रश्न से देते हैं या फिर पुरानी सरकारों पर दोष मढ़कर देते हैं` इतने से भी बात न बने तो पाकिस्तान की स्थिति सामने ले आना सबसे कारगर तरीका होता है बच निकलने का` ऊपर वर्णित समस्याएँ सनातन हैं और इनका सनातन बने रहना न केवल खास लोगों को भाता है अपितु उनके अस्तित्व के लिए भी जरूरी है` चुनावी मौसम में ही इन समस्याओं पर बात करने की परंपरा देश में है` यदि ये समस्याएँ नहीं रहीं तो आम आदमी भी आज के आम आदमी की तरह निरीह नहीं रह जाएगा` चुनावी मौसम में एक माह के लिए खास बनाया गया आम आदमी बारामासी खास आदमी बन जाएगा`

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

# वैज्ञानिक सोच से ही जिले का विकास संभव

**बोले जिलाधिकारी**

**जनपद स्तरीय मॉडल प्रतियोगिता का किया उद्घाटन**

**जनसंदेश न्यूज**


दीप जलाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

**आजमगढ़।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश के निर्देशन में एवं जिला विज्ञान क्लब आजमगढ़ के तत्वाधान में जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान, जाफरपुर में 'वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान' विषय पर जनपद स्तरीय मॉडल प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा फीता काटकर एवं मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

जिलाधिकारी ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि बच्चों की वैज्ञानिक सोच से ही जनपद का विकास संभव हो सकेगा। विद्यार्थी अपने अंदर वैज्ञानिक सोच जरूर विकसित करें। उन्होंने बच्चों के मॉडल को देखा और उनकी सराहना की। जिलाधिकारी ने कहा कि विज्ञान में जब हम थ्योरी के आधार पर कोई ऐसा उपकरण बनाते हैं, जो आम जनमानस के लिए उपयोगी हो, तो वह विज्ञान के विज्ञार्थी की ओर से विज्ञान के लिए सबसे अच्छा उपहार है।

जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक इं.कुलभूषण सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा व उद्देश्य पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होने बताया कि 2023 की राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम ह्ववैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञानह्व है। उन्होने बताया कि जनपद से, विभिन्न स्कूलों से आये हुए बच्चों में से श्रेष्ठ 15 मॉडल जनपद स्तर पर चुने गये। उन्होने बताया कि मण्डलीय स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 25 मार्च को आयोजित की जायेगी। जनपद स्तर पर चयनित आजमगढ़, मऊ एवं बलिया के 15-15 मॉडल की प्रतियोगिता करायी जायेगी। जिसमें से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए 10 मॉडलों का चयन किया जायेगा। इस अवसर पर इं.प्रेमानन्द पटेल, इं0.अरविन्द यादव, इं.अनुराग द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल सिंह व डॉयट वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र प्रताप सिंह, अराधना राय, प्रिती गोंड़, निरूपमा एवं मनीष गिरी आदि उपस्थित रहे। संचालन डॉयट प्रवक्ता आशुतोष श्रीवास्तव ने किया।

### इन्हें किया गया पुरस्कृत

**आजमगढ़।** प्रतियोगिता के दौरान प्रथम स्थान राजकीय बालिका इण्टर कालेज की विशाखा यादव को 3000 रुपए, द्वितीय स्थान राजकीय बालिका इण्टर कालेज की अंजू यादव को 2000 व तृतीय स्थान प्रतिभा निकेतन स्कूल से शिवम राज को एक हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। वैज्ञानिक सोच विकसित करने की सलाह देते हुए कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन में होने वाली घटनाओं का यथासंभव वैज्ञानिक हल ढूंढने की कोशिश करनी चाहिये। यदि हम ऐसा करते हैं तो सही मायनों में हम वैज्ञानिक सोच की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

# संचारी रोग के विरुद्ध चलेगा घर-घर अभियान, एसडीएम ने ली बैठक


आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को संबोधित करते एसडीएम।

**जनसंदेश न्यूज**

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील के उप जिलाधिकारी कार्यालय पर संचारी रोग अभियान के लिए समन्वय बैठक हुई। आगामी एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग के विरुद्ध घर-घर दस्तक देंगी आशा आंगनवाड़ी।

उपजिलाधिकारी सगड़ी कार्यालय में सगड़ी तहसील क्षेत्र के स्वास्थ्य शिक्षा व बाल विकास पुष्टाहार विभाग की समन्वय बैठक एसडीएम राजीव रतन सिंह ने ली। इसमें संचारी रोग के विरुद्ध एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग माह में अभियान चलाकर सभी विभागों में समन्वय बनाकर तेजी से कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। एसडीएम ने बताया कि 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक तहसील क्षेत्र के हर घर के दरवाजे पर आशा आंगनबाड़ी दस्तक देंगी। संचारी रोग से बचाव के उपाय की जानकारी देंगी वहीं उन्हें बीमारी से बचने की दवा व किट दी जाएगी। श्री सिंह ने लोगों को जागरूक करने और बीमारियों से बचाव के लिए समन्वय बनाकर उपाय करने पर जोर दिया। इस दौरान अजमतगढ़ बिलरियागंज महाराजगंज हरैया के सभी कर्मचारी प्रदीप कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी निर्भय नारायण सिंह, रविता राव, रविशंकर, डाली मिश्रा, उमेश चंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

## अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैक मेल करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की का अश्लील विडियो बनाकर ब्लैक मेल करने वाले अभियुक्त को कस्बा मेंहनगर के मोहल्ला हरबंशपुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को सम्बंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया।


मेंहनगर थाने में गिरफ्तार अभियुक्त।

मेंहनगर थाने 20 मार्च को वादी मुकदमा द्वारा शिकायत किया गया था कि मेरी नाबालिग पौत्री को बहला फुसला कर उसका अश्लील विडीयो लगभग एक वर्ष पूर्व विपक्षी अतीक उर्फ छोटक पुत्र इसराईल निवासी कस्बा मेहनगर द्वारा बना लिया गया था जो मेरी पौत्री को दिखाकर धमकी देता था कई बार दस हजार रुपये, पन्द्रह हजार रुपये करके लगभग पाँच लाख रुपया ले चुका है। इन लोगो के डर की बजह से मेरी पौत्री ने स्कूल जाना बन्द कर दिया था। उक्त लोग रास्ते में स्कूल जाते मेरी पौत्री के साथ छेड़खानी करते थे करीब एक महिने बाद मेरी पौत्री 18 मार्च को स्कूल गयी तो रास्ते में अतीक उर्फ छोटक ने फिर से मेरी पौत्री के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी तथा पैसा मांगने लगा और कहा की यदि तुमने पैसा नहीं दिया तो तुम्हारे परिवार को जान से मार दूंगा जिससे मेरी पौत्री काफी डर गयी और स्कूल न जाकर घर वापस आकर रोकर सभी बाते हम परिवार वालो को बतायी जिसके मेरा पुरा परिवार डरा व सहमा है। जिसके आधार पर पाक्सो एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ किया। 23 मार्च को उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से संम्बन्धित अभियुक्त अतीक उर्फ छोटक पुत्र इशराईल वार्ड 10 हरिवंश नगर कस्बा मेहनगर को अक्षैबर पुलिया कस्बा मेंहनगर से गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

### शराबी ने बुजुर्ग को किया घायल, हालत गंभीर

**फूलपुर (आजमगढ़)।** शराब के नशे में धुत एक व्यक्ति ने मामूली विवाद में 65 वर्षीय बुजुर्ग के सर पर डंडे से मार बुरी तरह घर दिया। जख्मी बुजुर्ग को गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम गौबरहा निवासी कंचन पत्नी बलिराम ने गांव के ही सुक्खु पुत्र कलवारी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है। उसका आरोप है कि बुधवार की शाम राजतिलक 65 वर्ष पुत्र भजन अपने घर के सामने बैठा था। इसी बीच गांव का ही निवासी सुक्खु पुत्र कलवारी शराब के नशे में धुत होकर गाली गलौज देते हुए जा रहा था। राजतिलक के बोलने मात्र से सुक्खु नाराज हो गया और गाली देने लगा। बुजुर्ग द्वारा विरोध करने पर डंडे से सर पर हमला कर दिया। राजतिलक के शोर मचाते हुए जमीन पर गिरते देख आरोपी मौके से गायब हो गया। इधर राजतिलक के परिवार की महिलाएं दौड़ पड़ी शोर सुनकर अन्य ग्रामीण आ गए और राजतिलक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर लाये जहां प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर अवस्था देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।
राजतिलक की पुत्रबधू कंचन पत्नी बलिराम की तहरीर पर सुक्खू के खिलाफ फूलपुर थाने पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जिलाधिकारी ने किया निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण

**जायजा**

**कार्य की स्थिति व गुणवत्ता का लिया जायजा**

**जनसंदेश न्यूज**


निर्माणाधीन विश्वविद्यालय का निरीक्षण करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने निर्माणाधीन महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय सहित अन्य निर्माण कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना के परामर्शी डिजाइन एसोसिएट के प्रोजेक्ट इंजीनियर अभिनव मिश्रा एवं सुशील कुमार तथा कांट्रेक्टर ऑरकान पावर इंफ्रा के क्षेत्रीय प्रबंधक उमाकांत प्रसाद एवं कार्यदायी संस्था पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड-5 के अधिशासी अभियंता उदय प्रकाश सिंह से परियोजना के सम्बन्ध में जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने आगामी सत्र में विश्वविद्यालय में कक्षाओं के चलाने हेतु अकादमिक एवं प्रशासनिक भवनों के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कार्यों को जल्द से जल्द गुणवत्तायुक्त पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट जल राजन चौधरी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में जिलाधिकारी ने विकास खण्ड मेंहनगर के ग्राम सेरां में जूनियर विद्यालय से जवाहर विश्वकर्मा के घर तक मनरेगा के अन्तर्गत कराये जा रहे इण्टरलाकिंग कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य कर रहे मजदूरों की संख्या, वेतन, एवं कार्य की गुणवत्ता की स्थिति का जायजा लिया। इसी के साथ ही सेरां ग्राम में सुरेन्द्र चैहान के खेत से श्याम नारायण राम के खेत तक मनरेगा के अन्तर्गत कराये जा रहे बाहा कार्य का निरीक्षण किया। इसके पश्चात सेरां ग्राम में गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने भूसा, चारा, पानी, छाया आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये। गौशाला में क्षमता से अधिक पशु पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त किया।

# सुरक्षा का विशेष प्रबंध करें सर्राफा व्यवसाई व ग्राहक सेवा केंद्र संचालक

**सलाह**

**सीसी टीवी कैमरा अन्दर बाहर दोनों तरफ लगाएं**

**जनसंदेश न्यूज**


बैठक को सम्बोधित करते कोतवाली प्रभारी।

**फूलपुर (आजमगढ़)।** फूलपुर कोतवाली प्रभारी ने सरार्फा व्यवसायी व ग्राहक सेवा केन्द्र संचालकों संघ बैठक कर समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की तथा दुकान के सामने सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया।

फूलपुर कोतवाली परिसर में सरार्फा व्यवसाई व ग्राहक सेवा केंद्र संचालको की बैठक प्रभारी निरीक्षक की उपस्थित में सम्पन्न हुई।

बैठक का मुख्य मुद्दा चोरी छिनैतियो चोरी के सामान या सोना चाँदी बिक्री करने वालो पर विशेष ध्यान दे, क्रय विक्रय करने वालो का नाम पता मोबाइल नम्बर अपने रजिस्टर में अंकित कर अपने को सुरक्षित रखे। अपनी दुकानों पर सीसी टीवी कैमरा अवश्य लगवाए। कही किसी जगह अपने आप को असुरक्षित महसूस करे तो सर्व प्रथम सर्वाजनिक स्थल पर पहुचने का प्रयास करे एक शौ बारह पर फोन से बात ना हो तो तत्काल हमे फोन करे निःशंकोच पैसा ट्रांजेक्शन करना हो बड़ा एमाउंट हो हमे अवगत कराएं हम पुलिस जवान भेजकर आप का पैसा बैक से दुकान या दुकान से बैक तक सुरक्षित करा देंगे।

ग्राहक सेवा केंद संचालक ज्यादा पैसा एक जगह न रखे और सीसी टीवी कैमरा अवश्य लगवाएं। थाना प्रभारी ने कहा किसी भी समस्या के लिए निःसंकोच बताए अगर हमारे सिपाहियों से भी कोई समस्या हो तो हमे अवगत कराएं हम आप की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है इस अवसर पर ब्यापार मण्डल अध्यक्ष अजय जायसवाल, सरार्फा अध्यक्ष मनोज उर्फ डिम्पल, राजित यादवं अखिलेश विश्ववकर्मा सहित अन्य ग्राहक सेवा केंद्र सरार्फा व्यवसायी उपस्थित रहे।

### जमसर ग्राम प्रधान चुनाव की पुनः होगी मतगणना

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** अजमतगढ़ ब्लाक के जमसर गांव के संपन्न हुए ग्राम प्रधान चुनाव की मतगणना फिर से होगी। इसके लिए कोर्ट ने आगामी 21 अप्रैल की तारीख तय की है। बता दें कि यहां पर एक वोट के अंतर से हार-जीत हुई थी। परिणाम घोषित होने के बाद दूसरा पक्ष तहसील न्यायालय में दोबारा मतगणना कराए जाने के लिए याचिका दाखिल किया था। कोर्ट के आदेश पर अब दोबारा इस गांव की मतगणना कराई जाएगी। जमसर गांव में बीते 19 अप्रैल 2021 को पंचायत चुनाव का मतदान हुआ था और 2 मई 2021 को मतगणना हुई थी। मतगणना में जमसर ग्राम सभा के प्रधान पद के प्रत्याशी सविता पत्नी रामाश्रय राय 582 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहीं, और रंजना राज पत्नी मनीराम 583 मत पाकर विजई हुई थी। जीत- हार के बीच सिर्फ एक वोट का अंतर रहा। सविता द्वारा कई बार रिकाउंटिंग के लिए कहा गया पर काउंटिंग न करा कर आनन- फानन में विजेता की घोषणा कर दी गई। इस मामले को लेकर सविता ने तहसीलदार कोर्ट सगड़ी में याचिका दाखिल किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने जसमर गांव की 21 अप्रैल 2023 को अजमतगढ़ सभागार में पुनः मतगणना कराने का आदेश दिया है। दो साल बाद मतगणना के आदेश पर सविता राय पत्नी रामाश्रय राय उत्साहित हैं।

# एसडीएम ने की भूमाफिया के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई

## करोड़ों की कीमती भूमि को 10 साल बाद नवीन परती किया घोषित

**जनसंदेश न्यूज**

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के बैजाबारी गांव में फर्जी तरीके से सपा कार्यकाल में ग्राम समाज की सड़क किनारे करोड़ों की जमीन को स्थानांतरित कर बेकार भूमि दी गई थी। उप जिलाधिकारी राजीव रतन सिंह ने भू माफिया पर कड़ी कार्रवाई करते हुए पुनः करोड़ों की कीमती सरकारी भूमि को नवीन परती घोषित किया। वही भूमाफिया के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने के लिए निर्देशित किया।

बैजाबारी गांव में लाटघाट रौनापार सड़क के किनारे वर्ष 2012 में सपा कार्यकाल के दौरान लगभग 10 बिस्वा सरकारी भूमि को तात्कालीन ग्राम प्रधान दशी राम द्वारा रामकुबेर पुत्र भीम निवासी बैजाबारी को भूमि हस्तांतरित की गई थी। उनसे उसके बदले में गांव में 7 बिस्वा भूमि ली गई थी। सपा नेता सूर्यभान यादव के दबाव में फर्जी तरीके से सरकारी भूमि स्थांतरित की गई। भूमि स्थांतरित होने के उपरांत राम कुबेर के नाम से खतौनी में दर्ज हो गई।

एक साल पूर्व बैजाबारी ग्राम प्रधान व भूमि प्रबंध समिति के अध्यक्ष पार्वती देवी पत्नी लालू राम के संज्ञान में आने पर उपजिलाधिकारी सगड़ी न्यायालय में अपील की गई जिसमें उपजिलाधिकारी सगड़ी राजीव रतन सिंह ने फर्जी तरीके से दबाव में स्थानांतरित भूमि को निरस्त करते हुए पुनः सरकारी भूमि नवीन परती के नाम से दर्ज करने के लिए आदेश दिया। उप जिलाधिकारी के आदेश से करोड़ों की कीमती सरकारी भूमि को भू-माफिया के द्वारा दबाव बनाकर फर्जी तरीके से अपने नाम खतौनी में दर्ज कराने का मामला उजागर हुआ।

# बलिदान दिवस पर याद किये गये भगत, राजगुरु व सुखदेव

**जनसंदेश न्यूज**


कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।


शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण करते प्रयास कार्यकर्ता।

**आजमगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकताओं द्वारा बलिदान दिवस के अवसर पर श्री रामनगीना मिश्रा पीजी कॉलेज जोकहरा लाटघाट में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.विभूति नारायण सिंह एवं संचालन जिला संयोजक गौरव शर्मा ने किया।

मुख्य अतिथि प्रांत मंत्री सौरभ गौड़ ने कहा कि 23 मार्च कोई सामान्य तिथि नहीं है। जिस उम्र में विद्यार्थी पढ़ता है, खेलता है, उस उम्र में स्वंत्रता की लड़ाई लड़ने वाले वीर शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को फांसी दी गई थी। स्वतंत्रता के बाद आज हमें जो विरासत मिली है उसको संभालने की जिम्मेदारी आज के विद्यार्थियों और युवाओं की है। शिव बालिका इंटर कॉलेज जीयनपुर में संगोष्ठी को संबोधित करते हुए विभाग संयोजक उत्कर्ष पाण्डेय ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी हमारे पूर्वज है उनका सम्मान करना हमारा दायित्व है। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगो के बीच जाकर जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। जीयनपुर नगर ईकाई के कार्यकर्ताओ द्वारा बड़ागांव पूनापार में बलिदान दिवस के अवसर पर शहीद सौदागर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। विभाग संगठन मंत्री शिवम पाण्डेय ने कहा कि रिसर्च इंटर्नशिप प्रोग्राम के तहत विद्यार्थी परिषद के कार्यकत्र्ता ज्ञात अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों में गए थे। आज उन सभी परिवारों के लोग विद्यार्थी परिषद से जुड़े हैं। इस मौके पर आनंद सिंह, मनोज शाही, संजय पाण्डेय, अभिषेक राठौर, अमित शर्मा, आदित्य सिंह टिंकू सिंह आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में सहादत दिवस के अवसर पर प्रयास सामाजिक संगठन ने सर्फुद्दीनपुर स्थित एक मैरेज हाल में शहादत दिवस मनाया। मंच संचालन शायर व गीतकार आदित्य आजमी ने किया। इस दौरान कार्यकताओं व पदाधिकारियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष रणजीत सिंह, प्रद्युम्न, मनोज, सुनील यादव, डा.हरगोविंद विश्वकर्मा, धर्मेंद्र सैनी, अंगद साहनी, राणा बलवीर सिंह, महिमा चैधरी, साधना राय, मीरा चैहान, अनिल गोंड आदि उपस्थित रहे।

इसी क्रम में 93वें शहीद दिवस के उपलक्ष्य में राहुल चिल्ड्रेन इंगलिश मीडियम एकेडमी के बच्चों ने रैली निकाली जो विद्यालय प्रांगण से डीएवी कालेज के रास्ते गांधी तिराहा होते हुए कुंवर सिंह उद्यान से त्रिमूर्ति तिराहा पहुंची। यहां स्थापित भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। कक्षा सात की छात्रा सुहानी ने भगत सिंह पर एक सुन्दर गीत ह्वलाहौर की जेल में बैठा मां को लिखता परवानाह्व गीत गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आलोक यादव ने याद करें कुबार्नी तेरी हम सुनाया। दिशा श्रीवास्तव ने भगत सिंह के संघर्षों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सर्वजीत, एसडी यादव, बृजेश, सरिता, कुसुम आदि उपस्थित रहीं। इसी क्रम में बाबू केदारनाथ स्मारक जनसेवा संस्थान द्वारा संचालित भगत सिंह खेल एकेडमी निजामाबाद में महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर उनके द्वारा देश को दिए गए योगदान पर चर्चा की गयी। इस दौरान प्रतिभा खोज दौड़ कबड्डी तथा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय पहलवान अमरजीत यादव ने कहा कि भारत मां के वीर सपूतों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की बाजी लगाई इसलिए उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इस अवसर पर डॉ.आदित्य सिंह, स्वतंत्र सोनकर, मिथिलेश कुमार यादव, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

### रोजगार उत्सव का आयोजन 27 को

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय राजकीय पालिटेक्निक में रोजगार उत्सव का आयोजन किया गया है तकनिकी शिक्षा प्राप्त बेरोजगारों के लिये रोजगार पाने का सुनहरा अवसर मौका है। बता दे कि आगामी दिनांक 27 मार्च 2023 को राजकीय पॉलिटेक्निक अतरौलिया आजमगढ़ में बड़ा रोजगार उत्सव आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सात से अधिक बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भाग लेंगी एवं जो 300 से अधिक टेक्निकल (डिग्री, डिप्लोमा, आईटीआई) व नॉन टेक्निकल (12वीं) पास बेरोजगारों को रोजगार प्रदान करायेगी। इस दौरान साक्षात्कार के पश्चात नौकरी दी जाएगी। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. सुबोध कान्त सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह रोजगार उत्सव राजकीय पॉलिटेक्निक अतरौलिया एवं इनोवेशन कम्स ज्वाइन्टली के संयुक्त प्रयास से लगाया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी 27 मार्च को सुबह 9 बजे संस्थान परिसर में पहुंचकर उक्त रोजगार मेले में प्रतिभाग हेतु अपना पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण हेतु न तो संस्थान और न ही कंपनिया कोई भी पंजीकरण शुल्क लेंगी, पंजीकरण पूर्णतः निशुल्क है। संस्था के प्रधानाचार्य ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में प्रतिभाग लेने वाले अभ्यर्थियों को अपने साथ अपना नवीन बायोडाटा, नवीन पासपोर्ट फोटो, आधारकार्ड, बैंक अकाउण्ट का प्रुफ और अपने सभी डाक्युमेंट की फोटो कॉपी लानी होगी। शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा एक सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। क्षेत्र के युवा इस अवसर का लाभ उठाएं।

## संक्षेप

### दर्जनों छात्राओं ने उठाया स्वास्थ्य शिविर का लाभ



**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के मालटारी महाविद्यालय पर तीन दिवसीय हेल्थ चेकअप कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दर्जनों की संख्या में छात्र छात्राओं ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लिया लाभ। श्री गांधी पीजी कालेज मालटारी में सिफ्सा के तत्वावधान में स्थापित कक्ष में तीन दिवसीय हेल्थ चेकअप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तीसरे दिन गुरुवार को कार्यक्रम अधिकारी, असिस्टेंट प्रो.राजेश कुमार यादव की उपस्थिति में महिला रोग विशेषज्ञ डा.कंचन वर्मा सीएचसी बिलरियागंज, ने कालेज की छात्राओं का हेल्थ परीक्षण किया तथा उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। असिस्टेंट प्रो.राजेश कुमार यादव ने हेल्थ चेकअप कार्यक्रम को छात्र छात्राओं के लिए अति उपयोगी बताया। वहीं डा.कंचन वर्मा द्वारा कालेज की छात्राओं सपना प्रजापति, रंजना भारती, अर्चना चैहान, अंकिता आर्या, माधुरी यादव, निधि त्रिपाठी सहित कुल 35 छात्राओं का हेल्थ चेकअप किया गया।

### उपसंचालक चकबंदी अधिकारी को दी गई भावभीनी विदाई



**आजमगढ़।** अधिकारी, कर्मचारी संयुक्त समिति चकबंदी विभाग के तत्वाधान में गुरुवार को नेहरू हाल के सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उपसंचालक चकबंदी अधिकारी सुरेश जायसवाल को माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्रा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी जल राजन चैधरी ने किया। सर्वप्रथम कर्मचारी संयुक्त समिति के अध्यक्ष प्रदीप सिंह, मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों सहित कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। वक्ताओं ने निवर्तमान चकबंदी अधिकारी के बारे में विस्तार से बताया और उन्हें कर्मचारियों के प्रति एक लोकप्रिय अधिकारी के रूप में उनमें विश्वास व्यक्त किया। राकेश बहादुर सिंह, सूर्य प्रकाश, धीरेंद्र शुक्ला, प्रदीप सिंह, राधेश्याम वर्मा, आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि उपसंचालक चकबंदी अधिकारी सुरेश जायसवाल के प्रति सच्चा सम्मान तभी होगा जब हम उनके बताए गए रास्ते पर चलकर चकबंदी विभाग की छवि को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। इस अवसर पर अभिषेक श्रीवास्तव, सत्येंद्र मिश्रा, प्रदीप दुबे, राहुल पाल, रमेश यादव, अखिलेश सिंह, देवी दत्त दुबे, धीरज सिंह, चकलाल यादव, सत्येंद्र चैबे, सुभाष, मालती देवी आदि उपस्थित रहे। अंत में सुरेश जयसवाल ने अपने समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों के प्रति स्नेह व्यक्त किया। संचालन विवेक श्रीवास्तव ने किया।

### जब भी धर्म की हानि हुई, भगवान ने लिया अवतार



**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के हरसिंहपुर में श्री शीलता माता मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में 22 से आरम्भ होकर 30 मार्च तक श्रीरामकथा का आयोजन चल रहा है जिसमें डॉ.उमाकान्ता नंद सरस्वती जी कथा वाचक हैं। उन्होंने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम राम ने मानवता के मयार्दाओं में रहकर लीला किया। सत्य सनातन धर्म उनके आदर्शों पर चल रहा है। धर्म की जब भी हानि हुई है उसकी स्थापना के लिए भगवान ने अवतार लिया है। उन्होंने कहा कि प्रेम की निशानी तो रामसेतु है। लोगों ने अन्य को बेवजह प्रेम के नाम पर तवज्जों दे दिया। जिस रामसेतु की स्थापना बानर भालू के सहयोग से हो गयी जिसके लिए उस सेतु का निर्माण हो गया। उससे बड़ा प्रेम का और उदाहरण क्या हो सकता है। उन्होंने छोटी कहानियों से जीवन में आने वाले तमाम परेशानियों का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि समस्याओं को सिर पर ढोने से अच्छा है कि सब भगवान को सौंप दीजिए। मानव है तो मानवता का मिसाल दें। आजकल के आदमी से ज्यादा जानवर वफादार है। कथा की शुरूआत में लोगों ने श्री सरस्वती जी का माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। अंत में श्री राम जी की आरती हुई। आरती धर्मेंद्र सिंह, मनोज कुमार श्रीवास्तव, दिवाकर सिंह, बंदना सिंह, डा.अंजना सिंह के कर कमलों से हुआ। इस अवसर पर राजेश सिंह, गोपाल सिंह, जयशंकर सिंह, राहुल शर्मा, सत्यप्रकाश सिंह, दुर्गेश सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### समपार बंद करने का ग्रामीणों ने किया विरोध



**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जगरनाथ सराय गांव स्थित मानव रहित समपार बंद करने आये रेलवे कर्मियों को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। तकरीबन छ घंटे की मशक्कत के बाद अंडरपास बनाये जाने की टेंडर प्रक्रिया तक आवागमन सुचारू रहने के आश्वासन पर मामला शांत हुआ। इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल तैनात रहे। शाहगंज मऊ रेलखंड पर शासन के निर्देश पर समपार बंद किये जा रहे हैं। रेलवे विभाग बगल से दूसरे समपारों तक मार्ग निर्माण कर रहा है। क्षेत्र के जगरनाथ सराय समपार लंवे समय से रहा है। इससे बाकीपुर, असाउर, मैनी, मझगावा आदि गावों के लोग इसी के सहारे आवागमन करते रहे हैं। रेलवे विस्तार के दौरान यहां पर कर्मचारी की तैनाती कर फाटक भी लगा दिया था। ग्रामीणों को जब समपार के समाप्त होने की भनक लगी तो पूर्व में ही जनपद के सांसदो समेत विधायक से इसे सुचारू रखने की गुहार लगाई थी जिसपर सभी ने सहमति भी दी थी। इधर शासन द्वारा समपारों के बंद करने की प्रक्रिया के तहत गुरुवार को भोर में जेसीबी के साथ पहुंची टीम ने समपार पर बने रास्ते को तोड़ना शुरू किया तो भनक ग्रामीणों को लग गयी। ग्रामीणों के विरोध पर कार्य रुक गया। दिन में जब रेलवे अधिकारी पहुंचे तो ग्रामीणों से वार्ता शुरू हुई। अधिकारी बगल से बने रास्ते और आदेश की दुहाई देते रहे जबकि ग्रामीण अपनी व्यथा बताते रहे। सूचना पाकर पूर्व मंत्री सदर विधायक दुर्गा प्रसाद यादव भी पहुंचे और ग्रामीणों की मांग का समर्थन किया। तकरीबन डेढ बजे एसडीएम सदर मौके पर पहुंचे। यहां पर ग्रामीणों से वार्ता के बाद सहमति पत्र दिया जिसमे समपार की जगह अंडरपास बनाने के लिए टेंडर प्रक्रिया होने तक समपार नही बंद होगा। इसके बाद बंद कर दिया जायेगा। इस आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।

### निर्माण कार्यों की मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक 25 को

**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त मनीष चैहान की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों की मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक आगामी 25 मार्च को अपरान्ह 4.30 बजे उनके कार्यालय सभागार में आहूत की गयी है, जिसमें मण्डल के तीनों जनपदों में 50 लाख एवं उससे अधिक लागत की तथा 50 करोड़ से अधिक लागत की निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की जायेगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए मण्डलीय अर्थ एवं संख्याधिकारी डा.नीरज श्रीवास्तव ने बैठक से सम्बन्धित समस्त कार्यदायी संस्थाओं तथा प्रशासकीय विभागों के मण्डलीय अधिकारियों से अद्यतन प्रगति के साथ समय से बैठक में उपस्थित होने की अपेक्षा की है।

### राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक कल

**आजमगढ़।** मण्डल के जनपदों में कर करेत्तर राजस्व वसूली, अन्य राजस्व कार्यों आदि में हुई प्रगति की समीक्षा बैठक मण्डलायुक्त मनीष चैहान की अध्यक्षता में उनके कार्यालय सभागार में 25 मार्च को आयोजित की गयी है। यह जानकारी अपर आयुक्त (प्रशासन) हंसराज ने दी है। उन्होंने सम्बन्धित मण्डलीय, जनपदीय अधिकारियों से उक्त बैठक में समय से प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

### विकास कार्यक्रमों की समीक्षा 27 को

**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त मनीष चैहान द्वारा 27 मार्च को पूर्वान्ह 10.30 बजे से अपने कार्यालय सभागार में शासन के सर्वोच्च विकास प्राथमिकता से सम्बन्धित कार्यक्रमों की मण्डल के जनपदों में हुई प्रगति की समीक्षा की जायेगी। यह जानकारी देते हुए संयुक्त विकास आयुक्त एमएन पाण्डेय ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों से उक्त बैठक में पूर्ण विवरण के साथ समय से प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

### रावण पर विजय प्राप्त करने हेतु श्रीराम ने की थी शक्ति देवी की आराधनाः पं.कौशल किशोर

**आजमगढ़।** शहर से सटे जाफरपुर गांव में श्रीरामकथा आयोजन समिति के तत्वाधान में चल रहे नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा में नौरात्र के प्रथम दिन बाल व्यास पं.कौशल किशोर जी महाराज ने कहा कि चैत्र मास में नवमी तिथि को जगद्नियंता ने श्रीराम के रूप में अवतार लिया और अश्विन मास के नवरात्र में नवमी पर्यन्त दशमी तिथि को रावण पर विजय प्राप्त कर धरती को भयमुक्त किया। उन्होंने कहा कि एक वर्ष में चार नवरात्र आते हैं जिसमें दो प्रकट नवरात्र और दो गुप्त नवरात्र होते हैं। चैत्र नवरात्र में भगवान का जन्म होता है तो शारदीय नवरात्र में भगवान को विजय की प्राप्ति होती है।

# जगत कल्याणी के जयघोष से गूंजा विंध्य दरबार


मां के दर्शन को लाइन में लगे भक्त


प्रसाद का वितरण करते डायरेक्टर द्वय


शोभायात्रा निकालते लोग

**नवरात्र**

## माता के पट खुलते ही दर्शन को उमड़े आस्थावान

## रंग बिरंगी रोशनी से जगमग हुआ विंध्याचल धाम

## विंध्य की गलियों में देर रात तक लगी रही कतारें

**मीरजापुर।** विंध्याचल वासंतिक नवरात्र के दूसरे दिन गुरूवार को जगत कल्याणी मां के जयघोष से संपूर्ण धाम गूंज उठा। गुरुवार को भोर से ही विंध्य की गलियां भक्तों से पटी रही। ब्रह्म मुहूर्त में माता की भव्य मंगला आरती पूजन के बाद मंदिर के पट भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिए गए। तरह-तरह के पुष्पों एवं आभूषणों से मां का दिव्य श्रृंगार का दर्शन पाकर भक्त भाव विह्वल हो उठे। नवरात्र में देवी मंदिर की आकर्षक फूलों रंगीन रोशनी से की गई सजावट अलौकिक छटा बिखेर रही थी। चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन गुरुवार को देवी धाम में देश के कोने-कोने से पहुंचे श्रद्धालुओं ने माता के ब्रह्मचारिणी स्वरूप का दर्शन किया। मंदिर जाने वाली प्रमुख गलियों में भोर से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रही। विंध्य धाम पहुंचने के बाद भक्तों ने माता को नारियल चुनरी धूप दीप नैवेद्य एवं प्रसाद समर्पित कर बड़े ही श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना की। बुजुर्गों से लेकर महिलाओं पुरुषों युवक-युवतियों और बच्चों तक सभी ने बड़े ही श्रद्धा भाव से मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन कर घर परिवार में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। माता का दर्शन पूजन करने के पूर्व श्रद्धालुओं ने विंध्याचल के विभिन्न घाटों पर जाकर गंगा स्नान भी किया। माता का दर्शन पूजन करने के उपरांत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अष्टभुजा पहाड़ पर विराजमान महाकाली और मां अष्टभुजी दरबार में अपनी हाजिरी लगाकर त्रिकोण परिक्रमा भी किया। देवी मंदिरों के छतों और आसपास आसन पर बैठकर नर नारी साधकों ने वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच पूजन पाठ एवं अनुष्ठान किया चैत्र नवरात्र में तरह-तरह के देशी विदेशी फूल पत्तियों रंग-बिरंगे लाइटों से देवी धाम की सजावट की छटा देखते ही बन रही थी। जनपद के आलाधिकारी की संपूर्ण मेला क्षेत्र में भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे ताकि दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कतो का सामना ना करना पड़े। वहीं श्री विंध्य पंडा समाज के पदाधिकारी और सदस्य गण श्रद्धालुओं की सेवा में तल्लीन दिखाई दिए।

### दर्शनार्थियों की सेवा को तैनात किए गये आरएएफ के जवान

विंध्याचल चैत्र नवरात्र मेले के दूसरे दिन विंध्याचल धाम में शांति व्यवस्था सुरक्षा की दृष्टि से आरएफ 91 बटालियन की 140 महिला एवं पुरुष जवानों की तैनाती की गई जो मेला क्षेत्र में जगह-जगह चप्पे पर तैनात हैं। मां विंध्यवासिनी मंदिर के आसपास श्रद्धालुओं की खड़े कतारों एवं विंध्याचल धाम की गलियों में जवान गश्त करते रहे। आर ए एफ कंपनी कमांडर आरपी यादव के नेतृत्व में 140 महिला पुरुष जवानों की तैनाती शांति व्यवस्था की दृष्टि से लगाए गए हैं। सीओ सीटी परमानंद कुशवाहा ने बताया कि बताया कि मां विंध्यवासिनी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा ड्रोन कैमरा से पीएससी एवं अन्य पुलिस के जवानों की निगरानी की जा रही है ताकि कोई अप्रिय घटना न घट सके। इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद किए गए हैं।

### मेला क्षेत्र में भ्रमण करते रहे अधिकारी

चैत्र नवरात्र मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा भाव में कोई कमी ना रह जाए इसके लिए पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जिससे धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा भाव ठीक ढंग से किया जाए। वही दिन भर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकांत प्रजापति अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ला, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह सहित कई अन्य आला अधिकारी श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे रहे।

### मऊ से मेला ड्यूटी में आए पुलिसकर्मी की बाइक चोरी

नवरात्रि मेले में चोरों की भी सक्रियता बढ़ गई है। उन्हें पुलिस का भी भय नहीं है। तमाम सुरक्षा व्यवस्था के बाद भी चोर और जेब कतरे मेला क्षेत्र में सक्रियता बनाए हुए हैं। बुधवार को देर रात नवरात्र के प्रथम दिन चोरों ने वर्दीधारी की बाइक पार कर दिया। जिसकी जानकारी होते ही वर्दीधारी पुलिसकर्मी जवान देर रात तक परेशान देखा गया। जानकारी के अनुसार मऊ जनपद से मेला ड्यूटी पर आए पुलिसकर्मी श्रीप्रकाश सिंह विंध्याचल रोडवेज डिपो परिसर में अपनी बाइक हीरो होंडा स्प्लेंडर खड़ी कर ड्यूटी कर रहे थे। रात्रि में तकरीबन 11:30 बजे ड्यूटी से निवृत्त होकर जब वह अपने बाईक के पास पहुंचे थे तो बाइक गायब देखकर उनके होश उड़ गए। काफी देर तक वह बाईक की खोजबीन में भटकते हुए नजर आए। बाईक की चाबी उनके जेब में पड़ा हुआ था और बाइक का लॉक तोड़कर चोर उसे पार कर ले गए थे।

### नवरात्र में मां गंगा महाआरती का हुआ शुभारंभ

मीरजापुर। विन्ध्याचल स्थित माँ विंध्यवासिनी धाम पक्केघाट पर विन्ध्य विकास परिषद के तत्वावधान में अध्यक्ष जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के आदेशानुसार नवरात्र के प्रथम दिन माँ गंगा महाआरती का शुभारंभ भव्य रूप में किया गया। जो नवरात्र में प्रतिदिन चलेगा। जिसमें गंगाघाटों को सुंदर रोलेक्स, पन्नी, फूल माला व झालरों से घाटों को दुल्हन की तरह सजाया गया। पांच अर्चकों द्वारा माँ गंगा की महा आरती उतारी गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एआरओ जोनल मजिस्ट्रेट लक्ष्मण उपस्थित हुए। गंगा आरती में रिद्धि सिध्दि रूप में माताओं बहनों द्वारा 51 की संख्या में आरती की थाली लेकर माँ गंगा की आरती उतारी गईं। जिसमें मुख्य रूप से आरती प्रमुख रामानन्द तिवारी, जितेंद्र मिश्रा, प्रशांत उपाध्याय, साजन तिवारी धीरज तिवारी, गगन माली, आनन्द तिवारी बलवंत सिंह, दिनेश, विश्वनाथ, रितिक, राहुल, हिमांशु मिश्रा अन्य भक्त उपस्थित हुए।

### नवरात्रि तक किया जायेगा भण्डारे का आयोजन

**मीरजापुर।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल में डैफोडिल्स, अमेरा व द रिट्रीट के सौजन्य से निःशुल्क प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अमरदीप सिंह व अपराजिता सिंह ने बताया कि नवरात्रि के अवसर पर माँ के दर्शन के लिए दूर दूर से दर्शनार्थी आते हैं। जिनकी सुविधाओं के लिए यह प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। साथ ही यह भी बताया कि ऐसे पुनीत कार्य प्रत्येक लोगों को करना चाहिए जिससे दूर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो सके।

### मां दुर्गा के चरणों में टेका मत्था

**चुनार।** चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन दिन गुरुवार को हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने नारियल चुनरी अढ़ौल का माला आदि प्रसाद लेकर मां दुर्गा, मां दक्षिणेश्वर काली के दरबार में मत्था टेक भोग लगा कर आशीर्वाद लिया। मंदिर के पुजारी पंडित दिनेश उपाध्याय, आनंद उपाध्याय, आदि ने श्रद्धालुओं को बारी बारी से दर्शन पूजन कराए। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा काली अपने प्रत्येक भक्तों की मुरादें पूरी करती है। वहीं सीखड़ में मां विंध्यवासिनी स्वरूप मैया देवी का सैकड़ों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने दर्शन मां का दर्शन किए।

### हिंदू नववर्ष पर भगवान श्रीराम जन्मोत्सव की निकाली गई शोभा यात्रा

**चुनार।** नगर के दुर्गा जी मोड़ से गुरुवार को हिंदू नववर्ष एवं भगवान श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ इंजीनियर राज बहादुर सिंह प्रबंधक राजदीप महाविद्यालय कैलहट ने झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त शोभा यात्रा सौरभ सिंह नगर अध्यक्ष बजरंगदल चुनार के नेतृत्व में हजारों की संख्या में विश्वहिंदू परिषद बजरंग दल भाजपा कार्यकर्ताओं सहित अन्य श्रीराम भक्तों ने तिरंगे के साथ भगवा ध्वज लहराते हुए डीजे पर जय श्रीराम के धुन पर थिरकते हुए लाठी एवं तलवार भांजते चल रहे थे। भगवान श्रीराम के भक्तों की संख्या बढ़ता गया। चुनार नगर पहुंचने पर उक्त शोभा यात्रा एक विशाल रूप धारण कर लिया। दुर्गा जी मोड़ से चुनार नगर तक भगवा रंग ही दिखाई दे रहा था। समूचा चुनार नगर भगवा मय हो गया। इस दौरान बचाऊ लाल सेठ, विजय बहादुर सिंह, विजय वर्मा, जगदीश गुप्ता, चंद्रहास गुप्ता, अभिलाष राय, राम आसरे यादव, अजय शेखर पांडेय, अखिलेश मिश्र बच्ची, पंकज सोनी, आशीष, पवन, अंशु, राहुल, चेतनरायन मौर्या, भोला मौर्या, रंजित मौर्या, सूरज सिंह, कमलेश यादव, महेश वर्मा, गोलू साहनी, काजू गुप्ता, रिंकू चौधरी सहित हजारों की संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच विंध्य महोत्सव का हुआ भव्य-दिव्य आगाज

**मीरजापुर।** विंध्याचल स्थित रोडवेज परिसर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित विंध्य महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यकर्मों को देखने के लिए लोगों के न केवल भीड़ उमड़ रही है बल्कि नवरात्र के प्रथम दिन से ही देश के कोने-कोने से नामचीन कलाकारों का कार्यक्रम में भाग लेने का क्रम जारी है। इसी क्रम में पद्मश्री मालिनी अवस्थी पट खोलो रे..... आई मां भगवती तोरे द्वारे भवानी पट खोलो रे कि सुंदर प्रस्तुति कर लोगों को हर्षित कर दिया। पद्मश्री एवं पद्म विभूषण छन्नूलाल की पुत्री प्रोफेसर नम्रता मिश्रा ने अपनी पूरी टीम के साथ दक्षिण भारती गणेश वंदना प्रस्तुत कर लोगों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए लल्लू तिवारी कार्यक्रम में भाग ले रहे कलाकारों का परिचय कराते हुए कार्यक्रम का सफल संचालन किया। विंध्य महोत्सव कार्यक्रम स्थल पर मां दुर्गा के नौ रूपों का आकर्षक झांकी लोगों के लिए श्रद्धा के साथ-साथ आकर्षण का केंद्र भी रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रकाश शुक्ला, अपर जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय इत्यादि प्रमुख ने कलाकारों का माल्यार्पण कर मां विंध्यवासिनी की प्रतिमा एवं चुनरी प्रदान कर उनका सम्मान किया।


पद्मश्री मालिनी अवस्थी को सम्मानित करतीं डीएम

# वर्चस्व की जंग को लेकर बीएचयू में भिड़े दो गुट

## रात में हुई पत्थरबाजी से छात्र की हालत हुई नाजुक

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली क्षेत्र के बरकछा बीएचयू साउथ कैम्पस में बुधवार की रात्रि में शिवालिक छात्रावास में बीवोक व बीकॉम के छात्रों के बीच में वर्चस्व की जंग को लेकर छात्र गुटों में मारपीट हो गई। घटना के बाद विंध्याचल छात्रावास के छात्र भी पहुंच गए, जहां जमकर पत्थरबाजी हुई।

> बीएचयू में मारपीट की सूचना के बाद पुलिस बल भेजा गया था। पूरे मामले में गहराई से जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर जांच कराने के बाद मुकदमा दर्ज कराकर आरोपियों पर कार्यवाई की जाएगी।
>
> **शैलेन्द्र त्रिपाठी, सीओ सदर**

इस घटना में बीकॉम सेकेंड ईयर का छात्र पवन सिंह चौहान उम्र 20 वर्ष गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे बीएचयू के सुरक्षाकर्मियों ने छात्र को बाहर निकाला, जहां इलाज के लिए मंडलीय अस्पताल ले जाया गया।

छात्र के सिर में गंभीर चोट देखते हुए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। धरने पर बैठे छात्र आदित्य आर्या ने कहा कि बीवोक के छात्र नशे में हॉस्टल में तांडव करते है। रात में भी ऐसा ही किया। हम लोग विरोध करते है तो मारपीट की जाती है। ऐसे में हम लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा।

छात्र प्रिंस रस्तोगी ने कहा कि बीएचयू प्रशासन बीवोक के छात्रों को संरक्षण देता है। बीकॉम के छात्रों के साथ भेदभाव किया जाता है। वो लोग मारपीट भी करते है तो हम लोगों को ही प्रशासन धमकाती है।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित 02 शातिर आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना अहरौरा पुलिस बल को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 05 मार्च 2023 को थाना अहरौरा पर पंजीकृत धारा 3(1)उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप(निवारण)अधिनियम में बड़ी कार्यवाही करते हुए गुरूवार को प्र0नि0थाना अहरौरा कुमुद शेखर सिंह मय पुलिस बल द्वारा थाना अहरौरा क्षेत्र से गैंगेस्टर एक्ट के वांछित 02 आरोपियों अतुल कुमार पुत्र जयराम निवासी सिरसिया मिश्र थाना खामपार देवरिया, धर्मवीर प्रसाद पुत्र नन्दलाल प्रसाद निवासी भठवां तिवारी थाना खामपार देवरिया को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपियों का एक सुसंगठित गैंग है जिसका गैंग लीडर अभियुक्त अतुल कुमार उपरोक्त है तथा धर्मवीर प्रसाद सदस्य हैं जो मिलकर मादक पदार्थों की तस्करी करने का काम करते है।

# विश्व टीबी दिवस पर किया जायेगा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**अभियान**

## जिला क्षय रोग अधिकारी ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

**मीरजापुर।** विश्व टीवी दिवस के अवसर पर 24 मार्च को जिले में टीवी रोगियों और टीवी रोग से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा रैली आयोजन के साथ साथ सेमिनार और जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।

जानकारी देते हुए जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर यू एन सिंह ने बताया कि 24 मार्च को पूरे विश्व में टीवी दिवस मनाया जात है। जिले में भी टीबी रोग से संबंधित जानकारी और लोगों को जागरूक करने के लिए रैली समेत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी डा यू एन सिंह ने पत्रकार वार्ता के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष टीवी से बहुत लोगों की मौत हो जाती है। भारत के प्रधानमंत्री का सपना है कि 2025 तक टीबी रोग से देश को मुक्ति मिले इसके लिए व्यापक रूप से प्रचार एवं प्रसार किया जा रहा है। शुक्रवार को विश्व टीबी दिवस के अवसर पर जिले में भी कई कार्यक्रमों का आयोजन कर जिले की जनता को टीबी रोग से संबंधित जानकारी दी जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि जिले में कुल 2743 टीवी रोगी हैं जिन्हें जिनका उपचार विभाग की देखरेख में किया जा रहा है। वही 1561 टीवी रोगियों को विभाग की सक्रियता के चलते स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा गोद भी लिया गया है। डा यू एन सिंह ने बताया कि टीबी रोग जानलेवा है, समय पर उपचार अगर मिल जाए तो यह लोगों का नुकसान नहीं करता। साथ ही टीबी रोगी को बिना किसी संकोच के उपचार कराना चाहिए। प्रेस वार्ता के दौरान डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव समेंत सभी स्टाफ मौजूद रहे।



पत्रकारों को संबोधित करते डा. यूएन सिंह

# आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने को करें रात्रि गश्त : एएसपी नक्सल

**निर्देश**

## एएसपी ने थाना व गड़बड़ा धाम का किया निरीक्षण दिया निर्देश

**हलिया।** एडीशनल एसपी नक्सल ओपी सिंह ने गुरुवार दोपहर हलिया थाना व गड़बड़ा धाम मेला का औचक निरीक्षण कर थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह को कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। एडीशनल एसपी ने थाना परिसर का भ्रमण करते हुए कार्यालय, हवालात, कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण किया। एडीशनल एसपी ने अपराध रजिस्ट्रर, महिला अपराध रजिस्ट्रर जनशिकायत रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया। एडिशनल एसपी ने लंबित व भूमि व महिला अपराध संबंधी संवेदनशील मामलों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश थानाध्यक्ष को दिया। फरियादियों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने व अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु रात्रिगश्त में तेजी लाने का निर्देश दिया। एडिशनल एसपी ने मौजूद एस आई और पुलिसकर्मियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के लिए कहा। एडिशनल एसपी ने बताया कि हलिया थाना का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया है। अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। एडीशनल एसपी इसके बाद गड़बड़ा धाम पहुंचकर मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और नवरात्र मेले को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। एडिशनल एसपी ने मां शीतला का दर्शन पूजन कर नवरात्रि मेला सकुशल संपन्न होने की कामना की। एडिशनल एसपी ने मेला क्षेत्र में तैनात पुलिसकर्मियों को मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने व चोर उचक्कों तथा अराजकतत्वों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। महिला दर्शनार्थियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में पर्याप्त संख्या में महिला आरक्षियों को तैनात करने का निर्देश थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह को दिया। इस दौरान एस एस आई सुभाषचन्द्र यादव, चौकी प्रभारी मतवार रविप्रकाश एस आई विजय यादव आदि मौजूद रहे।


हलिया थाने का निरीक्षण करते एएसपी नक्सल

### दहेज हत्या के आरोप में अभियुक्ता गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना जिगना मीरजापुर पर 17 सितम्बर 2022 को वादी फूलचन्द्र सोनकर पुत्र डंगर सोनकर निवासी विजयपुर थाना विन्ध्याचल मीरजापुर द्वारा नामजद के विरूद्ध बावत की पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करने व जान से मार देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना जिगना पर धारा 498ए, 304बी भादवि व 3/ 4 डीपी एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपरोक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में घटना से सम्बन्धित आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक जिगना को निर्देश दिये गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में गुरूवार को प्र0नि0थाना जिगना अरविन्द कुमार पाण्डेय मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना जिगना क्षेत्र से नामजद अभियुक्ता लालती देवी(मृतका की सास) पत्नी नन्दा निवासिनी भौरुपुर थाना जिगना मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्ता के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

# कमरे में बंद भालू को ले गई कानपुर की टीम

## मौके पर भालू देखने उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**जनसंदेश न्यूज**

**जिगना।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बघेड़ा कला गांव में मकान में घुसे भालू को रेस्क्यू कर पिंजड़े में बंद कर लिया गया। कई लोगों को घायल करने के बाद भालू बघेड़ा कला गांव में एक मकान में घुस गया था। गुरुवार को कानपुर से आई डाक्टरों की टीम ने दो बजकर नौ मिनट पर बेहोशी का इंजेक्शन फायर कर भालू को बेहोश कर दिया। बेहोशी हालत में उसे पिजड़े में बंद कर लिया गया। वन क्षेत्राधिकारी लालगंज के कार्यालय ले जाया गया। उसे लालगंज स्थित वन विभाग के कार्यालय ले जाया गया। भालू देखने के लिए आसपास के गांवों से भारी भीड़ पहुंची। डीएफओ अरविंद राज मिश्रा ने बताया कि ग्रामीणों के हमले में भालू घायल हो गया है। पहले उसका दवा इलाज करना होगा। उसे कहां और किस जंगल में छोड़ना होगा यह अभी निश्चित नहीं हो पाया है। अधिकारियों के निर्देश पर उसे छोड़ा जाएगा। वन क्षेत्राधिकारी लालगंज के के सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंचे वनकर्मियों ने किसी तरह से ग्रामीणों के हमले से उसे बचाया। वन क्षेत्राधिकारी चुनार एस पी ओझा वन दरोगा यादवेन्द्र आर पी कुशवाहा जिगना थाना प्रभारी अरविंद पांडेय मौके पर डटे रहे।


भालू को देखने को उमड़े ग्रामीण

## संक्षेप

### प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रमुख ने किया शुभारंभ



**मीरजापुर।** जनपद के आईटीआई कालेज में विश्वकर्मा श्रम योजना के अंतर्गत छः दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोन ब्लाक प्रमुख मीनाक्षी सिंह, व विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी अनिल कुमार सिंह उपस्थित रहे। अपने सम्बोधन में ब्लॉक प्रमुख ने कहा प्रशिक्षण में नाई, बढ़ई, कुम्हार, दर्जी व लोहार का प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई है जिसमें सब बढ़ चढ़कर प्रशिक्षण के लिए भाग ले सकते है जिससे लोगों को इस रोजगार के तहत परिवार के लोगों के लिए जीविकोपार्जन हेतु एक मजबूत साधन मिल सकेगा। कार्यक्रम का आयोजन उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र अशोक कुमार, प्रभारी प्रधानचार्य उमाशंकर सिंह, रेशमा आरा, अनिल कुमार वर्मा के द्वारा किया गया।

### हम सब की धार्मिक धरोहर हैं मां गंगा : अरविन्द कुमार द्विवेदी



**मीरजापुर।** नमामि गंगे योजनान्तर्गत मैराथन दौड़ का आयोजन ग्राम पंचायत चौहान पट्टी में ग्राम प्रधान अरविन्द कुमार द्विवेदी द्वारा किया गया। नमामि गंगे योजनान्तर्गत मैराथन दौड़ के साथ गंगा जी की आरती एवं पुरस्कार वितरण किया। यह जानकारी देते हुए प्रधान अरविंद कुमार द्विवेदी ने बताया कि यह कार्यक्रम कई दिनों से चल रहा है। इसके पहले गंगा सफाई अभियान, गंगा को स्वच्छ रखने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया था। ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए बुधवार की शाम मशाल जुलूस का भी आयोजन किया गया था। मौके पर मौजूद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान ने कहा कि मां गंगा हम सब की धार्मिक धरोहर हैं। इन्हें स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है और हम सभी को गंगा स्वच्छता में आगे आना चाहिए। इस दौरान प्रधान अरविन्द कुमार द्विवेदी साथ सचिव आलोक कुमार श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

### पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ 25 हजार का इनामियां बदमाश



**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मेवड़ी गांव में स्थित बाणसागर नहर पुलिया के पास विगत रात हुए मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से 25 हजार का इनामी बदमाश घायल हो गया। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बदमाश के पास से एक तमंचा जिंदा कारतूस और खोखा बरामद किया गया है। लालगंज थाना की मेवाड़ी गांव के सामने बाणसागर पुलिया के पास पिकअप लेकर जा रहे बदमाश को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो बदमाश ने अपने तमंचा से फायर कर दिया। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए घेराबंदी कर पिकअप में बैठे बदमाश को निशाने पर लिया तो इसमें बदमाश घायल हो गया। सोनभद्र जिले के करमा थाना अंतर्गत बहरा गांव का निवासी 27 वर्षीय रहमान बस तस्करी का काम करता है। जिसकी पुलिस को काफी दिनों से तलाश थी। पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। पुलिस टीम में थाना प्रभारी ज्ञानू पिया एसओजी टीम के प्रभारी माधव सिंह स्वाट टीम प्रभारी राजेश चौबे पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### अंतिम संस्कार में शामिल होने आया बालक गंगा में समाया

**कछवां।** स्थानीय थाना क्षेत्र में स्थित बरैनी गंगा घाट पर बुधवार की शाम अंतिम संस्कार के पश्चात गंगा स्नान के दौरान एक सत्रह वर्षीय बालक गंगा में डूब गया। वाराणसी के राजातालाब थाना अंतर्गत पनियारा गांव निवासी निगम कुमार पुत्र राजेश कुमार उम्र 17 वर्ष बुधवार की दोपहर अपने जीजा की माता के अंतिम संस्कार में बरैनी घाट आया हुआ था। अंतिम संस्कार के बाद गंगा में स्नान करने लगा। इस दौरान गहरे पानी में चला गया। और चिल्लाने लगा यह देख मौजूद लोग मूक दर्शक बने रहे और वे लोग भी चिल्लाने लगे लेकिन किसी की हिम्मत नहीं जुटी। वहीं अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद लोगों में किसी को भी तैरना नहीं आता था। शोरगुल की आवाज सुनकर गंगा में मछली मार रहे नाविकों ने तत्काल गंगा में गोता लगाकर खोजबीन किया। लेकिन सफलता हासिल नहीं हुई तो पुलिस को सूचना दिया गया। जिसकी सूचना पर थाना प्रभारी रामस्वरूप वर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और तत्काल स्थानीय गोताखोरों का मदद लिया लेकिन असफल रहे। वहीं दूसरे दिन गुरुवार की सुबह पहुंची एसडीआरएफ की टीम भी बालक की तलाश में जुटी रही लेकिन खबर लिखे जाने तक डूबे बालक का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया।

### पशु आरोग्य मेले का किया गया आयोजन

**राजगढ़।** विकास खंड राजगढ़ के ग्राम पंचायत खोराडीह अन्तर्गत चंदनपुर बस्ती में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिवर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर का उदघाटन ग्राम प्रधान महेश प्रसाद द्वारा गौ पूजन से किया गया। मेले में कुल 250 बड़े पशु और 850 भेड़ बकरियों का रजिस्ट्रेशन हुआ। शिविर में 150 गाय और 68 भैंस का इलाज किया गया। वहीं 25 पशुओं के बांझपन का इलाज, 4 पशुओं का बधियाकरण 2 भैंस 1 गाय का कृत्रिम गभार्धान किया गया। डा0 आलोक पाण्डेय द्वारा पशुओं में होने वाली बीमारी से बचाव व टीकाकारण की जानकारी दी गई। तथा पशु चिकित्साधिकारी डा एम एम अली द्वारा पशुपालन घटक से के सी सी फार्म के बारे में जानकारी दी गई। मेले में पशु मित्र शिव कुमार, संदीप कुमार,जय कुमार, रोजित अंसारी व दर्जनों पशुपालक मौजूद रहे।

### छेड़खानी व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना राजगढ़ मीरजापुर पर 18 मार्च 2023 को थाना राजगढ़ क्षेत्रान्तर्गत निवासिनी एक व्यक्ति द्वारा नामजद अभियुक्त(दामाद) के विरुद्ध वादी की नाबालिग नातिन के साथ छेड़खानी करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना राजगढ़ पर अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना राजगढ़ पर पंजीकृत धारा 376,354क भा.द.वि. व 5/6 पाक्सो एक्ट में विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए गुरूवार को प्र0नि0थाना राजगढ़ राणा प्रताप यादव मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना राजगढ़ क्षेत्र से नामजद आरोपी नुरूद्दीन पुत्र बफ्तअली थाना राजगढ़ मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से चालक की मौत

**चील्ह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चील्ह चौराहा पर वृहस्पतिवार की शाम अपने ही ट्रैक्टर की चपेट में आने से चालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पवन सिंह 35 पुत्र भोला सिंह निवासी बंजारी थाना गोपीगंज जिगना क्षेत्र से गंगा बालू लादकर गोपीगंज की तरफ ट्रैक्टर जा रहा था कि बालू लदा ट्रैक्टर जैसे ही चील्ह चौराहा स्थित पाषाण विभाग की चुंगी के पास पहुंचा था कि ट्रैक्टर डिवाइडर से टकरा गया जिससे ड्राइवर नीचे गिर गया और अपने ही ट्रैक्टर से कुचल कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद लोगों की भारी भीड़ लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से ड्राइवर को बाहर निकाल कर एंबुलेंस बुलाकर जिला अस्पताल भेजवाया। जहां देखते ही डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पवन सिंह चार भाइयों में चौथे नंबर का भाई था।

### भारतीय टीम में खेलेंगे जिले के चार खिलाड़ी

कछवां। क्षेत्र के दिव्य शक्ति व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के चार व्हीलचेयर क्रिकेट खिलाड़ियों का इंटरनेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप 2023 में चयन हुआ। वहीं आगामी 24 मार्च से 28 मार्च तक गुजरात में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप 2023 के लिए मां वैष्णवी फाउंडेशन कछवां द्वारा संचालित दिव्य शक्ति व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के चार खिलाड़ियों में बसंत लाल बिंद निवासी भटौली, आशीष कुमार यादव निवासी तिवारीपुर, अमित कुमार व सलमान निवासी नगर पंचायत कछवां जोकि भारतीय टीम की ओर से चयनित होने पर जिला समेत क्षेत्र का मान और सम्मान बढ़ाया। इस दौरान मां वैष्णवी फाउंडेशन के प्रबंधक राजबली बिंद ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया और क्रिकेट में तन मन से खेल कर अपने क्षेत्र के साथ ही साथ जिले का नाम रोशन करने का अग्रिम शुभकामनाएं व बधाईयां भी दिया।

### निजी विद्यालय के संचालकों की बैठक सम्पन्न

लालगंज। लालगंज विकासखंड निजी विद्यालयों के संचालकों की बैठक एडब्लूएस स्कूल में गुरुवार को संपन्न हुई। बैठक में प्रवेश व यू डाइस में आ रही समस्याओं के बारे में चर्चा हुई। बैठक में जनचेतना इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य राजकुमार पटेल ने कहा प्रवेश में बच्चों की शिक्षा दीक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए और विद्यालय के वातावरण को शैक्षणिक गतिविधियों से संपन्न किया जाए। ब्रह्मर्षि देवराहा बाबा इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य श्यामधर मौर्य ने कहा कि किसी विद्यालय कोई दूसरे विद्यालय के बारे में सहयोग करने की जरूरत है और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। शासन के द्वारा बनाए गए निर्देश के अनुसार उम्र और शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। संचालक दिनेश कुमार मौर्य ने कहा कि संचालक एक दूसरे से संवाद बनाए रखें और प्रवेश संबंधी समस्याओं को वार्ता से दूर करें। बैठक में सुरेंद्र पांडे, राजेश श्रीवास्तव, काशी नरेश पांडेय,व बीवीएम स्कूल की सुफिया बेगम, उमाशंकर पांडे आदि शामिल हुए।

# श्रीराम और वनवासी विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**कार्यक्रम**

**पद्मविभूषण पं छन्नूलाल मिश्र की अध्यक्षता में होगा कार्यक्रम**

**एक घण्टे का होगा श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम, पद्मश्री अजिता श्रीवास्तव गाएंगी सोहर**

**सोनभद्र।** रामनवमी 30 मार्च के दिन राबर्टसगंज में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। संगोष्ठी में साहित्य संगीत और कला क्षेत्र की कई हस्तियां मौजूद रहेंगी। इस अवसर पर राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े रमेश व अम्बरीष की भी गरिमामय उपस्थिति होगी।

एक होटल परिसर में तीन सत्रों में निर्धारित संगोष्ठी का विषय सबहि प्रिय राम और श्रीराम और वनवासी रखा गया है। जन्मोत्सव कार्यक्रम को भए प्रगट कृपाला शीर्षक के अंतर्गत संपादित किया जाएगा। शहीद उद्यान ट्रस्ट और समाजसेवियों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के संयोजक भोलानाथ मिश्र और विजय शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि प्रथम सत्र में इंदिरा गांधी जनजाति विश्वविद्यालय, अमर कंटक के कुलपति प्रकाश मणि त्रिपाठी व काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश विद्वत सम्बोधन देंगे, उल्लेखनीय है कि श्री त्रिपाठी की पुस्तक मन मानस के राम पूरे देश में चर्चित हुई है। द्वितीय सत्र में उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग के चेयरमैन व काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति गिरीश चंद्र त्रिपाठी, विश्व प्रसिद्ध पुस्तक जह जह चरण पड़े रघुबर के लेखक और 28 देशों में राम कथा पर शोध कर चुके डा. राम अवतार शर्मा, वैश्विक स्तर पर रामलीला पर शोध कर चुके नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो राममोहन पाठक और जूना अखाड़ा के संत डा. योगानंद गिरी का विद्वत उदबोधन होगा। विजय शंकर चतुर्वेदी व राहुल श्रीवास्तव द्वारा अतिथियों का स्वागत और डॉ जितेंद्र कुमार सिंह संजय द्वारा विषय प्रवर्तन किया जाएगा।

दोपहर बारह बजे से आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में व्यास की गद्दी काशी सत्संग मंडल के अध्यक्ष पँ सूर्यलाल मिश्र संभालेंगे। पदमश्री अजिता श्रीवास्तव द्वारा सोहर गायन और प्रोफेसर नम्रता मिश्रा द्वारा बधाई गायन होगा।

इस अवसर पर आदिवासियों द्वारा करमा नृत्य, स्वस्ति वाचन, शंखनाद, नृत्य उत्सव के साथ प्रभु श्रीराम का धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया जाएगा। साहित्यकार अजय शेखर और किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य ओमप्रकाश त्रिपाठी संरक्षक की भूमिका निभाएंगे। सदर विधायक भूपेश चौबे व नगरपालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन विजय कुमार जैन स्वागत समिति के अध्यक्ष बनाये गए हैं।

## बोलेरो-बाइक की टक्कर में एक की मौत, एक घायल

**ओबरा।** जुगैल थाना क्षेत्र के टोला चकदहिया भरहरी मुख्य सड़क पर गुरुवार को बोलेरो और बाइक की टक्कर में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई।जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे इलाज के तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया।पुलिस क्षेत्राधिकारी ओबरा चारु द्विवेदी ने घटना के सम्बन्ध में बताया कि जुगैल थाना क्षेत्र के टोला चकदहिया भरहरी मुख्य सड़क पर बाइक सवार विशाल सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी दोरज थाना गढ़वा, सिंगरौली और संजय कुमार वशवर बाइक पर सवार होकर जा रहे थे।इस दौरान दोनों व्यक्ति की सामने से आ रही बोलेरो से टक्कर हो गई।टक्कर के दौरान बाइक सवार संजय कुमार वशवर की सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई और विशाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीँ घटना के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है।

## करमा थाना प्रभारी के खिलाफ प्रधानों ने किया प्रदर्शन



कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी करते प्रधान प्रतिनिधि

**सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट परिसर में कर्मा विकास खंड के दर्जनों ग्राम प्रधान व प्रतिनिधियों द्वारा कर्मा थाना प्रभारी निरीक्षक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला अधिकारी नामित ज्ञापन संबंधित बाबू को सौंपा आवाज बुलंद किया। ग्राम प्रधानों ने बताया कि ग्राम पंचायत टिकुलिया थाना कर्मा के बगल में एक खाका बोर ग्राम पंचायत का था जिसमें जिला अधिकारी के दिशा निर्देश पर कार्य कराया जा रहा था जिसमें थाना प्रभारी कर्मा देवेंद्र प्रताप सिंह यादव के द्वारा कार्य हो रहे जेसीबी से गड्ढा खोदा जा रहा था कार्य को बंद करा दिया गया और गड्ढे को ढकवा दिया गया। जेसीबी ड्राइवर को थाने में ले जाकर बंद कर दिया गया मौके पर मौजूद प्रधान प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता से अभद्र व्यवहार करते हुए वहां से भगा दिया गया। जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित कराते हुए भ्रष्ट व घूसखोर थाना प्रभारी को निलंबित करते हुए न्याय दिलाने की मांग किया। इस मौके पर महेंद्र सिंह चौहान, रामाज्ञा सिंह, अनिल कुमार यादव, राम अवतार, मंजू मौर्य, चांदनी, बानो निशा, अमरावती, अनीता, बसंत नारायण, आनंद सिंह, राजेंद्र सिंह, नीलम देवी आदि मौजूद रहे।

## एक वारंटी गिरफ्तार

**बीजपुर।** पुलिस ने गुरुवार को थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिरसोती के टोला कोडार से एक वारंटी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों और वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत वरिष्ठ उपनिरीक्षक बिनोद यादव मय टीम के साथ वारंटी भोला पुत्र रामहित बैगा कोडार को उसके घर से दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। वारंटी न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। न्यायालय द्वारा उसके विरुद्ध वारंट जारी था।

## दो वारंटी गिरफ्तार

**शक्तिनगर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध एवं वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्रधिकारी पिपरी के निर्देशन में उप निरीक्षक विष्णुदत्त राय, संतोष कुमार, विनय ने आबकारी अधिनियम में वारंटी राजन स्वीपर पुत्र रामकिशुन, प्रमोद स्वीपर पुत्र मल्लू स्वीपर दोनों निवासी काली मंदिर, बस स्टैंड शक्तिनगर को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# दूसरे दिन पूजी गयीं मां ब्रह्मचारिणी, जय माता दी का गूंजा उद्घोष

**वासंतिक नवरात्र**

**मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब, सुरक्षा व्यवस्था में चक्रमण करती रही पुलिस टीम**

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जिले में वासंतिक नवरात्र के दूसरे दिन गुरुवार को मां के ब्रम्हचारिणी स्वरूप की उपासना की गयी। इस दौरान देवी मंदिरों में भक्तों ने मत्था टेक माता को नारियल, चुनरी, फल, फूल चढ़ाकर मंगल जीवन की कामना की। जगह-जगह देवी मंदिरों में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने अपने मन की मुराद पूरी करने के लिए मां के चरणों में शीश नवाया।

नगर के प्राचीन मां शीतला मंदिर, सातो शीतला मंदिर, प्रकटेश्वरी भवानी मंदिर मुठेर, दक्षिणेश्वरी काली मंदिर समेत तमाम देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन के लिए लाइन लगाकर अपनी अपनी बारी का इंतजार किया। बाद भक्तों ने मां के चरणों में मत्था टेकर अपने मंगल जीवन की कामना किया। भक्तों को माता रानी के दर्शन में किसी तरह की समस्या न आने पाए, इसके लिए मंदिर कमेटी व पुलिस बल मुस्तैद रहा। मंदिरों के आस-पास बैरिकेटिंग किया गया था। मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से व्यक्ति के हर बिगड़े काम बन जाते हैं। ब्रह्मचारिणी दुष्टों को सन्मार्ग दिखाने वाली हैं, माता की भक्ति से व्यक्ति में तप की शक्ति, त्याग, सदाचार, संयम और वैराग्य जैसे गुणों में वृद्धि होती है। मान्यताओं के अनुसार, मां ब्रह्मचारिणी ने राजा हिमालय के घर जन्म लिया था। नारदजी की सलाह पर उन्होंने कठोर तप किया ताकि वे भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त कर सकें। यही वजह है कि उनका ब्रह्मचारिणी या तपश्चारिणी पड़ा, भगवान शिव की आराधना के दौरान माता ने 1,000 वर्ष तक केवल फल-फूल खाए तथा 100 वर्ष तक शाक खाकर जीवित रहीं। कठोर तप से उनका शरीर क्षीण हो गया। मां का तप देखकर सभी देवता, ऋषि-मुनि भी अत्यंत प्रभावित हुए। देवताओं ने मां को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आपकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होगी, भगवान शिव आपको पति स्वरूप में प्राप्त होंगे। इसी तरह रामगढ़ क्षेत्र में शीतला मंदिर और नौगढ़ स्थित अमरा भगवती धाम में नवरात्र के दूसरे दिन माता के दर्शन को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा रहा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा।



वैष्णो मंदिर में पिंडी दर्शन करते श्रद्धालु

### वैष्णो शक्तिपीठ धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

**डाला।** वैष्णो मंदिर में वासंतिक नवरात्रि के दूसरे दिन गुरुवार को मां दुर्गा की नवशक्ति स्वरूप ब्रह्मचारिणी का सैकड़ों भक्तों ने कतारबद्ध होकर दर्शन पूजन किया। श्रद्धालुओं के हाथ में नारियल, चुनरी,पुष्प,माला मां को अर्पित करने के लिए सजा रहा। भक्त आदिशक्ति का दर्शन पूजन वंदन करते हुए मन्नतें पूरी करने की आस के साथ बाहर निकलते रहे। माता का दरबार लाल चुनरी व पुष्प से सजावट की गई है। भोर में मंगला आरती के बाद मंदिर का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया, सुबह के दौरान दर्शनार्थियों की तादात बहुत कम थी, लेकिन दोपहर बाद श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई देने लगी। माता के जयकारे और या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तयै नमो नमः का जाप करते रहे। मंदिर में दर्शन करने आए सभी श्रद्धालुओं को हलुवे चने का प्रसाद निरंतर बितरण होता रहा।

# मेधावी छात्र-छात्राओं ने सुनहरे सपनों को किया साकार

## एसएचपीएस चुर्क व घोरावल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित, टापरों को किया गया सम्मानित

जनसंदेश न्यूज



सम्मानित छात्रों के साथ प्रबंधक व शिक्षक

**सोनभद्र।** स्वामी हरसेवानंद पब्लिक स्कूल चुर्क व घोरावल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित कर दिया गया। बुधवार को परीक्षाफल वितरित किया गया। इस दौरान टापरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वर्ष भर की कड़ी मेहनत के बाद जब छात्रों ने अपना परीक्षाफल पाया तो खुशी से झूम उठे। अभिभावक भी उत्साहित थे।

चुर्क शाखा में प्रीनर्सरी में दिशा जायसवाल, एलकेजी में आरोही तिवारी, यूकेजी में रणवीर वर्मा, कक्षा एक में अंशिका, दो में आदर्श चंद्रवंशी, तीन में आर्यन राज, चार में अदिति गुप्ता, पांच में कार्तिक सिंह, छः में इशा गुप्ता, सात में आयुषी चौबे, आठ में अनीशा सिंह, नौ में अश्विन सिंह तथा 11वीं विज्ञान वर्ग गणित में दिशा गुप्ता, जीव विज्ञान में अनन्या शुक्ला व वाणिज्य वर्ग में हर्षित द्विवेदी ने प्रथम स्थान हासिल किया। उधर घोरावल शाखा में सिद्धी सिंह, लकी सिंह, अंश गुप्ता, आराध्या चौबे, आयुष शुक्ला, दिव्या, आकांक्षा, इंद्रेश कुमार, जान्हवी सिंह, नाइस सिंह व अनन्या गुप्ता प्रथम स्थान पर रहे। विद्यालय की दोनों शाखाओं के सत्र 2022-23 का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस दौरान विद्यालय के सचिव व प्रबंधक बाबा प्रकाशध्यानानंद ने बच्चों को उनकी सफलता की बधाई देते हुए बताया कि सच्ची शिक्षा के दो लक्ष्य है एक बुद्धिमत्ता व दूसरा चरित्र। अंत में प्रबंधक ने सभी कक्षाओं के टापरों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य एके वर्मा ने कहा कि आधुनिक शिक्षक का काम जंगलों का काटना नहीं बल्कि रेगिस्तान को सिचना है। मनोज राय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर घोरावल शाखा के प्रधानाचार्य नीरज श्रीवास्तव, पीके शुक्ला, अंजना पांडेय, अरविंद कुमार, आलोक तिवारी, चंचला मिश्रा, गीता अग्रवाल, शशि, रविंद्र यादव, मोतीलाल गुप्ता, सूर्यमणि सिंह, सुरेंद्र यादव, कविता चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से मना ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव

**डाला।** ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल का 12वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूवात सरस्वती बंदना से की गयी। कार्यक्रम में स्कूली दो सौ बच्चों को समाजसेवी मंगल जायसवाल द्वारा टिफीन वितरण किया गया। वार्षिकोत्सव में दो दर्जन सांस्कृतिक प्रोग्राम हुए, जिसमें प्रमुख रुप से कोरोना विक्ट्री व मोबाइल इफेक्ट को लोगों ने सराहा। मुख्य अतिथि श्री जायसवाल ने बताया कि बच्चों को शिक्षित करना उनका भविष्य बनाना विद्यालय का कार्य होता है। समर्पण और निष्ठा तथा अनुशासन मुझे इस विद्यालय में देखने को मिला। विशिष्ट अतिथि धीरेन्द्र प्रताप सिंह सोनू व अंशु पटेल ने संयुक्त रूप से कहा कि विद्यालय की जिम्मेदारी है बच्चों का भविष्य बनाना। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की संस्थापिका सोनी सिन्हा व संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक सिन्हा ने किया। इस दौरान शाहनवाज खान, सुभाष पाल, रीता चौधरी, सबीना, शबाना,गीता शर्मा, प्रिति तिवारी समेत सैकडों छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# दूसरों को खतरे में डालना है टीबी का मर्ज छिपाना

## प्रभारी सीएमओ ने आमजन को किया जागरूक



जानकारी देते चिकित्सक

**सोनभद्र।** टीबी को छिपाना या इससें लापरवाही करना खुद के साथ पूरे परिवार के लोगों को खतरे में डाल सकता है। स्वजनों के साथ आसपास के ऐसे लोग जो आप के संपर्क में रहते हैं वह भी प्रभावित हो जाएंगे। इसका इलाज पूरी तरह से निःशुल्क है। जो जनपद के 11 स्वास्थ्य केंद्रों व 27 माइक्रो स्कोपी सेंटर पर किया जा रहा है। टीबी का इलाज शुरू करने के बाद इसे बीच में बंद नहीं करना है। ऐसा करने पर मरीज पर दवा का असर कम हो जाता है। इस स्थिति में मरीज को लंबे इलाज की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।

प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आर.जी. यादव ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि वर्ष 2025 तक जनपद समेत देश को टीबी रोग से मुफ्त करने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसके सकारात्मक परिणाम भी दिखाई दे रहे हैं, लेकिन लापरवाही न सिर्फ घर परिवार बल्कि अभियान के लिए भी ठीक नहीं है। टीबी एक संक्रमित बीमारी है, जो छीकने व खांसने से फैल सकती है। अगर किसी को भी टीबी के लक्षण हो तो तुरंत जांच करवा कर इलाज शुरू कर दें। सरकारी अस्पतालों में जांच व इलाज की व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध है। कहा कि जनपद में पूर्व की तुलना में टीबी मरीजों का ग्राफ कम हुआ है, बावजूद इसको कम से कम करने के लिए आमजन में जागरूकता जरूरी है। यह तभी संभव होगा जब आमजन इसको लेकर गंभीर होंगे। जनपद के खनन व आदिवासी क्षेत्र में ऐसे मरीजों की संख्या अधिक है। यहां पर स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार जमीनी स्तर पर काम कर रही है।

## संक्षेप

### सपाजनों ने मनायी राम मनोहर लोहिया की जयंती




**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर गुरुवार को डा. राम मनोहर लोहिया की जयंती मनाई गई। इस दौरान डा. राम मनोहर लोहिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि सभा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी मिठाई लाल भारती ने कहा कि डा राम मनोहर लोहिया एक ऐसे वक्ता थे, जो हमेशा गरीबों, मजदूरों, नौजवानों, किसानों की लड़ाई लड़ने का काम किया करते थे। लोहिया के रास्ते पर चलते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मजदूरों आदिवासियों, नौजवानों, किसानों की लड़ाई लड़ने का काम कर रहे हैं। विजय यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा डा. राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों पर चलने का काम करती है। इस मौके पर जितेंद्र भारती, राम निहोर यादव, अशोक पटेल, अनिल प्रधान, कृपाशंकर चौहान, संजय यादव, मोहम्मद शईद कुरैशी, तेज बहादुर यादव आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम



**ओबरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गुरुवार को गांधी मैदान में वर्ष प्रतिपदा का कार्यक्रम संघ परंपरा के साथ मनाया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से संघ के स्वयंसेवक अपने संस्थापक और प्रथम सर संघचालक डॉक्टर हेडगेवार को आद्य सर संघचालक प्रणाम किया गया। तत्पश्चात भगवा ध्वज का आरोहण और ध्वज प्रणाम किया गया। जिला सह संघ चालक प्रमोद त्रिपाठी ने बताया कि आज का दिन कई कारणों से महत्वपूर्ण होता है। ऐसा माना जाता है कि आज के ही दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम सर संघचालक और संस्थापक डा हेडगेवार का जन्म भी आज ही के दिन हुआ था। उन्होंने बताया कि हमारी ज्योतिषय गणना, हमारे हिंदी महीने और उनकी वैज्ञानिकता पर प्रकाश डालकर विश्व के हर किसी कैलेंडर से श्रेष्ठ बताया। संघ की स्थापना के संबंध में बताया जब अपना देश स्वाधीनता की लड़ाई में सफल होने की ओर अग्रसर था, तभी डॉ साहब के मन में विचार आता था कि भविष्य में हम स्वाधीन हो भी गए तो क्या इस स्वतंत्रता को सुरक्षित रख पाएंगे। संचालन सह नगर कार्यवाह यश ने किया। मुख्य शिक्षक नगर सह शारीरिक प्रमुख सर्वजीत और प्रार्थना बहादुर आचार्य ने कराया। कार्यक्रम में नगर प्रचारक पुनीत, रवींद्र खरवार, मृदुल, दीपेश दीक्षित उपस्थित रहे।

### हिन्दू नववर्ष पर जलाए गए 11 सौ दीप

**डाला।** वासंतिक नवरात्रि की प्रतिपदा के सांध्य काल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा बुधवार की देर सायंकाल रामलीला मैदान में ग्यारह सौ दीप जलाकर नूतन वर्ष मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रेणुकूट रविन्द्र खरवार ने बताया कि सनातन धर्म व हिन्दू सभ्यता सबसे प्राचीन और समृद्ध है, चैत में ही वर्ष का आरंभ माना ऐता है, क्योंकि इस महीने में पेड़ पौधे, पत्ती हरा भरा हो जाते हैं, यह सनातन का नूतन वर्ष पूजा करके शुद्ध मन से मनाया जाता है। इस दौरान नगर कार्यवाही नीरज दूबे, गिरिश तिवारी, संजय पाण्डेय, मुन्ना पाण्डेय, जितेन्द्र राकेश पासवान, धीरेन्द्र प्रताप सिंह सोनू, रिशू जायसवाल, संतोष कुमार बबलू, सुभाष पाल, विकास जैन समेत सैकडों लोग मौजूद रहे।

### अलग-अलग मामलों में पांच पर केस दर्ज

**बीजपुर।** थाना क्षेत्र में अलग-अलग मामलों में बुद्धवार की देर सायं पांच आरोपियों के विरुद्ध पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाई में जुट गई। प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि वादी कमलेश साव पुत्र स्व प्रसाद साव नावा बाजार, पलामू झारखण्ड ने प्रतिवादी जीवीपीआर वाटर सप्लाई झीलो, बीजपुर, सरदार लाल मोहन सिंह पीडब्लूडी मोड़ शक्तिनगर व सुलभ प्रसाद पुत्र सुखदेव कुसमहा, म्योरपुर के यहां वाटर पाइप लाइन में कार्य किया था। भुगतान की मांग करने पर प्रतिवादियों द्वारा गाली, गलौज व जान से मारने की धमकी दी जाने लगी। उसने न्यायाल में प्रतिवादियों के विरुद्ध वाद दाखिल किया। न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के विरुद्ध संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गयी। वहीं दूसरा मामला बैंक आफ बड़ौदा ग्राहक सेवा केन्द्र बकरिहवा का है, ग्राहकों के पैसे का गबन कर अभिलेखों में हेरा फेरी का मामला उजागर होने पर बुद्धवार को ग्राहक सेवा केंद्र से जुड़े सुरेंद्र पांडेय पुत्र राजेश्वर पांडेय निवासी अंजानी ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी कौसर अब्बास पुत्र मंजीर हुसैन कुंडाडीह म्योरपुर व शकुंतला पत्नी जगनरायन लीला देवा के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस टीम ने कौसर अब्बास व शकुंतला देवी को धरतीडांड़ से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### बोलेरो और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक की मौत

**जुगैल।** स्थानीय थाना अंतर्गत चोपन से भरहरी जाने वाले मार्ग पर भरहरी से लगभग 3 किलोमीटर पहले ही प्राथमिक विद्यालय चकदहिया के पास गुरुवार की दोपहर चोपन की तरफ से मोटरसाइकिल सवार भरहरी की तरफ जा रहे थे कि अचानक सामने से आ रही बोलेरो में एकाएक टक्कर हो गई जिसके दौरान मोटरसाइकिल सवार एक की मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षण विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया की गुरुवार को टोला चकदहिया भरहरी मुख्य सड़क पर बाइक व बोलेरो के बीच आमने सामने टक्कर हो गई, जिसमे पल्सर बाइक सवार विशाल सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी दोरज थाना गढ़वा सिंगरौली एमपी को गंभीर चोटे आई जबकि दूसरा संजय वैश्वार(17) पुत्र मनीलाल वैश्वार की सिर में आई चोटों से मृत्यु हो गई। टक्कर मारने वाले बोलेरों चालक मौके से भाग निकला, बोलोरो को पुलिस ने कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई वही मृतक के घरवालों को सूचना दे दी गई है। घरवालों का रो रो कर बुरा हाल है।

### आपदा प्रभावित किसानों के साथ सरकार ने किया मजाक

**सोनभद्र।** बे मौसम बरसात और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मात्र 13 करोड़ की राशि राहत के लिए देना किसानों के साथ मजाक है। सरकार ने 33 प्रतिशत क्षति की शर्त लगाकर बहुत सारे किसानों को मुआवजा राशि से वंचित कर दिया है। अभी प्रदेश के महज 6 जिलों को ही आपदा राहत में शामिल किया गया है। सोनभद्र जैसे अति पिछड़े जिले को भी शामिल नहीं किया गया है। सोनभद्र में इस प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों की फसल ही नहीं नष्ट हुई है अपितु आदिवासियों के जीवन में आय का महत्वपूर्ण साधन महुआ आदि वन उपजों का भी भारी नुकसान हुआ है। सरकार ने आम जैसे फलों का नुकसान भी राहत में नहीं लाया है। ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस. आर. दारापुरी ने कहा कि सरकार को प्रदेश में आई इस प्राकृतिक आपदा में किसानों की तत्काल मदद करनी चाहिए। बिना किसी शर्त के उनके नुकसान हुए गेहूं, मटर, चना, सरसों, अरहर और वन उपज महुआ व आम जैसे फसलों का संपूर्ण मुआवजा देना चाहिए। उन्होंने इस आपदा में सरकार के कृषि मंत्री द्वारा बीमा कंपनियों के जरिए मुआवजा दिलाने की घोषणा पर भी चिंता जाहिर की, क्योंकि आमतौर पर बीमा कंपनियों द्वारा किसानों को मुआवजा नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों के मुआवजे को बीमा कंपनियों के ऊपर छोड़ने की जगह खुद जवाबदेही लेनी चाहिए।

# बेकार नहीं जायेगी देश के वीर सपूतों की कुर्बानी



शहीद राजगुरु की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते लोग



स्वर्ण जयंती चौक पर दीप जलाते लोग

**रामगढ़।** शहीद स्थल तियरा कला में शहीद आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का 92 वें शहादत दिवस गुरुवार को साम्प्रदायिकता विरोधी दिवस के रूप में मनाया गया। भाकपा जिला सचिव कामरेड आर के शर्मा, नंदलाल आर्या और पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव पवन कुमार सिंह, संदीप जायसवाल ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला सचिव आर के शर्मा ने कहा कि 23 मार्च को हमारे राष्ट्र के तीन नायकों भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को अंग्रेजों ने फांसी पर लटका दिया था। इसमें कोई संदेह नहीं है, उन्होंने हमारे राष्ट्र के कल्याण के लिए अपने जीवन का बलिदान किया है। वह भारत के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। शहीद भगत सिंह के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। पवन कुमार सिंह ने कहा कि भारत के सपूतों की कुर्बानी बेकार नहीं जाएगी। शहीदों ने अपनी जान की कुबार्नी देकर देश को आजादी दिलवाई। इसलिए हम सदैव उन अमर शहीदों के ऋणी रहेंगे। भारत माता के सच्चे सपूत, आजादी के अग्रदूत युवाओं के प्रेरणाश्रोत हैं। आजादी को अक्षुण बनाए रखना हमारा परम कर्तव्य है। नंदलाल आर्य ने कहा कि भारत देश में लोग जो स्वतंत्र रूप से रह रहे हैं, उस स्वतंत्रता के लिए कई क्रांतिकारियों ने अपने जीवन की शहादत दी है। शहीद दिवस उन वीरों को ही याद करने का एक अवसर है, उन वीरों के बारे में जानने का एक मौका है। भारतीयों का कर्तव्य है कि जिस उद्देश्य के लिए उन वीरों ने कुर्बानी दी, उस उद्देश्य को पूरा करें। यही उनकी शहादत को सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर अशोक कनौजिया, संदीप जायसवाल, अमरनाथ सूर्य, दिनेश्वर वर्मा, अभिनव आकाश, पुरुषोत्तम सिंह, भोला सिंह, रामप्रीत, लल्लन राम, सजीवन, हनुमान, छविनाथ सिंह, बंसी आदि उपस्थित रहे।

### शहादत दिवस पर शहीदों के नाम जलाया 551 दीप

**सोनभद्र।** शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की पुण्यतिथि पर शहीदे आजम भगत सिंह जन चेतना संस्था द्वारा इनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान 551 दीप जलाकर भावभीनी श्रद्धांजली दी गयी। इसके पूर्व संध्या पर आयोजित वीरांगना लक्ष्मी बाई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता व कैप्टन सुभाष चंद्र बोस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर उनका प्रोत्साहन किया गया। बालिकाओं में प्रथम पुरस्कार रागिनी, द्वितीय पुरस्कार श्रीजल, तृतीय पुरस्कार प्रियांशी व बालकों में प्रथम पुरस्कार शिवांग सिंह, द्वितीय पुरस्कार शुभम मौर्या व तृतीय पुरस्कार सैफ को दिया गया। इसके अलावा दस-दस सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। तत्पश्चात शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि दी गयी। इस मौके पर क्रांति सिंह, अभिषेक मिश्रा, योगेश पांडेय, पुष्पा सिंह, अनुपम त्रिपाठी, जय प्रकाश राय, बलराम सोनी, अनिल, अजीत जायसवाल, वकील अहमद, रवि मौर्या, राजाराम दुबे, वर्षा वर्मा, राजेश द्विवेदी, प्रशांत सिंह, गणेश पांडेय, क्रांति सिंह आदि रहे।

## दबंगों ने दी परियोजना सुरक्षागार्ड को धमकी

जनसंदेश न्यूज

**शक्तिनगर।** क्षेत्र के बीना चौकी अंतर्गत एनसीएल बीना परियोजना के आवासीय परिसर में परियोजना की भूमि पर एक दबंग द्वारा अवैध निर्माण कराया जा रहा है। कार्य रोकने गए सुरक्षा गार्ड को धमकी देने के आरोप में चौकी पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। एनसीएल बीना परियोजना के सुरक्षा कार्यालय के सुरक्षा गार्ड सुशील कुमार यादव ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि बीते 22 मार्च को कालोनी परिसर में भ्रमण पर था कि देखा शनि मंदिर के विपरीत साईड में परियोजना की भूमि पर अवैध निर्माण हो रहा है, जिसे तत्काल रोकवा कर कार्यालय चला आया। थोड़ी देर बाद अवैध निर्माण करा रहे कमलेश सिंह उर्फ पप्पू सिंह सुरक्षा बल कार्यालय आए और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी दिया कि दोबारा उधर गए तो ठीक नहीं होगा। ऐसे में सुरक्षा बलों में भय का माहौल है। जिसपर उसने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया। बीना चौकी प्रभारी शशिभूषण यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# जल संरक्षण में उल्लेखनीय प्रयासों के लिए हिण्डाल्को सम्मानित



पुरस्कार के साथ हिण्डालको के अधिकारी

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग अपने सामाजिक कार्यों के अंतर्गत दुद्धी तहसील में लम्बे समय से जल संरक्षण एवं इसके संचय के लिए कई परियोजनाओं का क्रियान्वयन करता आ रहा है। इसी संदर्भ में इण्डियन चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने हिण्डाल्को के जल संरक्षण एवं जल संचय के कार्यों को मान्यता प्रदान करते हुए आईसीसी सोशल इम्पैक्ट अवार्ड से सम्मानित किया।

बीते 16 मार्च को कोलकाता के होटल ताज बंगाल में आयोजित हुए पांचवे आईसीसी. सोशल इम्पैक्ट अवार्ड समारोह में हिण्डाल्को रेणुकूट को जल संचय वर्ग में विजेता घोषित किया गया। हिण्डाल्को का प्रतिनिधित्व करते हुए ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख अविजित ने पश्चिम बंगाल की उद्योगमंत्री शशि पांजा से ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र ग्रहण किया। उक्त सम्मान के लिए हिन्दुस्तान यूनिलीवर, भेल, वेदान्ता, जेपी.सीमेंट जैसी कई दिग्गज एवं नामी कम्पनियों ने प्रतिभाग किया था। हिण्डाल्को को मिले अवार्ड के लिए सीओओ.एन.नागेश एवं क्लस्टर एचआर. हेड जसबीर सिंह ने सभी कर्मचारियों और ग्रामीण विकास विभाग की टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान हिण्डाल्को द्वारा जनसमुदाय के हित के लिए किए जा रहे कार्यों को दी गई मान्यता है। कहा कि जल अमूल्य है और हमें प्रकृति का मिला वरदान है। आज हम इसका दुरुपयोग करेंगे तो आने वाले समय में हमें बूंद-बूंद के लिए तरसना पड़ सकता है। आने वाली पीढ़ी के लिए इसका संरक्षण व संचय करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।

# लोभ, लालच व डर से परे खुद को मजबूत बनाएं युवा



चंदौली में आयोजित जन समागम कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण।


जन समागम कार्यक्रम में उपस्थित भीड़।


जन समागम को संबोधित करते आयोजक अरविंद सिंह।


जन समागम कार्यक्रम के दौरान महापुरुषों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथिगण।


जन समागम कार्यक्रम को संबोधित करते मनोज सिंह डब्लू।

**जनसंदेश न्यूज**

**आयोजन**

**भगत सिंह ने सर्वोच्च बलिदान देकर देश के युवाओं को जगाया**

**कुंवर सुरेश बोले, बम और बंदूक के बल पर नहीं मिल सकती आजादी**

**चंदौली।** समाजवादी प्रणेता डा. राम मनोहर लोहिया की जयंती व भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु के शहादत दिवस चंदौली में समागम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाजवादी विचारधारा में आस्था रखने वाले लोग का कार्यक्रम में शरीक हुए और इन महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान व बलिदान की गाथा को मंच से रखा।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि देश की लड़ाई में भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव जैसे वीर क्रांतिकारियों का अहम योगदान रहा। इनकी शहादत ने युवाओं में क्रांति ला दी। वहीं डा. लोहिया समाज में समरसता के पैरोकार रहे। उन्होंने कभी भी सत्ता के लिए राजनीति नहीं की।

सैयदराजा के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि वर्तमान में राजनीतिक परिवेश बदला है। समय आ गया है कि लोगों को देश हित में सोचना होगा। इसके लिए भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु का सर्वोच्च बलिदान प्रेरणा का उत्तम व सशक्त स्त्रोत है। युवाओं को लोभ, लालच व भय से परे होकर सैद्धांतिक रूप से खुद को मजबूत बनाना होगा। सीपीआई के हीरालाल यादव ने कहा कि लोकतंत्र की फिहाजत के लिए हमेशा से कुबार्नी दी गई। लोकतंत्र को कुचलने का षड्यंत्र करने वाला तानाशाह डरपोक होता है। हिटलर व मुसोलिनी का जो हस्त्र हुआ उसे पूरे विश्व ने देखा। आज भी आंदोलन के दम पर देश को बचाया जा सकता है जरूरत है मजबूत इच्छा शक्ति की।

कुंवर सुरेश ने कहा कि भगत सिंह और गांधी के विचार बहुत हद तक मिलते थे। भगत सिंह ने कहा था कि बम और बंदूक के दम पर आजादी नहीं मिल सकती। वह देश के युवाओं को जगाना चाहते थे इसी प्रयास में उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। आज के परिवेश में भी निजी आकांक्षाओं को भुलना होगा। कहा कि नेताओं को भगवान शिव की तरह होना था। जैसे उनकी कोई आकांक्षा नहीं थी और वे बिना वस्त्र के पहाड़ों में निवास करते थे, लेकिन उन्हें हमेशा लोक हित का विष पीने का काम किया। फतेह बहादुर सिंह ने कहा कि चंदौली समाजवादियों की धरती रही है।

लोहिया का गहरा लगाव यहां से रहा है। देश की राजनीति में लोहिया नेता ही नहीं, बल्कि दार्शनिक भी थे। लोहिया के आदर्शों को आत्मसात किए बिना देश को ऊंचा नहीं उठाया जा सकता। कार्यक्रम संयोजक व पूर्व एमएलसी अरविंद सिंह ने कहा कि आज का हर युवा भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव है लेकिन उनको इन महापुरुषों व डा. लोहिया के विचारों को आत्मसात करना होगा। चंदौली की धरती के संपूणार्नंद, प्रभुनारायण सिंह के व्यक्तित्व पर उन्होंने विस्तार से प्रकाश डाला।

सरकार में कोई भी हो उसको देश व जनता के हित में सोचना होगा। कहा कि देश में समाजवाद का पतन हो रहा है। मुद्दों पर बात नहीं होती। सरकारें अब लहरों पर बनती हैं।

चंदौली का इतिहास संघर्षों का रहा है। इस अवसर पर जमुना सिंह, शमशेर सिंह, डा. हौशिला, आनंद प्रकाश नारायण, काशीनाथ, सुरेंद्र नारायण सिंह, संजय सिंह बबलू, महंत सिंह, अनिल मिश्रा, पवन सिंह, राकेश सिंह, सुनील यादव गुड्डू, दीनानाथ श्रीवास्तव, नंदकुमार राय, हीरालाल यादव, देवीलाल कुशवाहा, महेंद्र यादव, बंशराज पासवान, अखिलेश्वर यादव, आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता राधेश्याम सिंह व संचालन संजय सिंह ने किया।

## समस्याओं को लेकर बीएसए से मिला शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल

**चंदौली।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मण्डल जिलाध्यक्ष आनंद कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में बीएसए से मिला। इस दौरान कर नौगढ़ के अध्यापक स्व. ओमप्रकाश सोनकर के निधन के बाद मृतक आश्रित के रूप में उनकी पत्नी सोना सोनकर के नियुक्त किए जाने हेतु संगठन द्वारा खुशी जाहिर की गई। साथ ही शिक्षक समस्यायों से संबंधित पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर लंबित प्रकरण के शीघ्र निस्तारण हेतु निवेदन किया।

इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि डेथ ग्रेच्युटी भुगतान के भुगतान के संबंध में जारी शासनादेश के अनुपालन किया जाए। बीएसए ने बताया कि डेथ ग्रेच्युटी से जुड़ी कुछ फाइल कार्यालय द्वारा आगे प्रेषित भी कर दी गई है। जिलाध्यक्ष द्वारा बीआरसी पर संकलन हेतु समस्त खंड शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी करने हेतु आग्रह किया गया जिसे बीएसए द्वारा स्वीकार किया गया। कहा कि पीएफएमएस पोर्टल पर एडमिन लॉगिन हेतु विद्यालय व अध्यापक का ईमेल और मोबाइल नंबर पंजीकृत किया जाए। इसके अभाव में अध्यापकों को अत्यंत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कतिपय ब्लॉकों में एक ही वेंडर को समस्त धनराशि स्थानांतरित किया गया है जिसमें भ्रष्टाचार की आशंका है। कहा कि सन 1997 से 2007 तक की भविष्य निधि कटौती की धनराशि जनपद वाराणसी में डंप पड़ा हुआ है जिससे अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण के कारण जीपीएफ ट्रांसफर में तकनीकी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा अदेय, अवरुद्ध वेतन, चयन वेतनमान, निलंबन, बहाली के अध्यापकों के कार्य समयांतर्गत करना विभागीय व कार्यालयीय दायित्व है जबकि खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा समाधान में रुचि नहीं ली जाती अपितु अनावश्यक आपत्ति लगा कर प्रकरण लंबित किया जाता है। कहा कि प्रायः खंड शिक्षा अधिकारी के विभागीय मोबाइल स्विच ऑफ पाए जाते हैं, जिससे विभागीय सूचनाओं के आदान प्रदान में परेशानी होती है। उच्चाधिकारियों के निर्देश के अनुपालन में सीयूजी नंबर और व्हाट्सएप नंबर उपलब्ध रहे। इस अवसर पर जिलाकोषाध्यक्ष शशि कांत गुप्त, जिलामिडिया प्रभारी बलराम, अभिषेक पाठक आदि उपस्थित रहे।

## ब्लॉक प्रमुख के प्रयास से कस्बा में पानी की सप्लाई शुरू

**चहनियां।** चहनियां कस्बा में कार्यदायी संस्था द्वारा खम्भा लगाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुए जलनिगम की पाइप से दो मीटिंग पानी की सप्लाई ठप रही। गुरुवार को प्रधानपति सतीश गुप्ता के प्रयास से कार्य तेजी से कराया गया। गुरुवार पानी की सप्लाई शुरू हो गयी।चहनियां कस्बा में मुगलसराय मुख्य मार्ग पर बिजली विभाग द्वारा बुधवार को कार्यदायी संस्था द्वारा खम्भा लगाने का कार्य मशीन द्वारा कराया जा रहा है। मार्ग पर पटरी पर जप निगम का पाइप क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि कस्बा के डॉक्टर अजय कुमार सिंह ने मना किया था। किंतु ठेकेदार नहीं माना। पूरे कस्बे में पानी पानी हो गया। ग्रामीणों ने प्रधानपति को बंधक बना लिया। गुरुवार को ग्राम प्रधानपति सतीश गुप्ता ने कस्बा में पानी की समस्या को लेकर ब्लाक प्रमुख अरुण जायसवाल को अवगत कराया। ब्लाक प्रमुख ने तत्काल अधिकारियों को अवगत कराया। जिसपर कस्बा में पानी की सप्लाई के लिए कार्य तेजी से कराया गया। दूसरे मीटिंग में पानी की सप्लाई शुरू हो गयी।

## चहनियां बीईओ के औचक निरीक्षण में मिली खामियां


प्राथमिक विद्यालय मारूफपुर में औचक निरीक्षण करते हुए बीईओ राजेश चतुर्वेदी।

**चहनियां।** प्राथमिक शिक्षा को बेहतर बनाने और गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था बनाये जाने को लेकर शासन स्तर पर हो रहे प्रयास के तहत खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार चतुर्वेदी गुरुवार को मारूफपुर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय व वित्त पोषित बाबा रामकृष्ण जूनियर हाईस्कूल में पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर ही सम्बन्धित प्रधानाध्यापकों से शिक्षा व्यवस्था संचालन से संबंधित प्रश्नों की झड़ी लगा दी। जिसपर प्रधानाध्यापक उत्तर देने में असहज महसूस करने लगे।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय पहुंचकर खंड शिक्षा अधिकारी ने जर्जर बिल्डिंग में हो रही पढाई के मद्देनजर चिन्ता जाहिर की। प्रधानाध्यापक से तत्काल विद्यालय को अन्यत्र शिफ्ट कराकर नई बिल्डिंग बनवाने का निर्देश दिया। बाबा रामकृष्ण जूनियर हाईस्कूल में प्रधानाध्यापक द्वारा शिक्षक उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर न किये जाने, मिड डे मील रजिस्टर पूर्ण ना किये जाने, नामांकन व मिड डे मील में अंकित छात्र संख्या के सापेक्ष मौके पर छात्र संख्या ना होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और कार्रवाई का संकेत दिए।

प्राथमिक विद्यालय मारूफपुर में दो शिक्षिकाओं के अनुपस्थित रहने, शिक्षकों द्वारा शिक्षक डायरी मेन्टेन ना करने व मिड डे मील रजिस्टर में छात्र उपस्थिति दर्ज ना किये जाने व रंगाई पुताई ना किये जाने पर नाराजगी जतायी। साथ ही भविष्य में सुधार लेने की हिदायत दिया। बीईओ के निरीक्षण के दौरान निपुण लक्ष्य के बारे में पूछने पर सम्बन्धित शिक्षक व प्रधानाध्यापक बंगला झांकते नजर आये। बीईओ राजेश चतुर्वेदी ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा में सुधार के लिए बेसिक शिक्षा परिवार के साथ चर्चा परिचर्चा करना और उसमें आमूल चूल परिवर्तन के लिए निर्देश देने के क्रम में ऐसा निरीक्षण चलता रहेगा। जहां कमी होगी सुधारने का प्रयास होगा। जरूरत पड़ने पर दंडात्मक कार्रवाई भी की जायेगी।

### पूर्व सैनिक फीड करा लें अपना डाटा

**चंदौली।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल ह्रदेश कुमार चौधरी ने बताया कि पूर्व सैनिकों का आनलाइन डाटा अपडेट किया जा रहा है। लिहाजा जिले के आर्मी, नेवी एवं एयर फोर्स से अवकाश प्राप्त पूर्व सैनिक अपने दस्तावेज के साथ जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय से सम्पर्क करें। उन्होंने बताया कि 1998 से 2015 तक के पूर्व सैनिक अपने डिस्चार्ज बुक, पीपीओ, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी, दो ज्वाइंट तथा चार सिंगल फोटोग्राफ के साथ जिला सैनिक एवं पुनर्वास कार्यालय पहुंचकर अपना डाटा आनलाइन फीड करा लें।

## संक्षेप

### बोगा ट्राली युक्त ट्रैक्टर हुआ दुर्घटनाग्रस्त

**चहनियां।** क्षेत्र के मारूफपुर गांव के सामने मोरंग बालू लदा बोगा ट्राली युक्त ट्रैक्टर बीच सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उसकी पिछली दोनों पहिया रिंग सहित टुटकर निकल गया। ट्रैक्टर खराब होने के बाद उसका चालक वाहन को मौके पर छोड़कर चला। विगत दो वर्ष से नौबतपुर सैयदराजा से मोरंग बालू लादकर बोगा ट्राली युक्त ट्रैक्टर सकलडीहा चहनियां मारूफपुर के रास्ते तिरगांवा पुल पार कर सैदपुर गाजीपुर में जाते है। गुरुवार को एक ट्रैक्टर बालू लादकर जा रहा था। मारूफपुर के समीप अचानक धड़ाम की आवाज के साथ ट्रैक्टर के पहिये निकल गये। ट्रैक्टर लड़खड़ाकर इधर उधर भागने लगा। ड्राइवर ट्रैक्टर से कूदकर छोड़कर भाग के जान बचायरी। सड़क पर आने जाने वाले लोग भी भागकर जान बचाये।

### श्रीराम कथा सुनकर भाव विभोर हुए भक्त

**नियामताबाद।** श्रीराम कथा महोत्सव रामबाग ख्यालगढ़ लौंदा में मां भगवती कालिका के पावन सानिध्य में आयोजित कथा के चतुर्थ दिवस की कथा श्रवण कराते हुए मानस मर्मज्ञ अखिलानन्द महाराज ने कहा कि जहां राम वहां काम नहीं। शिव चरित्र की कथा सुनाते हुए उन्होंने ने कहा कि भगवान शंकर समाधिस्थ अवस्था में थे उसी समय कामदेव भगवान शंकर की समाधि भंग करने के लिए सपरिवार आता है और आम का ओट लेकर काम शंकर के मन पर चोट करता है। कथा में दीनानाथ सिंह, परमहंस सिंह राजपूत, संतोष पाठक, हरिवंश सिंह, विजय यादव, सतवंत सिंह, बिक्की, अविनाश, मनोज श्रीवास्तव, गोलू विश्वकर्मा, जितेन्द्र पाण्डेय, अमित पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### जसौली समीप ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**चंदौली।** जनपद के सदर कोतवाली क्षेत्र के जसौली समीप गुरुवार को किसी ट्रेन की चपेट में आने से 29 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। घटना के बाद मौके पर जुटे ग्रामीणों की सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। ग्रामीणों से शव की शिनाख्त कराने के बाद कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताते हैं कि छित्तो गांव निवासी रवि 29 वर्ष रोजाना की तरह रेलवे ट्रैक से पैदल जा रहा था कि अचानक ट्रेन आ गई। ट्रेन से बचने का प्रयास किया, लेकिन ट्रेन का साइड का हिस्सा लग गया जिस कारण रवि की मौत मौके पर ही हो गई। घटना के बाद देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मोर्चरी भेज दिया।

### महापुरुषों ने देश की आजादी के लिए दी प्राणों की आहुति

**चंदौली।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर गुरुवार को जिलाध्यक्ष सत्यनरायन राजभर की अध्यक्षता में डा. राममनोहर लोहिया की जयंती के साथ ही सरदार भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का शहादत दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सत्यनरायन राजभर ने कहा कि डा. लोहिया देश में समतामूलक समाज चाहते थे उन्होंने मानव-मानव एक समान का नारा दिया। देश के शोषितों, पीड़ितों व वंचितों को मुख्यधारा में लाने के लिए जीवन पर्यन्त संघर्ष किया। सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव ने कहा कि इन महापुरुषों ने देश को स्वतंत्र कराने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दिए, लेकिन दुर्भाग्य इस देश का कि आजादी के बाद से अब तक इस देश में गरीब, बेरोजगारी, चरम सीमा पर है तथा महिलाओं व किसानों के साथ भी अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन महापुरुषों से हमें प्रेरणा लेते हुए समाज के लिए कार्य करना होगा। देश के गरीबों, नौजवानों, मजदूरों महिलाओं व किसानों के हक अधिकारों की लड़ाई लड़नी होगी। इस अवसर पर महेशा जायसवाल, मुसाफिर सिंह चौहान, सीपी खरवार, गार्गी पटेल, रामअधार गुप्ता, राजीव यादव, सोनी देवी, बाबूलाल यादव, शशिकान्त, भारती, मुन्नीलाल मौर्य, छोटू तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### 25 हजार का इनामिया बदमाश तमंचा के साथ गिरफ्तार

**इलिया।** स्थानीय पुलिस ने एक शातिर बदमाश को खखड़ा नहर पुलिया के पास गुरुवार की सुबह एक तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया। बदमाश जनपद अन्य थानों में भी लूट की घटना को अंजाम दे चुका था। जिसके कारण पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया हुआ था। पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। सर्विलांस टीम, स्वाट टीम व इलिया पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की बिहार का एक शातिर बदमाश किसी घटना को अंजाम देने के लिए खखड़ा गांव के रास्ते जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने खखड़ा नहर पुलिया के पास सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। उसी दौरान एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया। जिसको पकड़कर जांच पड़ताल करने एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार बदमाश मक्खू यादव उर्फ धर्मेन्द्र यादव उम्र 32 वर्ष निवासी सरैया थाना दुर्गावती जिला कैमूर, भभुआ बिहार का है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर बदमाश को जेल भेज दिया।

### मुगलसराय विधायक ने सड़कों का किया शिलान्यास



**डीडीयू नगर।** मुगलसराय विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा अमोघपुर में मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने विधायक निधि से लगभग 14 लाख की लागत से दो सड़कों का शिलान्यास जनता के हाथों कराया। साथ ही यह भी बताते चले की गुरुवार को विधायक रमेश जायसवाल ने स्थानीय महिलाओं द्वारा भी एक सड़क का शिलान्यास करवाया। इस अवसर पर स्थानीय जनता ने कहा की पहली बार कोई ऐसा विधायक आया है जो स्वयं सड़कों का शिलान्यास ना कर स्थानीय बुजुर्गों एवम् महिलाओं से करवा रहा है यह हम सभी गांव वासियों का सम्मान है इसी कड़ी में विधायक रमेश जायसवाल ने देवतुल्य जनता को संबोधित करते हुए कहा कि विकास की गति रुकने नहीं दूंगा। चाहे सड़क और नाली का मामला हो चाहे गरीबों के आवास का मामला हो धन आड़े आने नहीं दूंगा इसके लिए मुझे जो भी करना पड़े किसी के दरवाजे पर जाना होगा। शिलान्यास के अवसर पर पूर्व प्रधान नरसिंह चौहान, राम सिंह, रामबली चौहान, मुन्ना, बनारसी चौहान, शंकर चौहान उपस्थित रही।

### नर्सिंग के विद्यार्थियों को मिला टैबलेट

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के महत्वाकांक्षी योजना के तहत गुरुवार को एचडी नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट सेरहुआ के एएनएम के छात्राओं को निःशुल्क टैबलेट वितरण का आयोजन किया गया। टेबलेट पाते छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान आ गई। इस दौरान एचडी नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल इंस्टट्यूट के चेयरमैन डा.संजय कुमार के नेतृत्व में टैबलेट वितरण किया गया। कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जैसा नेता नहीं हुआ ना होगा। आधुनिक और नई तकनिकों से नर्सिंग के क्षेत्र में आप सभी लोग अपना भविष्य उज्जवल करें। नर्सिंग के क्षेत्र को बढ़ावा दे।जिससे भारत देश को नर्सिंग के क्षेत्र मे अन्तरराष्ट्री स्तर में और बढ़ावा मिले। कहां की सरकार टैबलेट देकर छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए काम कर रहे हैं। सभी छात्र छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में एक अपनी पहचान बनानी होगी। नर्सिंग ऐसा है कि इसमें सेवाभाव सबसे अधिक है सेवा भाव से काम करने पर इस क्षेत्र में आप सभी सफल हो यही हम सभी की कामना है।

## परम्परा में नर्तकियों के अश्लील गाने पर लगे रोक : सीओ


मथेला में मां काली के प्रांगण में आयोजको, ग्रामीणों संग बैठक करते क्षेत्राधिकारी।

**चहनियां।** मथेला स्थित मां काली के प्रांगण में रामनवमी के अवसर पर होने वाले नर्तिकीयो द्वारा नृत्य को लेकर पुलिस प्रशासन ने आयोजको व ग्रामीणों संग बैठक किया। बैठक में अश्लील नृत्य पर रोक लगाने की हिदायत दी। मथेला गांव मां काली मंदिर पर रामनवमी के अवसर पर यहां हर वर्ष नर्तकियों द्वारा नृत्य होता है।

ऐसा परम्परा है कि मां काली घुंघुरुओ की खनक व तबले की थाप पर मां प्रसन्न होती है। ऐसा न करने पर गांव में अनिष्ठ होता है, किन्तु इस बार कार्यक्रम की रूपरेखा बदलकर होगी। इसे लेकर पुलिस प्रशासन ने आयोजको व ग्रामीणों संग गुरुवार की शाम को बैठक किया। क्षेत्राधिकारी राजेश राय ने कहा कि मंच पर नर्तकियों द्वारा जो जागरण पर कपड़े पहने जाते है उसे पहनकर देवी जागरण करेंगे। ऐसा न करने पर अश्लील व फूहड़ गाने प्रस्तुत हुए तो आयोजक पर कानूनी कार्यवाही होगी। बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह ने कहा कि नृत्य के लिए हम इसलिए प्रतिबंधित करते है क्योंकि ऐसे नाच में मारपीट की संभावना होती है। बैठक में कृपाचार्य त्रिपाठी, प्रधान सुभाष राम, अध्यक्ष राजेश चौरसिया, सौरभ त्रिपाठी, अखिलेश त्रिपाठी, सोनू पाण्डेय, रवि विश्वकर्मा, निखिल त्रिपाठी, सुधीर चौरसिया, पारस सिंह, राधे श्याम, रमेश त्रिपाठी, विजय, मुन्ना आदि उपस्थित थे।

### तालाब में मिला वृद्ध का शव

**नियामताबाद।** अलीनगर थाना अंतर्गत मानसरोवर तालाब में लगभग 60 वर्षीय वृद्ध की डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार आते-जाते राहगीरों को सूचना लगी की कोई युवक मानसरोवर तालाब में डूब गया है जिसकी सूचना लोगों ने अलीनगर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अथक प्रयास के बाद मृतक के शव को बाहर निकलवाया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई व मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया था।

## जमीन के विवाद में खूनी संघर्ष आधा दर्जन घायल

**सकलडीहा।** कोतवाली क्षेत्र के नईबाजार चौकी अंतर्गत महेसुआ गांव में सुबह दो पक्षों के बीच जमकर बवाल मचा। मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल होगये है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गयी है। नईबाजार महेसुआ में रमेश और मराछू राजभर के परिवार से लम्बे अरसे से जमीन का बटवार को लेकर विवाद चल रहा है। गुरूवार को सुबह दोनों पक्ष की महिलाओं के बीच कहासुनी मारपीट में बदल गयी। लाठी डंडा और ईंट से मारपीट के दौरान 23 वर्षीय बल्ली, 28 वर्षीय संगीता, 24 वर्षीय पुष्पा, 60 वर्षीय कलावती और 70 वर्षीय मुराछू घायल होगये। घटना के बाद सभी घायल कोतवाली पहुंचकर घटना को लेकर तहरीर दिया। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी भेजकर इलाज कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रमेश, रामविलास, सूरज और विकास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गयी है। इस बाबत कोतवाल विमलेश कुमार मौर्या ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## ट्रेनों के ठहराव व आरक्षण काउंटर को स्थापित करने की मांग


डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय को ज्ञापन सौंपते रामदयाल यादव।

**चंदौली।** हिन्दू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष रामदयाल यादव रिंकू केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डा. महेंद्रनाथ पांडेय से मिला। इस दौरान उन्होंने सकलडीहा रेलवे स्टेशन पर दिल्ली जाने वाली ट्रेनों के ठहराव के बाबत मांग की। साथ ही सकलडीहा रेलवे स्टेशन पर आरक्षण केंद्र स्थापित किए जाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने बताया कि सकलडीहा रेलवे स्टेशन पर आरक्षण काउंटर नहीं होने के कारण सकलडीहा तहसील के लगभग एक तिहाई ग्राम सभा के लोगों को बनारस या पंडित दीनदयाल नगर स्थित जंक्शन पर जाना पड़ता है जिससे काफी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आवश्यकता जताई कि दिल्ली जाने वाली टेज्नों का ठहराव सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आरक्षण काउंटर की स्थापना की जाए, जिससे सकलडीहा तहसील क्षेत्र के आमजन को राहत मिल सके।

## मानसिक स्वास्थ्य मेले में 85 मरीजों का हुआ उपचार



**जनसंदेश न्यूज**

**कंदवा।** प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बरहनी की देख रेख में गुरुवार को मानसिक स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैयदराजा पर आयोजित मेला में चिकित्सक डा.नितेश, डा.अवधेश कुमार द्वारा मेले में आए कुल 85 मरीजों का जांच, परामर्श के बाद आवश्यक दवाएं दी गई।

मानसिक मेला का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बरहनी डा.शैलेन्द्र कुमार द्वारा फीता काटकर किया गया। कहा कि आदत, मन एकाग्रता मे अचानक से परिवर्तन आना,अत्यधिक क्रोध, भय, चिंता, अपराध बोध, आत्महत्या का विचार आना सहित अन्य लक्षण आने पर मानसिक रोग विशेषज्ञों से परामर्श सुझाव के बाद उपचार निदान संभव है। डा. नितेश ने कहा कि चिंता (उलझन) आज के भौतिक युग की सबसे गंभीर समस्या है।

कहा कि मानसिक रोग वाले व्यक्ति उपचार, परिवार दोस्तों के प्यार,सहारे की बदौलत सुकून भरा व उपयोगी जीवन जी सकते हैं। इस अवसर पर आनंद, रोशन अली, चौधरी, शांति राय, लक्ष्मी सहित आशाएं मौजूद रहीं।

## बिजली की मनमानी कटौती को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

**सकलडीहा।** बिजली विभाग के अधिकारियों की मनमानी और जबरजस्त कटौती को लेकर लोगो में आक्रोश पनपने लगा है। बैगर आंधी पानी के बुधवार की देर रात कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति गुरूवार को दोपहर तक ठप होने से व्रती महिलाओं को काफी परेशानी हुई। कस्बावासियों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा समस्या को लेकर मौन साधे रखने पर नाराजगी जताया। करीब 12 घंटा बाद विद्युत आपूर्ति बहाल होने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस लिया। वही हड़ताल में कार्य करने वाले संविदा कर्मियों का शोषण का आरोप है। सकलडीहा विद्युत उपकेन्द्र से दो सब स्टेशन से कस्बा व तहसील मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र के तीन सौ से अधिक गांवों को सप्लाई होती है। पिछले दिनों दो दिन हुई बारिश के कारण घंटो आपूर्ति ठप रहा है। संविदा कर्मियों के प्रयास से विद्युत बहाल हो पाया। पुनः बुधवार की देर रात बगैर आंधी पानी के विद्युत ट्रिप होने से पूरी रात कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहा। चौत नवरात्र के साथ रमजान का माह शुरू हो गया है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारियों के रात्रि में निवास नहीं करते। एसडीएम ने बताया कि संविदा कर्मियों का शोषण करने की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

## भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को किया याद

**जनसंदेश न्यूज**


डीडीयू नगर में वीर क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी।

**डीडीयू नगर।** शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कालीमहाल चौराहा स्थित कार्यालय पर गुरुवार को शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहादत दिवस पर उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनको भावभीनी श्रद्धांजली दी गयी।

इस दौरान कांग्रेस जनों ने कहा कि देश के आजादी के वीर सपूत भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की देशभक्ति को अपराध की संज्ञा दे कर फॉसी पर लटका दिया गया। कहा जाता है कि मृत्युदंड के लिए 24 मार्च की सुबह तय की गई थी लेकिन किसी बड़े जनाक्रोश की आशंका से डरी हुई अंग्रेज सरकार ने 23 मार्च की रात्रि को ही इन क्रांति वीरों को फांसी दे दी गई। कहा कि आज जरूरत है नौजवानों को देश की एकता व अखंडता के लिए अपने कार्य करने की। कार्यक्रम में रामजी गुप्ता, आनंद शुक्ल, बृजेश गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, दशरथ चौहान, नेहाल अख्तर बाबू, सरदार सतपाल सिंह, रंजीत जायसवाल, दीपक गुप्ता, रमेश सिंह रामा, भोला गुप्ता, राकेश पासवान आदि लोग थे।

### इंकलाबी नौजवान सभा ने भगत सिंह को किया याद



**चहनियां।** शहीद दिवस के अवसर पर भगत सिंह चौक चहनियां में इंकलाबी नौजवान सभा व किसान महासभा के कार्यकताओं ने बाजार में जूलूस निकालकर भगत सिंह चौक पर सभा किया। इस दौरान किसान महासभा के जिलाध्यक्ष श्रवण कुशवाहा ने कहा कि हम जब शहीदों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं तब इस दौर में संविधान को खत्म कर देश को हिंदू राष्ट्र बनाने मनुस्मृति थोपने की तैयारी चल रही थी। सरकार पूरी तरह से संविधान के मूल्यों का दमन कर रही है। सभा को इंद्रजीत मौर्य, देव प्रकाश, अमित यादव फौजी, अजीत यादव, हरिशंकर विश्वकर्मा, अर्जुन लाल, नीरज कुमार यादव, इंदल कुमार, धर्मेन्द्र कुमार मौर्य, ठाकुर प्रसाद, बबलू बियार आदि लोगों ने संबोधित किया। संचालन इनौस जिलाध्यक्ष कामरेड अनिल यादव ने किया।

# स्पोर्ट्स

## मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स के बीच एलिमिनेटर मैच आज

दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग के 20वें मैच में यूपी वॉरियर्स को पांच विकेट से शिकस्त दे दी। इस जीत के साथ ही दिल्ली की टीम ने फाइनल में जगह बना ली। वह अंक तालिका में शीर्ष पर रही। मंगलवार (21 मार्च) को दिल्ली की कप्तान मेग लैनिंग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। यूपी वॉरियर्स की टीम ने 20 ओवर में छह विकेट पर 138 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 17.5 ओवर में 142 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। दिल्ली कैपिटल्स को शीर्ष पर रहने का फायदा मिलेगा। उसे एलिमिनेटर मैच में नहीं खेलना पड़ेगा। फाइनल मुकाबला 26 मार्च को ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं, अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रहने वाली मुंबई इंडियंस और तीसरे पायदान पर रहने वाली यूपी वॉरियर्स के बीच एलिमिनेटर मैच 24 मार्च को डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा।



# आईएसएसएफ पिस्टल/राइफल विश्व कप में भारत के नाम हुआ एक रजत व एक कांस्य

### टूर्नामेंट में पदकों की संख्या चार, भारत के लिए वरुण तोमर और रिदम सांगवान की एयर पिस्टल मिश्रित टीम जोड़ी ने दूसरा स्थान पाया

**भोपाल।** भारत ने गुरुवार को यहां आईएसएसएफ पिस्टल/राइफल विश्व कप में एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। इससे भारत के टूर्नामेंट में पदकों की संख्या चार हो गयी है जिसमें एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक हैं। भारत के लिए वरुण तोमर और रिदम सांगवान की एयर पिस्टल मिश्रित टीम जोड़ी ने दूसरा स्थान जबकि रूद्रांक्ष पाटिल और आर नर्मदा नितिन ने एयर राइफल स्पर्धा में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

चीन ने टूर्नामेंट में दिन के दोनों स्वर्ण पदक जीते। वरूण ने बुधवार को एयर पिस्टल में व्यक्तिगत कांस्य पदक भी जीता था। उन्होंने रिदम सांगवान के साथ मिलकर चीन की कियान वेई और लियू जिनयाओ की जोड़ी को कड़ी टक्कर दी लेकिन एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्वर्ण पदक दौर में 11-17 से हार गई। वहीं दिव्या टीएस और सरबजोत सिंह की दूसरी भारतीय टीम एक अंक से कांस्य पदक से चूक गयी और 574 के स्कोर से पांचवें स्थान पर रही।

वहीं पिछले महीने काहिरा में आईएसएसएफ विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली रूद्रांक्ष और आर नर्मदा की जोड़ी घरेलू सरजमीं पर वही जादू नहीं दिखा सकी और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। कांस्य पदक के मैच में भारतीय जोड़ी ने चीन के झांग कियोंगुए और यु हाओनान को 16-8 से शिकस्त दी। वहीं इस स्पर्धा में हृदय हजारिका और तिलोत्मा सेन की दूसरी भारतीय जोड़ी नौंवे स्थान पर रही। एजेंसी



# सिंधु-प्रणय स्विस ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में

### रादुकानू, स्टीफंस और मर्रे मियामी ओपन के पहले दौर में बाहर

**बासेल।** भारत के स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु और एचएस प्रणय ने यहां महिला और पुरुष एकल में अपने-अपने मैच जीतकर स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व में नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने पुरुष एकल के पहले दौर में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनलिस्ट चीन के शि यू क्यूई से दूसरा गेम गंवाने के बावजूद 21-17 19-21 21-17 से जीत दर्ज की।



ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता और यहां चौथी वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के पहले दौर में स्विट्जरलैंड की जेनजीरा स्टैडेलमैन को एकतरफा मुकाबले में 21-9 21-16 से हराकर अपने खिताब की रक्षा के लिए शानदार शुरूआत की। प्रणय का अगला मुकाबला फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव से होगा, जबकि सिंधू का सामना इंडोनेशिया की 20 वर्षीय पुत्री कुसुमा वारदानी से होगा, जो 2022 एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं।

पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन एमा रादुकानू और सलोनी स्टीफंस मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गई जबकि विश्व की नंबर एक खिलाड़ी ईगा स्वियातेक को पसली की चोट के कारण प्रतियोगिता से हटना पड़ा। अमेरिकी ओपन में 2019 की चैंपियन बियांका आंद्रिस्कु ने राडुकानू को 6-3, 3-6, 6-2 से पराजित किया। आंद्रिस्कु का अगला मुकाबला दसवीं रैंकिंग की मरिया सक्कारी से होगा जिन्हें पहले दौर में बाई मिली थी। महिला एकल के एक अन्य मुकाबले में शेल्बी रोजर्स ने स्टीफंस को 6-4, 3-6, 6-2 से हराया। रोजर्स का सामना अब ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और दुनिया की नंबर दो खिलाड़ी आर्यना सबालेंका से होगा। इस बीच पुरुष वर्ग में दुसान लाजोविच ने तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन एंडी मर्रे को 6-4, 7-5 से हराया।

## अपने सबसे खतरनाक गेंदबाज को नहीं पहचान पा रहे रोहितः ब्रेट ली

वनडे विश्व कप 2023 की तैयारियों में जुटी टीम इंडिया की उम्मीदों पर ऑस्ट्रेलिया ने पानी फेर दिया है। चेन्नई में बुधवार को खेले गए तीन मैचों की वनडे सीरीज के तीसरे और आखिरी वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने टीम इंडिया को 21 रन हराकर सीरीज 2-1 से जीत ली है। भारतीय टीम की इस हार के साथ ही उस पर सवाल उठने लगे हैं। खिलाड़ियों के साथ ही कप्तान रोहित शर्मा पर निशाना साधा जा रहा है। इसी बीच ऑस्ट्रेलियाई टीम के पूर्व स्टार गेंदबाज ब्रेट ली ने भी भारतीय टीम मैनेजमेंट के साथ रोहित शर्मा को भी खरी-खरी सुनाई है। उन्होंने कहा कि भारत के पास प्रतिभाओं की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके पास सबसे खतरनाक गेंदबाज है, लेकिन कप्तान उसे पहचान नहीं पा रहे हैं।



## बॉलीवुड न्यूज

### सूरज बड़जात्या की फिल्म 'ऊंचाई' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

**इंदौर।** कहते हैं मंजिल से ज्यादा जरूरी होता है सफर। छोटी-छोटी खुशियां और बड़े-बड़े गम ही जिंदगी को जीने लायक बनाती है। इसी जज्बात का जश्न मनाते हुए जी सिनेमा 26 मार्च को दोपहर 12:30 बजे फिल्म ऊंचाई का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर लेकर आ रहा है। ये एक ऐसे सफर की कहानी है, जो अपने दोस्त की आखिरी ख्वाहिश पूरी करने के लिए शुरू होता है, और आगे चलकर दोस्ती, परिवार, प्यार, अपनेपन और जज्बातों के मायने सिखा देता है।अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर, बोमन ईरानी, नीना गुप्ता, सारिका और डैनी डेन्जोंगपा जैसे दिग्गज और टैलेंट के पावरहाउस कलाकारों से सजी फिल्म ऊंचाई एक मुकम्मल कहानी है, जो आपके दिलों में खुशियां भर देती है। हम आपके हैं कौन, विवाह और हम साथ साथ हैं जैसी फिल्मों के निमार्ता सूरज बड़जात्या की ओर से पेश की गई दोस्ती, जज्बातों और रिश्तों की ये दिल छू लेने वाली कहानी एक बार फिर पारिवारिक मूल्यों का महत्व बताती है। सूरज बड़जात्या ने कहा कि सिनेमा में इतनी ताकत है कि यह एक परिवार को साथ लाकर उन्हें एक बढ़िया वक्त गुजारने का मौका दे सकता है। राजश्री में, हम हमेशा ऐसी फिल्में बनाने का प्रयास करते रहे हैं, जिनमें हम पारिवारिक मूल्यों की अहमियत बता सकें और उन्हें जिंदा कर सकें। जहां हम अपने बैनर के 75 साल सेलिब्रेट कर रहे हैं, वहीं हम छोटी-छोटी जरूरी बातों को पर्दे पर दिखाते रहे हैं, जिन्हें अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। नीना गुप्ता कहती हैं, मैं लंबे समय से सूरज बड़जात्या के साथ काम चाह रही थी और इस फिल्म के साथ आखिरकार मुझे कुछ ऐसा करने का मौका मिला, जो लोगों के दिलों को छू जाए। ये फिल्म अपने आप में एक इमोशन है और तुरंत अपनेपन का एहसास कराती है। अनुपम खेर ने कहा कि ऊंचाई एक ऐसा सफर था, जो व्यक्तिगत होने के साथ-साथ अद्भुत भी था! मैं राजश्री प्रोडक्शंस परिवार की शुरूआत से ही इसका हिस्सा रहा हूं, और इस तरह की फिल्म के साथ राजश्री के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए ऐसा लग रहा है जैसे जिंदगी घूमकर फिर वहीं आ गई हो। मेरा किरदार चिड़चिड़ा और अड़ियल है और मुझे यकीन है कि हम सभी के परिवार या दोस्तों में एक न एक ऐसा व्यक्ति जरूर होता है।




### वरुण धवन ने अनन्या पांडे को बताया सीरीज कॉल मी बे की लीड

**मुंबई।** प्राइम बे और प्राइम वीडियो के सुपर-फैंस को बता दें कि वरुण धवन, स्ट्रीमिंग सेवा की अगली सीरीज, कॉल मी बे पर एक नए अपडेट के साथ लौटे हैं। वरुण द्वारा किए गए मजेदार वीडियो में उन्होंने अनन्या पांडे को आने वाले अमेजन ओरिजिनल स्क्रिप्टेड सीरीज कॉल मी बे में बे के रूप में पेश किया है। वीडियो में, अनन्या को अपने भीतर के फैशनिस्टा को चुनौती देने के साथ वरुण धवन को फैशन और कपड़ों की बारीकियों के बारे में सिखाती हुई दिखाई दे रही हैं, दरअसल इस तरह से दोनों ही अपनी अमेजन सीरीज की घोषणा कर रहे हैं, जिसकी अभी-अभी शूटिंग शुरू की गयी है। एक अरबपति फैशनिस्टा, बे, (अनन्या पांडे द्वारा अभिनीत), अपने बहुत-अमीर परिवार द्वारा एक सेलसियस घोटाले के कारण अस्वीकृत कर दी जाती है। पहली बार उसे अपना बचाव करना है। इस यात्रा में, वह रूढ़ियों को तोड़ती है, पूर्वधारणा को तोड़ती है और जानती है कि वह असल में कौन है। कॉल मी बे करण जौहर, अपूर्व मेहता, और एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के रूप में सोमेन मिश्रा द्वारा निर्मित और कॉलिन डी'कुन्हा द्वारा निर्देशित एक धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन है। इशिता मोइत्रा द्वारा क्रिएटेड, जिन्होंने समीना मोटलेकर और रोहित नायर के साथ सीरीज का सह-लेखन भी किया है, कॉल मी बे इसके रिलीज होने पर 240 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों में प्राइम सदस्यों के लिए उपलब्ध होगी।




## संक्षेप

### डॉ. राममनोहर लोहिया की मनाई 113वीं जयंती

**रोहनिया।** राजातालाब के भैरवतालाब स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया पीजी कॉलेज में गुरुवार को प्रखर समाजवादी डॉ. राममनोहर लोहिया की 113 वीं जयंती मनाई गई।



उक्त समारोह में महान समाजवादी नेता लोकबंधु राजनारायण के ज्येष्ठ पुत्र और महाविद्यालय के संरक्षक राधे मोहन सिंह ने उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक तोयज कुमार सिंह उर्फ सुशील कुमार, प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार, महाविद्यालय के निदेशक डॉ. अविनाश राय, चीफ प्रॉक्टर डॉ. कृपा शंकर पाठक, वरिष्ठ प्राध्यापकगण डॉ. सुमन लता, डॉ. अरुण कुमार राय के साथ अन्य मौजूद रहे।

### उबड़-खाबड़ रोड को बनाने में जुटी संस्था



**हरहुआ।** वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 31 पर फ्लाईओवर के नीचे जगह-जगह रोड बैठ जाने से रास्ता उबड़ खाबड़ हो गया था, जिससे आने जाने वालों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन जनता की कठिनाई से किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता, शुक्रवार को प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए खराब रोड को बनाने के लिए कार्यदाई संस्था गुरुवार को सुबह से ही जुट गई।

### रक्त और उसके घटकों के उपयोग पर कार्यशाला

**वाराणसी।** मण्डलीय अस्पताल में गुरुवार को रक्त और उसके घटकों का तर्कसंगत उपयोग किस तरह से किया जाय, इसको लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्यवक्ता एसएस हॉस्पिटल के वरिष्ठ पैथोलोजिस्ट डॉ दिनेश सिंह रहे। उन्होंने कहा कि मेडिकल के फील्ड में एजुकेशन लेने की सतत प्रक्रिया चलती रहे। अध्यक्षता अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ एस पी सिंह एवं संचालन प्रभारी रक्त केंद्र डॉक्टर मुकुंदजी श्रीवास्तव ने किया। कार्यशाला में संजीव सिंह, संजय सिंह, जितेंद पटेल, दीपक, प्रदीप, नागेंद्र अनिल समेत ब्लड बैंक के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

### किसानों को मुफ्त दिये आम-अमरूद के पौधे

**वाराणसी।** भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान यानि आईआईवीआर में गुरुवार को किसानों को आम्रपाली, लंगड़ा, मल्लिका एवं दशहरी आम और अमरूद के पौधे मुफ्त वितरित किये गये। आराजी लाइन विकास खंड के चंदापुर, जयापुर, पचाई और सिंगही के कृषकों को लाभांवित किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. तुषार कांति बेहेरा ने भारत सरकार की ओर संचालित अनुसूचित जाति उप-योजना के बारे में बताया। अन्वेषक डॉ. पीएम सिंह ने विभिन्न बिंदुओं की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. नागेंद्र राय, डॉ. अनंत बहादुर, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अच्युत कुमार सिंह, अनीष कुमार सिंह तथा शिवम कुमार सिंह भी थे।

### वीडीए ने अवैध प्लॉटिंग कराया ध्वस्त

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण (वीडीए) की प्रवर्तन टीम द्वारा गुरुवार को अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तिकरण की कार्यवाही की गयी। नगवां वार्ड अंतर्गत श्याम लाल यादव कालोनाइजर द्वारा मारुति नगर कॉलोनी में बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग 10 बीघा एवं रामतीरथ पटेल कालोनाइजर द्वारा गायत्री नगर कॉलोनी में बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग तीन बीघा में अवैध प्लाटिंग विकसित की गयी थी। उपरोक्त स्थलों पर किये गये अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध वीडीए प्रवर्तन टीम ने स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्तिकरण की कार्यवाही की। इस दौरान वीडीए अधिकारी देवचंद्र राम, जोनल अधिकारी चंद्रभानु और अवर अभियंता जेपी गुप्ता मौजूद रहे।

## झूलेलाल जयंती पर निकली भव्य प्रभात फेरी

**वाराणसी।** सन्त कवर राम सिन्धी युवा समिति के तत्वाधान में हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी झूलेलाल जयंती पर अमर नगर कॉलोनी से प्रभात फेरी निकाली गई जो सिंधु नगर, सिद्धगिरि बाग, श्री नगर, गुरुबाग होते हुए लक्सा स्थित झूलेलाल मंदिर में महा आरती के बाद सम्पन्न हुई। इस प्रभात फेरी का जगह जगह स्वागत आरती व प्रसाद वितरण किया जा रहा था। इस दौरान प्रभात फेरी में सभी महिला पुरुष बच्चे झूलेलाल के भजनों पर झूमते हुए चल रहे थे।

इस प्रभात फेरी का नेतृत्व अध्यक्ष दीपक वासवानी, सचिव मनोज मुजार्नी , प्रमोद शर्मा कर रहे हैं थे। प्रभात फेरी में प्रमुख रूप से चंदन रुपानी, विजय राजवानी,जगदीश पेशवानी, मनोज लखमानी, धर्मेन्द्र सेहेता, सुनील वाध्य, अनिल बजाज , दिलीप आहूजा, नरेश बदानी दिनेश चंदानी रहे।

साथ ही विशेष सहयोग विशन रूपेजा राकेश वालेचा, सतीश भाटिया, धर्मेन्द्र शीतलानी का रहा।

# आईपीएल आ रही है लेकिन ऑस्ट्रेलिया से हार नहीं भूलनी चाहिएः गावस्कर

**नई दिल्ली।** महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा कि भारतीय टीम को 31 मार्च से शुरू हो रही लुभावनी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) शुरू होने के उत्साह में आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला में मिली हार को भूलने की गलती नहीं करनी चाहिए। भारत को बुधवार को चेन्नई में तीसरे और अंतिम वनडे में 21 रन से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसने आस्ट्रेलिया से श्रृंखला 1-2 से गंवा दी। महान बल्लेबाज गावस्कर ने कहा कि रोहित शर्मा के खिलाड़ी अक्टूबर-नवंबर में देश की मेजबानी में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप में इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ हो सकते हैं। गावस्कर ने ह्यस्टार स्पोर्ट्सह्ल से कहा, ह्यह्यनिश्चित रूप से, अब आईपीएल (31 मार्च से) शुरू हो रहा है। इसे (श्रृंखला की हार को) भूलना नहीं चाहिए। भारत कभी कभार इसे भूलने की गलती कर सकता है लेकिन किसी को ऐसा नहीं करना चाहिए क्योंकि विश्व कप में हम फिर से आस्ट्रेलिया से भिड़ सकते हैं। उन्होंने कहा, यह (तीसरे वनडे में हार) ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों द्वारा बनाये गये दबाव की वजह से मिली थी। बाउंड्री लगना बंद हो गया था और वे (भारतीय बल्लेबाज) एक रन भी नहीं बना पा रहे थे। जब ऐसा होता है तो आप ऐसा कुछ खेलने की कोशिश करते हो जिसके आप आदी नहीं हो। उन्हें इसी चीज को देखना होगा। जीत के लिये 270 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 49.1 ओवर में 248 रन पर सिमट गयी थी जिससे उसने मैच के साथ श्रृंखला भी गंवा दी। भारत के लिये विराट कोहली (54 रन) और केएल राहुल (32 रन) के बीच तीसरे विकेट के लिए 69 रन तथा सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा (30 रन) और शुभमन गिल (37 रन) के बीच 65 रन की भागीदारी ही महत्वपूर्ण रही। पूर्व भारतीय कप्तान गावस्कर ने कहा, जब आप 270 रन या करीब 300 रन के लक्ष्य का पीछा करते हो तो आपको करीब 90 या 100 रन की एक भागीदारी की जरूरत होती है जिससे आप लक्ष्य के करीब पहुंचते हो। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा, हां, मैच के दौरान दो भागीदारियां बनी थीं जिसमें एक राहुल और कोहली के बीच थी, लेकिन आपको इसी तरह की या इससे बड़े रन की एक और साझेदारी की जरूरत थी। गावस्कर ने कहा, ऑस्ट्रेलिया का क्षेत्ररक्षण भी लाजवाब रहा। उनकी गेंदबाजी काफी अच्छी थी। उन्होंने कसी गेंदबाजी की, ह्यस्टप टू स्टंपह्ल गेंद डाली लेकिन उनका क्षेत्ररक्षण भी काफी अच्छा था। यही अंतर रहा।



# जल्द सर्वे कर किसानों को दें मुआवजा

**जनसंदेश न्यूज**

**की मांग**


**जनपद में बेमौसम की बारिश व आंधी-तूफान से नष्ट फसलों की भरपाई के लिए कांग्रेसजनों ने तहसीलों में दिया ज्ञापन**

**वाराणसी।** जनपद में बेमौसम बारिश, आंधी-तूफान और ओलावृष्टि के कारण खेतों में तैयार फसलें नष्ट होने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। वर्तमान सीजन में उपज की क्षति से उबारने और आगामी सीजन में खेती-बाड़ी करने के लिए कृषकों को आर्थक मदद की जरूरत होगी। अन्यथा प्रभावित किसानों का परिवार दाने-दाने के लिए मोहताज हो जाएगा। इसलिए सरकार जल्द से जल्द संबंधित सर्वेक्षण पूर्ण कर पीड़ित किसानों को मुआवजा उपलब्ध कराए। यह मांग लेकर गुरुवार को कांग्रेसजनों ने जिले की तीनों तहसीलों पर अलग-अलग पहुंचकर धरना-प्रदर्शन के बाद पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। पार्टी के प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर यह कार्यक्रम था। तहसील सदर में महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने प्रदर्शन के बाद पत्रक दिया। उनके साथ दुर्गा प्रसाद गुप्त, अशोक सिंह, गिरीश पांडेय, दिलीप चौबे, विनोद सिंह 'कल्लू', रामसुधार मिश्र, विश्वनाथ कुंवर, प्रमोद वर्मा, एखलाक, बेलाल अंसारी, नसीम अहमद वगैरह थे। रोहनिया प्रतिनिधि के अनुसार राजातालाब तहसील में जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल के नेतृत्व में किाान समेत पहुंचे कार्यकर्ताओं ने ज्ञौपन दिया। उनके साथ प्रजानाथ शर्मा, श्याम सुंदर, सुरेश शर्मा, दिनेश पांडेय, श्रीराम, मुन्ना उपाध्याय, प्रेम नारायण सिंह, अरुण कुमार सिंह आदि थे। दूसरी ओर, अजय राय ने विभिन्न गांवों का दौरा कर फसलों के नुकसान की स्थिति देखी। पिंडरा प्रतिनिधि के मुताबिक स्थानीय तहसील में अजय राय के नेतृत्व में ज्ञापन देने वालों में सतीश चौबे, रामसनेही पांडेय, श्रीप्रकाश सिंह, रवींद्र यादव, राजीव कुमार 'राजू', अंजनी पांडेय, सौरभ सिंह, सुरेंद्र सिंह, लोकेश सिंह, मन्ना राजभर, अवधेश पांडेय, शोभा राजभर, नागेश सिंह, दिनेश उपाध्याय आदि थे।



किसानों को आर्थिक मदद की मांग लेकर गुरुवार को तहसील सदर में कांग्रेसजनों ने महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे के नेतृत्व में पहुंचकर ज्ञापन सौंपा

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में प्रधानाचार्यों की अहम् भूमिका



**कार्यशाला**

**बीएचयू में पूर्वोत्तर व उत्तरी क्षेत्रों के 38 कॉलेजों के प्रधानाचार्य हुए शामिल**

**वाराणसी।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. कैलाश चंद्र शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वन में प्रधानाचार्यों की अहम् भूमिका होगी। वह अंतर विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केंद्र-बीएचयू में पूर्वोत्तर एवं उत्तरी क्षेत्र के 38 कॉलेजों के प्रधानाचार्यों के चार दिवसीय शैक्षणिक नेतृत्व व क्षमता विकास कार्यक्रम के समापन पर गुरुवार को मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि हमारे देश की उच्च शिक्षा में स्नातक स्तर के कॉलेज महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इसलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार बदलाव लाने के लिए प्रधानाचार्यों को अपनी क्षमता में निरंतर विकास करते रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रो. किरण हजारिका ने शैक्षणिक नेतृत्व क्षमता के विकास से उत्कृष्टता प्राप्त करने पर चर्चा की। कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल कार्यान्वन में प्रशासनिक व शैक्षणिक दोनों स्तरों पर सुधार से ही सफलता प्राप्त होगी। अध्यक्षता केंद्र के निदेशक प्रो. पीएन सिंह ने की। संचालन संयोजक डॉ. रचना विश्वकर्मा ने किया। धन्यवाद डॉ. कुशाग्री सिंह ने दिया।

## नवीन पुरातन छात्र संगठन के अध्यक्ष और आस्था सचिव नियुक्त

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के गणित विभाग द्वारा गुरुवार को प्रथम पुरातन छात्र समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. बब्बन प्रसाद सिंह और विशिष्ट अतिथि प्रो. सत्या सिंह रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता गणित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अखिलेश चंद्र यादव ने की। विभाग के पुरातन छात्र संगठन का सर्वसम्मति से अध्यक्ष नवीन चक्रवाल को एवं सचिव आस्था सिंह को नियुक्त किया गया। संचालन डॉ. वरुण कुमार व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शशि प्रकाश ने किया। कार्यक्रम में विभाग के अध्यापक डॉ. दिनेश कुमार मौर्य, शोध छात्रा सुष्मिता कुशवाहा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



# बिहार का लाल बना गोल्ड मेडलिस्ट

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सॉयल साइंस और एग्रीकल्चर केमेस्ट्री डिपार्टमेंट में अध्ययनरत परास्नातक द्वितीय वर्ष के छात्र नवीन शेखर को पूरे पूर्वांचल विश्वविद्यालय में टाप करने पर कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने गोल्ड मेडल तथा सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्वल भविष्य के लिए उन्हें आशीर्वाद दिया।

नवीन शेखर मूलतः बिहार के सिवान जिले के रहने वाले हैं। बचपन से ही पढ़ाई में अव्वल रहें हैं, बिहार बोर्ड से इण्टरमीडिएट की पढ़ाई करने के बाद नवीन जौनपुर में रहकर ही तिलकधारी महाविद्यालय से स्नातक व स्नातकोत्तर की उपाधि ग्रहण की है। नवीन शेखर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, सगे संबंधी और बचपन से अब तक शिक्षा देने वाले समस्त गुरूजनो, टीडी कालेज सॉयल साइंस व एग्रीकल्चर केमेस्ट्री विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश समेत सभी सहयोगी प्राध्यापकों को देते हुए कहा कि सकारात्मक सोच और अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहने से कठिन से कठिन परिस्थतियों पर विजय प्राप्त कर अच्छा प्रदर्शन किया जा सकता है। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार, परिवार के लोग, इष्ट मित्रो नें हर्ष जताया।



गोल्ड मेडलिस्ट नवीन को सम्मानित करतीं कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य

# युवाओं को एक साथ लाना ही यूथ-20 का उद्देश्य: डॉ. जाह्नवी

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। यूथ-20 के समग्र ढाँचे के तहत वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में हेल्थ वेल बीइंग फोर एंड स्पोर्ट्स विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन गुरुवार को किया गया। निबंध प्रतियोगिता के विजेता हिदायत एवं उद्देश्य सिंह रहे।

**निबंध प्रतियोगिता**

**निबंध प्रतियोगिता में उद्देश्य और हिदायत विजेता**

इस अवसर पर महिला अध्ययन केंद्र की प्रभारी डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव ने कहा कि यूथ-20 के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों का उद्देश्य देशभर के युवाओं को एक साथ लाना, बेहतर कल के लिए विचारों पर विमर्श करना और काम के लिए एक एजेंडा तैयार करना है। जनसंचार विभाग के डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि भारत की जी-20 की अध्यक्षता के दौरान यूथ-20 द्वारा की जाने वाली गतिविधियां वैश्विक युवा नेतृत्व और साझेदारी पर केंद्रित होंगी। युवाओं को देशहित और राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाने के लिए उन्हें जागृत करने की जरूरत है। इसी के तहत विश्वविद्यालय के संकाय भवन के संगोष्ठी हाल में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। निबंध प्रतियोगिता का उद्देश्य यूथ-20 के रूप में हेल्थ, वेल बीइंग और स्पोर्ट्स के प्रति जागरूकता और युवाओं में रुचि पैदा करना है। प्रतियोगिता में युवाओं को अपने राय और विचार व्यक्त किए। निबंध का विषय कैसे जलवायु परिवर्तन, महामारी प्रतिक्रिया और असमानता जैसी वैश्विक चुनौतियां थी। निबंध प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अन्नू एवं डॉ. नितेश रहे निबंध प्रतियोगिता के विजेता हिदायत एवं उद्देश्य सिंह रहे।



निबंध प्रतियोगिता में शामिल लोग

## संक्षेप

### तालाब में डूबकर किशोर की मौत

मड़ियाहूँ। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के राजापुर नंबर एक गांव में एक किशोर की तालाब में डूबने से मौत हो गई। स्वजनों ने गांव के ही मृतक किशोर के मित्र व उसके पिता पर हत्या का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि राजापुर नंबर एक गांव में अमित गौतम पुत्र स्वर्गीय राजनाथ गौतम 16 वर्ष अपने गांव के ही मित्र रघुवीर पटेल के साथ सुबह 10 बजे घर से निकला था। करीब 2 घंटे बाद राम आसरे पटेल के तालाब में अमित गौतम को डूबते हुए उसके मित्र ने देखा तो शोर मचाया जहां आसपास के काफी लोग इकट्ठा हो गए और अमित को तालाब से बाहर निकाला। सूचना पाने पर अमित के स्वजन मौके पर पहुंचे और उसे पास के ही एक निजी चिकित्सक के यहां ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्वजन को लेकर अपने घर पहुंचे और दोस्त व उसके पिता रामाश्रय पटेल पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। पुलिस आरोपित पिता पुत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक अपने तीन भाई बहनों में सबसे छोटा था। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया किशोर की तालाब में डूबने से मौत होना प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी।

### दुकान के सामने कबाड़ लादने आया ट्रक चोरी

**पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर कर रही खोज**

महराजगंज। थाना क्षेत्र के दुगौली निवासी रामबाबू कबाड़ का काम करते हैं। ग्राम घिउरहा थाना सरपतहां निवासी हवलदार मिश्रा के ट्रक से कानपुर ले जाते थे। बुधवार शाम ड्राइवर राजू दूबे कबाड़ ले जाने के लिए ट्रक दुकान के सामने खड़ी कर चाभी कबाड़ व्यवसायी रामबाबू को देकर चले गए। रात में ट्रक दुकान के सामने खड़ी थी। गुरुवार की सुबह जब रामबाबू के पिता उठे तो देखा कि ट्रक गायब थी। ऐसे में उन्होंने रामबाबू को जगाया और जानकारी पुलिस व ट्रक मालिक को दी। वहीं मौके पर पहुँचे ट्रक मालिक ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर जांच पड़ताल कर रही है।

### लिंक पर पांच रु. भेजते ही खाते से उड़ा दिया 18 हजार

खुटहन। इमामपुर गांव निवासी एक युवक मंगलवार की शाम धोखाधड़ी का शिकार होकर अपने बैंक खाते से अट्ठारह हजार रुपए गंवा बैठा। बुधवार को उसने थाने में अज्ञात ठगबाजों के खिलाफ तहरीर दिया है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। गांव निवासी राजकुमार विश्वकर्मा के व्हाट्सएप पर संदेश आया कि हम पासपोर्ट कोरियर सेवा से है। मैसेज के साथ एक लिंक भी शेयर किया गया था। उसने कहा कि दिए गए लिंक पर आप तुरंत पांच रुपए भेजिए तभी आप तक पासपोर्ट पहुंच पायेगा। राजकुमार ने दिए गए लिंक को खोल उसके मुताबिक पांच रुपए मोबाइल बैंकिंग से भेज दिया। देर रात उसकी मोबाइल पर अट्ठारह हजार चार सौ निन्यानबे रुपए डेविड का मैसेज आ गया। सुबह दस बजते ही वह भागकर यूबीई शाखा तिघरा पहुंचा। जहां उसे पुलिस थाना पर जाने की सलाह दी गई।

### सात गोवंश के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

महराजगंज। पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के दौरान स्थानीय पुलिस टीम द्वारा गुरुवार को ग्राम कपूरपुर से दो अभियुक्त दानिश पुत्र आबाद ग्राम पल्डीह थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर व रोहित गौतम पुत्र रामकैलाश निवासी नेवादा थाना सुजानगंज को गिरफ्तार किया जिनके कब्जे से एक पिकअप व मुंह, पैर बंधे हुए 7 पड़िया बरामद की गयी जिन्हें पशुक्रूरता अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

### अमोध में खुलेआम हो रहा अवैध खनन, नहीं हो रही कार्रवाई

पवांरा। प्रदेश की योगी सरकार ने अवैध खनन करने वाले खनन माफियाओं पर शिकंजा कसा है। योगी आदित्यनाथ ने खनन माफियाओं का गोरखधंधा बंद कराने के लिए दृढ़ता दिखायी और कड़े निर्देश भी जारी किये लेकिन थाना क्षेत्र अन्तर्गत अमोध गांव में स्थित बसुई नदीं में से खनन माफियाओं द्वारा प्रतिदिन धड़ल्ले से जेसीबी द्वारा अवैध मिट्टी का खनन हो रहा है। सम्भ्रान्तजनों का कहना है कि इसकी शिकायत अधिकारियों से की जाती है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है और हीलाहवाली करते रहते हैं। लोगों का कहना है कि कार्रवाई नहीं हुई तो हम लोग मुख्यमन्त्री से शिकायत करेंगे। वहीं इस बारे में जिला खनन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि सूचना मिली है और जांचकर संबंधित के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जायेगी।

### एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार की कार्यप्रणाली से अधिवक्ताओं में आक्रोश

**तहसील बार एसोसिएशन ने अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू की**

केराकत। एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार की कार्यप्रणाली से अधिवक्ताओं में आक्रोश है। विरोध में अधिवक्ताओं ने गुरूवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू कर दी है। आरोप है कि अधिकारी विभिन्न मुकदमों की सुनवाई करने के बाद भी निस्तारण नहीं कर रहे हैं। अधिवक्ताओं ने पिछले सप्ताह अधिकारियों को अपनी कार्यशैली सुधारने को कहा था और तब तक न्यायिक कार्यों से विरत हो गए। लेकिन समय बीत जाने के बाद भी अधिकारियों ने न तो अपना रवैया बदला न ही अधिवक्ताओं के पत्र का जवाब दिया। जिससे अधिवक्ताओं में आक्रोश है। गुरूवार को अधिवक्ताओं ने बैठक की जिसमें अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रहने का फैसला किया है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कुंवर बहादुर यादव ने कहा कि उनका संघ अधिकारियों के साथ होने वाली मासिक बैठक का बहिष्कार करेगा और किसी उच्च अधिकारी से वार्ता होने तक न्यायिक कार्यों से विरत रहेगा। बैठक में उदयराज कन्नौजिया, अनुपमा शुक्ला, राजेश पाण्डेय, मुकेश कुमार शुक्ला, नमःनाथ शर्मा, महेन्द्र शंकर पांडेय, राजवंत कुमार आदि रहे।

### दो भैंस खोल ले गए चोर

सुइथाकला। बीती रात क्षेत्र के ईसापुर गांव से कुछ अज्ञात चोरों द्वारा दो भैंस चोरी कर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। भैंस चोरी की घटना से पशुपालकों में दहशत मची हुई है। बताया जाता है कि क्षेत्र के ईसापुर गांव में बुधवार की रात जहां चोरों द्वारा राधेराम विन्द की भैंस खोल ले जाया गया, वहीं सड़क के किनारे गांव निवासी रूदल गौतम की बंधी भैंस को अज्ञात लोगों द्वारा पिकअप पर लाद कर चोरी कर ली गयी। उक्त पशुपालक भैंस बंधे हुए जगह पर न पाकर सन्न हो गए। फिलहाल मामले में पुलिस को भुक्तभोगी पशुपालकों द्वारा सूचना दे दी गई है। लेकिन इस घटना को लेकर पशु पालकों में दहशत मची हुई है।

# बाट-माप निरीक्षक व सप्लाई इंस्पेक्टर ने दो पेट्रोल पंपों का किया निरीक्षण

जौनपुर। जिलाधिकारी के निर्देश पर बृहस्पतिवार को बाट माप निरीक्षक ज्योत्सना श्रीवास्तव, सप्लाई इंस्पेक्टर सदर आशुतोष त्रिपाठी व एरिया सेल्स ऑफिसर पेट्रोलियम ने पंचहटिया स्थित दो पेट्रोल पंपों का अचानक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पेट्रोल की गुणवत्ता को परखने के साथ-साथ पेट्रोल की मात्रा को भी जांचा परखा। फिलहाल जांच में सब कुछ सही पाया गया। इस दौरान पेट्रोल पंप पर आग बुझाने के यंत्रों का भी उन्होंने निरीक्षण किया तथा समय- समय पर आग बुझाने के यंत्रों की सर्विसिंग कराने तथा उसे गैस से दूर रखने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने आने वाले दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों से भी पेट्रोल की गुणवत्ता के लिए फीडबैक लिया। इस निरीक्षण के बारे में पूछे जाने पर सप्लाई इंस्पेक्टर सदर आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि पंचहटिया स्थित दो पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया है। पेट्रोल की मात्रा व फायर की सुविधाओं का भी जांच किया गया है। यह निरीक्षण जिलाधिकारी व जिला पूर्ति अधिकारी के निर्देश पर किया गया है।



पेट्रोल की गुणवत्ता की जांच करते बाट माप निरीक्षक ज्योत्सना श्रीवास्तव व सप्लाई इंस्पेक्टर सदर आशुतोष त्रिपाठी

# एक अप्रैल से चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण की प्रथम जनपद स्तरीय अंतर विभागीय बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। वहीं दस्तक अभियान 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाना है, जिसमें स्वास्थ्य नगर विकास पंचायती राज, पशुपालन, बाल विकास, शिक्षा चिकित्सा, दिव्यांग, जन सशक्तिकरण, कृषि एवं सिंचाई सूचना विभाग, उद्यान विभाग रोग नियंत्रण हेतु संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जनमानस के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। बुखार के रोगियों की तलाश की जाएगी तथा नगर व क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था होगी। जिलाधिकारी ने नगर पालिका/नगर पंचायत और पंचायती राज विभाग को निर्देशित किया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक साफ-सफाई रखी जाए ताकि कहीं भी जलभराव के कारण मच्छरजनित परिस्थितियां उत्पन्न न होने पाएं। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि निर्धारित गतिविधियों को समय से संपादित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नालियों की सफाई, जल-जमाव हटाये एवं एंटी लार्वा का छिड़काव कराये। बीएसए को निर्देश दिया कि विद्यालयों में जागरूकता के कार्यक्रम कराये जाएं, बच्चों से निबंध लिखवाया जाए और प्रमाण-पत्र वितरण किया जाए। निर्देशित किया कि ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी बैठक कर ब्लॉकवार योजना बनाते हुए 23 से 26 मार्च के मध्य कार्य संपादित कर लें जिसमें ग्राम प्रधान की उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि दस्तक अभियान में आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार के मरीजों, इंफ्लुएंजा लाइक इलनेस के रोगियों, क्षय रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों एवं कुपोषित बच्चों की सूची बनाएंगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला मलेरिया अधिकारी बीपी सिंह सहित समस्त एवं एमओआईसी उपस्थित रहे।



बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी

**बैठक**

**जनपद स्तरीय बैठक में जिलाधिकारी ने दिये आवश्यक दिशा निर्देश**

# डॉ. राममनोहर लोहिया की मनायी गयी 113वीं जयंती

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर डा. राममनोहर लोहिया की 113वीं जंयती के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव ने लोहिया के जीवन पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहाकि राम मनोहर लोहिया ने अपनी प्रखर देशभक्ति और तेजस्वी समाजवादी विचारों के कारण अपने समर्थकों के साथ भी अपने विरोधियों के मध्य में अपार सम्मान हासिल किया। देश की राजनीति में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान और स्वतंत्रता के बाद कई ऐसे नेता हुए जिन्होंने अपने दम पर शासन का रुख बदल दिया जिनमें से एक थे राम मनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण ने देश की राजनीति को स्वतंत्रता के बाद बदला तो राम मनोहर लोहिया ने देश की राजनीति में भावी बदलाव की बयार आजादी से पहले ही ला दी थी।

पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव ने कहा डा. लोहिया मानव की स्थापना के पक्षधर समाजवादी थे वह समाजवादी भी इस अर्थ में थे कि समाज ही उनका कार्यक्षेत्र था और वह अपने कार्य क्षेत्र को जन मंगल की अनुभूतियों से महकाना चाहते थे। वह चाहते थे कि व्यक्ति व्यक्ति के बीच कोई भेद कोई दुराव और कोई दीवार न रहे। सब जन समान हो सब जन का मंगल हो। जंयती के अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव, विरेंद्र सिंह, राकेश मौर्या, श्याम बहादुर पाल, राजेंद्र टाईगर, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, शकील अहमद, श्रवण जयसवाल, पूनम मौर्या, मेवालाल गौतम, शिवजीत यादव, आरीफ हबीब, साजिद अलीम, इरशाद मंसूरी, अलमास, निजामुद्दीन, गप्पू मौर्या, कृष्णा यादव, विक्की यादव आदि लोग उपस्थित रहे।



गोष्ठी को सम्बोधित करते पूर्व विधायक शैलेन्द्र यादव

# मोटरसाइकिल से टकराकर साइकिल सवार वृद्ध की मौत

मीरगंज। थाना क्षेत्र स्थित जंघई-मुंगराबादशाहपुर रोड के सेमरी गांव में विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे बाइक सवार की टक्कर से एक साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के अहमदपुर गरियांव निवासी रामनरेश विश्वकर्मा (72) की जंघई में लोहार की दुकान है। वे प्रतिदिन की तरह गुरुवार को भी दुकान खोलने साइकिल से जंघई आ रहे थे। अभी वे सेमरी स्थित छोटू शर्मा के घर के पास पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी जिससे वे गिरकर बेहोश हो गए। आसपास के लोग उन्हें उपचार के लिए मुंगराबादशाहपुर ले जा रहे थे कि रास्ते मे ही उसने दम तोड़ दिया।

सूचना पर पहुंचे मीरगंज के जंघई पुलिस चौकी प्रभारी राम विलास ने बिना नम्बर की बाइक को कब्जे में लेकर शव को पीएम के लिए भेज दिया।

# भाईचारे के साथ मनायें नवरात्रि व रमजान का त्योहार: सीओ सिटी



पीस कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते सीओ

जफराबाद। नवरात्रि तथा रमजान के पर्व को आपसी भाईचारे के व शांतिपूर्ण ढंग से मनायें। यह बातें गुरुवार को स्थानीय कस्बे में स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में पीस कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते हुए सीओ सिटी कुलदीप गुप्ता ने कही।

उन्होंने कहा कि कोई भी त्योहार आपसी प्रेम भाईचारा को बढ़ाता है। पर्व हमे प्रेम से रहने का संदेश देता है। उन्होने मौजूद लोगों को यह भी आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत या समस्या हो उसे निःसंकोच बताएं। थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी ने कहा कि किसी भी तरह की समस्या हो आप लोग बताएं पुलिस तत्काल मदद करेगी। इसके साथ कोई भी अराजक तत्व, मनबढ़ या असमाजिक व्यक्ति कोई हरकत करेगा तो उस पर कड़ी कार्यवाही होगी। लोगों को नवरात्रि तथा रमजान की बधाई दिया। इस मौके पर चौकी प्रभारी आशीष पाण्डेय, एसआई डॉ. राम जनम यादव, एसआई सुरेश सिंह, उमाकांत गिरी, निवर्तमान चेयरमैन प्रमोद कुमार बरनवाल, संदीप कयूम अंसारी, खुर्रम, मनोज सिंह, राजेश सिंह पुल्लु, निसारुल हक, आफताब आलम, तहजीब आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पिता-पुत्र पर मारपीट व छेड़खानी का मुकदमा

सुइथाकला। थाना क्षेत्र के जमदरा (मदनकोल) गांव में एक विवाहिता द्वारा पिता पुत्र पर छेड़खानी मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है।

जानकारी के अनुसार युवती ने गांव के ही कमलेश शुक्ल पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुये कहा कि मुझे अकेली पाकर कमलेश शुक्ल गलत नियत से हमारे साथ छेड़खानी करने लगे। मेरे विरोध करने तथा चिल्लाने पर कमलेश शुक्ल का लड़का द्वेश शुक्ल मौके पर पहुंच गया और अपशब्दों का प्रयोग करते हुये मेरी पिटाई कर दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये दोनो हमारे घर पहुंचकर खपरैल का मकान क्षतिग्रस्त कर दिये।

मामले में थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पिता-पुत्र के विरुद्ध भारतीय दण्ड विधान की धारा 354, 504, 506, 427 के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# दोहरा मुक्त जौनपुर के लिए दिया जिलाधिकारी को ज्ञापन

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। जनपद में बनने व बिकने वाले दोहरा पर प्रतिबंध लगाने की मांग वर्षो से होती चली आ रही है। तत्कालीन नगर मजिस्ट्रेट द्वारा वर्ष 2009 में दोहरे पर प्रभावी रोक के लिए कार्यवाही की गईं थी।

**मांग**

**दोहरा के खिलाफ युवाओं ने सौपा डीएम को ज्ञापन**

दोहरे पर रोक लगाने के लिए पूर्व के जिलाधिकारी सर्वज्ञ राम मिश्र, अरविंद मलप्पा बंगारी, दिनेश कुमार सिंह व मनीष कुमार वर्मा द्वारा प्रभावी रोक के लिए प्रयास किया जाता रहा तथा जिलाधिकारी द्वारा जनपद के समस्त उपजिलाधिकारियों को 18 जनवरी 2018 को आदेशित किया गया था कि क्षेत्राधिकारीगण का सहयोग लेते हुए दोहरा के विनिर्माण, भंडारण व विक्रय पर प्रभावी रोक लगायी जाय तथा जनपद के समस्त दोहरा वासियों के लाइसेंस को निरस्त कर दिया गया। दोहरा कारोबारियों द्वारा वर्तमान समय में दोहरा के स्थान पर पान मसाला के नाम से पुनः लाइसेंस प्राप्त कर लिया गया तथा वृह्द स्तर पर पुनः दोहरा वर्तमान परिवर्तित नाम (पान मसाला) का व्यवसाय किया जा रहा है। जनपद में दोहरा खाने से युवाओं का एक बड़ा समूह पीड़ित है इसलिए विकास तिवारी व अतुल सिंह की अगुवाई में युवाओं का एक समूह जो पिछले कई वर्षो से दोहरा पर प्रतिबंध लगाने की मांग करता चला आ रहा है ने गुरूवार को जिलाधिकारी से मुलाकात कर 85 पृष्ठों का साक्ष्य सहित ज्ञापन देकर जिलाधिकारी से उक्त खाद्य मादक पदार्थ दोहरे के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन देने वालो में विकास तिवारी, अतुल सिंह, आकाश सिंह, अभिनव मिश्र, विनय, निर्भय इत्यादि उपस्थित रहे।



जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने जाता युवाओं का प्रतिनिधिमण्डल

# ईंट-भट्ठा मालिक ने काम न करने पर मजदूरों को पीटा

**दर्जनों की संख्या में मजदूर पहुंचे थाने**

बरसठी। स्थानीय थाना क्षेत्र के हरद्वारी गांव में स्थित ईट उद्योग हरद्वारी के मालिक राजमनि मौर्या व रमाशंकर यादव है। मजदूरों का आरोप है कि हम लोग मालिक से लाइट व अन्य सुविधा के लिये उनसे मांग किया उन्ही बात को लेकर राजमनी मौर्या को बुरा लग गया और उसी बात को लेकर गाली देने के साथ मारपीट की। गुरुवार को दर्जनों की संख्या में मजदूरों ने थानाध्यक्ष दिनेश कुमार से शिकायत किया है। आरोप है कि जबरजस्ती काम करवाना चाह रहे है और सुविधा से भी वंचित रखते है। मालिक राजमनी मौर्या व सह मालिक रमाशंकर यादव का कहना है कि गाली गलौज हुई है लेकिन मारपीट कि बात गलत है। आरोप है कि बंधुआ मजदूरी भी करवाते है जबकि मजदूरों का श्रम विभाग में रजिस्ट्रेशन नहीं है पूछने पर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गाली गलौज व मारपीट का शिकायत आयी है जांच चल रही है।

# श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है चौरा मां काली का मंदिर

मुंगराबादशाहपुर। गुड़हाई मोहल्ले के मलिया घोड़ा में स्थित प्राचीन व प्रसिद्ध चौरा मां काली का मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है। मान्यता है कि इस मंदिर में सच्चे मन से मांगी गई मुराद माता अवश्य पूरी करती हैं। नवरात्रों में मां के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं।

चौरा मां काली का मंदिर का इतिहास लगभग 200 साल से अधिक पुराना है। मां काली के इस मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के लिए क्षेत्र के कोने-कोने से श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि मंदिर में मांगी गई मुराद जरूर पूरी होती है। बुजुर्गों का कहना है कि उक्त मंदिर निर्माण के पहले इमली का पेड़ होता था इसी इमली के पेड़ के नीचे मां काली की प्रतिमा स्थापित थी जिसमें क्षेत्र के महिलाएं इमली के पेड़ के नीचे प्रसाद बनाकर भोग लगाती थी और उनकी मुरादे भी पूरी होती थी जिसको लेकर कस्बे के निवासी स्व. राजाराम ऊमरवैश्य ने पुत्र प्राप्ति को लेकर उन्होंने चौरा मां काली से कामना की जिसका फल यह रहा कि कुछ महीनों के बाद उन्हें पुत्र प्राप्ति हुई। उन्होंने 1823 में मंदिर का निर्माण कराया। नगर के नवविवाहित दंपत्ती शादी के बाद सुख शांति व समृद्धि के लिए चौरा मां काली का आशीर्वाद लेकर अपने जीवन की शुरूआत करते हैं। चैत्र व शारदीय नवरात्र में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। साल भर में कई बार भजन संध्या सहित पर विशाल भंडारे का आयोजन होता है। मंदिर के पुजारी बाबा माली के पूर्वज कई दशकों से मंदिर की देखभाल और पूजा अर्चना करते चले आ रहे हैं। मंदिर के पुजारी बाबा माली ने बताया कि मंदिर पहले 7 से 8 बिस्वा में स्थापित था इसके बाद यह 4 बिस्वा में सिमटकर रह गया है। पंचमी के दिन मां का विशेष श्रृंगार होता है। कस्बे के निवासी शिव प्रसाद बबलू द्वारा चैत्र व शारदीय नवरात्र में मां का विशेष सजावट का भव्य श्रृंगार तथा रोजाना प्रसाद वितरण किया जाता है।

**आस्था**

**1823 में राजाराम ऊमरवैश्य ने कराया था मंदिर का निर्माण**



# बिजली चेकिंग अभियान, 4 दर्जन की बत्ती गुल, 20 लाख की वसूली

हड़कंप

**विद्युत विभाग की छापेमारी से अवैध कनेक्शन धारकों में मचा हड़कंप**

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** नगरीय क्षेत्र में बिजली चोरी तथा बिजली बिल बकायेदारो के खिलाफ विद्युत विभाग के अभियंताओं के नेतृत्व में लगातार छापेमारी का कार्यक्रम चल रहा हैए, जिससे कटिया मारो में हड़कंप मचा हुआ हैं।

बिजली विभाग की टीम ने अवर अभियंता प्रमोद चौहान के नेतृत्व में चले चेकिंग अभियान में मोहल्ला जलालपुर, काजीपुर, निजामपुर, सीधवन, स्टेशन रोड, अजीमुल्ला चौराहा आदि क्षेत्रों में 17 का लाइन कटा वसूली 11.15 लाख की गयी। अवर अभियंता ज्योति प्रकाश के नेतृत्व में रंग महल गली, चौरी रोड, ममहर, दशरथपुर आदि क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चला जिसमे 8 का लाइन कटा वसूली 3.25 लाख की गयी। अवर अभियंता मनोज कुमार के नेतृत्व में आलमपुर, रामसहायपुर आदि क्षेत्रों में चले चेकिंग अभियान में 12 का लाइन कटा वसूली 2.25 लाख की गयी।



मोहल्ला जलालपुर में जांच करते अवर अभियंता प्रमोद चौहान

इसी तरह अवर अभियंता सुजीत पटेल के नेतृत्व में मर्यादपट्टी, रघुनाथपुर आदि क्षेत्रों में चले चेकिंग अभियान में 15 का लाइन कटा वसूली 3.75 लाख की गयी। अवर अभियंता ज्योति प्रकाश ने बताया कि गुरुवार को नगर में औचक छापेमारी की गई। जिसमें 52 लोगों की बत्ती गुल करने के साथ ही 20 लाख 40 हजार की वसूली की गई है।

कहा कि मार्च महीने में क्लोजिंग साल चलता हैए जिसमे ज्यादा वसूली की जाती है। यह अभियान बराबर चलता रहेगा। जिसके ऊपर दस हजार से ज्यादा बकाया हैए उनसे बकाया जमा कराया जा रहा है अन्यथा उनका विच्छेदन कर दिया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो रात को भी यह अभियान चलाया जाएगा।

## दो दोषसिद्ध आरोपियों को आज मिलेगी सजा

**ज्ञानपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम सैलोज चन्द्रा की अदालत ने जिले की बहुचर्चित गोपीगंज थाना अंतर्गत एक ग्राम की 11 वर्षीय दलित बेटी की ईंट पत्थरों से कूच व गला दबाकर निर्मम हत्या के मामले में मात्र ढाई वर्ष में हत्यारोपियों को दोषसिद्ध करार दिया। अभियोजन कथानक के अनुसार उक्त गांव के मुकेश हरिजन की पुत्री कु. आंचल 11 वर्ष की गांव के ही तीन लोगो ने 28 सितम्बर 2020 को शौच हेतु गयी बाजरे के खेत में दिन दोपहर 12 बज कर 30 मिनट पर ईंट पत्थर से कूचकर व गला दबाकर हत्या कर दिये जाने की प्राथमिकी गोपीगंज थाने में दर्ज की गई थी। बाद विवेचना विवेचक द्वारा न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत हुआ। विरुद्ध दो लोगो के खिलाफ प्रेषित किया गया। न्यायालय ने अभियोजन साक्षियो एवं अभियोजन कागजात का परिसिलन अनुश्रवण एवं उभयपक्षी के तर्को को न्यायालय ने सुनकर दो लोगो को दोष सिद्ध घोषित किया। सजा के बिन्दु पर सुनवाई हेतु फैसला 24 मार्च के लिए सुरक्षित कर दिया गया। अभियोजन पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता विकास नारायण सिंह ने किया।

# अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने वाले नायक थे डॉ. राम मनोहर लोहियाः अली शेर

आयोजन

**113 वीं जंयती पर याद किये गये डॉ.राम मनोहर लोहिया**

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय ज्ञानपुर में महान समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया जी का 113वां जयंती विधायक जाहिद बेग की मौजूदगी में मनाया गया और उनके समाजवादी विचारधारा पर चर्चा की गया व भगत सिंह राजगुरु सुखदेव के शहादत पर नमन किया गया।

भावी प्रत्याशी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भदोही ने कहा कि समाजवादी समतामूलक सामाजिक न्याय के पक्षधर अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने के नायक डॉ. राम मनोहर लोहिया स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी प्रखर चिंतक समाजवादी राज नेता थे। वह निर्भीक और बेवाक संपूर्ण आजादीए सामाजिक न्याय के लिए जीवन परत संघर्ष करते रहे। उनको नमन करने मात्र से अपने आप में समाजवाद समाहित हो जाता है उनके सामाजिक न्याय के लिए क्रांतिकारी समाजवादी आंदोलन को आगे बढ़ाने का संकल्प ले। उपस्थित विधायक जाहिद बेग, हृदय नारायण प्रजापति, पूर्व मंत्री रामकिशोर बिंद, हसनैंन अंसारी, संतोष यादव, यशवंत यादव, लालचंद बिंद, गामा यादव, पन्ना लाल यादव, कल्लन यादव, मनोज यादव, काशी नाथ पाल, मायाशंकर प्रजापति, राज बिहारी, मनोज कनौजिया, महेश यादव, जीत नारायण यादव, रामराज, विद्या शंकर यादव, छबि नाथ, सौरभ, लल्लन गुप्त जिला मिडिया प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार मिश्र पप्पू आदि लोग उपस्थित रहे।



समाजवादी चिंतक की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते वरिष्ठ सपा नेता अली शेर खान

# एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

जनसंदेश न्यूज

**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का गुरूवार को समापन हो गया। शिविर का प्रारंभ लक्ष्य गीत ए संकल्प गीत गा कर तथा विद्यालय प्रांगण की साफ सफाई करके किया गया। सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर दिन के होने वाले कार्यक्रम का निर्धारण किया। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर भोजन बनाया।

भोजन ग्रहण करने के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉण अमरनाथ पांडेय पूर्व प्राचार्य काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर रहे। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉण अमरनाथ पाण्डेय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए समाज में बेहतर प्रदर्शन करने के प्रेरित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अनमोलए रितु और शिवानी के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

इसके पश्चात अनामिकाए प्रीतिए शिवानीए शीलाए रूपा के द्वारा बाल विवाह विषय पर नुक्कड़ नाटक किया गया। वही प्रीतिए नीशूए सरिताए कीर्तिए करिश्मा और पूजा के द्वारा देश भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया गया। आशीष के द्वारा बाँसुरी वादन व रंगनाथ बिंद के द्वारा भक्ति नृत्य किया गया। वही खुशी भारतीय के द्वारा गरीबी पर अपनी स्व रचित कविता प्रस्तुत की गई। शिविर के दौरान अच्छी प्रस्तुति देने वाले अनमोल दुबे, अनामिका यादव, हरिश्चन्द्र यादव, प्रीति चौरसिया, रितु गौड़, अर्पित तिवारीए अच्छेलाल, शिवानी, अभिषेक शुक्ला, शीला यादव, विष्णु उपाध्याय, रविन्द्र यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## चोरी की कार व मोटरसाइकिल के साथ युवक गिरफ्तार

**ज्ञानपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन पर कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने व अपराधों की रोकथाम के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा आपराधिक प्रवृत्ति के लोगो विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। थाना भदोही पुलिस टीम ने 25 हजार रुपये पुरस्कार घोषित अंतर्राज्यीय गैंगस्टर आरोपी अनिल यादव पुत्र बब्बू यादव निवासी कंचनपुर जिला प्रयागराज को रेलवे स्टेशन भदोही के पास से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अंतर्राज्यीय आरोपी रेकी कर वाहनों की चोरी लूट करने वाले गिरोह का शातिर सदस्य है। पूर्व में भदोही पुलिस द्वारा गिरोह के दो सदस्यों को चोरी की सेवरेले बीट कार व मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। आरोपी वाहन चोरी व लूट करने का अभ्यस्त अपराधी हैए जिसके विरुद्ध जनपद सहित महाराष्ट्र राज्य में चोरीए लूटए जालसाजी व गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत एक दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में निरीक्षक अपराध मिथिलेश कुमार यादव, उपनिरीक्षक कुर्बान अली, आरक्षी अमरेंद्र प्रताप आदि शामिल रहें।

# निर्माणाधीन ग्रामीण स्पोटर्स सेंटर का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

जायजा

**युवाओं के शारीरिक विकास व सामाजिक सौहार्द्र प्रतिस्पर्धा पयर्टन ग्रामीणों के सुबह शाम टहलने हेतु समर्पित है ग्रामीण स्पोटर्स सेन्टर**

**भदोही।** जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामीण स्पोर्ट सेन्टर बनाने की मुहिम के क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी ने मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह के साथ विकास खण्ड सुरियावॉ में ग्राम पंचायत पूरेमनोहरपुर में निमार्णाधीन मिनीस्टेडियम का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि ग्रामीण स्पोटर्स सेन्टर ने युवाओं का शारीरिक विकास एवं सामाजिक सौहार्दए प्रतिस्पर्धाए पयर्टनए सभी ग्रामीणों के सुबह शाम टहलने हेतु ट्रैक आदि की व्यवस्था की गयी है। खेल मैदान में स्थल के अनुसार बॉलीबाल कोर्टए कब्बडी कोर्टए कुश्ती कोर्टए एक अदद कक्ष एवं शौचालय एवं ओपन जिम आदि का निर्माण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि खेलो इण्डिया, बढ़ो इण्डिया के तहत ग्रामीण अंचल में खेल मैदान का मॉडल विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण स्पोटर्स हब स्थल के कम ज्यादा क्षेत्रफल के मुताबित विभिन्न खेल के कोर्टो हेतु एक प्रस्तावित नक्सा पास किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने बताया कि जनपद के कुल 546 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 43 ग्राम पंचायतों में ग्रामीण स्पोटर्स हब निमार्णाधीन है। अवशेष ग्राम पंचायतों में जल्द ही निर्माण कार्यो की शुरूआत हो जाएगी। निरीक्षण में डीपीआरओ सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी व सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



निमार्णाधीन ग्रामीण स्पोटर्स सेन्टर के निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते डीएम गौरांग राठी।

## संक्षेप

### भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष का घोसिया में स्वागत

**गोपीगंज।** भारतीय जनता पार्टी के अल्प संख्यक मोर्चा के भदोही जिलाध्यक्ष सिराज अख्तर का बुधवार को घोसिया नगर पंचायत में पहुंचने पर मौजूद उनके सैकड़ों समर्थकों ने फूलमालाओं से लादकर स्वागत किया। जहां पर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसके क्रम में वहा पर मौजूद सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में राष्ट्रपति के अभिभाषण को पढ़ कर सुनायाए और सरकार की उपलब्धियों को गिनायाए मुसलमानों को लेकर विपक्षी पार्टियों पर उन्होंने कहा की विपक्षी पार्टियां आज तक सिर्फ मुसलमानों को छलने का काम कियाए और सिर्फ वोट बैंक समझती रही। आज सरकार ने जितनी भी योजनाएं बनाई क्या उसमे किसी धर्मए जात के लिए बनाया। नही सरकार ने सब का साथ सबका विकास के नारे के साथ काम कर रही है। चाहे वह आवास योजना, राशन योजना, उज्जवला योजना, महिला सशक्तिकरण योजना, शौचालय योजना किसी एक के लिए नही सभी के लिए बनाया और हम सब इसका लाभ उठा रहे है। तत्पश्चात राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के क्रम मे सिराज अख्तर ने पढ़ते हुए राष्ट्रपति द्वारा केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताया, जिसमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहे केंद्र सरकार के लाभकारी योजनाओं के विषय साथ.साथ समाज के क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्य सरकार के नीतिए कार्य और सिद्धांत को अभिभाषण के माध्यम से चर्चा की गई। इस अवसर पर मिराज फारूकीए, ननका हाफिज जी, मजहरउल्ला सभासद आदि मौजूद रहे।

### सुशील तिवारी सुरियावां व माखनलाल कोइरौना के नए थानाध्यक्ष

**ज्ञानपुर।** जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत एसपी डॉ. अनिल कुमार ने थानाध्यक्षो के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया हैं। निरीक्षक अश्वनी कुमार त्रिपाठी को प्रभारी साइबर सेल से प्रभारी निरीक्षक की जिम्मेदारी दी हैंए उपनिरीक्षक बृजेश कुमार मौर्या को थानाध्यक्ष कोईरौना से थाना महिला थानाध्यक्ष, उपनिरीक्षक मक्खन लाल को महिला थानाध्यक्ष कोईरौना थानाध्यक्ष व थानाध्यक्ष ज्ञानपुर सुशील कुमार तिवारी को थाना सुरियावां की कमान सौंपी हैं।

### शिक्षकों को दी गयी प्रशिक्षण एवं शिक्षण सामग्री

**सुरियावां।** बीआरसी सुरियावां के सभागार में गुरूवार को विकास खंड सुरियावां के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को निपुण भारत मिशन के अंतर्गत निपुण तालिकाए निपुण सूची एवं अन्य सामग्री संदर्शिका कक्षा एक से आठ तक का वितरण संबंधित कक्षा अध्यापक को बुलाकर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा वितरित किया गया। सामग्री वितरण के पश्चात विकास खंड के एआरपी ने निपुण तालिकाए शिक्षक डायरी एवं शिक्षक संदर्शिका के प्रयोग के बारे में प्रशिक्षण दिया। एबीएसए ने नए सत्र के इन सामग्रियों का उपयोग कैसे किया जाएगा इसकी विस्तृत चर्चा कीए साथ ही साथ नए सत्र पर सभी शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया और विकास खंड सुरियावां को निपुण विकासखंड बनाने के लिए टिप्स दिया। इस मौके पर विकासखंड सुरियावां के कक्षा तीन के समस्त कक्षा अध्यापक, सभी एआरपी, आदर्श शिक्षक डॉ. ओम प्रकाश मिश्र आदि उपस्थित रहें।

### परिषदीय विद्यालयों में दूसरे दिन हुई कई विषयों की लिखित परीक्षा

**खुटहन।** विकासखण्ड के सभी परिषदीय विद्यालयों में गुरुवार को विभिन्न विषयों की लिखित परीक्षा करायी गई। छात्र भी पूरे उत्साह व मनोयोग के साथ प्रश्नपत्र में पूछे गए सवालों का जवाब उत्तर पुस्तिकाओं में अंकित किए।गुरुवार की प्रथम पाली में अलग अलग कक्षाओं की हिंदी, गणित और सामाजिक बिषय की परीक्षा कराई गई। परीक्षा की सुचिता बनाए रखने के लिए विद्यालय के शिक्षकों की अलग अलग कक्षाओं में ड्यूटी लगाई गई। प्रधानाध्यापक केंद्र ब्यस्थापक की तरह कार्य करते रहे। एआरपी टीम भी विद्यालयों पर पहुंच शैक्षिक वातावरण बनाए रखने में सहयोग व नकल विरोधी परीक्षा कराने के लिए कक्षाओं में जाकर निरीक्षण करते रहे। परीक्षा के दौरान विद्यालयों में एमडीएम की ब्यवस्था भी संचालित रही।

### नवरात्रि में चौरा माता मंदिर पर सुंदरकांड पाठ से गूंजा कोटिला गांव


**सुजानगंज।** ग्राम सभा देवकली के कोटिला गांव में स्थित चौरा माता मंदिर पर समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से बुधवार से नवरात्रि तक प्रतिदिन हर शाम सुंदरकांड पाठ हो रहा है। मुख्य यजमान आनंद दुबे शिक्षक के नेतृत्व में एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से नवरात्रि के पावन अवसर पर सुंदरकाण्ड का पाठ हो रहा है। जमुना प्रसाद दुबे एवं बेनी प्रसाद दुबे ने बताया कि नवरात्रि में सुंदरकांड पाठ करने से समाज में शांति सद्भावना बनी रहती है। प्रतिदिन शाम को बड़ी संख्या में ग्रामवासी पहुंचकर पाठ के दौरान श्रीराम और मां के जयकारे लगाते हैं।

### दशकों तक प्रधान रहकर सेवा करने वाले टीडी पाण्डेय नहीं रहे



**खुटहन।** महमदपुर गुलरा गांव निवासी व ढाई दशक तक प्रधान पद पर रहकर गरीबों व जरूरतमंदों की सेवा करने वाले तिलकधारी पाण्डेय का पार्थिव शरीर गुरुवार को पंचतत्व में विलीन हो गया। वे 95 वर्ष के थे। वह अपने पीछे भरापुरा परिवार छोड़ गए। स्व. पाण्डेय बृद्धावस्था में चल रहे उपचार के चलते जिले के बदलापुर पड़ाव स्थित अपने निजी आवास पर निवास कर रहे थे। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक छा गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर किया जायेगा। उनके निधन पर पूर्व प्रमुख ओमप्रकाश सिंह, पत्रकार शिवपूजन, सुभाष पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, श्रीपाल पाण्डेय, रामानंद पाण्डेय, लालमनि नाविक, बरसाती यादव, मुरली यादव, अमरनाथ गौतम, राजेश निषाद, राम दवर गौतम, कोमल सिंह आदि ने शोक संवेदना प्रकट किया है।

### आगामी पीढ़ी की जानकारी के लिए हिंदू नववर्ष मनाना जरूरी : सुरेश



**मछलीशहर।** नवसंवत्सर के अवसर पर आयोजित आरएसएस के कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रचारक और क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख पूर्वी उत्तर प्रदेश सुरेश ने बौद्धिक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ीयां अपने नव वर्ष को समझे और जाने, इसलिए हमें श्रद्धा और उल्लास के साथ हिंदू नव वर्ष को मनाना चाहिए। बौद्धिक कार्यक्रम की अध्यक्षता राम अभिलाष पाल (गुरु जी) ने की। उन्होंने अध्यक्षी भषाढ़ में कहा कि हमें अपने भारतीय संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए आने वाली पीढ़ी को इसकी जानकारी अवश्य दें। उक्त कार्यक्रम के पश्चात आरएसएस के स्वयं सेवकों ने जिला प्रचारक प्रभात के नेतृत्व में नगर में पथ संचलन किया। पथ संचलन सरस्वती विद्या मंदिर से आरंभ होकर नगर के पुरानी बाजार, मंगलबाजार भ्रमण करते हुए पुनः उक्त स्थान पर समाप्त हुआ। इस दौरान नगर में लोगों ने स्वयंसेवकों के ऊपर फूलों की वर्षा किया। कार्यक्रम में शैलेन्द्र पान्डेय विभाग संपर्क प्रमुख जौनपुर समेत नगर व ग्रामीण क्षेत्र से आए सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक शामिल हुए। मंच का संचालन नगर कार्यवाह अरविन्द ने किया।

### शिविर में 430 पशुओं का हुआ उपचार

**सुजानगंज।** स्थानीय पशुपालन विभाग की टीम द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला शिविर का आयोजन साड़ी कला गांव में आयोजित किया गया जिसमें 430 पशुओं का दवा और इलाज किया गया। इस मेले में पशुपालकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर रमाशंकर सिंह, कृष्ण चंद्र मौर्य, संतोष सिंह, अरविंद कुमार, वेद प्रकाश चौबे, मुकेश कुमार मौर्य, ग्राम प्रधान सुभाष मौर्य सहित पशुपालक मौजूद रहे।

# पीड़ित परिवार को सपा प्रमुख ने दी एक लाख की सहायता राशि

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल ग्राम लोहिन्दा हटिया रामनाथ, थाना सुजानगंज में कमाल हुसैन की हुई हत्या व घायलों और पीड़ित परिवार से विगत दिनों मिलने पहुंचा था वहीं प्रतिनिधि मंडल ने परिवार से घटना की पूरी जानकारी लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को दी थी।

पीड़ित गरीब परिवार के दर्द को संज्ञान में लेते हुए अखिलेश यादव द्वारा एक लाख की सहायता राशि पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव ललई व जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव के द्वारा पीड़ित परिवार को दिया गया। पीड़ित परिवार ने कहा जिस तरह हमारे परिजनों गार्जियन की हत्या हुई और परिजनों को पीटा गया जहां न्याय और आर्थिक सहायता सरकार को देनी थी वहीं विपक्ष के नेता अखिलेश यादव द्वारा दिया जा रहा है। समाजवादी सरकार नहीं है लेकिन आर्थिक मदद देकर उन्होंने संदेश जरूर दिया है कि गरीब कमजोर कि अगर कोई मदद कर सकता है तो सिर्फ इस देश में अखिलेश यादव कर सकते हैं। हमारा पूरा परिवार समाजवादी पार्टी का आभारी रहेगा।

पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव ललई व लालबहादुर यादव ने योगी सरकार से मांग किया की पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपया और एक सरकारी नौकरी दी जाय। कहाकि जिस तरह भाजपा सरकार में इस गरीबों के ऊपर अत्याचार हुआ है और उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है समाजवादी पार्टी इस लड़ाई को आगे तक लड़ने का काम करेगी।

प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मंत्री शैलेन्द्र यादव ललई, जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव, महासचिव हिसामुद्दीन शाह, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, दिनानाथ सिंह, रमापति यादव, जयनाथ यादव, रामसालीक यादव सहित हजारों संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



पीड़ित परिवार को सहायता राशि सौंपता सपा का प्रतिनिधिमण्डल

## स्वास्थ्य विभाग पालिका व निगरानी समिति की संचारी रोग पर बैठक

**लालानगर।** नगर पालिका गोपीगंज में गुरूवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम संग निगरानी समिति की बैठक अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान नगर में खुली नालियों को प्रिकास्ट से ढकनेए घास की कटाई, जमा गंदगी का निस्तारण बेसमय कूड़ा फेंकने खानें से पहले हाथ धोने सहित मच्छरों से बचाव आदि के उपाय से अवगत कराया गया।

आनन्द कुमार गुप्ता द्वारा वार्ड की गली सतीश गुप्ता के मकान के पीछे जमा गंदगी से अवगत कराने पर समस्या के निस्तारण का आदेश सम्बन्धित कर्मचारी को किया व नगर के डिवाइडर को गंदगी से पाटने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई व नोटिस जारी करने का निर्देश अधिनस्थ को दिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से अनूप जयसवाल, मंगला प्रसाद पांडेय, विष्णु प्रसाद, अचल श्रीवास्तव, विनोद खत्रीए, आशीष यादव, विवेक मोदनवाल, रामानंद यादव सहित समस्त सफाई कर्मी उपस्थित रहे।

# 92वें शहादत दिवस पर भारत के वीर सपूतों को किया गया नमन




शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते ब्रिगेड के लोग

**जौनपुर।** शहीदे आजम सरदार भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव का 92वां शहादत दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित क्रांति स्तंभ पर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी एवं लक्ष्मीबाई बिग्रेड के कैडरों द्वारा मोमबत्ती जलाकर तथा उनके चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर 2 मिनट मौन रहकर उनकों श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। लक्ष्मी यूथ विग्रेड की अध्यक्ष मनजीत कौर ने कहा कि आज स्वदेशी विदेशी विजेताओं जुल्म और जालिम के विरुद्ध शहादत देने वालों की जज्बे को नमन करते हैं। मनजीत ने कहा कि शहीदों के सरताज जिसके इंकलाबी नारों से शहादत देने वालों की जगह रस्सियां कम पड़ गई आज तक आजादी की हवा में सांस लेने वाले सवा अरब एवं शासन में बैठे लोग स्वतंत्रता के अनगिनत शहीदों, बेनाम शहीदों को कोटि कोटि नमन करते हुए भारत सरकार से मांग की है कि अमर शहीदों के नाम श्वेत पत्र तथा 1 का करेंसी नोट या सिक्का जारी किया जाए। मनजीत ने कहा कि सरदार भगत सिंह राजगुरु सुखदेव छोटी सी उमर में ही देश की आजादी के लिए 23 मार्च 1931 को लाहौर जेल में हंसते-हंसते फांसी का फंदा चूम कर शहीद हो गए जिनके शहादत की मिसाल सारी दुनिया देती है। नमन करने वालों में विनोद रामदेवल, शुभम श्रीवास्तव, मनोज, सत्यनारायण, संतोष आदि लोग शामिल रहे। संचालन डॉक्टर धर्म सिंह ने किया।

# बलिदान दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय नगर के खैरुद्दीन गंज वार्ड स्टेशन रोड स्थित मड़ियाहूँ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वावलम्बी भारत अभियान के सह संयोजन में महान क्रांतिकारियों शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर बेरोजगारी मुक्त समृद्ध भारत विषयक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. सुरेश कुमार पाठक प्राचार्य मड़ियाहूं स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने की । प्रो. पाठक ने क्रांतिकारियों के बलिदान को अतुलनीय बताया और वर्तमान पीढ़ी को उनसे सीख लेने की आवश्यकता व्यक्त की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. आंजनेय पांडेय ने रोजगार, बेरोजगारी और स्वावलंबन विषय पर विस्तार से चर्चा की। विशिष्ट वक्ता डॉ. आशुतोष शर्मा ने शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान पर विस्तार से चर्चा की। मनोविज्ञान विभाग के डॉ. दया सिंधु ने आजादी से अब तक के रोजगार परिदृश्य में साहसिक वृत्ति की भमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन जिला रोजगार सृजन केंद्र के संयोजक एवं अर्थशास्त्र विभाग सहायक आचार्य डॉ. विवेक कुमार मिश्र ने किया। मौके पर डॉ. मनोज, डॉ. सुशील, डॉ. विवेक, डॉ. बृजेश चौबे सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## 952 पशुओं का हुआ निःशुल्क इलाज

**गौराबादशाहपुर।** मुफ्तीगंज ब्लॉक के गद्दीपुर गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घघाटन ग्राम प्रधान सुदामा देवी ने फीता काटकर किया। ग्राम पंचायत गद्दीपुर में आयोजित पशु मेले में पशु चिकित्सा अधिकारी देवकली डॉ. अजय यादव और पशु चिकित्सा अधिकारी मुफ्तीगंज डाक्टर ऋचा राय द्वारा गांव के और गांव से सटे हुए गांवों के पशु पालकों के 952 पशुओं का निःशुल्क उपचार किया गया तथा पशुओं की देखभाल, उनमें होने वाले रोग और उसके बचाव के उपाय की जानकारी भी पशु पालकों को दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता राम चंद्र राय ने दैनिक जीवन में पशुओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार यह बेजुबान जानवर हमे पीने के लिए दूध और खेती करने के लिए गोबर की खाद देते है उसी प्रकार पशु पालकों का भी यह जिम्मेदारी है कि वह उनका उचित रूप से देखभाल करें। प्रदेश सरकार लगातार गो सेवा के लिए उत्साहित कर रही है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सुदामा देवी, सेक्रेटरी बाबू लाल, वीरेंद्र कुमार यादव, मुकेश कुमार, अब्दुल इस्लाम, उमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# विश्व क्षय दिवस पर पौष्टिक आहार किट हुआ वितरित

**जौनपुर।** नेहरू युवा केंद्र व सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी में विश्व क्षय दिवस पर पौष्टिक आहार किट का वितरण एवं जागरूकता अभियान व्यापक तौर पर चलाया गया जिसका उद्घाटन मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करते हुए ठाकुर प्रसाद राय नवीन सिंह विजय कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि ठाकुर प्रसाद राय ने कहा कि बदलते दौर में टीबी रोगियों के लिए कुछ करने की जरूरत है।

यदि हम सब सामाजिक दायित्व का निर्वहन करें तो क्षय नियंत्रण कार्यक्रम को बल मिलेगा। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को कामयाबी के लिए व्यापक जन सहभागिता की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय कुमार पांडेय ने कहा कि आज सामाजिक जरूरत है कि हम टीबी मरीजों को अपनेपन का एहसास कराते हुए पूर्ण देख भाल सहयोग करें, इनका फॉलोअप अत्यधिक महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य रूप से करें। विशिष्ट अतिथि सदर हॉस्पिटल के एसटीएस नवीन सिंह ने कहा कि सरकार के द्वारा टीबी रोगियों का इलाज पूर्णतया निःशुल्क है। एक सप्ताह से अधिक खांसी आने पर न छिपाएं और न ही नजर अंदाज करें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर इसका जांच कराएं। टीबी का इलाज पूर्णतया संभव है। विशिष्ट अतिथि प्रधान अध्यापक प्रमोद कुमार प्रजापति व सुभाष सरोज ने कहा कि संस्था के द्वारा क्षय नियंत्रण कार्यक्रम का जागरूकता अभियान विद्यालय के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में भी चलाया जा रहा है जिससे लोग काफी जागरूक हुए हैं। उक्त अवसर पर अतिथियों के द्वारा डॉ. दिलीप सिंह और एसटीएस नवीन सिंह को बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर दिलीप सिंह ने किया। उक्त अवसर पर साहित्यकार सभाजीत द्विवेदी प्रखर ने काव्य पाठ करते हुए क्षय रोग के प्रति लोगों को जागरूक किया। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से मनीष कुमार सोनी, अतुल कुमार श्रीवास्तव, सुभाष चौधरी, रंजना शुक्ला, अमरेश पांडेय, विनोद कुमार यादव, सुरेश शुक्ला, फूलमती देवी आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। धन्यवाद एवं आभार संजय उपाध्याय ने व्यक्त किया।



क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार किट वितरित करते संस्था के लोग



# मेरी काशी




## ₹1,780 करोड़ की 28 विकास परियोजनाओं

का

## लोकार्पण/शिलान्यास











# नरेन्द्र मोदी

**प्रधानमंत्री द्वारा**

गरिमामयी उपस्थिति

**आनंदीबेन पटेल**
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**डॉ. महेन्द्र नाथ पांडेय**
मंत्री, भारी उद्योग
भारत सरकार

**अनिल राजभर**
मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन तथा
समन्वय, उत्तर प्रदेश

**रवीन्द्र जायसवाल**
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), स्टाम्प
तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन, उत्तर प्रदेश

**डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु'**
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष, खाद्य सुरक्षा
एवं औषधि प्रशासन (MOS), उत्तर प्रदेश

**24 मार्च, 2023 | पूर्वाह्न 10:00 बजे | डॉ. सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय ग्राउण्ड, वाराणसी**

### लोकार्पित होने वाली परियोजनाएं

◆ श्री लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा में एटीसी टावर एवं टेक्निकल ब्लॉक ◆ औद्योगिक क्षेत्र करखियांव में इंटीग्रेटेड पैक हाउस ◆ ट्रांस वरुणा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति परियोजनाओं का स्काडा ऑटोमेशन कार्य ◆ भेलूपुर जल संस्थान परिसर में 2 मेगावाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट ◆ कोनिया पम्पिंग स्टेशन पर 0.8 मेगावाट क्षमता का सोलर प्लांट ◆ स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत एरिया बेस्ड डेवलपमेंट क्षेत्र में सड़कों का सुधार एवं शहरी पुनरुद्धार कार्य फेज-2 ◆ स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत राजघाट प्राथमिक विद्यालय एवं महमूरगंज कम्पोजिट विद्यालय का पुनर्विकास ◆ स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत पार्कों एवं कुंड का सौंदर्यीकरण एवं पुनर्विकास ◆ 34वीं वाहिनी पीएसी भुल्लनपुर में 300 क्षमता का मल्टीपरपज हॉल ◆ पुलिस लाइन में जलापूर्ति कार्य ◆ थाना फूलपुर एवं बड़ागांव में बैरक एवं विवेचना कक्ष ◆ सर्किट हाउस परिसर में जी+1 अतिरिक्त भवन ◆ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सारनाथ ◆ औद्योगिक क्षेत्र चांदपुर-महेशपुर में अवस्थापना एवं सौंदर्यीकरण कार्य ◆ नगरीय क्षेत्र में 3 अंतरगृही परिक्रमा पथ का पुनर्विकास कार्य ◆ लठिया ड्रेन पर बाढ़ सुरक्षा हेतु फ्लिपर गेट ◆ जल जीवन मिशन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण पाइप पेयजल कार्यक्रम के अंतर्गत 19 ग्रामीण पेयजल परियोजनाएं

### शिलान्यास होने वाली परियोजनाएं

◆ कैंट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया तक यात्री रोप-वे ट्रांसपोर्ट सिस्टम ◆ नमामि गंगे योजना के अंतर्गत भगवानपुर में 55 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट ◆ खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम के विकास एवं आधुनिकीकरण के फेज-2 एवं 3 का कार्य ◆ हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा ग्राम इसरवार, सेवापुरी में एलपीजी बॉटलिंग प्लांट ◆ जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में 59 पेयजल परियोजनाएं ◆ आईआईटी, बीएचयू में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑन मशीन टूल्स डिजाइन ◆ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, भरथरा ◆ स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत 30 डबल साइडेड एलईडी बैकलिट यूनीपोल ◆ गंगा घाट पर चेंजिंग रूम युक्त फ्लोटिंग जेटी

### परियोजनाओं से लाभ

◆ हवाई यातायात के लिए रन-वे एवं प्रचालन क्षेत्र की विजिबिलिटी में वृद्धि ◆ रोप-वे से आमजन और पर्यटकों को अवरोध रहित किफायती यातायात सुविधा ◆ सड़क सुधार से आमजन व दर्शनार्थियों को आवागमन की बेहतर सुविधा ◆ फल और सब्जियों व अन्य कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा ◆ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से कौशल विकास के साथ ही आत्मनिर्भरता में वृद्धि ◆ आधुनिक शिक्षा हेतु स्मार्ट क्लासेज व अवस्थापना सुविधाओं में वृद्धि ◆ खेल अवस्थापना सुविधाओं का उन्नयन ◆ आम नागरिकों व बच्चों के मनोरंजन एवं व्यायाम की सुविधा ◆ चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार ◆ विद्युत उपलब्धता में वृद्धि ◆ कम खर्च में शुद्ध जलापूर्ति ◆ प्रदूषण में कमी ◆ बाढ़ समस्या से निजात

**लाइव प्रसारण** DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश